उव्वियणिज्ज. त्रि० (उद्वेजनीय) उद्वेग प्रद.

Afflictive; Distressing. पउम० १६, ३६; सु० च०५६७;

उव्विरेयण. न० (उद्विरेचन) खाली करना. Emptying. काल०

उव्विल्ल. त्रि० (उद्वेल) चंचल; चपल. Fickle; Unsteady. सु० च० ३४;

उव्विल्लिर. त्रि० (उद्वेलितृ) चलने वाला. Moving; Going. सु० च० ८८;

उव्वी. स्त्री० (ऊर्वी) पृथ्वी. The earth. से० २, ३०;

उव्वूढ. त्रि० (उद्व्यूढ) (१) धारण किया हुआ; पहना हुआ. Worn; Clad. कुमा० (२) ऊँचा लिया हुआ ; ऊपर धारण किया हुआ. Raised up. से० ५; ५४; ६, ११; (३) परिणीत; कृत विवाह. Married. सु०च० ४५६;

उव्वेढण. न० (उद्वेष्टन) (१) बन्धन. The act of surrounding or enclosing. (२) त्रि० बन्धन रहित किया हुआ. Freed from bonds; Unbound. राज०

उव्वेयग. त्रि०(उद्वेजक) उद्वेग-कारक. Afflictive; Distressing. रयण० ४०;

उव्वेयणाय. पुं० न० (उद्वेजनक) एक नरक स्थान. A particular hell-abode. देवेन्द्र० २८;

उव्वेल. त्रि०(उद्वेल) उच्छलित. Moving or going on. से० २, ३०,

उव्वेलिअ. त्रि० (उद्वेलित) फैला हुआ; प्रसृत. Spread. माल० १४२;

उव्वेल्ल. त्रि० (उद्वेल) (१) उच्छलित; उछला हुआ. Moved up; Jumped. पउम०६, ७२; (२) प्रसृत;फैला हुआ, Spread. पाअ० (३) उद्विग्न. स० ६२५;

उव्वेल्लिअ. त्रि० (उद्वेल्लित) (१) कम्पित. Trembled. गा० ६०५; (२) प्रसारित. Spread. स० ३३५;

उव्वेल्लिर. त्रि० (उद्वेल्लितृ) सत्वर जाने वाला. One that goes fast. कुमा०

उव्वेसर. पुं० (उव्वेश्वर) इस नाम का एक राजा. Name of a king. कुमा०

उसण. पुं० (उशनस्) ग्रह विशेष; शुक्र. Name of Sukra; regent of the planet Venus, son of Bhrigu. पाअ०

उसुअ. त्रि० (उत्सुक) Anxious; desirous; Eager. सुपा० २२४;

उस्संखलअ. त्रि० (उच्छृङ्खलक) उच्छृङ्खल; निरङ्कुश. Unbridled; Unrestrained. पि० २१३;

उस्संग. पुं० (उत्संग) क्रोड; कोला. The lap. नाट०

उस्संघट्ट. त्रि० (उत्संघट्ट) शरीर स्पर्श से रहित. Without the touch of a body. उप० ५५५;

उस्सन्न. त्रि० (उत्सन्न) निज धर्म में आलसी साधु. An idle saint. गुभा० १२;

उस्सप्पण. न० (उत्सर्पण) (१) उन्नति. Prosperity; Rise. (२) त्रि० उन्नत करने वाला; बढ़ाने वाला. Prospering. "कंदप्पदप्पउस्सप्पणाइं" सु० च० ५०६;

उस्सप्पणा. स्त्री० (उत्सर्पणा) उन्नति; प्रभावना. Prosperity Rise. उप० ३२६; (२) विख्यात करना; प्रसिद्ध करना. Celebrating; making known. सम्मत्त० १६६;

उस्सार. पुं० (उत्सार) अनेक दिन में पढ़ाने योग्य ग्रन्थ का एक ही दिन में अध्यापन. A scripture wich takes a long time to learn, being taught in a single day. —**कप्प.** पुं० (कल्प) पाठन संबन्धी आचार विशेष, Particular ways of learning. बृ० १;

उस्सारग. त्रिं० (उत्सारक) (१) दूर करने वाला. One that removes or drives out of the way. (२) उत्सार कल्प के योग्य. बृह० १;

उस्सारिय. त्रि० (उत्सारित) दूरीकृत; हटाया हुआ. Removed. संत्था० ५७;

उस्सिंखल. त्रि० (उच्छृङ्खल) स्वैरी, स्वेच्छाचारी; निरंकुश. Wanton; Uncontrolled; Unrestrained. उप०१४६ टी;

उस्सिक्खिअ. त्रि० (उत्क्षिप्त) (१) ऊंचा फेंका हुआ. Thrown up. (२) ऊपर रखा हुआ. Kept up. स० ५०३;

उस्सूण. त्रि० (उच्छून) सूजा हुआ. Swollen. उप० ५६४; गउड० स० २०३;

उस्सूर. न० (उत्सूर) संध्या; शाम. The evening. सूर ७, ६३; उप० पृ० २२०;

उस्सेअ. पुं०(उत्सेक) (१) सिंचन. Sprinkling. (२) उन्नति Prosperity. (३) गर्व. Pride; Haughtiness. चारु० ४५;

उह. स० (उभ) दोनों; युग्म; युगल. Both. षड्०

उहय. स० (उभय) युगल; दोनों. Both. कुमा० भवि०

उहार. पुं० (उहार) मत्स्य विशेष. A kind of fish. राज०

ऊ. पुं०(ऊ) प्राकृत वर्णमाला का षष्ठ स्वर वर्ण. The sixth letter of the Prakrita alphabets. हे० १, १, प्रामा०

ऊअट्ठ. त्रि० (अववृष्ट) वृष्टि से नष्ट. Ruined by rain. पाअ०

ऊआस. पुं० (उपवास) भोजनाभाव. A fast. हे० १, १०३;

ऊढ. त्रि० (ऊढ) (१) वहन किया हुआ; धारण किया हुआ. Borne; Carried. गउड० (२) परिणीत; विवाहित. Married. धर्म० १३६०:

ऊढा. स्त्री० (ऊढा) विवाहिता स्त्री. A girl who is married. पाअ०

ऊण. न० (ऋण) करजा. A debt. नाट०

ऊणिमा. स्त्री० (पूर्णिमा) पूर्णिमा. The full-moon day. महा०

ऊरण. पुं० (ऊरण) मेष; भेड़. A goat. विशे०

ऊरी. अ० (ऊरी) (१) अंगीकार. Acceptance. (२) विस्तार. Spreading. —कय. त्रि० (कृत) अंगीकृत; स्वीकृत. Accepted. उप० ७२८ टी;

ऊरुदग्घ. त्रि० (ऊरुदघ्न) जंघा-प्रमाण. As high as or reaching the thighs; knee-deep. षड्०

ऊरुद्दअस. त्रि० (ऊरुद्वयस) देखो 'ऊरुदग्घं' शब्द. Vide 'ऊरुदग्घ'. षड्०

ऊलसिअ. त्रि० (उल्लसित) उल्लसित. Delighted. कुमा०

ऊस. पुं० (उस्र) किरण. A ray (of light); A beam, हे० १, ४३; —मालि. पुं० (मालिन्) सूर्य. The sun. कुमा०

ऊसत्त. त्रि० (उत्सक्त) देखो 'उसत्त' शब्द, Vide उसत्त. कप्प० आवम०

ऊसय. पुं० (उच्छ्रय) उत्सेध; ऊँचाई. A height. जीवस० १०४;

ऊससण. (उच्छ्वसन) उसास. Breathing. —लद्धि. स्त्री०(लब्धि) श्वासोच्छ्वास की शक्ति. Power of breathing. क० गं० १४४;

ऊससिर. त्रि० (उच्छ्वसितृ) उसास लेने वाला. One that breathes हे० २,१४५;

ऊसार. पुं०(उत्सार) परित्याग. Abandoning; Giving up. भवि०

ऊसार. पुं० (आसार) वेगवाली वृष्टि. A hard or sharp-driving shower हे० १, ७६; षड्०

ऊसारि. त्रि० (आसारिन्) वेग से वरसने वाला. Raining in torrents. कुमा०

ऊसास. पुं० (उच्छ्वास) मरण. Death. बृह० १;

ऊसासिअ. त्रि० (उच्छ्वासित) बाधा रहित किया हुआ. से०, १२, ६२;

ऊसाह. पुं० (उत्साह) उत्साह; उछाह. Perseverance. मा० १०;

ऊसित्त. त्रि० (उत्सिक्त) गर्वित. Arrogant; Proud. (२) उद्धत. Insolent. (३) बढ़ा हुआ. Increased. (४) अतिशायित. Excelled; surpassed. हे० १, ११४;

ऊसित्त. त्रि० (अवसिक्त) उपलिप्त. Besmeared. पाअ०

ऊसुअ. त्रि० (उत्सुक) उत्कण्ठित. Anxious; desirous; Eager. गा० ५४३; कुमा०

ऊसुइअ. त्रि० (उन्सुकित) उत्सुक किया हुआ. Made eager. गा० ३१२;

ऊसुंभिअ. त्रि० (उल्लसित) उल्लास प्राप्त. Delighted. कुमा०

ऊहंग. न० (ऊहाङ्ग) संख्या विशेष. A particular number. राज०

ऊहा. स्त्री० (ऊहा) तर्क; विचार बुद्धि. Reasoning; Arguing. आवम०

ऊहापोह. पुं० (ऊहापोह) सोच-विचार. Full discussion; Consideration of the pros and cons. कुप्र० ६१;

ऊहिअ. त्रि० (ऊहित) अनुमान से ज्ञात. Known by inference. से० ६, ४२;

ए. पुं० (ए) स्वर वर्ण विशेष. A particular vowel. हे० १, १; प्राणा०

ए. अ० (ए–ऐ) (१) स्मरण. Remembering. (२) असूया; ईर्ष्या. Envy. (३) अनुकम्पा; करुणा. Compassion. (४) आह्वान. Calling. मा० ६०४; हे० २, २१७; भवि०

एअ. त्रि० (एत) आया हुआ; आगत. Come; Arrived. सम्मत्त० ११६;

एईस. त्रि० (एतादृश) ऐसा. Such; Such like. विशे० २५४६;

एक्कंत. पुं० (एकान्त) (१) सर्वथा. An exclusive recourse. (२) तत्त्व; प्रमेय. An object of certain knowledge. (३) जरूर; अवश्य. Necessity. (४) असाधारण; विशेष. Speciality; Differentia. से० ४, २३; (५) निर्जन; निराला. A lonely place. गा० १०२;

एक्कक्क. त्रि० (एकैक) प्रत्येक; हर एक. One by one; Every one. नाट०

एक्कगसित्थ. न० (एकसिक्थ) तपो विशेष. A kind of religious austerity. प्रव० २७१;

एक्कमेक्क. त्रि० (एकैक) प्रत्येक; हर एक. Every one. हे० ३,१; षड्० कुमा०

एक्कार. पुं० (अयस्कार) लोहार. A blacksmith. हे० १, १६६; कुमा०

एक्की. स्त्री० (एका) एक (स्त्री) One (woman). निसी० चू० १;

एग. स० (एक) (१) सदृश; तुल्य The same. (२) अद्वितीय. Peerless Matchless. कुमा० **—णासा.** स्त्री० (नासा) एक दिक्कुमारी; देवी विशेष. Name of a Dikkumari. आव० १;

एगंतिय. न० (एकान्तिक) मिथ्यात्व का एक भेद. A variety of wrong-belief. संवोध० ५२;

एगंतिय. त्रि० (ऐकान्तिक) (१) अद्वितीय. Peerless; Matchless. स० ५२६; (२) जैनेतर दर्शन. Non-Jainism. सम्म०१३० (३) अवश्यंभावी. Destined to take; place; Inevitable. विशे०

एगचूड. पुं० (एकचूड) विद्याधर वंश का एक

राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम०५,४५;

एजणया. स्त्री०(एजना) कम्प; काँपना. Trembling; Shaking. सूयनि० १६६;

एज्जण. न० (आयन) आगमन. Approach; Arrival. वव० ३;

एडक्क. पुं० (एडक) मेष; भेड़. A goat; A ram. उप० पृ० २३४;

एडया. स्त्री० (एडका) भेड़ी. An ewe. षड्०

एण. पुं० (एण) कृष्ण मृग; हरिण. A kind of black antelope. कप्पू० —णाहि. स्त्री० (णाभि) कस्तूरी. Musk. कप्पू०

एणंक. पुं० (एणाङ्क) चन्द्र; चन्द्रमा. The Moon. कप्पू०

एणिस. पुं० (एणिस) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

एण्हं-एण्हिं. अ० (इदानीम्) अधुना; संप्रति. Now-a-days. महा० हे० २, १३४;

एदंपज्ज. न० (ऐदंपर्य) तात्पर्य; भावार्थ. Substance; Purport. उप० ८५६ टी०

एरावय.पुं०(ऐरावत)(१) ह्रद विशेष. Name of a basin. राज० (२) छंद शास्त्र-प्रसिद्ध एक प्रकार का संकेत. A particular mark in prosody. पिंग० (३) लकुच वृक्ष. A kind of tree. (४) सरल और लम्बा इन्द्र-धनुष.A straight and long rain-bow. (५) इरावती नदी का समीपवर्ती देश. Name of a country near the river Iravati. (६) इन्द्र का हाथी. An elephant of Indra. हे० १, २६८;

एलगच्छ. न० (एलकाक्ष) स्वनाम ख्यात नगर विशेष. Name of a city. उप० २११ टी;

एलालुय. पुं०.न० (एलालुक) आलू की एक जाति; कन्द विशेष. Name of a particular bulbous root; A kind of potatoes. अणुत्त० ६;

एलिया. स्त्री० (एलिका) (१) एक जात की मृगी. A kind of deer. (२) भेड़ि. An ewe. हे० ३, ३२;

एलु. पुं० (एलु) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

एव. अ० (एव) (१) सादृश्य; तुल्यता. Like; As (showing similarity). (२) निग्रह. Restraint. (३) परिभव. Defeat. (४) अल्प; थोड़ा. A little. हे० २,'२१७;

एवंहास.पुं०(एवंहास) इतिहास. A history. गउड० ८०२;

एव्वारु.पुं०(एर्वारु) ककड़ी. A cucumber. कुमा०

ओ. पुं० (ओ) स्वर वर्ण विशेष. A particular vowel. हे० १, १; प्रामा०

ओ. अ० (ओ) (१) सूचना. Hint; Suggestion. (२) पश्चाताप; अनुताप. Repentance. कुमा० प्राप्र० हे०२, २०३; षड्० (३) संबोधन; आमंत्रण. Addressing. नाट०चैत्य० ३४; (४) वितर्क. A guess or conjecture. (५) प्रकोप. Wrath. (६) विस्मय; आश्चर्य. Wonder. प्राकृ० ७८; (७) पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय. An expletive particle. विशे०२०२४;

ओअअ. त्रि० (अपगत) अपगत. Gone away. पि० १६५;

ओअण्ण. त्रि० (अवनत) नमा हुआ; नीचे की तरफ मुड़ा हुआ. Bent down. से० ११, ११८;

ओअत्त. त्रि० (अपवृत्त) ऊँधा किया हुआ; उलटा किया हुआ. Made downward. गा० ६५४;

ओअत्तअ. त्रि० (अपवर्त्तितव्य) (१) अपवर्तन योग्य. Fit to be removed. (२) त्यागने योग्य ; छोड़ने लायक. Proper to be abandoned. से० ३, ४८;

ओअरअ. पुं० (अपवरक) कमरा; कोठरी. A small room. सु० च० ४१९;

ओअरण. न० (उपकरण) साधन; सामग्री. A means; An implement. गा० ६८१;

ओअरण. न० (अवतरण) उतरना; नीचे आना. Descending. गउड०

ओअरिअ. त्रि० (अवतीर्ण) उतरा हुआ. Descended; Came down. पाअ०

ओअरिअ. त्रि० (औदरिक) पेट भरा; स्वार्थी. Selfish. ओघ० नि० ११८;

ओअरिया. स्त्री० (अपवरिका) कोठरी; छोटा कमरा. A small room सु० च० ४१९;

ओआर. पुं० (अपकार) अनिष्ट; हानि. Harm; Injury. कुमा०

ओआर. पुं० (अवतार) (१) अवतार; देहान्तरधारण. Incarnation. षड्० (२) उत्पत्ति; जन्म. Birth. स० १३१; (३) प्रवेश. Enterance. विशे० १०४०;

ओआरिअ. त्रि० (अवतारित) उतरा हुआ. Caused to descend. से० ११, ६३; उप० ५६७ टी;

ओआहिअ. त्रि० (अवगाहित) जिसका अवगाहन किया गया हो वह. Immersed. से० १, ४; ८, १००;

ओइण्ण. त्रि० (अवतीर्ण) उतरा हुआ. Descended. पाअ० गा० ६३;

ओउंठण. न० (अवगुण्ठन) स्त्री के मुँह पर का वस्त्र; घूंघट. A veil (for the face.) अभि० १६८;

ओऊल. न० (अवचूल) लटकता हुआ वस्त्राञ्चल; प्रालम्ब. The pendent cloth. पाअ० पउम० ८, २८३;

ओं. अ० (ओम्) प्रणव; मुख्य मन्त्राक्षर. The sacred syllable om. पडि०

ओंबालिअ. त्रि०(छादित) ढका हुआ. Covered or concealed. कुमा०

ओंबालिअ. त्रि० (प्लावित) (१) डुबाया हुआ. Caused to plunge. (२) व्याप्त. Spread through; Pervaded. कुमा०

ओकरग. पुं० (अवकरक) विष्टा. Excrement. मन० ३०;

ओक्खमाण. त्रि० (भविष्यत्) भविष्य में होने वाला; भावी. Being in future. प्राकृ० ६६;

ओक्खित्त. त्रि० (अवक्षिप्त) फेंका हुआ. Thrown. कस०

ओगलण. न०(अपकसन) ह्रास. Lessening; Detraction. राज०

ओगलिअ. त्रि० (अवगलित) खिसका हुआ. Slipped; Fallen down. गा० २०५;

ओगाहणा. स्त्री० (अवगाहना) अवस्थान; अवस्थिति. Residence; Abode. विशे०

ओगुंडिय. त्रि० (अवगुण्डित) लिप्त. Besmeared. वृह० १;

ओगुट्टि. स्त्री० (अपकृष्टि) अपकर्ष; हलकाइ; तुच्छता. Dishonour; Degradation. पउम० ५६, १५०;

ओग्गर. पुं० (ओगर) धान्य-विशेष; व्रीहि विशेष. A kind of corn. पिंग०

ओग्गारण. न० (उद्गारण) उद्गार. Repeating; Narration. चारु० ७;

ओच्चिया. स्त्री० (अपचायिका) तोड़ कर (फूलोंको) इकट्ठा करना. Gathering (such as flowers etc.) गा० ७६७;

ओच्छायण. न० (अवच्छादन) ढांकना; पिधान. A cover or lid. स० ५५७;

ओच्छुण्ण. त्रि० (आक्रान्त) (१) दबाया हुआ. Overcome. (२) उल्लंघित. Transgressed. से० १३, ६३; १५, १३;

ओज्झर. पुं० (अवझर) झरना; पर्वत से निकलता जल-प्रवाह; A flow of water; A spring. गा० ६४०; हे० १, ९८; कुमा०

महा०

ओट्टिय. त्रि० (औष्ट्रिक) उष्ट्र-संबन्धी; उष्ट्र के बालों से बना हुआ. Relating to, or produced from a camel. कस० स० ५८६;

ओड्डु. पुं० (ओड्र) (१) उत्कल देश. Name of a country called Utkala. (२) उत्कल देश का निवासी; उडिया. An inhabitant of this country. पिंग०

ओड्डिअ. त्रि० (ओड्रीय) उत्कल-देशीय. Relating to Utkala Country. पिंग०

ओणविय. त्रि० (अवनमित) नमाया हुआ; अवनत किया हुआ. Caused to bend down. गा० ६३५;

ओणामणी. स्त्री० (अवनामनी) एक विद्या, जिसके प्रभाव से वृक्ष वगैरह स्वयं फलादि देने के लिये अवनत होते हैं. A particular kind of magical skill. निसी० चू० १;

ओणामिय-ओणाविय त्रि० (अवनमित) अवनत किया हुआ. Bent down. से ५, ३६; ६, ४; गा० १०३; भवि०

ओणिअत्त. त्रि (अपनिवृत्त) पीछे हटा हुआ. Caused to recede. से० ५, ५८;

ओणिमिल्ल. त्रि० (अवनिमीलित) मुद्रित; मूँदा हुआ. Closed; Sealed up. से० ६, ८७; १३, ८२;

ओणेज्ज. त्रि० (उपनेय) सांचे में ढाल कर बनाया हुआ फूल आदि; सांचे से बनता मोम का पूतला. A flower prepared by founding; A putla of wax prepared by founding. दसनि० २, १७;

ओणिद्द. न० (औन्निद्रय) निद्रा का अभाव. Sleeplessness; Wakefulness. काप्र० ८५;

ओत्थअ. त्रि० (अवस्तृत) (१) फैला हुआ; प्रसृत. Spread. से० २, ३; (२) आच्छादित; पिहित. Covered; Concealed. आवम० स० ७७, ३७६;

ओत्थरण. न० (अवस्तरण) बिछौना. A bed. पउम० ४६, ८४;

ओत्थरिअ, त्रि० (अवस्तृत) (१) बिछाया हुआ. Spread out. (२) व्याप्त. Full of; Pervaded. से० ७, ४७;

ओत्थाडिय. त्रि० (अवस्तृत) बिछाया हुआ Spread out. भवि०

ओदच्च. न० (औदात्य) उदात्तता; श्रेष्ठता. Excellence; Greatness. प्रारू०

ओदज्ज. न० (औदार्य) उदारता. Generousity; Nobility. प्रारू०

ओदरिय. त्रि० (औदरिक) पेट भरा; पेट भरने के लिए जो साधु हुआ हो वह. Voracious; Gluttonous. निसी० चू० १;

ओदहण. न० (अवदहन) तप्त किए हुए लोहे के कोश वगैरः से दागना. राज०

ओदारिय. न० (औदार्य) उदारता. Generousity; Magnanimity. प्रारू०

ओद्द. त्रि० (आर्द्र) गीला. Wet. प्राकृ० २०;

ओधूअ. त्रि० (अवधूत) कम्पित. Trembled; Shaken. नाट०

ओधूसरिअ. त्रि० (अवधूसरित) धूसर रंग वाला; हलका पीला रंग वाला. Greyish. से० १०, २१;

ओनडिय. त्रि० (अवनटित) अवगणि; तिरस्कृत. Contempted; Disregarded. सम्मत्त० २१४;

ओप्पिअ. त्रि० (अर्पित) समर्पित. Given; Bestowed; Offered. हे० १, ६३;

ओभग्ग. त्रि० (अवभग्न) भग्न; नष्ट. Destroyed; Broken. से० ३, ६३; १०, २६;

ओभासण. न० (अवभाषण) याचना; प्रार्थना. A request; An entreaty; A petition. वव० ८;

ओभेडिय. त्रि० (अवमुक्त) छुड़ाया हुआ; रहित किया हुआ. Caused to release or liberate. महा०

ओमइल्ल. त्रि० (अवमलिन) मलिन; मैला. Dirty. से० २, २५;

ओमज्जण. न० (अवमज्जन) स्नान-क्रिया. Bathing. उप० ६४८ टी;

ओमज्जिअ. त्रि० (अवमार्जित) जिसको स्पर्श कराया गया हो वह; स्पर्शित. Touched. स० ५६७;

ओमट्ठ. त्रि० (अवमृष्ट) स्पृष्ट; छुआ हुआ. Touched. से० ५, २१;

ओमल्ल. न० (अवमाल्य) निर्माल्य; देवोच्छिष्ट द्रव्य. The remains of an offering to a deity. षड्०

ओमालिअ. त्रि० (उपमालित) (१) शोभित. Beautiful. (२) पूजित; अर्चित. Worshipped. भवि०

ओमास. पुं० (अवमर्श) स्पर्श. A Touch. से० ९, ६७;

ओमीस. त्रि० (अवमिश्र) (१) मिश्रित. Mixed; Mingled. (२) समीपस्थ. Stood near. (३) न० सामीप्य. Proximity; Vicinity. "कायमणियओमीसे" ओघ० नि० ७७२;

ओमुक्क. त्रि० (अवमुक्त) परित्यक्त. Abandoned; Quitted. सम्मत्त० १५९;

ओमुच्छिअ. त्रि० (अवमुर्च्छित) महा-मूर्छा को प्राप्त. Fainted; Swooning. पउम० ७, १५८;

ओमोयरिय. न० (अवमोदरिक) (१) न्यून-भोजन; तप विशेष. A kind of religious austerity. (२) दुर्भिक्ष; अकाल. Dearth; Famine. ओघ० ७;

ओम्माय. पुं० (उन्माद) उन्मत्तता. Madness. संबोध० २१;

ओय. न० (ओकस्) गृह; घर. A house. वव० ५;

ओयट्टण. न० (अपवर्त्तन) पीछे हटना; वापिस लौटना. Receding; Falling back. उप० ७९०,

ओयत्त. त्रि० (अववृत्त) अवनत; अधोमुख. Bent down. पाअ०

ओयत्तण. न० (अपवर्तन) खिसकाना; हटाना. Removing; Transferring from one place to another. पिंड० ५९३;

ओयार. पुं० (अवतार) घाट; तीर्थ. A sacred bathing place. चेइय० ५१८;

ओरसिअ. त्रि० (अपतीर्ण) उतरा हुआ. Descended; Alighted. कुमा.

ओरालियणाम. न० (औदारिकनामन्) औदारिक शरीर का हेतुभूत कर्म. क० गं० १;

ओरिंकिय. न० (अवरिङ्कित) महिष की आवाज. A voice of a she-buffalo. पउम० ९४, ४३;

ओरुंभिअ. त्रि० (उपरुद्ध) आवृत्त; आच्छादित. Covered; Concealed. गा० ९१४;

ओरुण्ण. त्रि० (अवरुदित) रोया हुआ. Wept. गा० ५३८;

ओरुद्ध. त्रि० (अवरुद्ध) रुका हुआ; बंद किया हुआ. Obstructed; Impeded. गा० ८००;

ओरोह. पुं० (अवरोध) संघात; समूह. A multitude or heap. राज०

ओलंब. पुं० (अवलम्ब) नीचे लटकना. Hanging down. स्वप्न० ७३;

ओलक्खिअ. त्रि० (उपलक्षित) पहिचाना हुआ. Recognized. सु० च० २५४;

ओलग्ग. त्रि० (अवलग्न) पीछे लगा हुआ; अनुलग्न. Clinging or adhering to. महा०

ओलग्गि. त्रि० (अवलागिन्) सेवा करने वाला. One who serves. रंभा०

ओलग्गिअ. त्रि०(अवलग्न) सेवित. Served; Attended. वज्जा० ३२;

ओलिंदअ. पुं० (अलिन्दक) बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ. A terrace before a house door. गा० २५४;

ओली. स्त्री० (आली) पंक्ति; श्रेणी. A row, range or continuous line. कुमा०

ओलुंडिर. त्रि० (विरेचयितृ) झरने वाला. Oozing. कुमा०

ओलुंप. पुं०(अवलोप) मसलना; मर्दन करना. Smearing; Anointing. गउड०

ओलोयण. न० (अवलोकन) (१) देखना. Looking at; Beholding. (२) दृष्टि; नजर. A look; A glance. उप०पृ०१२७; (३) गवाक्ष. An air-hole; A round window. सुख० २, ६;

ओलोयणा. स्त्री० (अवलोकना) (१) देखना. Looking at; Beholding. (२) गवेषणा; खोज. Searching after; Seeking for. वव० ४;

ओल्लट्टण. पुं० (अवलटन) एक नरक स्थान. A particular hell-abode. देवेन्द्र०२८;

ओल्लण. न०(आर्द्रयण) गीला करना; भिजाना. Wetting; Moistening. पि० १११;

ओल्लिअ. त्रि० (आर्द्रित) आर्द्र किया हुआ. Wetted; Moistened. गा०३३०;सणं०

ओवइय. त्रि० (औपचयिक) उपचित; परिपुष्ट. Nourished; Brought up. राज०

ओवगारिय. त्रि० (औपकारिक) उपकार के निमित्त का; उपकारार्थक. Relating to obligation. देवेन्द्र० ३०६;

ओवट्ट. पुं० (अपवर्त्त) (१) ह्रास; हानि. Diminution; Loss. (२) भागाकार. (Math) The (common) divisor which is applied to both or either of the quantities of an equation. विशे० २०६२;

ओवट्टण. न०(अपवर्तन) ह्रास; कमी. Diminution; Reduction. श्रावक० २१६;

ओवट्टणा. स्त्री० (अपवर्त्तना) भागाकार; भागहरण. Division. (Math). राज०

ओवट्ठ. त्रि० (अववृष्ट) वरसा हुआ; जिसने वृष्टि की हो वह. Rained.से० ६, ३४;

ओवट्ठ. पुं० (अववर्ष) (१) वृष्टि; वारिस. Raining. से० ६, २५;

ओवट्ठिइअ. त्रि० (औपस्थितिक) उपस्थिति के योग्य; नौकर. A servant. प्रयौ० ११;

ओवडण. न० (अवपतन) (१) अधःपात. A down-ward fall. (२) झम्पा-पात. A sudden fall. से० २, ३२;

ओवण. न० (उपवन) बगीचा; आराम. A garden. कुमा०

ओवत्त. त्रि० (अपवृत्त) फिराया हुआ. Turned. से० ६, ६१;

ओवयारिय. त्रि० (औपचारिक) उपचार संबन्धी. Metaphorical; Figurative. पंचा० ६; पुप्फ० ४०६;

ओवहारिअ. त्रि० (औपहारिक) उपहार संबन्धी. Relating to offering. विक० ७५;

ओवारिअ. त्रि० (अपवारित) आच्छादित; ढका हुआ. Covered, Concealed. मै० ६१;

ओवास. पुं० (अवकाश) अवकाश; खाली जगह. Place; Space; Room. पाअ० प्राप्र० से० १, ५४;

ओवाहिअ. त्रि० (अपवाहित) (१) नीचे गिराया हुआ. Fallen down. से०६, १६; १३, ७२; (२) घुमा कर नीचे डाला हुआ. से० ७, ५५;

ओविद्ध. त्रि॰ (अपविद्ध) प्रेरित; आहत. Instigated. से॰ ७, १२; (२) नीचे गिराया हुआ. Cast or thrown off. से॰ १३, २६;

ओवेहा. स्त्री॰ (उपेक्षा) (१) उपदर्शन; देखना. Looking at; Beholding. (२) अवधीरण. Disrespect; Repulse. "वावारओवेहा" ओघ॰ नि॰ १७१;

ओवत्त. (अपवृत्त) (१) पिछे फिरा हुआ. Returned. (२) नमा हुआ. अवनत. Bent down. से॰ ८, ८४;

ओसक्क. त्रि॰ (अवष्वष्कित) अपसृत; पीछे हटा हुआ. Receded; Fallen back. पाअ॰

ओसक्कण. न॰ (अवष्वष्कण) (१) अपसरण. Retreating. स॰ ६३; (२) उत्तेजन. Encouragement. बृह॰ २;

ओसढ. न॰ (औषध) दवा; इलाज; A medicine. हे॰ १, २२७;

ओसढिअ. त्रि॰ (औषधिक) वैद्य; चिकित्सक. A physician or doctor. कुमा॰

ओसण्ण. त्रि॰ (अपसन्न) खिन्न. Depressed; Afflicted; Distressed, Drooping. गा॰ ३८२; से॰ १३, ३०;

ओसण्ण. त्रि॰ (अपसन्न) शिथिल; ढीला. Loose; Slackened. पव॰ ३;

ओसन्न. त्रि॰ (अवसन्न) निमग्न. Plunged; Immersed; Sunk. दस चू॰ १, १८;

ओसर. पुं॰ (अवसर) (१) अवसर; समय. Occasion; Time. (२) अन्तर. A distance. राज॰

ओसरण. न॰ (अपसरण) (१) हटना; दूर होना. Retreating. (२) दूर करने वाला. One that removes. कुमा॰ १

ओसरिअ. त्रि॰ (अपसृत) (१) पीछे हटा हुआ. Retreated. पण्ह॰ १६, २३; पाअ॰ गा॰ ३५१; (२) अपसरण. Going back. से॰ २, ८;

ओसरिअ. त्रि॰ (अवसृत) आगत; पधारा हुआ. Came. उप॰ ७२८ टी;

ओसरिअ. त्रि॰ (उपसृत) संमुखागत; सामने आया हुआ. Came before. पाअ॰

ओसव. पु॰ (उत्सव) उत्सव; आनन्द क्षण. A festival. प्राप्र॰

ओसविय. त्रि॰ (उच्छ्रयित) ऊँचा किया हुआ. Raised; Lifted up. पउम ८, २६६;

ओसहिअ. त्रि॰ (आवसथिक) चंन्द्रार्घदानादि व्रत को करने वाला. One who fasts till the moon rises. गा॰ ३४६;

ओसाअ. पुं॰ (अवश्याय) हिम; ओस. Frost; Dew. से॰ १३, ५२;

ओसाय. पुं॰ (अवश्याय) ओस; निशा-जल. Hoar-frost. जीवस॰ ३१;

ओसायण. न॰ (अवसादन) परिशाटन; नाश. Destruction; Ruin. विशे॰

ओसार. पुं॰(अपसार) अपसरण. Retreating. से॰ १३, १४;

ओसार. पुं॰ (अवसार) वख्तर, An armour. से॰ १२, ५६;

ओसिय. त्रि॰ (अवसित) (१) पर्यवसित. Finished; Ended. (२) उपशान्त. Pacified.(३) जित; पराभूत. Defeated; Conquered. विशे॰

ओसुअ. त्रि॰ (उत्सुक) उत्कंठित. Anxious, Desirous; Eager. प्राप्र॰

ओसुक्क. त्रि॰ (अवशुष्क) सूखा हुआ. Dried पउम॰ ५३, ७६; ५, १४;

ओस्सक्क. पुं॰ (अवष्वष्क) अपसर्पण; पीछे हटना. Retreating; going back. प्रव॰ २;

ओस्साड. पुं॰ (अवशाट) नाश; विनाश Destruction; Ruin. सण॰

ओहट्ठ. त्रि० (अवघृष्ट) घिसा हुआ. Rubbed; पण्ह० ३७, ३;

ओहत्थिअ. त्रि० (अपहस्तित) परित्यक्त; दूर किया हुआ. Shunned; Avoided. मै० ३५;

ओहरण. न० (अपहरण) उठा ले जाना; अपहार. Taking or carrying away; Stealing. उप० ६७६;

ओहलिय. त्रि० (अवखलित) निस्तेज किया हुआ; मलिन किया हुआ. Made dirty or foul. सुर० १, १८६; सण०

ओहसिअ. त्रि० (उपहसित) जिसका उपहास किया गया हो वह. Ridiculed; Derided. गा० ६०; स० ४४८;

ओहाडण. न० (अवघाटन) (१) ढकना. A cover; A lid. वव० १; (२) प्रायश्चित विशेष. A kind of atonement or expiation. वव० १;

ओहाण. न० (उपधान) स्थगन; ढकना. Concealment. वव० ४;

ओहाण. न० (अवधावन) अवक्रमण; पीछे हटना. Retreating. निसी० चू० १६;

ओहावण. न० (अवधावन) (१) अवसर्पण; पलायन. Running away. वव० १; (२) दीक्षा से भागना; दीक्षा को छोड़ देना. वव० ३;

ओहावणा' स्त्री० (अपभावना) तिरस्कार; अनादर. Disregard; Disrespect. उप० १२६ टी; स० ४१०;

ओहावणा. स्त्री० (अपहापना) लाघव; लघुता. Smallness; Littleness. जय० २६;

ओहाविअ. त्रि० (अवधावित) पलायित; अपसृत. Run away; Escaped. दस० चू० १, २;

ओहाविअ. त्रि० (अवभावित) (१) तिरस्कृत. Disdained; Disrespected. सु० च० २२४; (२) ग्लान; ग्लानि-प्राप्त. Weary; Languid. वव० ८;

ओहास. पुं० (उपहास) हांसी; हास्य. Ridiculed; Derision. प्राप्र० मै० ४३;

ओहासण. न० (अवभाषण) याचना; माँग; विशिष्ट भिक्षा. Begging. आव० ४;

ओहिअ. त्रि० (अवतीर्ण) उतरा हुआ. Descended; Alighted. कुमा०

ओहिण्ण. त्रि० (अपभिन्न) रोका हुआ; अटकाया हुआ. Impeded; Obstructed. से० १३, २४;

ओहीअंत. त्रि० (अवहीयमान) क्रमशः कम होता हुआ. Gradually lessening. से० १२, ४२;

ओहीण. त्रि० (अवहीन) पीछे रहा हुआ. Remained back. अभि० ५६; (२) अपगत; गुजरा हुआ. Passed. से० १२, ६७;

ओहूय. त्रि० (अवधूत) उल्लंघित. Transgressed. बृह० १;

क

क. पुं० (क) (१) प्राकृत वर्ण माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर. The first consonant-letter of the Prakrita alphabets. प्राप० प्रामा० (२) न० किए हुए पाप का स्वीकार. Confession (of sins) आवम० (३) पानी; जल. Water. स० ६११; (४) सुख. Happiness. सुर० १६, ५५;

कइ. अ० (कदा) कब; किस समय. When; At what time. गा० ८०३;

कइ. अ० (क्वचित्) कहीं ; किसी जगह में. In some places. दस० नू० २, १४;

कइ. पुं० (कपि) बन्दर; वानर. A monkey. पाअ०

कइआ. अ० (कदा) कब; किस समय. When;

At what time. गा० १३८; कुमा०

कइंद. पुं० (कवीन्द्र) श्रेष्ठ कवि. A great poet. गउड०

कइकच्छु. स्त्री० (कपिकच्छु) वृत्त-विशेष; केवांच. Name of a plant. गा०५३२;

कइगई. स्त्री० (कैकयी) राजा दशरथ की एक रानी. One of the three wives of king Dasaratha. पउम० ६५, २१;

कइत्थ. पुं० (कपित्थ) (१) वृत्त विशेष; कैथका पेड़. The wood-apple tree. (२) फल विशेष; कैथ. The fruit of the above tree. गा० ६४१;

कइदीव. पुं०(कविद्वीप) द्वीप विशेष. Name of an island. पउम० ५५, १६;

कइद्धय. पुं० (कपिध्वज) (१) वानर-द्वीप के एक राजा का नाम. Name of a king of Vanar dvip. पउम०६, ८३; (२) अर्जुन. Name of Arjuna. हे०२, ६०;

कइम त्रि० (कतम) बहुत में से कौनसा ? Who or which of many ? हे० १, ४८; गा० ११६;

कइरव. न० (कैरव) कमल; कुमुद. The white lotus opening at moonrise. हे० १, १५२;

कइरविणी. स्त्री०(कैरविणी) कुमुदिनी; कमलिनी. A lotus plant bearing white lotuses. कुमा०

कइलाससय. पुं० (कैलाशशय) महादेव;शिव. An epithet of Mahadeo. कुमा०

कइलासा. स्त्री० (कैलाशा) देव-विशेष की एक राजधानी. A capital of a particular god. जीव० ३;

कईस. पुं० (कवीश) श्रेष्ठ कवि; उत्तम कवि. A great poet. पिंग०

कईसर. पुं० (कवीश्वर) उत्तम कवि. A great poet. पिंग०

कउ. पुं० (क्रतु) यज्ञ. A sacrifice. कप्पू०

कउच्छेअय. पुं० (कौत्तेयक) पेट पर बंधी हुई तलवार. A sword; A scimetar. हे० १, १६२; षड्०

कउरअ-व. पुं० (कौरव) (१) कुरु देश का राजा. A ruler of the Kurus. (२) पुं० स्त्री० कुरु वंश में उत्पन्न. Born in the Kuru family. (३) कुरु (देश या वंश) से संबन्ध रखने वाला. Relating to the Kurus. (४) कुरु देश में उत्पन्न. Born in Kuru county. प्राप्र० नाट० हे० १, १६२;

कउल. न० (कौल) (१) तान्त्रिक मत क प्रवर्त्तक ग्रन्थ,कोलोपनिषद् वगैर: The doctrine of Tantras; Kaulopnishad etc. (२) शक्तिका उपासक. A worshipper of. शक्ति. (३) तान्त्रिक मत को जानने वाला. Well-versed in Tantra doctrines. (४) तान्त्रिक मत का अनुयायी. A follower of this doctrine. (५) देवता-विशेष, A kind of gods. गउड०

कउसल. न० (कौशल) कुशलता; दत्तता; होशियारी. Skilfulness; Cleverness. हे० १, १६२; प्राप्र०

कउह. पुं० न० (ककुद) (१) सफेद छत्र वगैर: राज चिह्न. Any ensign or symbol of royalty. (२) पर्वत का अग्रभाग; टोंच. A summit or peak. हे० १, २२५;

कउहा. स्त्री०(ककुभ्) (१) दिशा. A direction. कुमा० (२) शोभा; कान्ति. Splendour; Beauty. (३) चम्पा के पुष्पों की माला. A wreath of Champaka flowers. (४) इस नाम की एक रागिणी. A kind of music. (५) शास्त्र. A sacred treatise or Sastra. (६) विकीर्ण केश. Scattered hair. हे०१,२१;

कण्-कण्ण-णं. अ० (कृते) वास्ते; निमित्त; लिए. For; For the sake of. कुम्मा० १५; कुमा० गा० ४७३; ५२५;

कण्हल. त्रि०(कृत) किया हुआ. Done. सुख० २, १५;

कओण्ह. त्रि०(कदुष्ण) थोड़ा गरम. Tepid; Lukewarm. धर्मवि० ११२;

कं. अ०(कम्) उदक; जल. Water. तंदु० ५३;

कंकइ. पुं० (कङ्कति) वृक्ष-विशेष; नागबला नामक औषधि. Name of a medical plant. उप० १०३१ टी;

कंकडुअ. पुं० (काङ्कटुक) दुर्भेद्य माष; उरद की एक जाति, जो कभी पकता ही नहीं, "कंकडुओ विवमासो" वव० ३;

कंकति. पुं० (कङ्कति) ग्राम-विशेष. Name of a village. राज०

कंकतिज्ज. पुं० स्त्री० (काङ्कतीय) माघराज वंश में उत्पन्न. Born in the Magharaj family. राज०

कंकलास. पुं० (कृकलास) कर्कोट; सांप की एक जाति. A lizard; A chameleon. पाअ०

कंकलोह. पुं० न० (कङ्कलोह) एक प्रकार का लोहा. A kind of iron. सु० च० २०७;

कंकाल. न० (कङ्काल) चमड़ी और मांस रहित अस्थि-पञ्जर. A skeleton. आ० १६; वज्जा० २०;

कंकोड. न० (कर्कोट) (१) वनस्पति-विशेष; ककरैल. A kind of vegetable. पाअ० (२) पुं० एक नागराज. Name of the principal cobra. सांप की एक जाति. A kind of serpent. हे० १, २६; षड्०

कंखिर. त्रि० (काङ्क्षितृ) चाहने वाला; अभिलाषी. Desirous; wishing for. गा० ५५; सु० च० ५३७;

कंचण. पुं० न० (काञ्चन) (१) एक देव-विमान. Name of a celestial car. देवेन्द्र० १३१; सोने का; सुवर्ण का. Golden. वज्जा० १५८; —पह. न० (प्रभ) (१) रत्न विशेष. A kind of jewel. (२) त्रि० रत्न विशेष का बना हुआ. Made of jewels. देवेन्द्र० २६६;

कंचणार. पुं० (कन्चनार) वृक्ष विशेष. The kovidara tree. पउम; ५३, ७६; कुमा०

कंचि-ची. स्त्री०(कान्चि-न्ची) (१) स्वनाम ख्यात एक देश. Name of a country. कुमा० कटि-मेखला; कमर का आभूषण. A waist-band or girdle. पाअ० एक नगर विशेष. Name of an ancient city. सुपा० ४०६;

कंचीरय. न० (कान्चीरत) सुरत-विशेष. A kind of sexual-union. वज्जा० १०८;

कंचुअ. पुं० (कन्चुक) (१) वृक्ष विशेष. A kind of tree. हे० १, २५-३०; (२) वस्त्र; कपड़ा. A garment. पउम० ३४, १५;

कंचुइ. पुं० (कन्चुकिन्) (१) यव; जव. Barley. (२) चणक; चना. Gram. (३) जुआरि. A gambler. (४) जिसने कवच धारण किया हो वह. Furnished with armour or mail. हे० ४, २६३;

कंचुइज्जंत. त्रि० (कन्चुकायमान) कन्चुक की तरह आचरण करना. सुपा० १८१;

कंचुलिआ. स्त्री० (कन्चुलिका) कंचली; चोली. A bodice. कप्पू०

कंजिअ. न० (काञ्जिक) काञ्जिक. Sour Gruel. सुर० ३, १३३; कप्पू०

कंटअंत. त्रि० (कण्टकायमान) कण्टक जैसा; कण्टक की तरह आचरता. Like a thorn. से० ६, २४; (२) पुलकित होता. अच्चु० ५८;

कंटइअ. त्रि० (कण्टकित) (१) कण्टक वाला. Thorny. सं० १, ३२; (२) रोमाञ्चित; पुलकित. Having the hair of the body erect. कुमा० पाश्र०

कंटग-य. पुं० (कण्टक) (१) रोमाञ्च; पुलक. Horripilation; Erection of hair. गा० ६७; (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक कुयोग. (In astro.) Name of an inauspicious conjunction (of planets.) गण० १६;

कंटिय. त्रि० (कण्टिक) (१) कण्टक वाला; कण्टकयुक्त. Thorny. (२) पुं० वृक्ष-विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी;

कंटिया. स्त्री० (कण्टिका) वनस्पति-विशेष. A kind of vegetation. बृह० १; आयाचू० १;

कंठ. त्रि० (कण्ठय) (१) कण्ठ से उत्पन्न. Being of the throat. सरस; सुगम. Easy. निसी० चू० १५;

कंठमाल. पुं० स्त्री० (कण्ठमाल) रोग-विशेष. A kind of disease. कुप्र० ४७१;

कंठय. पुं० (कण्ठक) स्वनाम-ख्यात एक चोर नायक. Name of a leader of thieves. महा०

कंठाल. त्रि० (कण्ठवत्) बड़ा गला वाला. Having a big throat. धर्मवि० १०१;

कंठीरव. पुं० (कण्ठीरव) सिंह; शार्दूल. A lion. प्रयौ० २१;

कंड. पुं० न० (काण्ड) (१) दण्ड; लाठी. A stick; A staff. (२) निन्दित समुदाय. A censured multitude. (३) पानी; जल. Water. (४) पर्व. Any division of a work such as a chapter of a book. (५) वृक्षका स्कन्ध. The trunk or stem of a tree. (६) वृक्ष की शाखा. A branch of a tree. (७) गुच्छ; स्तबक. A cluster; A bunch. (८) अश्व; घोड़ा A horse. (९) पृष्ट भाग की लम्बी हड्डी. A spinal cord. (१०) खुशामद. Flattery. (११) श्लाघा; प्रशंसा. Praise. (१२) गुप्तता; प्रच्छन्नता. Concealment. (१३) एकान्त. A solitary place. (१४) निर्जन. A desert or solitude. हे० १, ३०; (१५) अवसर; प्रस्ताव. Opportunity; Occasion. गा० ६६३; (१६) अंगुल का असंख्यातवां भाग. A kind of measure. प्रव० २६० टी;

कंडच्छारिय. पुं० (काण्डाच्छारिक) (१) इस नाम का एक ग्राम. Name of a village. (२) एक ग्राम नायक. A chief of a village. वव० ७;

कंडण. न० (कण्डन) व्रीहि वगैरः को साफ करना; तुष-पृथक्करण. Threshing; Separating the chaff from the grain. श्रा० २०;

कंडलि-कंडलिआ. स्त्री० (कन्दरिका) कन्दरा; गुफा. A cave; A hollow. पि० ३३३;

कंडुअ. पुं० (कन्दुक) गेंद. A ball. राज०

कंडुज्जुय. त्रि० (काण्डर्जु) बाण की तरह सीधा. Straight like an arrow. स० ३१७; गा० ३५२;

कंडुय. पुं० (कान्दविक) हलवाई; मिठाई बेचने वाला. A confectioner; A baker. "कओ कंडुयस्स" आवम०

कंडुरु. पुं० (कण्डुरु) स्वनाम ख्यात एक राजा, जिसने रामचन्द्र के भाई भरत के साथ जैनी दीक्षा ली थी. Name of King who was initiated with Rama's brother Bharat. पउम० ८५, ५;

कंडूल. त्रि० (कण्डूल) खाज वाला; कण्डू-युक्त. Having an itchy sensation; Itchy. कुमा०

कंत. पुं० (कान्त) पति; स्वामी. A husband. पाश्र०

कंत. त्रि० (क्रान्त) गत; गुजरा हुआ.

Passed; Gone. प्राप०

कंता. स्त्री० (कान्ता) (१) रावण की एक पत्नी का नाम. Name of Ravan's wife. पउम० ७४, ११; (२) एक योग दृष्टि. राज०

कंतार. त्रि० (कान्तार) (१) दुष्ट; दूंषित. Wicked; Vicious. (२) निराश्रय. Without shelter or refuge. (३) पागल. Mad. कप्पू०

कंति. स्त्री० (कान्ति) (१) इस नाम की रावण की एक पत्नी. Name of Ravan's queen. पउम० ७४, ११; (२) इच्छा. Desire; Wish. (३) चन्द्र की एक कला. One of the sixteen digits of the moon. राज० विक० १०७;

कंति. स्त्री० (क्रान्ति) (१) परिवर्तन; फेरफार. Change. (२) गमन; गति. Young; Proceeding. नाट; विक्र० ६०;

कंथा. स्त्री० (कन्था) कथड़ी; गुदड़ी. A patched garment; A wallet. हे० १, १८७;

कंथार. पुं० (कन्थार) वृक्ष विशेष. Name of a tree. उप० २२० टी;

कंथारिया-कंथारी. स्त्री० (कन्थारिका री) वृक्ष विशेष. A kind of tree. उप० १०-३१ टी;

कंथेर. पुं० (कन्थेर) वृक्ष विशेष. Name of a tree, राज०

कंथेरी. स्त्री० (कन्थेरी) कण्टकमय वृक्ष विशेष. A kind of thorny tree. उर० ३, २;

कंद. पुं० (कन्द) (१) मूल जड़. A root. गउड० (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

कंद. पुं० (स्कन्द) स्वामी कार्तिकेय; षडानन. Name of Kartikeya कुमा० हे० २, ५; षड्०

कंदप्पि. त्रि० (कन्दर्पिन्) कामोद्दीपक; कन्दर्प का उत्तेजक. Exciting or stimulating desire of sensual enjoyment. वव० १;

कंदलिअ-कंदलिल्ल. त्रि० (कन्दलित) अंकुरित. Sprouted. कुमा० पि० ५६५;

कंदविय. पुं० (कान्दविक) हलवाई; मिठाई बेचनेवाला. A confectioner; A baker. उप० २११ टी;

कंदिर. त्रि० (क्रन्दिन्) कँादने वाला. Weeping; Shedding tears. भवि०

कंदुअ. पुं० (कन्दुक) गेंद. A ball. पाअ० स्वप्न० ३६; मै० ६१;

कंधरा. स्त्री० (कन्धरा) ग्रीवा; गरदन. The neck. पाअ० सुर० ४, १६६; गण० ६;

कंपि. त्रि० (कम्पिन्) कांपने वाला. Trembling; Shaking. कप्पू०

कंपिअ. त्रि० (कम्पित) कांपा हुआ. Trembled; Shaken. कुमा०

कंपिर. त्रि० (कम्पितृ) कँापने वाला. Trembling. सु० च० १५८;

कंपिल्ल. त्रि० (कम्पवत्) कांपने वाला. Shaking. उप० ६ टी;

कंत्र. त्रि० (कम्र) (१) कामुक; कामी. Lustful; Libidinous. (२) सुन्दर; मनोहर. Lovely; Beautiful. पि० २६५;

कंबा. स्त्री० (कम्बा) यष्टि; लकड़ी. A stick; A staff. सु० च० ३६६;

कंबि-बी. स्त्री० (कम्बि-म्बी) (१) दर्वी; कड़छी. A ladle or spoon. (२) लीला यष्टि; छड़ी; शोख से हाथ में रखी जाती लकड़ी. A stick. उप० पृ० २३७;

कंबु. पुं० (कम्बु) (१) इस नाम का एक द्वीप. Name of an island. पउम० ४५, ३२; (२) पर्वत विशेष. Name of a mountain. पउम० ४५, ३२;

कंभार. पुं० व० (कश्मीर) इस नाम का एक प्रसिद्ध देश. Name of a country. हे० २,६८;षड्० —**जम्म.** न० (जन्मन्) कुङ्कुम; केसर. Saffron. कुमा०

कंस. न०(कांस्य) (१) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. (२) परिमाण-विशेष. A kind of measure. (३) जल पीने का पात्र; प्याला. A drinking vessel (of brass) हे० १, २६;७०;

कंसाल. पुं०(कांस्याल) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. हे० २,९२; सु० च० ५०;

कंसालिया. स्त्री० (कांस्यतालिका) एक प्रकार का वाद्य. A cymbal. सु० च० २४२;

कंसिअ. पुं० (कांस्यिक) कसेरा; कंसारी;कांस्यकार. A brazier; A worker in bell-metal. से० १, ७०;

कक्कंधु. स्त्री० (कर्कन्धु) बैर का वृक्ष. The jujube tree. पाअ०

कक्कड. न० (कर्कट) जल जन्तु-विशेष; कुलीर. A water-insect. पाअ०

कक्कडच्छ. पुं०(कर्कटाक्ष) ककड़ी. A sort of cucumber. कप्प०

कक्कराइय. न० (कर्करायित) (१) कर्कर की तरह आचरित. (२) दोषोच्चारण; दोष प्रकटन. आव० ४;

कक्कसेण. पुं० (कर्कसेन) अतीत उत्सर्पिणी काल में उत्पन्न एक स्वनाम ख्यात कुलकर पुरुष. Name of a Kulkar born in the last Utsarpini. राज०

कक्कालुआ. स्त्री० (कर्कारुका) कूष्माण्ड-वल्ली; कोहला का गाछ. A creeper of the pumpkin gourd. मृच्छ० ५९;

कक्कि. पुं० (कल्किन्) भविष्य में होने वाला पाटलीपुत्र का एक राजा. Name of a king of Patliputra in future. ती०

कक्केरअ. पुं० (कर्केरक) मणि विशेष की एक जाति. A kind of precious stone. मृच्छ० २०२;

कच्च. न० (काच) काच; शीशा. Glass; Crystal. कप्पू०

कच्चाइणी. स्त्री०(कात्यायनी) देवी-विशेष; चण्डी. Name of Parvati. स० ४३७;

कच्चायणी. स्त्री० (कात्यायनी) पार्वती; गौरी. Name of Parvati. पाअ०

कच्चि. अ० (कच्चित्) (१) प्रश्न. Interrogation. (२) मंगल. Auspiciousness. (३) अभिलाष. Desire. (४) हर्ष. Joy. पि० २७१; हे० २, २१७; २१८;

कच्चूर. पुं० (कर्चूर) वनस्पति-विशेष; कचूर; काली हलदी. A kind of fragrant tree. श्रा० २०;

कच्छ. पुं० (कक्ष) (१) तृण ; घास. Grass. (२) वल्ली; लता. A creeper. (३) शुष्क काष्ठों वाला जंगल. A forest of dead trees; A drywood. (४) जनानखाना. The harem of a king. (५) हाथी को बाँधने की डोर. An elephant's rope. (६) पार्श्व; बाजु. The side of flank. (७) ग्रह-भ्रमण. Moving of planets. (८) कक्षा;श्रेणी. A line. (९) द्वार;दरवाजा. A door. (१०) वनस्पति विशेष; गूगल. A kind of vegetation. (११) बिभीतक वृक्ष. A kind of tree. (१२) घर की भींत. A wall of a house. (१३) स्पर्धा का स्थान. Emulation or rivalry. (१४) जल-प्राय देश. A marshy ground. हे० २, १७;

कच्छ. पुं०न०(कच्छ) (१) कच्छ नाम का देश Name of a country. पउम०९८,६४; (२) छन्द विशेष; दोधक छंद का एक भेद. Name of a metre. पिंग० (३) इक्षु

वगैरह की वाटिका. A forest of sugarcanes. (५) भगवान ऋषभदेव का एक पुत्र. Name of a son of Lord Rishabhadeo. आवम० (५) कच्छ विजय का एक राजा. Name of a king of Kachchha Vijaya.

कच्छा. स्त्री० (कक्षा) (१) विभाग ; अंश. A part or portion. पउम० १६,७०; (२) कमर पर बांधने का वस्त्र. A cloth, girt round the loins. गा० ६८४ ; (३) शंशय-कोटि. Suspician: A doubt. (४) स्पर्धा स्थान. Emulation or rivalry. (५) घर की भींत. A wall of a house. (६) प्रकोष्ट. The room near the gate of a palace. हे० २, १७;

कच्छा. स्त्री० (कच्छा) कटि-मेखला; कमर का आभूषण. An ornament of the waist. पाअ०

कच्छु. स्त्री० (कच्छू) (१) खुजली; खाज; रोग-विशेष. Scab; Itch. प्रासू० २८;

कच्छुरिअ. त्रि० (कच्छुरित) व्याप्त; खचित. Fixed; Blended. कुम्मा० ६ टी;

कज्जलइअ. त्रि० (कज्जलित) (१) काजल वाला. Lamp-blackened. (२) श्याम; काला. Dark; Black. पाअ०

कज्जला. स्त्री० (कज्जला) इस नाम की एक पुष्करिणी. Name of a well. इक०

कज्जिय. त्रि० (कार्यिक) कार्यार्थी; प्रयोजनार्थी. Seeking to gain one's object or purpose. वव० ३;

कट्ट. त्रि० (कृत्त) काटा हुआ; छिन्न. Cut; Rent. उप० १८०;

कट्टिअ. त्रि० (कर्त्तित) काटा हुआ; छेदित. Cut; Rent. पिंग०

कट्टु. त्रि० (कर्तृ) कर्त्ता; करने वाला. A doer; One who makes or performs. पड्०

कट्ठ. न० (कष्ट) (१) पाप. A sin. (२) त्रि० कष्ट-दायक; पीड़ा कारक. Troublesome. हे० २, ३४ ; ९० ;

कट्ठ. पुं० (काष्ठ) राजगृह नगर का निवासी एक स्वनाम ख्यात श्रेष्ठी. Name of a prominent person of the city Rajagriha. आवम० —**करण.** न० (करण) श्यामक नामक गृहस्थ के एक खेत का नाम. Name of a field of a landlord called Shyamaka. कप्प०

कट्ठण. न० (कर्षण) आकर्षण ; खींचाव. Attraction. गउड०

कट्ठा. स्त्री० (काष्ठा) (१) हद; सीमा. Boundary; Limit. आ० १६; (२) प्रकर्ष. Excellence; Eminence.

कड. त्रि०(कट) यष्टि; लकड़ी. A stick. वसु०

कडइअ. त्रि० (कटकित) वलय की तरह स्थित. Round like a bracelet. से०१२,४१;

कडकडा. स्त्री० (कडकडा) अनुकरण शब्द विशेष ; कडकड आवाज. A sound like kud kud. स० २५७ ; पि० ५५८; नाट-मालती० ५९;

कडकडिअ. त्रि० (कडकडित) जिसने कड़-कड़ आवाज किया हो वह ; जीर्ण. Worn out. सुर० ३, १६३;

कडकडित्तार. त्रि० (कडकडायितृ) कड कड आवाज करने वाला. Sounding like kud kud. सण०

कडक्किय. न० (कडक्कित) कड़कड़ आवाज. A sound like kud kud. सिरि०६६२;

कडक्खण. न० (कटाक्षण) कटाक्ष करना. Looking-side long. भवि०

कडग. पुं० (कटक) यवनिका ; परदा. A curtain. उप० १६९ टी ;

कडण. न० (कदन) मार डालना ; हिंसा

Killing. कुमा० (२) मर्दन. Pressing; kneading. (३) नाश करना. Destruction; Havoc. (४) पाप. Sin. (५) युद्ध. War. (६) विह्वलता ; आकुलता. Bewilderment. हे० १, २१७;

कडण. न० (कटन) (१) घर की छत. A roof of a house. (२) घर पर छत डालना. Roofing a house. गच्छा० १ ;

कडणी. स्त्री० (कटनी) मेखला. A belt ; A girdle. "सुरगिरिकडणि" सु० च० ६१५;

कडयड. पुं० (कडकड) कड़-कड़ आवाज. A sound like kud kud. पउम० ६४,४४;

कडसार. न० (कटसार) मुनि का एक उपकरण; आसन. A seat of a saint. विचार० १२८;

कडह. पुं० (कटभू) वृक्ष-विशेष. Name of a tree. बृह० १;

कडार. पुं० (कडार) (१) वर्ण विशेष ; तामड़ा वर्ण ; भूरा रंग. The tawny colour. (२) त्रि० कपिल वर्ण वाला ; भूरा रंग का ; मटमैला रंग का. Tawny. सु० च० ३३, ६२;

कडाह. पुं० (कटाह) वृक्ष विशेष. A kind of tree. पउम० १३, ७६;

कडि-वट्टी. स्त्री० (कटिपट्टी) कमर का पट्टा. A waist-band ; A belt. सु० च० ३३१;

कडु-कडुअ. पुं० (कटुक) (१) परुष ; निष्ठुर. Bitter; Caustic. नाट-रत्ना० ६६; (२) वनस्पति-विशेष ; कुटकी. A kind of vegetable. हे० २, १५५ ;

कडुइअ. त्रि० (कटुकित) (१) कडुआ किया हुआ. Made pungent. (२) दूषित. Bad. गउड०

कडेवर. न० (कलेवर) शरीर; देह. A body. हे० ४, ३६५;

कड्ढणया. स्त्री० (कर्षणता) आकर्षण. Attraction. उप० पृ० २७७;

कड्ढाविय. त्रि० (कर्षित) खिंचवाया हुआ ; बाहर निकलवाया हुआ. Drawn or pulled out. भवि०

कड्ढिय. त्रि० (कृष्ट) पठित; उच्चारित. Uttered. स० १८२;

कढोर. त्रि० (कठोर) (१) कठिन; परुष; निष्ठुर. Harsh; Hard-hearted. (२) पुं० इस नाम का एक राजा. Name of a king. पउम० ३२, २३ ;

कण. पुं० (कण) (१) एक म्लेच्छ देश. Name of a Mlechha country. राज० (२) विन्दु. A drop. पाअ०

कण. पुं० (क्वण) शब्द; आवाज. A sound. उप० पृ० १०३;

कणइअ. त्रि० (कणवत्) बिन्दु वाला. Having drops. पाअ०

कणइकेउ. पुं० (कनकिकेतु) इस नाम का एक राजा. Name of a king. दंस०

कणइपुर. न० (कनकिपुर) नगर विशेष, जो महाराजा जनक के भाई कनक की राजधानी थी. A capital of king Kanak brother of king Janak. ती०

कणकण. पुं० (कणकण) कण कण आवाज. A sound like kan kan. आवम०

कणकणिअ. त्रि० (क्वणक्वणित) कण-कण आवाज वाला. Having a sound like 'Kan Kan'. कप्पू०

कणग. पुं० (कनक) (१) बिन्दु. A drop. (२) शलाका; सलाई. A small stick, pin, piece (of any thing) राज० (३) बिल्व वृक्ष ; बेल का पेड़. A species of tree. उत्तर०

कणगुत्तम. पुं० (कनकोत्तम) इस नाम का एक देव. Name of a god. दीव०

कणभक्ख. पुं० (कणभक्ष) वैशेषिक मत का प्रवर्तक एक ऋषि. A nickname given to the philosopher who propounded the Vaiseshika system of philosophy. राज०

कणय. पुं० (कनक) (१) राजा जनक के एक भाई का नाम. Name of a brother of king Janak. पउम० २८, १३२; (२) रावण का इस नाम का एक सुभट. Name of a warrior of Ravan. पउम० ५६, ३२; (३) वृत्त विशेष; धतूरा. The Dhattura tree. से० ६, ४८; (४) न० छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग० (५) एक देव विमान. Name of a celestial car. देवेन्द्र० १४४;

कणाद. पुं० (कणाद) वैशेषिक मत का प्रवर्तक ऋषि. A nickname given to the philosopher who propounded the Vaiseshika system of philosoply. विशे० २१६४;

कणिय. न० (कणित) (१) आर्तस्वर. Lamentation. (२) आवाज; ध्वनि. A sound. आव० ४;

कणिल्ल. न० (कनिल्य) नक्षत्र-विशेष का गोत्र. Name of a lineage. इक०

कणिस. न० (कणिश) सस्य-शीर्षक; धान्य का अग्रभाग. An ear of corn. दे० २, ६;

कणीणिगा. स्त्री० (कनीनिका) (१) आँख का तारा. The pupil of the eye. (२) छोटी उंगली. The little finger. राज०

कण्ण. पुं० (कण्व) इस नाम का एक परिव्राजक; ऋषि विशेष. Name of a sage. अभि० २६२;

कण्ण. पुं० (कर्ण) (१) कोटि-भाग; अग्रांश. The handle or ear of a vessel. (२) एक म्लेच्छ जाति. Name of the Mlechchha tribe. मृच्छ० १५२;

कण्णउज्ज. पुं० (कान्यकुब्ज) (१) देश विशेष; दोआब; गंगा और यमुना नदी के बीचका देश. Name of a country situated on a tributary of the Ganges. (२) न० उस देश का प्रधान नगर; कनौज. The capital of this country now called Kanoja. ती० कप्पू०

कण्णा. स्त्री०(कन्या) ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक राशि. The sixth sign of the zodiac *i. e.* Virgo, (In Astro). पउम० १७, ६१; कप्पू० पि० २८२;

कण्णाड. पुं० (कर्णाट) (१) देश-विशेष, जो आजकल कर्णाटक नाम से प्रसिद्ध है. Name of a country. (२) त्रि० उस देश में उत्पन्न. Born in that country. कप्पू०

कण्णाणय. न० (कन्यानय) चोल देश का एक प्रधान नगर. The capital of the Chol country. ती०

कण्णि. पुं०(कर्णि) एक नरक-स्थान. Name of a hell-abode. देवेन्द्र० २६ ;

कण्णिलायण. न० (कर्णिलायन) इस नाम का एक गोत्र. Name of a lineage. इक०

कण्णुप्पल. न० (कर्णोत्पल) कान का आभूषण विशेष. An ear-ornament. कप्पू०

कण्णोवगण्णिआ. स्त्री० (कर्णोपकर्णिका) कर्णाकर्णी; कानाकानी. Rumour (lit, from ear to ear) दे० २, ६१;

कण्ह. पुं० (कृष्ण) (१) देशावकाशिक व्रत को अतिचरित करने वाला एक उपासक. One who fastsDeshavkarik. सु०च०५६२; (२) विक्रम की तृतीय शताब्दी का एक प्रसिद्ध जैनाचार्य, दिगम्बर जैन मत के प्रवर्तक शिवभूति मुनि के गुरु. Name of a celebrated Jain Acharya in the third century of Vikram, precepter of Shivbhuti, propounder of the Digambar school. विशे० २५५३;

कत्त. त्रि० (क्लृप्त) निर्मित. Made; Performed. संक्षि० ४०;

कत्तरिअ. त्रि० (कर्त्तित) कतरा हुआ; काटा हुआ. Cut. सु० च० ५४६;

कत्तरी. स्त्री० (कर्त्तरी) कतरनी; कैंची. Scissors कप्प०

कत्तव्व. त्रि० (कर्त्तव्य) (१) करने योग्य. What is fit or ought to be done. स०१७२; (२) न० कार्य; काज; काम. A work; A duty. आ० ६;

कत्तिकेअ. पुं० (कार्त्तिकेय) महादेव का एक पुत्र; षडानन. Name of Mahadeo's son. दे० ३, ५;

कत्तिम. त्रि० (कृत्रिम) बनावटी; कृत्रिम. Artificial; Fictitious. सु०च० ८३;

कत्थ. अ० (कुतः) कहां से. From where; Whence. पड्०

कत्थ. त्रि० (कथ्य) वनस्पति विशेष. A kind of vegetation. राज०

कत्थूरी. स्त्री० (कस्तुरी) हरिण के नाभि में उत्पन्न होने वाली सुगन्धित वस्तु. Musk. सु० च० २४७;

कदुसण. त्रि०(कदुष्ण) थोड़ा गरम. Tepid; Lukewarm. प्राकृ० १०२;

कद्दमाल. त्रि० (कर्दमाल) कीचड़ वाला. Muddy; Dirty. सूयनि० १६१;

कद्दमिअ. त्रि० (कर्दमित) पङ्क युक्त; कीच वाला. Turbid; Muddy. से० ७, २०; गउड०

कन्नस. त्रि० (कनीयस्) कनिष्ट ; जघन्य. Smaller; Less. प्रव० १५७;

कन्हसह. न० (कर्णसह) जैन साधुओं के एक कुल का नाम. Name of a group of Jain saints. कप्प०

कप्प. त्रि० (कल्प्य) ग्रहण योग्य. Worthy to be taken or accepted. पंचा० १२;

कप्प. पुं०(कल्प) (१) काल-विशेष; देवों के दो हजार युग परिमित समय. A particular measure of time. अच्चु० १८; कुमा० (२) शस्त्र विशेष. A kind of weapon. पउम० ६, ७३; (३) अधिवास; स्थान. A place. बृह० १; (४) राजा नन्द का एक मंत्री. Name of a minister of king Nandaraja. राज० (५) प्रक्षालन. Washing; Cleansing (with water). पिंड० २६६; २७१; ३०५; गच्छा० २, ३२; —धर. त्रि० (धर) कल्प तथा व्यवहार सूत्र का जानकार. Wellversed in Kalpa Sutra and Vyavahar Sutra. वव० १;

कप्पंत. पुं० (कल्पान्त) प्रलय काल; संहार समय. End of the world; Universal destruction. कप्पू०

कप्पट्ठिया. स्त्री० (कल्पस्थिका) लड़की; बालिका A girl. वव० ४;

कप्पट्ठी. स्त्री० (कल्पस्था) (१) बालिका;. लड़की A girl; वव० ६; (२) कुलाङ्गना; कुलवधू. A respectable or high-born (chaste) woman. वव० ३;

कप्पणा. स्त्री (कल्पना) (१) रचना; निर्माण. Making; Forming. (२) प्ररूपण; निरूपण. निसी० चू० १;

कप्पर. पुं० (कर्पर) खप्पर; कपाल; सिर की खोपड़ी. The skull. बृह० ४; नाट०

कप्पसुत्त. न० (कल्पसूत्र) श्री भद्रबाहु स्वामी विरचित एक जैन ग्रन्थ. Name of a volume of Jainism composed by Shree Bhdrabahu Swami. कप्प०

कप्पिय. त्रि० (कल्पिक) (१) योग्य; उचित. Fit; Proper. वव० ८; (२) गीतार्थ; ज्ञानी साधु. A learned saint. "किं वा अकप्पिएणं" वव० १;

कप्फल. न० (कट्फल) इस नाम की एक वनस्पति; कायफल. Name of a vegetation. हे० २, ७७;

कफ. पुं० (कफ) कफ; शरीर स्थित धातु विशेष. Phlegm, one of the three humours of the body. राज०

कबरी. स्त्री० (कबरी) केश-पाश; धम्मिल्ल. A braid or fillet of hair. कुमा० वेणीं० १८३;

कब्बुर-कब्बुरय. त्रि० (कर्बुर) कबरा; चितकबरा; चितला. Variegated; Spotted. गउड० अच्चु० ६;

कब्बुरिअ. त्रि० (कर्बुरित) अनेक वर्ण वाला; चितकबरा किया हुआ. Variegated. "कब्बुरियजम्मगिहं" सु० च० ५४; कुम्मा० ६; पउम० ८२, ११;

कम. पुं० (क्रम) (१) परम्परा. Regular course, order or succession. सुर० ३, २८; (२) न्याय; फैसला. Judgement. स्वप्न० २१;

कम. पुं० (क्लम) श्रम; थकावट; क्लान्ति. Fatigue; Languor; Exhaustion. हे० २, १०६; कुमा०

कमंध. पुं० न० (कबन्ध) रुंड; मस्तक-हीन शरीर. A headless trunk (especially when it retains life. हे० १, २३६; प्राप्र० कुमा०

कमढ-कमढग-य. पु० (कमठ-क) (१) तापस विशेष, जिसको भगवान् पार्श्वनाथ ने बाद में जीता था और जो मर कर दैत्य हुआ था. Name of an ascetic, defeated by Lord Parshvanath and became a demon in the next birth णमि० २२; (२) कूर्म; कच्छप. A tortoise. पाअ० (३) वंश; बांस. A bamboo. (४) शल्ल का वृत्त. Name of a tree. हे० १, १९९; (५) मैल; मल- Dirt; Filth. निसी० चू० ३ (६) साध्विओं के पहनने का एक वस्त्र. A kind of cloth for a nun. ओघ० नि० ६७५;

कमण. न० (क्रमण) (१) गति; चाल. Movement; Proceeding. (२) प्रवृत्ति. Continuous advance. आया० चू० ४;

कमणिया. स्त्री (क्रमणिका) उपानत्; जूता. A shoe. बृह० ३;

कमणिल्ल. त्रि० (क्रमणीवत्) जूता वाला; जूता पहना हुआ. Having shoes. बृह ३;

कमणी. स्त्री० (क्रमणी) जूता; उपानत्. A sandal or shoe. बृह० ३;

कमणीय. त्रि० (कमनीय) सुन्दर; मनोहर. Beautiful; Handsome; Lovely. सु० च० ३४; २६२;

कमल. न० (कमल) (१) कमलाख्य इन्द्राणी का सिंहासन. A throne of Indrani called Kamala. (२) संख्या विशेष. A particular number. जो० २; (३) श्रेष्ठि विशेष. Name of a wealthy man. सु० च० २७५; (४) एक देव विमान. Name of a celestial car. देवेन्द्र १४२; (५) छंद विशेष. Name of a metre. पिंग० (६) एक जात का चावल; कलम. A kind of rice. प्राप्र०—**जोणि.** (योनि) पुं० ब्रह्मा; विधाता. An epithet of Brahma. पाअ०—**णअण.** पुं०(नयन) विष्णु; नारायण. An epithet of Vishnu. समु० १५२; —**बंधु.** पुं०(बन्धु) (१) सूर्य; रवि. The sun. पउम० ७०,६२; (२) इस नाम का एक राजा. Name of a king. पउम० २२, ९८;

कमलंग. न० (कमलाङ्ग) संख्या विशेष; चौरासी लाख महापद की संख्या. A particular number. जो० २;

कमलक्ख. पुं० (कमलाक्ष) इस नाम का

एक यक्ष. Name of a demi-god. सम०

कमलजय. न० (कमलजय) विद्याधरों का एक नगर. Name of a city of Vidyadhars. इक०

कमलपुर. न० (कमलपुर) विद्याधरों का एक नगर. Name of Vidyadhars' city. इक०

कमलमाला. स्त्री० (कमलमाला) पोतनपुर नगर के राजा आनन्द की एक रानी; भगवान् अजितनाथ की मातामही-दादी. Name a queen of king Ananda of Patanpur city and grand-mother of Lord Ajitnatha. पउम० ५, ५२;

कमलसेणा. स्त्री० (कमलसेना) एक राज पुत्री. Name of a princess. महा०

कमला. स्त्री० (कमला) (१) रावण की एक पत्नी. Name of Ravan's wife. पउम० ७४, ९; (२) लक्ष्मी. An epithet of Lakshmi. सु० च० २७५; (३) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०
—अर. पुं० (कर) धनाढ्य; धनी. A wealthy man. को० १, २६;

कमलासण. पुं० (कमलासन) ब्रह्मा; विधाता. An epithet of Brahma. पाअ० दे० ७; ६२;

कमलिणी. स्त्री० (कमलिनी) पद्मिनी; कमल् का गाछ. A lotus-plant. पाअ०

कमलुब्भव. पुं० (कमलोद्भव) ब्रह्मा. An epithet of Brahma. त्रि० ८२;

कमेलग-य. पुं० स्त्री० (क्रमेलक) उष्ट्र; ऊंट. A camel. पाअ० उप० १०३१ टी;

कम्म—पुं० न० (कर्मन्) व्याकरण प्रसिद्ध कारक विशेष. (In gram.) The object of an action. विशे० २०९९; ३४२०;

कम्मंत. त्रि० (कुर्वत्) हजामत करता हुआ. Shaving. (२) हजाम; नापित; नाई. A barbar. कुमा०

कम्मंतसाला. स्त्री० (कुर्वच्छाला) जहां पर अस्तुरा आदि सजाया जाता हो वह स्थान. A place of sharpening a razor etc. निसी० चू० ८;

कम्मण. न० (भोजन) भोजन. A diet; A meal, कुमा०

कम्मस. त्रि० (कल्मष) (१) मलिन. Dirty; Filthy. (२) न० पाप. A sin. पाअ० हे० २, ७९; प्रामा०

कम्मसिद्ध. पुं० (कर्मसिद्ध) कारीगर; शिल्पी. An artist; A mechanic. आवम०

कम्मारिआ. स्त्री० (कर्मकारिका) स्त्री नौकर; दासी. A maid-servant. सु० च० ६३०;

कम्मि. त्रि० (कर्मिन्) कर्म करने वाला; अभ्यासी. A worker; A doer. गा० ६९४;

कम्हल. न० (कश्मल) १५, पाप. A sin. राज०

कयउण्ण. त्रि० (कृतपुण्य) पुण्यशाली; भाग्यशाली. Fortunate; Lucky. सु० च० ६०६;

कयं. अ० (कृतम्) अलम्; बस. Enough. उवा० १४४;

कयंत. पुं० (कृतान्त) (१) शास्त्र; सिद्धान्त. A scripture. सु० च० ११९; (२) रावण का एक सुभट. Name of Ravan's warrior. पउम० ५६, ३१;

कयंतमुह. पुं० (कृतान्तमुख) रामचन्द्र के एक सेनापति का नाम. Name of Rama's general. पउम० ९४, ६२;

कयंब. पुं० (कदम्ब) समूह A collection or multitude. संबोध० २०;

कयंबिय. त्रि० (कदम्बित) अलंकृत; विभूषित. Decorated; Ornamented. कप्प०

कयग. पुं॰ (कतक) (१) वृत्त विशेष; निर्मली. The clearing nut-plant. (२) न॰ कतक फल; निर्मली फल; पायपसारी. The nut of this tree. "जह कयगमंजणाई" विशे॰ ५३६;

कयग्घ. त्रि॰ (कृतघ्न) उपकार न मानने वाला; कृतघ्न. Ungrateful. सु॰ च॰ ५८८;

कयज़्ज. त्रि॰ (कदर्थ) कंजूस; कृपण. Miserly; Stingy. राज॰

कयड्डि. पुं॰ (कपर्दिन्) इस नाम का एक यत्त देवता. Name of a demi-god. सुपा॰ ५४२;

कयण. न॰ (कदन) हिंसा; मार डालना. Killing. हे॰ १, २१७;

कयत्थण. न॰ (कदर्थन) हैरान; पीडन. Oppressing;Formenting. सु॰ च॰ १८०;

कयत्थिय. त्रि॰ (कदर्थित) हैरान किया हुआ; पीड़ित. Harassed; Tormented. सु॰ च॰ २२७;

कयन्न. त्रि॰ (कदन्न) खराब अन्न. Bad food. धर्मवि॰ १३६ ;

कयपंजलि. त्रि॰ (कृतप्राञ्जलि) कृताञ्जलि ; नमस्कार के लिए जिसने हाथ ऊँचा किया हो वह. Folding the hands in supplication. आव॰

कयम. त्रि॰ (कतम) बहुत में से कौन. Who or which of many ? स॰ ४०२ ;

कयमंगला. स्त्री॰ (कृतमङ्गला) इस नामकी एक नगरी. Name of a city. संत्था॰

कयर. पुं॰ (कक्कर) (१) वृत्त विशेष; करीर. A kind of tree. स॰ २५६; (२) न॰ करीर का फल. A fruit of this tree पभा॰ १४;

कयल. पुं॰ (कदल) (१) कदली-वृत्त; केला का गाछ. The plantain tree. (२) न॰ कदली-फल; केला. The plantain fruit. हे॰ १, १६७;

कयवाउ. पुं॰ (कृकवाकु) कुक्कुट; कुकड़ा; मुर्गा. A cock. गउड॰

कयवाय. पुं॰ (कृकवाक) कुक्कट; कुकड़ा; मुर्गा. A cock. पाअ॰

कयसण. न॰ (कदशन) खराब भोजन. Bad food. विवे॰ १३६;

कर. पुं॰ (कर) करका; ओला. Hails; A hail stone. पउम॰ ६६, १५;

करआ. स्त्री॰ (करका) करका; ओला. Hail stones. अच्चु॰ ६४;

करंक. पुं॰ न॰ (करङ्क) (१) अस्थि-पञ्जर; हाड-पञ्जर. A skeleton. उप॰ ७२८ टी; (२) पानदान; पान वगैरः रखने की छोटी पेटी. A betel-leaf-box. कप्पू॰ (३) हड्डिओं का ढेर A heap of bones. सुर॰ ६,२०३; (४) हड्डी; हाड़. A bone. "करंकचयभीसणे" सु॰ च॰ १७५;

करंजिअ. त्रि॰ (भग्न) तोड़ा हुआ. Broken; Cut. कुम्मा॰

करंडी. स्त्री॰(करण्डी) (१) डिब्बा; पेटिका A small box. श्रा॰ १४;(२) कुंडी;पात्र-विशेष. A particular vessel. उप॰ ५६३;

करंबिय. त्रि॰ (करम्बित) व्याप्त; खचित. Mixed; Intermingled. सु॰ च॰ ३४;

करग्गह. पुं॰ (करग्रह) (१) हाथ से ग्रहण करना. Taking by hands. गा॰ ५४४; (२) पाणि-ग्रहण; शादी. Marriage. राज॰

करड. पुं॰ (करट) (१) काक; कौआ. A crow. उर॰ १, १४; (२) कुसुम्भ वृत्त. Name of a tree. (३) गिरगिट; सरट. A kind of animal. (४) हाथी का गण्डस्थल. An elephants cheek. सु॰ च॰ १३६;

करडि. पुं॰(करटिन्) हाथी. An elephant. सु॰ च॰ ५०; १३६;

करण. न० (करण) आसन; पद्मासन वगैरह. A particular posture or mode of sitting. (२) न्यायालय; न्याय-स्थल. A Court of justice. उप० पृ० ११७; (३) जेल; कैदखाना. A prison; A jail. भवि० (४) उपधि; उपकरण. ओघ० नि० ६६६;

करणसाला. स्त्री० (करणशाला) न्याय-मन्दिर. A court of justice. दस० ३; १ टी;

करभी. स्त्री० (करभी) (१) उष्ट्री. A female camel. पिंड० धान्य भरने का एक बड़ा पात्र. A large jar for grains. बृह० २; कस०

करमंद. पुं० (करमन्द) फल वाला वृक्ष-विशेष. A particular fruitful tree. गउड०

करय. पुं० (करज) नख. A nail. हे० १, ३४;

कररुद्द. पुं० (कररुद्र) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

करलाघव. न० (करलाघव) कला विशेष; हस्त लाघव. A kind of art. कप्प०

करलि-ली. स्त्री० (कदलि-ली) (१) पताका. A flag or banner. (२) हरिण की एक जाति. A kind of deer. (३) हाथी का एक आभरण. An ornament of elephant. हे० १, २२०; कुमा०

करवंद. स्त्री० (करमन्दी) लता विशेष; एक जात का पेड़. Name of a creeper. दे० ८, ३५;

करवत्तिआ. स्त्री० (करपत्रिका) जल पात्र-विशेष. A particular drinking vessel. आ० १२;

करवाल. पुं० (करवाल) खड्ग; तलवार. A sword. सु० च० ६०;

करवीर. पु० (करवीर) वृक्ष विशेष; कनेर का गाछ. A kind of tree. गउड०

करह. पुं० (करभ) सुगंधी द्रव्य विशेष. A kind of perfume. गउड० ६६८;

करहंच. न० (करहञ्च) छंद विशेष. A particular metre. पिंग०

करहाड. पुं० (करहाट) वृक्ष विशेष; करहार; मैनफल. A kind of tree. गउड०

करादल्ल. पुं० (करादल्ल) स्वनाम ख्यात एक राजा. Name of a king. ती० ३७;

कराल. त्रि० (कराल) (१) भयानक; भयंकर. Dreadful; Formidable. कप्पू० (२) फाड़ने वाला. Gaping. (३) विकसित. Blown; Fully opened. से० १०, ४१; (४) व्यवहित. Separate by anything intervening. से ११, ६६; (५) पुं० इस नाम का विदेह देश का राजा. Name of a king of Videha country. धर्म० १;

करालिअ. त्रि० (करालित) (१) दन्तुरित; लम्बा और बहिर्निर्गत दांत वाला. Having long or projected teeth. से० १२, १०; (२) व्यवहित किया हुआ; अन्तराल वाला बनाया हुआ. Separated. से० ११, ६६; (३) भयंकर बनाया हुआ. Made terrible. कप्पू०

करावण. न० (कारण) करवाना; बनवाना. Causing to do or make. सु० च० ३३२;

कराविय. त्रि० (कारित) कराया हुआ. Caused to do. स० ५६४; महा०

करिण. पु० (करिन्) हाथी; हस्ती. An elephant. उप० ६ टी;

करिणी. स्त्री० (करिणी) हस्तिनी; हथिनी. A female elephant. सु० च० ४;

करिनाह. पु० (करिनाथ) (१) एरावण; इन्द्र का हाथी. A lordly elephant. (२)

उत्तम हाथी. A noble elephant. सु० च० १०६;

करिस. पुं० (कर्ष) (१) आकर्षण; खींचाव. Attracting. (२) विलेखन; रेखा करण. Furrowing. (३) मान विशेष; पल का चौथा हिस्सा. A particular weight. जो० १;

करिसग. त्रि० (कर्षक) खेती करने वाला; कृषीबल. A cultivator; आवम०

करुणाइय. त्रि० (करुणायित) जिस पर करुणा की गई हो वह. Pitied. गउड०

करुणि. त्रि० (करुणिन्) करुणा करने वाला; दयालु. Tender-hearted; kind. सण०

करोडि. स्त्री (करोटि) सिर की हड्डी. The skull. सुख० २, २६;

कल. त्रि० (कल) मधुर; मनोहर. Sweet. पात्र० **—कंठी.** स्त्री० (कण्ठी) कोकिला; कोयल. The cuckoo. कप्पू०

कलंक. पुं० (कलङ्क) लाञ्छन; चिन्ह. A mark; A spot. कुमा० गउड०

कलंकण. न० (कलङ्कन) कलंकित करना. Stained; Defamed. प्रव० ८;

कलंकल. त्रि० (कलङ्कल) असमञ्जस; अशुभ. Unbecoming; Improper. संत्था०

कलंकिअ. त्रि० (कलङ्कित) कलंकित; दागी. Stained; Defamed. हे० ४, ४३८;

कलंकिल्ल. त्रि० (कलङ्किन्) कलंक वाला; दागी. Stained. काल० पि० ५६५;

कलंतर. न०(कलान्तर) व्याज; सूद. Interest on money lent. कुप्र० ३५५;

कलंबुआ. स्त्री० (कलम्बुका) एक गाँव का नाम, जहाँ पर भगवान् महावीर को कालहस्ती ने सताया था. Name of a city. राज०

कलचुलि. पुं० (करचुलि) (१) क्षत्रिय विशेष. A caste of kshatriyas. (२) इस नाम का एक क्षत्रिय वंश. A lineage of kshatriyas. पिंग०

कलण. न० (कलन) (१) शब्द; आवाज. Sounding. (२) संख्यान; गिनती. Numbering. विशे०. २०२८; (३) धारण करना. Putting on. सु० च० २५; (४) जानना. Knowing. सु०च०१६; (५) प्राप्ति; ग्रहण. Taking. श्रा० १६;

कलणा. स्त्री० (कलना) (१) कृति; करण. Doing; Making. कप्पू० (२) धारण करना; लगाना. Putting on; Wearing. कप्पू०

कलय. पुं० (कलाद) सोनार; सुवर्णकार. A goldsmith. षड्०

कययलित्तार. त्रि० (कलकलायितृ) कलकल करने वाला. Making noise. वज्जा०६६;

कलरुद्दाणी. स्त्री० (कलरुद्राणी) इस नाम का एक छन्द. Name of a metre. पिंग०

कलल. न० (कलल) (१) वीर्य और शोणित का समुदाय. Mixture of semen and blood. पउम० ३६, ५६; ११८, ८; (२) कादा; कीचड़; कर्दम. Mud or mire. गउड०

कललिय. त्रि०(कललित) कर्दमित; कीच वाला किया हुआ. Made foul with mud. गउड०

कलविंक. पुं० (कलविङ्क) पक्षि-विशेष; चटक; गौरिया पक्षी. A sparrow. पात्र० गउड०

कलस. पुं० (कलश) (१) स्कन्धक छन्द का एक भेद; छन्द विशेष. A variety of metre. पिंग० (२) पुं०न० एक देव-विमान. A particular celestial car. देवेन्द्र० १४०; (३) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. राय० ५७ टी;

कलसिया. स्त्री० (कलशिका) वाद्य विशेष. A particular musical instrument. आया० चू० १

कलहण. न० (कलहन) झगड़ा करना. Quarreling. उव०

कलहाइअ. त्रि० (कलहायित) कलह वाला; झगड़ाखोर. A Fond of (prompting) quarrels. पाअ०

कलहि. त्रि० (कलहिन्) झगड़ाखोर. Fond of quarrels. दे० ५, ५४;

कलहोय. न० (कलधौत) सुवर्ण; सोना. Gold. सण०

कला. स्त्री० (कला) समय का सूक्ष्म भाग. A minute division of time. विशे० २०२८;

कलाइआ. स्त्री० (कलाचिका) प्रकोष्ठ; कोनी से लेकर मणिबन्ध तक का हस्तावयव. The fore-arm; The part above the wrist. पाअ०

कलागुरु. पुं० (कलागुरु) कलाचार्य; विद्याध्यापक; शिक्षक. A teacher of arts. सु० च० २५;

कलाव. पुं० (कलाप) शरधि; तूण; जिसमें बाण रक्खे जाते हैं. A quivar. दे० २, १५;

कलावय. न० (कलापक) चार पद्यों की एक वाक्यता. A series of four stanzas on the same subject and forming one grammatical sentence. सस्मत्त० १८७;

कलि. पुं० (कलि) (१) एक नरकावास. A particular hell-abode. देवेन्द्र० २६ ; (२) युग-विशेष; कलियुग. The iron age. उप० ८३३; (३) पर्वत विशेष. Name of a mountain. ती० ५४; (४) प्रथमभेद. The first division. निसी० चू० १५; (५) दुष्ट पुरुष. A vile or wicked man. पाअ० —जुग. न० (युग) कलियुग. The iron age. ती० १५;

कलिअ. त्रि० (कलित) (१) प्राप्त; गृहीत. Taken; Seized. (२) ज्ञात; विदित. Known. पाअ०

कलिआ. स्त्री० (कलिका) अविकसित पुष्प. An unblown flower; A bud. पाअ० गा० ४४२;

कलिंग. पुं० (कलिङ्ग) आदिनाथ भगवान् का एक पुत्र. Name of a son of Lord Adinatha. ती० १४,

कलिंज. पुं० (कलिञ्ज) कट; चटाई. A mat. निसी० चू० १७;

कलिल. त्रि० (कलिल) गहन; घना; दुर्भेद्य. Impervious; Impenetrable. पाअ०

कलुसिअ. त्रि० (कलुषित) पाप-ग्रस्त; मलिन. Sinful; bad से० १०, ५; गउड०

कलुसीकय. त्रि० (कलुषीकृत) मलिन किया हुआ. Made turbid or muddy. उव०

कल्ल. न० (कल्य) (१) शब्द; आवाज. A sound. (२) संख्या; गिनती. A number. विशे० ३४४२; (३) दक्ष; चतुर. Skilful; Dexterous. दे० ८, ६५;

कल्लवत्त. पुं० (कल्यवर्त्त) कलेवा; प्रातर्भोजन. Morning meal; Breakfast. स्वप्न० ६०; नाट०

कल्लवाल. पुं० (कल्यपाल) कलवार; शराब बेचने वाला. A distiller. मोह० ९२;

कल्लाण. पुं० न० (कल्याण) (१) विवाह; लग्न. Marriage. वसु० (२) देश विशेष. Name of a country. (३) नगरविशेष. Name of a city. ती० (४) निर्वाण; मोक्ष. Final emancipation; Beantitude. विशे० ३४४०; (५) समृद्धि; वैभव Prosperity. कप्प० (६) तप विशेष. A kind of austerity. प्रव० (७) सुवर्ण Gold. सिरि० ३७३;

कल्लाणी. स्त्री० (कल्याणी) (१) कल्याण करने वाली स्त्री. A female doing good; A beneficial woman. गउड० (२) दो वर्ष की बछिया. A heifter of two years. उत्तर० १०३;

कल्लिं. अ० (कल्ये) कल दिन; कल को. To-morrow. गा० ५०२;

कल्लोलिणी. स्त्री० (कल्लोलिनी) नदी. A river. कप्पू०

कवइय, त्रि० (कवचित) बख्तर वाला; वर्मित. Armoured; Mailed. पउम० ७०, ७१;

कवग्ग. पुं० (कवर्ग) 'क' से 'ङ' तक के पांच अक्षर. Five letters form क to ङ. धर्मवि० १४;

कवट्टिअ. त्रि० (कदर्थित) पीड़ित; हैरान किया हुआ. Tormented; Harassed. हे०१, १२४;

कवड्ड. पुं० (कपर्द) बड़ी कौड़ी; वराटिका. A small shell or cowrie. जी० १५;

कवड्डि.पुं०(कपर्दिन्) (१) यक्ष विशेष. Name of a demi-god. सुपा० ५१२; (२) महादेव; शिव. An epithet of Siva. कुमा०

कवण. त्रि०(किम्) कौन. Who? What ? Which ? पउम० ७२, ८; कुमा०

कवलण.न०(कवलन) ग्रसन; भक्षण. Swallowing; Eating. सु० च० ४७४;

कवलिअ. त्रि० (कवलित) ग्रसित; भक्षित. Eaten; Swallowed.सु०च०१२१;३१६;

कवि. पुं० (कवि) शुक्र; ग्रह विशेष. The planet Vlnus. सु० च० ५६२;

कविअ. न० (कविक) लगाम. The bit of a bridle. सु० च० २१३;

कवित्त. न० (कवित्व) कविता; कवित. Poetry. सुर० १, ४२;

कविलिअ. त्रि० (कपिलित) कपिल रंग वाला किया हुआ; भूर रंग से रंगित. Coloured -with a tawny Colour. गउड०

कविस. पुं० (कपिश) वर्ण विशेष; काला-पीला रंग; बदामी; कृष्ण-पीत-मिश्रित वर्ण. The brown colour. (२) कपिश वर्ण वाला. Brown; Reddish colour. पाअ० गउड०

कवोय. पुं० (कपोत) (१) म्लेच्छ देश विशेष. Name of a Mlechehha country. पउम० २७, ७;

कवोसण. त्रि० (कदुष्ण) थोड़ा गरम. Tepid; Lukewarm. प्राकृ० १;

कव्व. पुं० (काव्य) (१) ग्रह-विशेष; शुक्र. The planet. Venus. (२) त्रि० वर्णनीय; श्लाघनीय. worthy to be Praised. हे० २, ७६;

कव्वइत्त. त्रि० (काव्यवत्) काव्य वाला. Poetic. हे० २, १५६;

कव्वाय. पुं० (क्रव्याद) (१) राक्षस; पिशाच. A demon; A goblin. स० २१३; पउम० ७, १०; (२) त्रि० कच्चा मांस खाने वाला. Eating raw flesh. पउम० २२, ३५; (३) मांस खाने वाला. Flesh-eater. पाअ०

कस. न० (कष) कर्म; कर्मपुद्गल. A karmic atom. "कम्मं कसं भवो वा कसं" विशे० १२२८;

कसण. पुं० (कृष्ण) (१) वर्ण विशेष. Black colour. (२) त्रि० कृष्ण रंग वाला. काला; श्याम. Black. हे० २, ७५; ११०; कुमा० —पक्ख. पुं० (पक्ष) कृष्ण पक्ष; वदि पखवारा. The dark half of a luner month. पाअ० सार. पुं० (सार) (१) वृक्ष विशेष. A kind of tree. (२) हरिण की एक जाति. The spotted antelope. नाट मृच्छ० ३;

कसण. त्रि० (कृत्स्न) सकल; सब; सर्व. All Whole. हे० २, ७५;

कसणिअ. त्रि०(कृष्णित) काला किया हुआ. Blackened. पाअ०

कसाय. पुं० (कषाय) (१) क्राथ; काढ़ा. A decoction. (२) कषैला स्वाद वाला. As ringent. (३) कषाय रंग वाला. Brown-coloured. (४) सुगन्धी; खुशबूदार. Odorous. Perfumed. हे० २, १६०;

कसि. त्रि० (कषिन्) मारने वाला; विनाशक. Destructive; Ruinous. सुख० १, १;

कसिआ. स्त्री० (कशिका) प्रतोद; चाबुक. A whip. सुर० १३, १७०;

कसुमीरा. स्त्री० (कश्मीर) एक उत्तर भारतीय देश. Kashmir district. प्राकृ० २८, ३३;

कस्सव. पुं० (काश्यप) वंश विशेष. A family by that name. (२) ऋषि विशेष. Name of Rishi. अभि० २६;

कह. पुं० (कफ) शरीरस्थ धातु विशेष. Phlegm, one of the three humours of the body. कुमा०

कहआ. अ० (कथंवा) वितर्क और आश्चर्य अर्थ को बतलाने वाला अव्यय. A particle denoting 'how indeed or how possibly.' से० ७, ३४;

कहाणग-य. न० (कथानक) (१) प्रसंग; प्रस्ताव. An occasion. स० १३३; ५८८; (२) प्रयोजन; कार्य. An object or aim. स० ५८५;

कहावण पुं० (कार्षापण) सिक्का विशेष. A kind of coin. हे० २, ७१; ९३ कुमा०

कहाविअ. त्रि० (कथित) कहलाया हुआ. सु० च० ६५; ४५७;

कहिया. स्त्री० (कथिका) कथा; कहानी. A story. उप० १०३१ टी;

काइआ. स्त्री० (कायिकी) मूत्र; पेशाब. Urine. ओघ० नि० २१९; (२) शौच क्रिया. Voiding of excrement. स० ६४९;

काइंदी. स्त्री० (काकन्दी) इस नाम की एक नगरी; बिहार की एक नगरी. Name of a city. संथा० ७६;

काउमण. त्रि० (कर्त्तुमनस्) करने की चाह वाला. Desirous of doing. उव० उप० पृ० ७०; सं० ९०;

काकंदग. पुं० (काकन्दक) एक जैन महर्षि. Name of a Jain saint. कप्प०

काकंदिय. पुं० (काकन्दिक) एक जैन महर्षि. Name of a Jain saint. कप्प०

काकंदिया. स्त्री० (काकन्दिका) जैन मुनिओं की एक शाखा. A branch of Jain saints. कप्प०

कागतालसंजीवगनाय. पुं० (काकत्तालसंजीवक न्याय) काकतालीय न्याय. The maxim of the crow and the palm-fruit. It takes its origin from the unexpected and sudden fall of a palm-fruit upon the head of a crow (so as to kill it) at the very moment of its sitting on a branch of that tree; and as used to denote a very unexpected and accidental occurrence whether, welcome or unwelcome. उप० १४२ टी;

कागतालिज्ज. न० (काकतालीय) कौए का अतर्कित आगमन और ताल फल का अकस्मात् गिरना होता है ऐसा अवितर्कित संभव; अकस्मात् कार्य का होना. (Any thing) taking place quite unexpectedly and accidently. आया० टी०

कागथल. पुं० (काकस्थल) देश विशेष. Name of a country. दे० २, २७;

कागली. स्त्री० (काकली) सूक्ष्म गीत ध्वनि; A Low and sweet tone. (२) स्वर

विशेष. A particular voice.सु०च०५६;

कागोणंद. पुं० (काकोनन्द) इस नाम की एक म्लेच्छ जाति. A particular class of Mlechchhas. पउम० ३४, ४१;

काठिण्ण. न० (काठिन्य) कठिनता. Hardness; Tightness. धर्मसं० ५१; ५४;

काढ. पुं० (क्वाथ) काढ़ा. A decoction, solution prepared with a continued or gentle heat. कुलक० ११;

काणिट्टा. स्त्री० (काणेष्टा) लोहे की ईंट. An iron brick. वव० ४;

काणीण. पुं० (कानीन) कुंवारी कन्या से उत्पन्न पुत्र. The son of an unmarried woman. भवि०

काम. पुं० (काम) (१) रोग; बिमारी. A disease. दसनि०२; १५;—काम.पुं०(काम) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

कामंध. पुं० (कामान्ध) विषयातुर; तीव्र-कामी. Passionate; Love sick. प्रासू०१७६;

कामग्घ. न० (कामघ्न) आयंबिल तप. One kind of religious austerity called Ayambil. संबोध० ५८;

कामघड. पुं० (कामघट) ईप्सित चीज को देने वाला दिव्य कलश. A divine jar accomplisher of desired objects. आ० १४;

कामडहण. पुं० (कामदहन) महादेव; शिव. Mahadev; Shanker; Shiv.वज्जा०६८;

कामदाइणी. स्त्री० (कामदायिनी) ईप्सित फल को देने वाली विद्या विशेष. A kind of magical skill granting every desired object. पउम० ७, १३५;

कामण. न० (कामन) चाह; अभिलाष. Wish; Desire. महा०

कामिअ. त्रि० (कामिक) (१) काम-संबन्धी; बिषय संबन्धी. Pertaining to passions. भक्त- १११; (२) न० तीर्थ विशेष. Pilgrimage by that name.ती०२८; —कामिअ.(३) सरोवर-विशेष. A particular lake. राज० (४) त्रि० इच्छा पूर्ण करने वाला. Fulfiller of desires.स०३६।

कामिणी. स्त्री० (कामिनी) कान्ता; स्त्री. A lovely or beautiful woman. सु० च० ५;

कायंबर. न० (कादम्बर) मद्य-विशेष; गुड़ का दारू. A spirituous liquor distilled from the molasses. पउम० १०२,१२२;

कायंबरी. स्त्री० (कादम्बरी) मदिरा; दारू. A spirituous liquor or wine. पाअ० पउम० ११३, १०; (२) अटवी-विशेष. A kind of hut or cottage. स०५५१; (३) एक गुहा का नाम. Name of a cave. कुम्र० ६३;

कायणिरोह. पुं० (कायनिरोध) शरीर व्यापार का परित्याग. Abandonment or utterly given up of corporeal acts. आव० ४;

कायत्थ. पुं० (कायस्थ) जाति विशेष; कायथ जाति; कायस्थ नाम से प्रसिद्ध जाति. Name of a particular caste. मुद्रा० ७६; मृच्छ० ११७;

कायवंझ. पुं० (कायवन्ध्य) (१) ग्रह-विशेष. A particular planet. (२) ग्रहाधिष्ठायक देव विशेष. A presiding god of this planet. राज०

काया. स्त्री० (काया) शरीर;देह. The body. प्रासू० ११२;

कायाग. पुं० (कायाक) नट-विशेष; बहुरूपिया. A masker. बृह० ४;

कारग. त्रि० (कारक) (१) कराने वाला. Causing to do. विशे० (२) न० कर्ता, कर्म वगैरह व्याकरण प्रसिद्ध कारक. (In gram.) The relation subsisting between a noun and a verb in a sentence. विशे० ३३८४; (३) उदाहरण; दृष्टान्त. An example. ओघ० नि० १६;

कारण. न० (कारण) अपवाद. An exception. कप्प०

कारणिअ. पुं० (कारणिक) न्याय कर्ता; न्यायाधीश. A judge or magistrate. सु० च० ११८;

कारणिज्ज. त्रि० (कारणीय) प्रयोजनीय. Having an object or a cause. स० ३२६;

कारवस. पुं० (कारवश) देश-विशेष. Name of a country. भवि०

कारविय. त्रि० (कारित) कराया हुआ. Caused to do. सुर० १, २२६;

कारह. त्रि० (कारभ) करभ-संबन्धी. Pertaining to a young camel. गउड०

कारागार. पुं० न० (कारागार) कैदखाना; जेल. A jail or prison. सु० च० १२२;

कारावय. त्रि० (कारक) कराने वाला; विधायक. Causing to do. स० ५५७;

काल. पुं० (काल) (१) विलम्ब; देरी. Delay. स्वप्न० ६१; (२) उमर; वय. Age. स्वप्न० ४२; (३) ऋतु. A season. स्वप्न० ४२; (४) ज्योतिष शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग. (In astro.) A particular inauspicious conjunction (of planets). गण० १६; (५) अभाव. Privation; Non-existence; Nullity. बृह० ४;

कालंजर. पुं० (कालञ्जर) (१) देश-विशेष. Name of a country. पिंग० (२) पर्वत विशेष. Name of a mountain. आवम०

कालक्खर. पुं० न० (कालाक्षर) (१) अल्प ज्ञान; अल्प शिक्षा. A little knowledge. (२) अल्प-शिक्षित. A little educated. गा० ८७८;

कालक्खरिअ. त्रि० (कालाक्षरिक) अक्षर ज्ञान वाला; शिक्षित. Educated. कप्पू०

कालग-य. पुं० (कालक) भ्रमर; भमरा. A male wasp. राज०

कालपिट्ठ. पुं० न० (कालपृष्ठ) (१) कर्ण का धनुष. Name of the bow of Karna. (२) काला हरिण. A species of antelope. (३) क्रौञ्च पक्षी. A curlew or heron. पि० ५३;

कालरत्ति. स्त्री० (कालरात्रि) प्रलय-रात्रि; प्रलय काल. The night of destruction at the end of the world. गउड०

कालसंदीव. पुं० (कालसंदीप) त्रिपुरासुर. Name of a demon called Tripura. आक०

कालसार. पुं० (कालसार) मृग की एक जाति; काला मृग. The black antelope. गा० २५;

कालसोअरिय. पुं० (कालसौकरिक) स्व-नाम ख्यात एक कसाई. Name of a butcher. आक०

काला. स्त्री० (१) श्याम वर्ण वाली. A black female. (२) तिरस्कार करने वाली. A woman who despises. कुमा०

कालाइक्कमय. न० (कालातिक्रमक) तप विशेष; दिन के पूर्वार्ध तक आहार-त्याग. A kind of a religious austerity. संबोध० २८;

कालि. पुं० (कालिन्र) बिहार का एक पर्वत. A mountain of Behar. ती० १३;

कालिंग. पुं० (कालिङ्ग) (१) देश विशेष. Name of a country. आ० १२; (२) त्रि० कलिङ्ग देश में उत्पन्न. Born in the Kalinga country. पउम० ६६, ५५;

कालिंजर. न० (कालिञ्जर) (१) जंगल विशेष. Name of a forest. पउम० ५८, ६;

तीर्थ स्थान-विशेष. A particular holy-place. ती० ६;

कालिंदी. स्त्री० (कालिन्दी) (१) यमुना नदी. The river Yamuna. पाश्र० (२) एक इन्द्राणी; शक्रेन्द्र की एक पटरानी. The crowned queen of Shakrendra. पउम० १०२, १५६;

कालिगी. स्त्री० (कालिकी) संज्ञा विशेष; बहुत समय पहले गुजरी हुई चीज का भी जिससे स्मरण हो सके वह. विशे० ५०८;

कालिम. पुं० स्त्री० (कालिमन्) श्यामता; कृष्णता;दागीपन. Blackness. सुर०३,४४; श्रा० १२;

कालिय. पुं० (कालिक) इस नाम का एक सर्प. Name of a serpent. सु० च० १८१;

कालियसरिण. त्रि० (कालिकसंज्ञिन्) कालिकी संज्ञा वाला. विशे० ५०६;

काली. स्त्री० (काली) (१) पार्वती; गौरी. An epithet of Parvati. पाश्र० (२) इस नाम का एक छंद. Name of a metre. पिंग०

कालुस्सिय. न० (कालुष्य) कलुषता; मलिनता. Foulness; Turbidness. श्राउ०

कालुस्स. न० (कालुष्य) कलुषपन, Dirtiness, or Turbidness. सा० २;

कालेय. न० (कालेय) (१) काली देवी का श्रपत्य. A son of 'Kali' goddess. (२) सुगन्धी द्रव्य-विशेष; कालचन्दन. Black sandalwood. स० ७५;

कावध. पुं० (कावध्य) (१) एक महा-ग्रह. One major planet. (२) ग्रहाधिष्ठायक देव विशेष. A presiding god of this planet. राज०

कावालिश्र. पुं० (कापालिक) श्रघोर संप्रदाय का मनुष्य. A follower of a certain Saiva sect characterized by carrying skulls of men in the form of garlands and eating anddrinking from them. सु० च० १७४;

कावालिश्रा-कावालिणी. स्त्री० (कापालिकी) कापालिक-व्रत वाली स्त्री. A woman having the Kapalika-vow.गा०४०८

कावेश्र. न० (कापेय) वानरपन; चञ्चलता. Monkey-like behaviour. श्रच्चु० ६२;

कासव. पुं० (कश्यप) (१) इस नाम का एक ऋषि. Name of a Rishi. प्राम० (२) हरिण की एक जाति. A species of deer. (३) एक जात की मछली. One kind of fish. (४) दक्ष प्रजापति का जामाता. Son-in-law of Daksha prajapati. (५) त्रि० दारू पीने वाला. A drunkard. हे० १, ४३; षड्०

कासविज्जया. स्त्री० (काश्यपीया) जैन मुनियों की एक शाखा. A branch of Jain Munies (Saints). कप्प०

कासवी. स्त्री० (काश्यपी) (१) पृथ्वी; धरित्री. The earth. कुमा० (२) कश्यप गोत्रिया स्त्री. A woman of the kashyapa lineage. कप्प०

कासा. स्त्री० (कृशा) दुर्बल स्त्री. A weak woman. हे० १, १२७; षड्०

कासाइया-कासाई. स्त्री० (काषायी) कषाय रंग से रंगी हुई साड़ी; लाल साड़ी. A red coloured sari. कप्प० उवा०

कासाय. त्रि० (काषाय) कषाय रंग से रंगा हुश्रा. Red coloured; Dyed of a reddish colour. गउड०

कासार. न० (कासार) (१) तालाब; छोटा सरोवर. A pond or lake. सु०च० १६६; (२) पक्वान्न विशेष; कँसार. A particular sweat-meat. स० १८६; (३) पुं० समूह;

जत्था. A multitude or collection. गउड०

कासिअ. न० (कासित) छींक. A sneeze. राज०

काहल. त्रि० (कातर) कातर; डरपोक. Timid; Cowardly. हे०१, २१४; २५४;

काहल. पुं० न० (काहल) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. सुर० ३. ६६;

काहला. स्त्री० (काहला) वाद्य-विशेष; महा ढक्का. A kind of musical instrument; A large drum. विक्र० ८७;

किअंत त्रि०(कियत्) कितना. How much; How great; How far; How many; Of what extent or qualities. सण०

किआडिआ. स्त्री० (कृकाटिका) गला का उन्नत भाग. The raised and straight part of the neck. पाअ०

किइ. स्त्री० (कृति) कृति; क्रिया; विधान. Creation; Work. षड्० प्राप्र० उव०

किंकरसच्च. पुं० (किङ्करसत्य) (१) परमेश्वर; परमात्मा. Almighty; God. (२) अच्युत; विष्णु. An epithet of Vishnu. अच्चु० २;

किंकार. पुं० न० (क्रेङ्कार) अव्यक्त शब्द-विशेष. A kind of indistinct sound. सिरि० ५४१;

किंकरी. स्त्री० (किङ्करी) दासी; नौकरानी. A female servant. कप्पू०

किंकायव्वया. स्त्री० (किंकर्तव्यता) क्या करना है वह जानना. Any situation in which one asks oneself what should be done. —मूढ. त्रि० (मूढ) किंकर्तव्य-विमूढ; हक्काबक्का; भौंचक्का. Being at a loss or perplexed what to do. महा०

किंकिच्चजड. त्रि० (किंकृत्यजड) हक्काबक्का; वह मनुष्य जिसे यह न सूझ पड़े कि क्या किया जाय. Being at a loss or perplexed what to do. श्रा० २७;

किंकिणिआ. स्त्री०(किङ्किणिका) क्षुद्र घण्टिका. A small bell. सु० च० १५६;

किंकिणी. स्त्री० (किङ्किणी) क्षुद्र घण्टिका. A small bell. सु० च० १५४;

किंचहिय. त्रि० (किञ्चिदधिक) कुछ ज्यादा Some what or a little more. सुपा० ४३० ;

किंदिय. न० (केन्द्र) (१) वर्तुल का मध्य भाग. The centre of a circle. (२) ज्योतिष में इष्ट लग्न से पहला, चौथा, सातवां और दसवां स्थान. (In astro.) Distance of a planet from the first point of its orbit in the 4th, 7th or 10th degree. "किंदियठाणट्ठियगुरुम्मि" सु० च० ३६ ;

किंदुअ. पुं० (कन्दुक) कन्दुक; गेंद. A ball. भवि०

किंनर. पुं० (किन्नर) (१) भगवान् धर्मनाथ जी के शासन देव का नाम. Name of a Shasan Deo of Lord Dharmanatha. संति०८; (२) देव-गन्धर्व; देव-गाछुन. A celestial musician. कुमा०

किंनु. अ० (किंनु) पूर्वपक्ष, आक्षेप, आशंका का सूचक अव्यय. A particle denoting the prima facie argument, allurement and doubt. वव० १;

किंवयंती. स्त्री०(किंवदन्ती) जन-श्रुति; जन-रव. Rumour; Report. हम्मीर० ३६;

किंसारु. पुं० (किंशारु) सस्य-शूक; सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग. The beard of corn. दे० २, ६;

किंसुअ. पुं० (किंशुक) (१) पलाश का पेड़; टेसू; ढाक. One kind of tree having beautiful red blossoms but without any odour. सुर० ३, ४६; (२) न० पलाश का पुष्प. The blossom of this tree. हे० १, २६; ८६;

किक्किंधा. स्त्री० (किष्किन्धा) नगरी-विशेष. A city named Kiskindha. से० १४,५५;

किक्किंधि. पुं० (किष्किन्धि) (१) पर्वत-विशेष. Name of a mountain पउम० ६,४५; (२) इस नाम का एक राजा. Name of a king. पउम० ६, ४५;

किच्चंत. त्रि० (कृत्यमान) (१) छिन्न किया जाता; काटा जाता. One which is being cut. (२) पीड़ित किया जाता; सताया जाता. One which is being oppressed. राज०

किच्चा. स्त्री० (कृत्या) (१) काटना; कर्त्तन. Cutting. उप० पृ० ३५६; (२) क्रिया; काम; कर्म. An action or deed. (३) देव वगैरह की मूर्त्तिका एक भेद. A variety of idols of gods. (४) जादुगिरि; जादू. Witchcraft; Magic. (५) रोग-विशेष; मटाभारी का रोग. A kind of disease. हे० १, १२८;

किच्चि. स्त्री० (कृत्ति) (१) मृग वगैरः का चमड़ा. The hide of an antelope etc. (२) चमड़े का वस्त्र. The leather garment (३) भूर्जपत्र; भोजपत्र, The bark of the birch-tree used for writing upon etc. (४) कृतिका नक्षत्र. One of the lunar mansions; Pleiades. षड् हे० २, १२; ८६;

किच्चिरं. अ० (कियच्चिरम्) कितने समय तक; कब तक ? How long ? उप० १२८ टी;

किच्छ. त्रि० (कृच्छ्र) (१) कष्ट-साध्य;कष्ट-युक्त. Causing trouble; Painful. हे० १, १२८; (२) क्रि० वि० दुःख से; मुश्किल से. With great difficulty; Painfully. सुर० ८, १४८;

किज्जिअ. त्रि० (कृत) किया गया; निर्मित. Done; Made; Performed. पिंग०

किट्ट. न० (किट्ट) रंग-विशेष. A species of colour. उर० ६, ५;

किट्टीकय. त्रि० (किट्टीकृत) मिला हुआ; एकाकार. Mingled; Mixed. उव०

किडग. त्रि० (क्रीडक) क्रीडा करने वाला. A player of past time. सूय० १,४,२ टी;

किडि. पुं० (किरि) सूकर; सूअर. A hog or boar. हे० १, २५१; षड्०

किण. पुं० (किण) (१) घर्षण चिन्ह; घर्षण की निशानी. A mark of friction. गउड० -किण. (२) मांस ग्रन्थि. A gland. (३) सूखा घाव. A dry wound. सु० च० ३७० ;

किणि त्रि० (क्रयिन्) खरीदने वाला. A purchaser or buyer. संबोध० १६;

किणिय. त्रि०(क्रीत) किता हुआ; खरीदा हुआ. Bought. सु० च० ४३४;

किणिय. पुं० (किणिक) (१) रस्सी बनाने का काम करने वाली मनुष्य जाति. A particular human tribe making strings. पंचू० —किणिय. (२) मनुष्य की एक जाति, जो वादित्र बनानी और बजाती है. A class of human being making and playing musical instruments. वव० ३;

किणिया. स्त्री० (किणिका) छोटा फोड़ा; फुन्सी. A small boil. स० १८०;

किणो. अ० (किमिति) क्यों; किस लिए? For what purpose ? हे० २, २१६; पाअ गा० ६७; महा०

किण्ण. त्रि० (कीर्ण) (१) उत्कीर्ण; खुदा हुआ. Dug. सुपा० ५७१;

कितव. पुं० (कितव) द्यूतकर; जूआरी. A gambler. दे० ४, ८;

कित्तण. न० (कीर्त्तन) (१) वर्णन; प्रतिपादन. Description. (२) कथन; उक्ति. Telling. विशे० ६४०; गउड० कुमा०

कित्तय. त्रि० (कीर्तक) कीर्तन कर्ता. Religious songer. प्रव० २१६ टी

कित्ति पुं० (कीर्ति) इस नाम का एक जैन मुनि, जिसके पास पांचवें बलदेव ने दीक्षा ली थी. Name of a Jain saint who initiated the fifth Baladeo. पउम० २०, २०५;

कित्तिकर. पुं० (कीर्त्तिकर) भगवान आदिनाथ के एक पुत्र का नाम. Name of a son of Lord Adinatha. राज०

किन्न. त्रि० (क्लिन्न) आर्द्र; गीला. Wet; Moistened. हे० ४, ३२६;

किब्बिस. न० (किल्बिष) (१) मांस. Flesh. स० २६३; (२) त्रि० पापी; दुष्ट. Wicked. धर्म० ३; (३) कर्बुर; चितकबरा. Variegated. तंदु०

किब्बिसिया. स्त्री० (कैल्बिषिकी) एक प्रकार की भावना; धर्म गुरु वगैरः की निन्दा करने की आदत. One kind of conception. Habit to speak evil of Religious Gurus (Priest) & of others. धर्म० ३

किमस्स. पुं० (किमश्व) नृप विशेष, जिसने इन्द्र को संग्राम में हराया था, और शाप लगाने से जो मर कर अजगर हुआ था. Name of a king who defeated the lord of gods in the battle and who became a boa-constrictor by the curse. निसी० चू० १;

किमु. अ० (किमु) (१) वितर्क. Guess; Conjecture. (२) निन्दा. Censure; Reproach. (३) निषेध. Prohibition. हे० २, २१७; पिंग०

किमुय. अ० (किमुत) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particle denoting. (१) प्रश्न. Question. (२) विकल्प. Doubt. (३) वितर्क. Conceits; Conjectures. (४) अतिशय. Excessive. हे० २, २१८; "किमुय सेसेहिं" विशे० १०६१;

किम्मीर. त्रि० (किर्मीर) (१) कर्बर; कबरा. Variegated; Spotted. पाअ० (२) पुं० राक्षस विशेष जिसको भीमसेन ने मारा था. Name of a Rakshasa slained by Bhima. वेणी० ११७; (३) वंश विशेष. A lineage or family. रंभा०

कियंत. त्रि० (कियत्) कियत्; कितना. How much; How great ; How far. सम्मत्त० २२८;

कियाणग. न० (क्रयाणक) किराना; करियाना; वेचने योग्य चीज़. A thing for sale. सुर० १, ६०;

किर. अ० (किल) इन अर्थों का सूचक अव्यय. A particle expressing. (१) संभावना. Probability; Hope. (२) हेतु; निश्चित कारण. Cause; Reason (३) वार्ता प्रसिद्ध अर्थ. Proverbial meaning. (४) अरुचि. Disgust; Dislike. (५) अलीक; असत्य. Untruth or falsehood. (६) संशय; संदेह. Doubt or Suspicion. हे० २, १८६; षड्० गा० १२६; प्रासू० १७; दस० १; (७) पाद पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है. Used also as an Expletive. क० गं० ४, ७६;

किरणिल्ल. त्रि० (किरणवत्) किरणवाला; तेजस्वी. Brilliant; Radiant. सुर० २, २४२;

किराय. पुं० (किरात) भील. Name of a degraded mountain tribe who live by hunting; A mountaineer; A Bhil. सु० च० ३६१; सुर० २, २७; १८०; हे० १, १८३;

किरि. पुं० (किरि) (१) भालु की आवाज. Growling. पउम० ६४, ४५; (२) सूकर; सूअर. A Hog or boar. गउड०

किरिया. स्त्री० (क्रिया) शास्त्रोक्त अनुष्ठान; धर्मानुष्ठान. A religious rite or ceremony. प्रव० १४६;

किरीडि. पुं० (किरीटिन्) अर्जुन. Name of Arjuna. वेणी० १६२;

किरीत. त्रि० (क्रीत) किता हुआ; खरीदा हुआ. Purchased. प्राप्र०

किरीय. पुं० (किरीय) (१) एक म्लेच्छ देश. A non-Aryan country. (२) उसमें उत्पन्न म्लेच्छ जाति. A Mlechehha tribe born in this country. राज०

किरोलय. न० (किरोलक) फल विशेष; किरोलिका वल्ली का फल. One kind of fruit. उर० ६, ५;

किलंज. न० (किलञ्ज) तृण-विशेष. One kind of grass. धर्मवि० १३५;१३६;

किलकिलाइय. न० (किलकिलायित) 'किलकिल' ध्वनि; हर्ष ध्वनि. A sound or cry expressing joy or pleasure. आवम०

किलाचक्क. न० (क्रीडाचक्र) इस नाम का एक छंद; वृत्त. Name of a metre. पिंग०

किलाड. पुं० (किलाट) दूध का विकार विशेष; मलाई. Milk-cream. दे० २, २२;

किलिकिलि. न० (किलिकिलि) इस नाम का एक विद्याधर का नगर. A town or city of Vidyadhar. इक०

किलिगिलिय. न० (किलिकिलित) 'किलकिल' आवाज करना; हर्ष-द्योतक ध्वनि-विशेष. A sound or cry expressing joy or pleasure. स० ३७०; ३८५;

किलित्त. त्रि० (क्लृप्त) कल्पित; रचित. Prepared; Done. प्राप्र० षड्० हे० १, १४५;

किलित्ति. स्त्री० (क्लृप्ति) रचना; कल्पना. Arranging. पि० ५६;

किलिसिअ. त्रि० (क्लेशित) आयासित; क्लेश प्राप्त. Distressed or grieved. स० १४६;

किलिस्सिअ. त्रि० (क्लिष्ट) क्लेश-प्राप्त; क्लेश-युक्त. Distressed or troubled. उप० पृ० ११६;

किलेस. पुं० (क्लेश) (१) खेद; थकावट. Fatigue; Weariness. (२) दुःख का कारण. The cause or root of unhappiness. (३) शुभाशुभ कर्म. Karna. बृह० १;

किलेसिय. त्रि० (क्लेशित) दुःखी किया हुआ. Troubled; Pained. सुर० ४, १६७; १६६;

किवण. कंजूस; अदाता. A miser. दे० २, ३१;

किवा. स्त्री० (कृपा) दया; मेहरबानी. Mercy; Favour, Compassion. —**वन्न.** त्रि० (पत्न) कृपा-प्राप्त; दयालु. Kind; Merciful. पउम० ६५, ४७;

किवालु. त्रि० (कृपालु) दयालु; दया करने वाला. Kind, Compassionate. पउम० ३४, ५०; ६७, २०;

किवीडजोणि. पुं० (कृपीटयोनि) अग्नि. Fire. सम्मत्त० २२६;

किसंग. त्रि० (कृशाङ्ग) दुर्बल शरीर वाला. Lean; Thin. गा० ६५७;

किसर. पुं० (कृशर) (१) पक्वान्न-विशेष; तिल, चावल और दूध की बनी हुई एक खाद्य चीज. A kind of sweatmeat. (२) खिचड़ी; चावल और दाल का मिश्रित भोजन विशेष. Hotchpotch. हे० १, १२८;

किसरा. स्त्री० (कृशरा) खिचड़ी. Hotchpotch. हे० १, १२८.

किसलइय. त्रि० (किसलयित) अंकुरित; नये अंकुर वाला. Having a younger and tender shoot or foliage. सुर०३,३६;

किसाणु. पुं० (कृशानु) (१) अग्नि; आग. Fire. (२) वृक्ष-विशेष; चित्रक वृक्ष. Name of a tree. (३) तीन की संख्या. The number three. हे० १,१२८; षड्०

किसिअ. त्रि० (कृशित) दुर्बलता-प्राप्त; कृशता युक्त. Weak; Lean; गा०४०; वज्जा०४०;

किसिअ. त्रि० (कृषित) (१) विलिखित; रेखा किया हुआ. Furrowed. (२) जोता हुआ; कृष्ट. Cultivated. (३) खींचा हुआ. Drawn. हे० १, १२८;

किसीवल. पुं० (कृषीवल) कर्षक; किसान. A Cultivator; A ploughman; A farmer. श्रा० १६;

कीइस. त्रि० (कीदृश) कैसा; किस तरह का. Of what kind or sort ? Of what nature ? स० १४०;

कीकस. पुं० (कीकश) (१) कृमि-जन्तु विशेष. One kind of insect. (२) न० हड्डी; हाड़. A bone. (३) त्रि० कठिन; कठोर. Hard; Firm. राज०

कीडइल्ल. त्रि० (कीटवत्) कीडा वाला; कीटक युक्त. Rotten. गउड०

कीडण. न० (क्रीडन) खेल; क्रीड़ा. Play or game. सुर० १, ११८;

कीडिया. स्त्री० (कीटिका) पिपीलिका; चींटी. An ant. सुर० १०, १७६;

कीडी. स्त्री० (कीटि) पिपीलिका; चींटी. An ant. उप० १४७ टी; दे० २, ३;

कीणासगिह. न० (कीनाशगृह) मृत्यु; मौत. Death. उप० १३६ टी;

कीर. पुं० (कीर) (१) देश विशेष; काश्मीर देश. The country of Kashmir. (२) त्रि० काश्मीर देश संबंधी. Pertaining to Kashmir. (३) काश्मीर देश में उत्पन्न. Born or produced in Kashmir. विशे० ४६४ टी;

कीरल. पुं० (कीरल) देश-विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६४;

कीरी. स्त्री० (कीरी) लिपि विशेष; कीर देश की लिपि. The written characters, letters or alphabet of the Kira country. विशे० ४६४ टी;

कीलणअ. न०(क्रीडनक) खिलौना. A Toy. अभि० २४२;

कीलाल. न० (कीलाल) रुधिर; खून; रक्त. Blood. उप० ८६; पाअ०

कीलालिअ. त्रि० (कीलालित) रुधिर-युक्त; खून वाला. Bloody. गउड०

कीलिआ. स्त्री० (कीलिका) छोटा खूँटा; खूंटी. A small peg. क० गं० १, ३६;

कीव पुं० (क्लीव) नपुंसक. An impotent man. बृह० ४;

कीस. अ० (कस्मात्) क्यों; किस से; किस कारण से. Why for ? उव० हे०३, ६८;

कु. अ० (कु) (१) अल्प; थोड़ा. A little. (२) निषिद्ध; निवारित. Forbidden; Prohibited. हे० २, २१७; से० १, २६; सम्म०१;(२) स्त्री०पृथ्वी; भूमि. The earth. सम्म०१ टी; से०१, २६;—**त्तिअ.** न० (त्रिक) (१) तीनों जगत्; स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक. The three worlds—Heaven, the earth and the lower (Hell) world. (२) तीनों जगत में स्थित पदार्थ. —**त्तिअ.** त्रि० (त्रिज) तीनों जगत् में उत्पन्न वस्तु. A produce of three world. आवम० —**त्तिआवण.** पुं० न० (त्रिकापण) तीनों जगत के पदार्थ जहां मिल सके ऐसी दुकान. A shop where worldly-purchases can be made. —**वलय.** न० (वलय)

पृथ्वी-मण्डल. The circuit of the earth. आ० २७;

कुइअ. त्रि० (कुचित) सकुचा हुआ. Contracted. प्रव० ६२;

कुइय. त्रि०(कुपित) क्रुद्ध; कोप-युक्त. Angry; Wrathful. भवि०

कुउअ. पुं० न० (कुतुप) स्नेह-पात्र; घी, तैल वगैरः भरने का चमड़े का पात्र-विशेष. A small leathern bottle for Ghee, oil etc. पाअ०

कुऊहल. न० (कुतूहल) (१) अपूर्व वस्तु देखने की लालसा-उत्सुकता. Curiosity of seeing an extraordinary thing. (२) कौतुक; परिहास. Joking; Jesting. हे० १, ११७; कुमा०

कुओइ. अ० (कुतश्चित्) कहीं से; किसी से. स० १८५;

कुओवि. अ० (कुतोपि) कहीं से भी. काल०

कुंआरी. स्त्री०(कुमारी) वनस्पति विशेष; कुवार-पाठा; घीकुवार. One kind of medical plant. आ० २०; जी० १०;

कुंग. पुं० (कुङ्ग) देश विशेष. Name of a country. भवि०

कुंच. पुं० (क्रौञ्च) इस नाम का एक असुर. Name of a demon. पाअ० —**अरि.** पुं० (अरि) कार्तिकेय; स्कन्द. An epithet of Kartikeya. पाअ०

कुंचरवा. स्त्री० (क्रौञ्चरवा) दण्डकारण्य की इस नाम की एक नदी. Name of the river of the Dandakaranya. पउम० ४२, १५;

कुंचवीरग. न० (क्रौञ्चवीरक) एक प्रकार का जहाज. A kind of ship. निसी०चू० १६;

कुंचि. त्रि० (कुञ्चिन्) (१) कुटिल; वक्र. Crooked or Curved. (२) मायावी; कपटी. Deceitful. वव० १;

कुंचिय. त्रि० (कुञ्चित) (१) संकुचित. Contracted. सुपा० ५८; (२) कुटिल; वक्र. Crooked or curved. वव० १;

कुंचिया. स्त्री० (कुञ्चिका) रूई से भरा हुआ पहनने का एक प्रकार का कपड़ा. One kind of garment. जीत०

कुंजरपुर. न०(कुञ्जरपुर) नगर विशेष; हस्तिनापुर. Hastinapur. (city name). पउम० ६५, ३४;

कुंजरावत्त. न० (कुञ्जरावर्त) नगर विशेष. Name of a city. सुर० ३, ८८;

कुंठ. त्रि० (कुण्ठ) (१) मूर्ख; बुद्धि रहित. Foolish; Blunt. (२) मंद; अलस. Indolent; Lazy. आ० १६;

कुंड. न० (कुण्ड) (१) इस नाम का एक सरोवर. Name of a lake. ती० ३४; (२) आज्ञा; आदेश. A command; An order. कप्प०

कुंडग्गाम. पुं० (कुण्डग्राम) मगध देश का एक गांव. Name of a village of the Magadha country. कप्प०

कुंडधारि. त्रि० (कुण्डधारिन्) आज्ञाकारी. Obedient. कप्प०

कुंडपुर. न० (कुण्डपुर) ग्राम विशेष. Name of a village. कप्प०

कुंडल. पुं० न०(कुण्डल) (१) एक देव-विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १४५; (२) तप-विशेष. A kind of religious austerity. संबोध० ५७; (३) पुं० विदर्भ देश के एक राजा का नाम Name of a king of Vidarbh (Town or country). पउम० ३०, ७७;

कुंडलि. त्रि०(कुण्डलिन्) कुण्डल वाला. Decorated with ear-rings. भास० ३३;

कुंडलिअ. त्रि० (कुण्डलित) वर्त्तुल; गोल आकार वाला. Globular-Circular.

सुपा० ६२; कप्पू०

कुंडलिआ. स्त्री० (कुण्डलिका) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

कुंडाग. पुं० (कुण्डाक) संनिवेश विशेष; ग्राम विशेष. Name of a village. आवम०

कुंडिण. न०(कुण्डिन्) विदर्भ देश का एक नगर. Name of a city of the Vidarbh country. कुप्र० ४८;

कुंडी स्त्री० (कुण्डी) (१) कुण्डा; पात्र-विशेष. A bowl-shaped vessel. सुपा० २६६; (२) कमण्डल; संन्यासी का जल-पात्र. A water-pot used by ascetics. महा०

कुंत. पुं० (कुन्त) राम के एक सुभट का नाम. The name of Ram's warrior or hero पउम० ५६, ३८;

कुंतल. पुं०(कुन्तल) (१) देश विशेष. Name of a country. सु० च० ६१; (२) केश; बाल. Hair. सुर० १, १; सुपा०६१;२००;

कुंतला. स्त्री०(कुन्तला) इस नाम की एक रानी. Name of a queen. दंस०

कुंतली. स्त्री० (कुन्तली) कुन्तल देश की रहने वाली स्त्री. A woman of Kuntal country. कप्पू०

कुंताकुंति. न० (कुन्ताकुन्ति) बर्छे की लड़ाई Battle of spears. सिरि० १०३२;

कुंथु. पुं० (कुन्थु) हरिवंश का एक राजा. A Raja of Hari Bansh. पउम०२२,६८;

कुंद. न० (कुन्द) (१) विद्याधरों का एक नगर. A country of Vidyadhars. इक० (२) पुं० न० छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

कुंदा. स्त्री० (कुन्दा) एक इन्द्राणी; मानिभद्र इंद्र की पटरानी. Rani of Inder Mani Bhadra (Raja of gods) इक०

कुंपय. पुं० न० (कूपक) तैल वगैरः रखने का पात्र विशेष. A large leathern vessel for holding oil. रयण० ३१;

कुंपल. पुं० न० (कुड्मल) (१) इस नाम का एक नरक. Name of a Hell. (२)मुकुल; कलि; कलिका. A new bud. हे० १, २६; कुमा० षड०

कुंभ. पुं० (कुम्भ) (१) कुम्भकर्ण का एक पुत्र. A son of Kumbhkaran. से० २२, ६५; (२) एक विद्याधर का सुभट का नाम. Name of a warrior of a Vidya Dhar (Demon). पउम० १०,१३; (३) हाथी का गंड-स्थल. Part of head of an elephant. कुमा० (४) एक राशि. A zodiac. विचार० १०६; (५) एक वाद्य. A kind of organ (musical instrument). (६) ललाट; भाल प्रदेश. Forehead. प्रव० २;

कुंभअण्ण. पुं० (कुम्भकर्ण) रावण के छोटे भाई का नाम. Name of a younger Brother of Ravna. से० १५,११;

कुंभंड. न० (कूष्माण्ड) फल-विशेष; कोहला. A pumpkin gourd. कप्पू०

कुंभसेण. पुं० (कुम्भसेन) उत्सर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर के प्रथम शिष्य का नाम. Name of a the 1st deciple of 1st Jain Tirnthankar of that time. तित्थ०

कुंभि. पुं० (कुम्भिन्) हस्ती; हाथी. Elephant. सण०

कुंभी. स्त्री० (कूष्माण्डी) कोहले का गाछ. Creeper of pumpkin gourd. गउड०

कुंभील. पुं० (कुम्भील) जलचर प्राणि विशेष; नक्र; मगर. Crocodile. चारु० ६४;

कुंभुब्भव. पुं० (कुम्भोद्भव) ऋषि- विशेष; अगस्त्य ऋषि. Name of a saint (a sage) (Agasta) कप्पू०

कुकुहाइय. न० (कुकुहायित) चलते समय का

शब्द विशेष. Sound of moving. तंदु०

कुक्कुअ. त्रि० (कुत्कुच) भांड की तरह शरीर के अवयवों की कुचेष्टा करने वाला. An actor like a Jester. प्रव० ६;

कुक्कुआ. स्त्री० (कुच्कुचा) अवस्यन्दन; त्तरण. To drop, To rain. बृह०६;

कुक्कुड. पुं० (कुक्कुट) (१) वनस्पति विशेष. Name of a forest leaf. (२) विद्या द्वारा किया जाता हस्त प्रयोग विशेष. Hypocrisy, Interested observance of religious duties. वव० १;

कुक्कुह. पुं० (कुक्कुभ) पत्ति-विशेष. Name of of a Bird. गउड०

कुग्गाह. पुं० (कुग्राह) (१) जल जन्तु विशेष. An animal or reptile of water. "कुग्गाहगाहाइय" सु०च०६२६; (२) कदाग्रह; हठ. Perversity. उप० ८३३ टी;

कुच. पुं० (कुच) स्तन; थन. Breast. कुमा०

कुचोज्ज. न०(कुचोद्य) कुतर्क. Bad reason; fallacy. धर्मसं० १३७५;

कुच्च. न०(कूर्च) दाढी-मूँछ. Beard, Moustache. पाअ० अभि० २१२;

कुच्चिय. त्रि० (कूर्चिक) दाढ़ी-मूंछ वाला. One who has beard and moustache. बृह० १;

कुच्छ. पुं०(कुत्स) (१) ऋषि विशेष. Name of a saint. (२) गोत्र विशेष. A lineage. "कुच्छसगुत्तस्स" कप्प०

कुच्छिभरि. त्रि० (कुत्तिम्भरि) एक लपेटा; स्वार्थी. Selfish, Voracious. रंभा०

कुच्छिपूर. पुं०(कुत्तिपूर) उदर पूर्ति. Filling or pampring the belly. वव०४;

कुच्छिमई. स्त्री० (कुत्तिमती) गर्भिणी; आपन्नसत्वा. Pregnant. षड्०

कुच्छेअय. पुं० (कौत्तेयक) तलवार; खड्ग. Sword. षड्०

कुज्ज. पुं० न० (कुब्ज) पुष्प-विशेष. Name of a flower. षड्०

कुट्टणी. स्त्री० (कुट्टनी) (१) मूसल; जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं. A pestle. बृह० १; (२) कूटनी; दूती. A female messenger, A procuress. रंभा०

कुट्टिणी. स्त्री० (कुट्टिनी) कूटनी ; दूती. A female messenger, A procuress. कप्पू० रंभा०

कुट्ठ. पुं० (कोष्ट) उदर. पेट. Belly. पडि०

कुट्ठ. न० (क्रुष्ट) (१) शाप; अभिशाप शब्द. Curse. (२) त्रि० शपित; अभिशप्त. A man who was cursed. सु०च०२५०;

कुट्ठा. स्त्री० (कुष्टा) इमली; चिन्चा. The tamarind tree or fruit. बृह०१;

कुड. पुं० (कुट) (१) घड़ा; कलश. A pot. विशे० १४५६; (२) वृत्त; पेड़. A tree. सु० च० ५१२;

कुडंग. पुं० न० (कुटङ्क) (१) कुञ्ज; निकुञ्ज; लता वगैरः से ढका हुआ स्थान. A place covered by leaves or by creeper. गा० ६८०; हेका० १०५; (२) गह्वर; कोटर. A cave. राज०

कुडंगा. स्त्री०(कुटङ्का) लता-विशेष. Creepers. पउम० ५३, ७६;

कुडंगी. स्त्री० (कुटङ्की) बाँस की जाली. A net of bamboos. महा० सुर०१२,२००; उप० पृ० २८१;

कुडिलविडल. न० (कुटिलविटल) हस्तिशित्ता. Training of Elephant. राज०

कुडिल्लअ. त्रि० (कुटिलक) कुटिल; टेढ़ा; वक्र. Bent. भवि०

कुड्डुलेवणी. स्त्री० (कुड्यलेपनी) सुधा; खडी; खटिका. Plastering of a wall. दे०२,४२;

कुढार. पुं० (कुठार) कुल्हाड़ा; फरसा. An Axe. हे० १; १६६; षड्०

कुणव. न० (कुणप) (१) मृत-शरीर; मुरदा. Dead body. पाश्र० गउड० (२) त्रि० दुर्गन्धी. Bad smell. हे० १, २३१;

कुतित्थ. न० (कुतीर्थ) जलाशय में उतरने का खराब मार्ग. A bad path for a pond of water. प्रासू० ६०;

कुत्थण. न० (कोथन) सड़ना; सड़ जाना. To decay. वव० ४;

कुत्थुह. पुं० न० (कौस्तुभ) मणि-विशेष, जो विष्णु की छाती पर रहती है. A precious stone which is born by Vishnu on his breast. हेका० २५७;

कुद्दव. पुं०(कोद्रव) धान्य विशेष; कोदा; कोदव. A kind of Corn. सम्य० १२;

कुप्पर. पुं० (कर्पर) (१) खप्पर; कपाल. The skull. (२) भींत की परत; भींत का जीर्ण शीर्ण थर. Decayed wall. गउड०

कुप्पास. पुं०(कूर्पास) कञ्चुक; कांचली; जनानी कुरती. A kind of shirt of a female. हे० १, ७२; कप्पू० पाश्र०

कुप्पिय. त्रि० (कुपित) (१) कुपित; क्रुद्ध. Angry. (२) न० क्रोध; गुस्सा. Anger. श्राया० चू० ३,

कुबेर. पुं०(कुबेर) (१) कुबेर; यक्ष-राज; धनेश. Name of a wealthy god. पाश्र० गउड० (२) काञ्चनपुर के एक राजा का नाम. Name of a Raja of Kanchanpur. पउम० ७, ४५; (३) भगवान कुंथुनाथ के प्रथम श्रावक का नाम. Name of first Jaini of Jain Tirthankar Kunthunath. विचार० ३७८; (४) एक जैन मुनि. Name of a Jain Saint. कप्प० —**दिसा.** स्त्री० (दिश्) उत्तर दिशा. North side. सुर० २, ८५; —**नयरी.** स्त्री० (नगरी) कुबेर की राजधानी; अलका. Capital of Raja Kuber, Alkapuri. पाश्र०

कुबेरा. स्त्री० (कुबेरा) जैन साधु गण की एक शाखा. Party of a Jainsadhus. कप्प०

कुमार. पुं० (कुमार) (१) भगवान् वासुपूज्य का शासनाधिष्ठाता देव. Name of a god of the time of Jain Tirthankar Basupuja. संति० ७; (२) कार्तिकेय; स्कन्द. Son of Shiva (a god) पाश्र० (३) शुक-पक्षी. Parrot. (४) घुड़सवार. Rider of horse. (५) सिन्धु; नद. Name of a river. (६) वरुण वृक्ष. Name of a tree. हे० १, ६७;

कुमारणंदि. पु० (कुमारनन्दिन्) इस नाम का एक सोनार. Name of a goldsmith. श्राव०

कुमारधम्म. पुं० (कुमारधर्म) एक जैन साधु. A Jain faqir (Muni) mendicant. कप्प०

कुमारा. स्त्री० (कुमारा) इस नाम का एक संनिवेश. Name of a place. "कुमाराए संनिवेशे गओ' श्रावम०

कुमारिय. पुं० (कुमारिक) शौनिक; कसाई. Butcher, बृह० १;

कुमारी. स्त्री० (कुमारी) (१) नदी विशेष. Name of a river. (२) जंबूद्वीप का एक भाग. The central part of the universe according to Hindu geography. (३) वनस्पति विशेष; अपराजिता. A plant. (४) सीता. Name of wife of Rama. (५) बड़ी इलायची. Cardamon. (६) वन्ध्या ककड़ी की लता. A kind of a creeper. (७) पक्षि विशेष. Name of a bird. हे० ३, ३२;

कुमुअ. पुं० (कुमुद) (१) इस नाम का एक वानर. Name of a monkey. से० १, ३४; (२) संख्या विशेष, कुमुदाङ्ग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह. A calculation (Kumadang into 84 lacs) जो० २; (३) त्रि० पृथ्वी में आनन्द पाने वाला. One who enjoys happiness in the world. (४) खराब प्रीति वाला. Evil thinking man. से०१,२६;

कुमुअंग. न० (कुमुदाङ्ग) संख्या विशेष; महाकमल को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह. A calculation (mahakalam into 84 lacs). जो० २;

कुमुदणी. स्त्री० (कुमुदिनी) (१) चन्द्र विकासी कमल का पेड़. Name of a lotus tree. कुमा० रंभा० (२), इस नाम की एक रानी. उप० १०३१ टी;

कुम्मी. स्त्री० (कूर्मी) (१) स्त्री कछुआ; कच्छपी. A tortoise (she) (२) नारद की माता का नाम. Mother of saint Narad. पउम० ११,५२;

कुम्ह. पुं० ब० (कुश्मन्) देश विशेष. Name of a country. हे० २, ७४;

कुय. न० (कुच) (१) स्तन; थन. Breast. (२) त्रि० शिथिल. Loose. वव० ७; (३) अस्थिर. Not fixed. निसी० चू० १;

कुरंगच्छी. स्त्री० (कुरङ्गाक्षी) हरिण के नेत्र जैसे नेत्र वाली स्त्री; मृग-नयनी स्त्री. A woman of deer eyes. वाअ० २०;

कुरंटय. पुं० (कुरण्टक) वृक्ष विशेष; पियवांसा. Name of a tree. उप० १०३१; टी;

कुरय, न० (कुरक) पुष्प-विशेष. Flower. वज्जा० १०६;

कुररी. स्त्री० (कुररी) (१) छंद का एक भेद. A stanza. पिंग० (२) मेषी; मेढ़ी. Goat (she). रंभा०

कुरल. पुं० (कुरल) केश; बाल. Hair. सुपा० २४; पाअ०

कुरवय. पुं० (कुरबक) वृक्ष विशेष, कटसरैया, Name of a tree. गा० ६; मा० ४०, विक्र० २९; स० ४१४; कुमा०

कुरु. पुं० (कुरु) (१) भगवान आदिनाथ का इस नाम का एक पुत्र. Name of a son of Jain Tirthankar Adinath. ती०१६; इस नाम का एक वंश. Name of a family. भवि०—**खेत्त.** न० (क्षेत्र) (१) दिल्ली के पास का एक मैदान. A ground near Delhi. (२) कुरु देश की राजधानी; हस्तिनापुर. Name of a capital of Kuru region Hastinapur. भवि० ती० १६;

कुरुचंद. पुं० (कुरुचन्द्र) इस नाम का एक राजा. Name of a king. आवम०

कुरुदत्त, पुं० (कुरुदत्त) (१) इस नाम का एक श्रेष्ठी. Name of a richman. (२) इस नाम का एक जैन महर्षि. Name of a Jain saint. संत्था०

कुरुविंद. पुं० (कुरुविन्द) (२) कुटिलिक नामक रोग; एक प्रकारका जंघा रोग. A kind of disease. (२) मणि विशेष; रत्न की एक जाति. A ruby. गउड०

कुरुविंदा. स्त्री० (कुरुविन्दा) इस नाम की एक बाणिग्-भार्या, Name of a woman of Vaish dynasty. पउम० ५५, ३८;

कुल. पुं० न० (कुल) (१) एक आचार्य की संतति. Dynasty, Family. कप्प० (२) सान्निध्य; सामीप्य. The front or fore part. —**आयार.** पुं० (आचार) कुलाचार; वंश परम्परा से चला आता रिवाज. The proper duty or practice of a caste of a family. वव० १; —**जुअ.** त्रि० (युत) कुलीन. Well born, of a good family. प्रव० ६४; —**तंतु.** पुं० (तन्तु) कुल संतान; कुल संतति. Good progeny, good family. वव० ६;—**महत्तरिया.** स्त्री० (महत्तरिका) कुल में प्रधान स्त्री०; कुटुम्ब में मुखिया. Head woman of family. सु० च० ७६; आव०

कुलंकर. पुं० (कुलङ्कर) इस नाम का एक राजा. Name of a Raja. पउम० ८२, २६;

कुलग्घ. पुं० (कुलार्घ) एक अनार्य देश. Name of a country where there are no aryans. प्रव० २७४;

कुलडा. स्त्री० (कुलटा) व्यभिचारिणी स्त्री; पुंश्चली. An unchaste woman. सुपा० ३८४;

कुलय. न० (कुलक) तीन या चार से ज्यादः परस्पर सापेक्ष पद्य. The connection of several stanzas. सम्मत्त० ७६;

कुलाअल. पुं० (कुलाचल) कुल-पर्वत. Name of a mountain. त्रि० ८२;

कुलाय. न० (कुलाय) पक्षी का घर; नीड़. Nest of a bird. पाअ०

कुलिक-य. पुं० (कुलिक) ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक कुयोग. Bad time in astrology. गण० १८;

कुलिया. स्त्री० (कुलिका) भीत. Wall. बृह० २;

कुलिर. पुं० (कुलिर) मेष वगैरः बारह राशि में चतुर्थ राशि. Name of 4th Zodiac. पउम० १७, १०८;

कुलिस. पुं० न० (कुलिश) वज्र; इन्द्र का मुख्य आयुध. A weapon of Raja Indra. पाअ० उप० ३२० टी;

कुलिसनिणाय. पुं० (कुलिशनिनाद) रावण का इस नाम का एक सुभट. A warrior of Raja Rawan. पउम० ५६, २६;

कुलिसमज्झ. न० (कुलिशमध्य) एक प्रकार की तपश्चर्या. A kind of devotion. पउम० २२, २४;

कुलीण. त्रि० (कुलीन) उत्तम कुल में उत्पन्न. Born in a good family. प्रासू० ७१;

कुलीर. पुं० (कुलीर) जंतु-विशेष. Name of an insect. पाअ०

कुल्लउर. न० (कुल्यपुर) नगर विशेष. Name of a city. संत्था०

कुल्ला. स्त्री० (कुल्या) (१) जल की नीक; सारिणी. Drain. कुमा० हे० २, ७६; (२) नदी; कृत्रिम नदी. Canal कप्पू०

कुल्लाग. पुं० (कुल्याक) संनिवेश विशेष; मगध देश का एक गांव. A village of Magdh country. कप्प०

कुस. पुं० (कुश) राम के एक पुत्र का नाम. Name of a son of Raja Ram chandra ji. पउम० १००, २;

कुसट्ट. पुं० (कुशावर्त्त) आर्य देश विशेष. Name of an arya country. सत्त० ६७ टी;

कुसत्थ. पुं० न० (कुशास्त्र) कुत्सित शास्त्र; अनाप्त प्रणीत सिद्धान्त. A bad religious book. "सव्वे कुसत्था" निसी० चू० ११;

कुसल. न० (कुशल) (१) सुख; हित. Comfort; Love. (२) पुण्य. Alms, charity. पंचा० ६;

कुसला. त्रि० (कुशला) नगरी विशेष; विनीता; अयोध्या. Name of a city (Ayudhia) आवस०

कुसी. स्त्री० (कुशी) लोहे का बना हुआ हथियार. A steel weapon. दे० ८; ५;

कुसोलव. पुं० (कुशीलव) अभिनय-कर्ता-नट. A tumbler one who exhibits feats of activity. कप्पू०

कुसुंभ. न० (कुसुम्भ) रंग विशेष. Name of colour. आ० १२;

कुसुंभिअ. त्रि० (कुसुम्भित) कुसुंभ रंग वाला. Colour that of kusumbha or safflower. आ० १२;

कुसुंभी. स्त्री० (कुसुम्भी) वृक्ष विशेष; कसूम का पेड़. Saffron plant. पाअ०

कुसुमदंत. पुं० (कुसुमदन्त) एक तीर्थंकर देव का नाम; श्री सुविधिनाथ. Name of a Jain Tirthankar Shree Subidhinath. पउम० १, ३;

कुसुमलया. स्त्री० (कुसुमलता) छन्द विशेष. Stanza. अजि० १५;

कुसुमाअर. पुं० (कुसुमाकर) इस नाम का एक छंद. Stanza of this name. पिंग०

कुसुमाल. त्रि० (कुसुमवत्) फूल वाला. Flowery. स० ६६७;

कुसुमावई. स्त्री० (कुसुमावती) इस नाम की एक नगरी. Village or town of this name. पउम० ५, २६;

कुसुमिल्ल. त्रि० (कुसुमवत्) पुष्पित; पुष्प-युक्त. Flowery. सुपा० २२३;

कुसूल. पुं० (कुशूल) कोष्ठ; धान्य रखने के लिए मिट्टी का वना हुआ एक प्रकार का पात्र. An earthen pot for keeping rice in husk. पाअ०

कुस्सुमिण. पुं० (कुस्वप्न) दुष्ट स्वप्न. Worst dream; Incubus. संबोध० ४२;

कुहय. पुं० न० (कुहक) वायु विशेष; दौड़ते हुए अश्व-उदर-प्रदेश के समीप उत्पन्न होता एक प्रकार का वायु. A kind of air, coming out of the belly of runing horse. गच्छ० २;

कुहर. पुं० ब० (कुहर) एक देश. A country of this name. पउम० ६८, ६७;

कुहाडी. स्त्री०(कुठारी) कुल्हाड़ी; कुठार. Axe, Hatchet. उप० ६६३;

कुहावणा. स्त्री० (कुहना) (१) आश्चर्य-जनक दंभक्रिया; दम्भ चर्या. Hypocrisy, assumed and false sanctity. (२) लोगों से द्रव्य हासिल करने के लिए किया हुआ कपट-भेष. A kind of deceit to collect money from public. जीत०

कुहिल. पुं० स्त्री० (कुहुमत्) कोयल पक्षी. Cuckoo. पिंग०

कुहु. स्त्री० (कुहु) कोकिल पक्षी की आवाज. Voice of a cuckoo. पिंग०

कहेडगा. स्त्री०(कुहेटका) कन्द विशेष; पिण्डालु. A kind of vegetable. प्रव० ४;

कुइआ. स्त्री०(कूपिका) कूई; छोटा कूप. Small well. चंड०

कूचिआ. स्त्री० (कूर्चिका) दाढ़ी मूँछ का बाल, Beard; moustache. संबोध० ३१;

कूड. न० (कूट) लगातार २७ दिन का उपवास. Fast of 27 days continuous. संबोध० ५८; —**कारि.** त्रि० (कारिन्) धोखेबाज; दगाखोर. Hypocrite Deceitful. सु० च० ६२७; —**प्पओग.** पुं० (प्रयोग) प्रच्छन्न पाप. Hidden sin. आव० ४;

कूडवाहि. पुं० (कूटवाहिन्) वलीवर्द; बैल. Oxen, ox. आव० ५;

कूणिअ. त्रि० (कूणित) संकोच प्राप्त; संकोचित. Closed. गउड०

कूणिय. त्रि० (कूणित) सड़ा हुआ. Decayed. कुम० १६०;

कूय. पुं० (कूप) कूप; कुआं. Well. गउड० —**दद्दर.** पुं० (दर्दुर) (१) कूप का मेढ़क. Frog of a well. (२) वह मनुष्य जो अपना घर छोड़ बाहर न गया हो; अल्पज्ञ. A man who never went out of his house. उप० ६४८ टी;

कूर. पुं० (क्रूर) रावण का इस नाम का एक सुभट. A warrior of Ravan's name. पउम० ५६, २६;

कूलंकसा. स्त्री० (कूलङ्कषा) तीर को तोड़ने वाली नदी. River, stream, overflowing river. वेणी० १२०;

कूलवालग. पुं० (कूलबालक) एक जैन मुनि. A Jain Saint. आव०

कूव. पुं० (कूप) स्नेह पात्र; कुतुप. Worthy of love. वज्जा० ७२, उप० पृ० ४१२;

—मंडुक. पुं० (मण्डुक) (१) कूप का मेढ़क. Frog of a well. (२) अल्पज्ञ मनुष्य. Applied to a person of no enterprise. निसी० चू० १;

कूवर. पुं० न० (कूर्पर) रथ या गाड़ी वगैरः का एक अवयव; युगन्धर. A part of country cart (Rath) से० १२, ८४;

कूविय. पुं० (कूपिक) इस नाम का एक संनिवेश-गाँव. A village of this name. आवम०

कूविय. न० (कूजित) अव्यक्त शब्द. Coo. सुपा० ५०८;

कूविया. स्त्री० (कूपिका) (१) छोटा कूप. Small well. उप० ७२८ टी; (२) छोटा स्नेह पात्र. Worthy of love. राज०

कूवी. स्त्री० (कूपी) देखो "कुविया" शब्द. See "Kuvia" word. उप० ७२८ टी;

केअग–य. पुं० (केतक) (१) वृक्ष विशेष; केतकी. A fragrant plant (Keora). गउड० (२) न० केतकी पुष्प; केवड़ा का फूल. Flower of a fragrant plant keora. गउड०

केअव. न० (कैतव) कपट; दम्भ. Deciet, cheat. हे० १, १; गा० १२४;

केआर. पुं० (केदार) क्षेत्र; खेत. Field. सुर० २, ७८;

केआरिआ. स्त्री० (केदारिका) घास वाली जमीन; गोचर भूमि. Meadow-Grassy plot of land for grazing cattle. कप्पू०

केउ. पुं० (केतु) (१) ध्वज; पताका. Flag. सुपा० २२६; (२) तुला-सूत्र; रूई का सूत. Cotton yarn. गउड० (३) पुं० न० एक देव-विमान. Aeroplane of a Deva. देवेन्द्र० १३४;

केउखेत्त. न० (केतुक्षेत्र) मेघ वृष्टि से ही जिसमें अन्न पैदा हो सकता हो ऐसा क्षेत्र विशेष. (1) A field in which produce is obtained by rain. (2) Unirrigated land. आव० ६;

केउमाल. न० (केतुमाल) वैताढय पर्वत पर स्थित इस नाम का एक विद्याधर नगर. Name of a city on Vaitadhya mountain occupied by a Vidyadhar. इक०

केऊर. पुं०(केयूर) लवण समुद्रका एक पाताल कलश. An underground pot in west of Saltish sea. प्रव० २७२;

केऊव. पुं० (केयूप) लवण समुद्र का एक पाताल कलश. An underground pot in west of Saltish sea. इक०

केकई. स्त्री० (कैकयी) राजा दशरथ की एक रानी. Kakai-Rani of Raja Dasrath. पउम० २२, १०८; उप० पृ० ३७,

केकसिया. स्त्री० (कैकसिका) रावण की माता का नाम. Name of Ravan's mother. पउम० ७, ५४;

केक्कसी. स्त्री० (कैकसी) रावण की माता. Mother of Ravana. पउम० १०३, ११४;

केढ-केढव. पुं० (कैटभ) (१) इस नाम का एक प्रतिवासुदेव राजा. Raja Wasudev (A kind of king). पउम० ५, १५६; (२) दैत्य विशेष. Name of a demon

—रिउ. पुं० (रिपु) श्रीकृष्ण; नारायण. Lord Krishna, God. कुमा०

केत्तिअ-ल. त्रि० (कियत्) कितना ? How much. हे०२, १५७; कुमा० षड्० महा०

केय. न०(केत) चिन्ह; निशानी. Sign. प्रव०४

केरव. न० (कैरव) (१) कुमुद; सफेद कमल

White lotus. (२) कैतव; कपट. Deceit, Trick. हे० १, १५२;

केरिच्छ. त्रि० (कीदृत्त) कैसा ; किस तरह का. Like what, what kind or manner of. प्रामा०

केरी. स्त्री० (क्रकटी) वृत्त विशेष; करीर का गाच्छ. A tree of this name. उप० १०३१टी;

केवट्ट. पुं० (कैवर्त्त) धीवर; मच्छीमार. Fisherman. पाश्र०स० २५८; हे० २, ३०;

केवलं. श्र० (केवलम्) केवल; फक्त; मात्र. Only. स्वप्न० ६२; ६३; महा०

केवलिश्र. त्रि० (केवलिक) (१) केवलज्ञान वाला. Omnisciant. (२) परिपूर्ण; संपूर्ण. Complete. विशे० २६८१;

केवली. स्त्री० (केवली) ज्योतिष विद्या विशेष. Astrology. हास्य० १२६; १२६;

केसपुर. न० (केशपुर) वैताढय पर स्थित एक विद्याधर नगर. A city of Vidyadhar on Vaitadhya mountain. इक०

केसर. पुं० (कवीश्वर) उत्तम कवि; श्रेष्ठ कवि. Poet. उप० ७२८ टी;

केसर. पुं० न० (केसर) एक देव-विमान. Name of an aeroplane of a god. देवेन्द्र० १४२;

केसर. न० (केसर) (१) फल-विशेष A fruit. राज० (२) सुवर्ण; सोनुं Gold. (३) छंद विशेष. Name of a stanza. हे० १, १४६; (४) पुष्प-विशेष. The flower of the Nagkesar; Saffron गउड० ११२२;

केसरा. स्त्री० (केसरा) सिंह वगैरः के स्कन्ध पर के बालों की सटा. Hairs of the neck of a lion. प्रासू० ५१; गउड० प्रामा०

केसरिल्ल. त्रि० (केसरवत्) केसर वाला. Which holds Kesar. गउड०

केसि. पुं० (केशि) असुर-विशेष; अश्व का रूप धारण करने वाला एक दैत्य, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था. A demon, who used to change himself as horse, and was killed by Lord Krishna. मुद्रा० २६२; (२) सातवें वासुदेव की माता. Name of mother of the Seventh Basudev. पउम० २०, १८४;

कोइल. पुं० (कोकिल) छन्द का एक भेद. A prominent figure in Hindu Poetry. पिंग०

कोइला. स्त्री० (कोकिला) स्त्री-कोयल. The black or Indian cuckoo. पाश्र०

कोउण्ह. त्रि० (कदुष्ण) थोड़ा गरम. Lukewarm (Hot) धर्मवि० ११३;

कोंच. पुं० (क्रौञ्च) (१) द्वीप-विशेष. A principal division of the world surrounded by sea. ती० ४५; (२) इस नाम का एक असुर. A demon of this name. कुमा०

कोंचरिवु. पुं० (क्रौञ्चरिपु) कार्तिकेय; स्कन्द. Son of lord Shiva. कुमा०

कोंचवीरग. पुं० न० (क्रौञ्चवीरक) एक प्रकार का जहाज. A kind of ship. बृह० १;

कोंचिगा. स्त्री० (कुञ्चिका) ताली; कुञ्जी. Key. उप० १७७;

कोंड. पुं० (कौण्ड) देश-विशेष. A country of this name. इक०

कोंडिणपुर. न० (कौण्डिनपुर) नगर विशेष. A city of this name. रुक्मि० ५१;

कोक. पुं० (कोक) (१) चक्रवाक पक्षी. Pleasant. (२) भेड़िश्रा. Sheep (He). इक०

कोक्कास. पुं० (कोक्कास) इस नाम का एक बर्धकि; बढ़ई. A carpenter of this name. श्रायाचू० १;

कोटीवरिस. न० (कोटीवर्ष) लाट देश की प्राचीन राजधानी. Old capital of Lat country. विचार० ४६;

कोट्टवीर. पुं० (कोट्टवीर) इस नाम का एक मुनि;आचार्य शिवभूति का एक शिष्य. Pupil of Shivbhuti a Jain muni. विशे० २५५२;

कोट्टिम. पुं० न० (कुट्टिम) (१) झोंपड़ा; मढ़ी. Hut. (२) रत्न की खान. A jewel-mine. (३) अनार का पेड़. The pomegranate, हे० १, ११६; प्राप्र०

कोट्टिम. त्रि० (कृत्रिम) वनावटी; वनाया हुआ; अकुदरती) Artificial. पउम० ६६, ३६;

कोट्टिल-ल्ल. पुं० (कौट्टिक) मुद्गर; मुगरी; मुगरा. Wooden dumbbell, mallet. राज०

कोट्टवाणी. स्त्री० (कोट्टवाणी) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain munies. कप्प०

कोट्टार. पुं० न० (कोष्ठागार) भाण्डागार; भण्डार. A store, a Godown. पउम० २, ३;

कोट्टु. पुं०(क्रोष्टु) शृगाल;सियार. Jackal. पड्०

कोडिअ. पुं०(कोटिक) एक जैन मुनि. Name of a Jain muni. कप्प०

कोडिअ. त्रि० (कोटित) संकोचित. Closed, Laded. धर्मसं० ३८८;

कोडिण्ण-न्न. न० (कौण्डिन्य) इस नाम का एक नगर. A city of this name. उप० ६४८ टी;

कोडिवद्ध. त्रि०(कोटिबद्ध) करोड़ संख्या वाला. Ten million. वव० ३;

कोडिल्ल. (कौटिल्य) इस नाम का एक ऋषि; चाणक्य मुनि. A saint of this name. "Chanak Muni". वव० १;

कोणव. पुं० (कौणप) राक्षस; पिशाच. A demon. पाअ०

कोणायल. पुं० (कोणाचल) भगवान शान्तिनाथ के प्रथम श्रावक का नाम. Name of first follower (Saravak) of Jain Tirthanker Shantinath. विचार० ३७८;

कोत्तिअ. त्रि० (कौतुकिक) कौतुकी; कुतुहली. Vebernence, Dance. गा० ६७२;

कोध. पुं० (क्रोध) इस नाम का एक राजा, जिसने दाशरथी भरत के साथ जैन दीक्षा ली थी. A Raja of this name, who became Jain faqir (Sadhu) along with Bharat Son of Dashrath. पउम० ८५, ४;

कोबेरी. स्त्री०(कौबेरी) विद्या विशेष. A knowledge. पउम० ७, १४२ ;

कोमारी. स्त्री० (कौमारी) विद्या-विशेष. A knowledge. पउम० ७,१३७;

कोमुई. स्त्री०(कौमुदी) इस नाम की एक नगरी. Name of a city. पउम० ३६, १००;

कोरंटग. न०(कोरण्टक) इस नाम का भृगुकच्छ (भडौच) शहर का एक उपवन. A garden of Bharauch city. वव० १;

कोल. पुं० (क्रोड) उत्संग; कोला. Thigh गउड०

कोल. पुं० (कोल) (१) देश विशेष. A country of this name. पउम० ६८, ६६; (२) अस्त्र विशेष. A weapon of this name. धम्म० ५; (३) मनुष्य की एक नीच जाति. A low family of shudras. आया०चू० ४;

कोल. त्रि० (कौल) (१) शक्ति का उपासक; तान्त्रिक मत का अनुयायी. Worshipper of Shakti, A follower of the doctrine taught by the Tantra. (२) तान्त्रिकमत से संबन्ध रखने वाला. Follower of Tantras. कप्पू०

कोलगिणी. स्त्री० (कोली, कोलकी) कोल-जातीय स्त्री०. Wife of a weaver, or a woman of low race. श्राया०चू०४;

कोलालिय. पुं० (कौलालिक) मिट्टी का पात्र बेचने वाला. Potter. बृह० २;

कोलाहलिय. त्रि० (कोलाहलिक) कोलाहल वाला; शोरगुल वाला. Noisy. पउम०११७, १६;

कोलिन्न. न० (कौलिन्य) कुलीनता; खानदानी. Of a good family. धर्मवि० १४६;

कोलीकय. त्रि० (क्रोडीकृत) स्वीकृत; अंगीकृत. Embraced. गउड०

कोलीण. न० (कौलीन) (१) किंवदन्ती; लोक-वार्ता; जन-श्रुति. Rumour. मा० ३७; (२) त्रि० वंश परंपरागत ; कुल क्रम से आयात. Family decent. (३) उत्तम कुलमें उत्पन्न. High birth. (४) तान्त्रिक मत का अनुयायी. A follower of Tantrik Shakti. नाट–महावी० १३३;

कोलेय. पुं० (कौलेयक) श्वान; कुत्ता Dog. सम्मत्त० १९०; धर्मवि० ५२;

कोल्लइर. न० (कोल्लकिर) (१) नगर विशेष. A city of this name. श्राव० ३; (२) वार्धक्य; बुढ़ापन. Old age. पिंड०

कोल्लापुर. न० (कोल्लापुर) दक्षिण देश का एक नगर. A city of this name in south country. ती० ३४;

कोल्लासुर. पुं० (कोल्लासुर) इस नाम का एक दैत्य. A demon of this name. ती० ३४;

कोवण. त्रि० (कोपन) क्रोधी; क्रोध युक्त. Wrathful. सु० च० ३८५;

कोवाय. पुं० (कोर्पक) अनार्य देश-विशेष. A country of this name. प्रव०२७४;

कोवि. त्रि० (कोपिन्) क्रोधी; क्रोध युक्त. Wrathful. सु० च० २८१;

कोविश्र. त्रि० (कोपित) (१) क्रुद्ध किया हुआ. Enraged. (२) दूपित; दोष युक्त किया हुआ. Falsely accused. उव०

कोविश्रार. पुं० (कोविदार) वृत्त-विशेष. A tree of this name. विक्र० ३३;

कोविणी. स्त्री० (कोपिनी) कोप-युक्त स्त्री. Passionate or angry woman. श्रा० १२;

कोंस. पु० (कोश-ष) (१) कुड्मल. A young shoot. कुमा० (२) मुकुल; कली. A bud. गउड० (३) दिव्य भेद; तप्त लोहे का स्पर्श वगैरः शपथ. Judicial trial by ordeal or by fire, water, poison, heated bars of iron. (४) अभिधान शास्त्र; शब्दार्थ-निरूपक ग्रन्थ Dictionary. (५) पुं० न० पान-पात्र; चषक. A pot in which beetles are kept. पाअ० (६) नगर-विशेष. A city of this name. स० १३३; (७) तलवार की म्यान. A Sheath. (८) गोल; वृत्ताकार. Round. सु० च०२०; —**अहिव.** पुं० (अधिप) खजानची; भंडारी. Cashier. सु० च० ७३;

कोसपाण. न० (कोशपान) सोगन; शपथ. An oath. गा० ४४८;

कोसल. न० (कौशल) कुशलता; निपुणता; चातुरी. Happiness, Complete, Intelligence. कुमा०

कोसल. पुं० (कोसल) एक जैन महर्षि; सुकोसल मुनि. Name of a Jain Saint (Sukosal). पउम० २२, ४४;

कोसल्ल. न० (कोशल्य) निपुणता; चतुराई. Cleverness. सु० च०१९; सुर० १०, ८०; कुमा०

कोसल्लया. स्त्री० (कौशल्य) निपुणता; चतुराई. Complete, Cleverness. सुपा० ६०३;

कोसल्ला. स्त्री० (कौशल्या) राम की

माता. Name of mother of Raja Ramchander ji (Kaushalya). उप० पृ० ३७४;

कोसा. स्त्री० (कोशा) इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या, जिसके यहां जैन महर्षि श्री स्थूलभद्र मुनि ने निर्विकार भाव से चातुर्मास किया था. Name of a prostitute (Kosha) where Jain Saint Shri Sathul Bhadra passed his four rainy months in devotion controlling his passions. विवे० ३३;

कोसिरण. त्रि० (कोष्ण) थोड़ा गरम. Little hot, Moderately warm. नाट–वेणी०

कोसिय. पुं० (कौशिक) (१) उलूक; घूक; उल्लू. Owl. पाअ० सार्ध० ५६; (२) वृक्ष-विशेष. Name of a tree. (३) इन्द्र. God Indra. (४) नकुल. An ichneumon. (५) कोशाध्यक्ष; खजानची. Cashier. (७) इस नाम का एक राजा. A Raja of this name. (८) इस नाम का एक असुर. A demon of this name. (९) सर्प को पकड़ने वाला; गारुड़िक. A snake catcher. (१०) अस्थि-सार; मज्जा. Marrow, Bone. (११) शृंगार रस. Love, the passion. हे० १, १५६; (१२) तापस-विशेष. Name of a devotee. भवि० (१३) पुं० सर्प विशेष; चण्डकोशिक नामक दृष्टिविष सर्प, जिस को भगवान महावीर स्वामी ने प्रबोधित किया था. A kind of snake, who was made to understand by Bhagwan "Mahabir." (१४) न० बीसवें नक्षत्र का गोत्र. Family name of the 20th "Nakshattra"

कोसिया. स्त्री० (कोशिका) (१) भारतवर्ष की एक नदी. A river of India of this name. कस० (२) इस नाम की एक विद्याधर-राज-कन्या. Name of a daughter of a Vidyadhar. पउम० ७, ५४; (३) चमड़े का जूता. Shoe. स० २२३;

कोसुम. त्रि० (कौसुम) फूल-संबन्धी; फूल का बना हुआ. Flowery. गउड०

कोह. पुं० (कोथ) कोथली; थैला. Bag. विशे० २९८८;

कोहंझाण. न० (क्रोधध्यान) क्रोध-युक्त चिन्तन. Thoughts. आउ० ११;

कोहंड. पुं० (कूष्माण्ड) व्यन्तर श्रेणीय देव जाति विशेष. Name of a family of a sprite. प्रव० १४;

कोहंडी. स्त्री० (कूष्माण्डी) कोहले का गाछ. A pumkin tree. हे० १, १२४;

कोहण. पुं० (क्रोधन) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Rawna. पउम० ५६, ३२;

कोहलिअ. त्रि० (कुतूहलिन्) कुतूहली; कुतूहल प्रेमी. Eager, Impatient. गा० ७६८;

कोहलिया. स्त्री० (कूष्माण्डिका) कोहले का गाछ. A pumpkin tree. गा० ७६८;

* * *

ख

ख. पुं० (ख) व्यञ्जन वर्ण विशेष, इसका स्थान कंठ है. The second consonant of the Nagri alphabet which is spoken from throat. प्रामा० प्राप्र०

खइअ. त्रि० (क्षयित) क्षय प्राप्त; क्षीण. Wasting, decaying. सुर० १६, १९१;

खइअ-ग. पुं० (क्षायिक) (१) क्षय; विनाश; उन्मूलन. Waste, destruction, To take out from the root. (२) त्रि० क्षय से उत्पन्न; क्षय संबन्धी.

which has come to light after destructing karmas. (३) कर्मनाश से उत्पन्न. Created after destruction of Karmas. विशे० ३४६५; क० गं०१, १५, ३, १६; ४, २२; सम्य० २३;

खइत्त. न० (क्षैत्र) खेतों का समूह; अनेक खेत. Several fields. पि० ६१;

खइया. स्त्री० (खदिका) खाद्य-विशेष; सेका हुआ व्रीहि. Dried or parched grain. भवि०

खउड. पुं० (खपुट) स्वनाम प्रसिद्ध एक जैनाचार्य. A Jain Saint of this name. आवम०

खउर. पुं० न० (खपुर) खैर वगैरह का चिकना रस; गोंद. Gum. निसी० चू० १६;

खउर. न०(क्षौर) क्षौर-कर्म; हजामत. Shave. हेका० १८६;

खउरिअ. त्रि० (खपुरित) खरण्टित ; चिपकाया हुआ. Stitched. निसी० चू० ५;

खउरिअ. त्रि० (क्षौरित) मुण्डित; लुञ्चित; केश रहित किया हुआ. Shaved, To uproot the hairs by hand. से० १०, ४३;

खउरीकय. त्रि० (खपुरीकृत) गोंद वगैरः की तरह चिकना किया हुआ. Greasy. उव०

खंज. त्रि०(खञ्ज) लंगड़ा; पंगु; लूला. Lame. सु० च० २७६;

खंजा. स्त्री०(खञ्जा) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

खंजिअ. त्रि० (खञ्जित) जो लंगड़ा हुआ हो; पंगुभूत. A Lame. कप्पू०

खंड. पुं० (खण्ड) एक नरक-स्थान. A Hell of this name. देवेन्द्र० २६; —कव्व. न० (काव्य) छोटा काव्य-ग्रन्थ. A book of small poetry. सम्मत्त० ८४;

खंडण. न० (खण्डन) (१) कण्डन; धान्य वगैरह का छिलका अलग करना. To remove husk of rice. सु० च० १४; (२) त्रि० विनाश करने वाला; नाशक. Destroyer. सु० च० ४३२;

खंडणा. स्त्री० (खण्डना) विच्छेद; विनाश. Destruction. निसी० चू० १;

खंडव. न० (खाण्डव) इन्द्र का वन-विशेष. A garden of Indra of this name. नाट०–वेणी० ११४;

खंडसो. अ० (खण्डशः) टुकड़ा टुकड़ा; खण्ड खण्ड. To cut into pieces. पि० ५१६;

खंडा. स्त्री० (खण्डा) मिस्री; चीनी; सक्कर. Sugar. ओघ० नि० ३७३;

खंडा. स्त्री० (खण्डा) इस नाम की एक विद्याधर कन्या. A daughter of a Vidya-Dhar of this name. महा०

खंडाखंडीकय. त्रि० (खण्डखण्डीकृत) टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ. Broken into pieces. सुर० १६, ५६;

खंडामणिकंचण. न० (खण्डामणिकाञ्चन) इस नाम का एक विद्याधर-नगर. A city of Vidya Dhar of this name. इक०

खंडावत्त. न० (खण्डावर्त्त) इस नाम का एक विद्याधर-नगर. A city of a Vidya Dhar of this name. इक०

खंडाहंड. त्रि०(खण्डाखण्ड) टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ. Broken into pieces. सुपा० ३८५;

खंडिआ. स्त्री० (खण्डिका) खण्ड; टुकड़ा. A piece. अभि० ६२;

खंतव्व. त्रि० (क्षन्तव्य) क्षमा-योग्य; माफ करने लायक. Excusable. विक्र० ३८; भवि०

खंद. पुं० (स्कन्द) राम का इस नाम का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Ram. पउम० ६७, ११;

खंदकुमार. पुं० (स्कन्दकुमार) एक जैन-मुनि. A Jain Muni of this name. उव०

खंदरुद्द. न० (स्कन्दरुद्र) शास्त्र-विशेष. A

Religious book of this name. धर्मसं० ६३५;

खंध. पुं० (स्कन्ध) छंद-विशेष. A Stanza. पिंग०

खंधग्गि. पुं० (स्कन्धाग्नि) स्थूल काष्ठों की आग. Fire of big pieces of a wood. पाश्र०

खंधयट्ठि. स्त्री०(स्कन्धयष्टि) हाथ; भुजा. Arm. दे० २, ७१;

खंधर. पुं० स्त्री०(कन्धर) ग्रीवा; डोक. Neck. सण०

खंधसालि. पुं० (स्कन्धशालिन्) व्यन्तर देवों की एक जाति. A family of demons. राज०

खंधार. पुं० ब० (स्कन्धार) देश-विशेष. A country of this name. पउम० ६८, ६६;

खंधाल. त्रि०.(स्कन्धमत्) स्कन्ध वाला. The trunk of a tree. सु० च० १२६;

खंभल्लिअ. त्रि० (स्तम्भनिगडित) खंभे से बांधा हुआ. Tied up ~~with~~ a pole. से० ६, ८५;

खंभाइत्त. न० (स्तम्भादित्य) गूर्जर देश का एक प्राचीन नगर; खंभात. An old city in Gujrat (Khambat). ती० २३;

खगामिणी. स्त्री० (खगामिनी) विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से आकाश में गमन किया जा सकता है. A Knowledge, by aid of which one can fly in the sky. पउम० ७, १४५;

खग्गाखग्गि न० (खड्गाखड्गि) तलवार की लड़ाई. Battle of swords. सिरि० १०३२;

खज्ज पुं० (खर्ज) वृक्ष-विशेष. A tree of this name. स० २५६;

खज्ज. त्रि० (क्षय्य) जिसका क्षय किया जासके वह. One, who can be destructed.

खट्टंग. न० (खट्वाङ्ग) शिव का एक आयुध. A weapon of Lord Shiva. कुमा० (२) प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा पात्र. (३) तान्त्रिक मुद्रा विशेष. A ring made of Tantras. वज्जा० ८८;

खट्टक्खड. पुं० (खट्वात्तक) रत्नप्रभा नामक पृथ्वी का एक नरकावास. A hell. स० ८६

खट्टा. स्त्री० (खट्वा) खाट; पलंग; चारपाई. A cot. सुपा० ३३७; हे० १, १६५;

खट्टामल्ल. पुं० (खट्वामल्ल) बिमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह. Who is unable to move from bed on account of sickness. बृह० १;

खडंग. न० (षडङ्ग) छः अंग; वेद के छः अंग-शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छंद, निरुक्त. Six parts, Six parts of Vedas. —वि. त्रि० (वित्) छहों अंगों का जानकार One who knows six parts of Vedas. पि० २६५;

खडक्कार. पुं० (खटत्कार) आहट देना; ध्वनि के द्वारा सूचना. To Clack. सुर० ११, ११२; विक० ६०;

खडक्खड. पुं० (खटत्खट) खट खट आवाज. Sound of clack. मोह० ८६;

खडहड. पुं० (खटखट) साँकल वगैरह की आवाज; खटत्कार. Sound of chain. सु० च० ५०२;

खडिआ. स्त्री० (खटिका) खड़ी ; लड़कों के लिखने की खड़ी. Chalk. कप्पू०

खडी. स्त्री० (खटी) देखो 'खडिआ' शब्द. See word "Khariya" प्रारू०.

खडुक्कय. पुं० न० (खटत्कृत) आहट देना; ध्वनि के द्वारा सूचना. To clack. सु० च० ४१४;

खणण. न० (खनन) खोदना. To dig. पउम० ८६, ६०; उप० पृ० २२१;

खणय. त्रि० (खनक) खोदने वाला. Digger, One who digs. दे० १; ८५;

खणया. स्त्री० (क्षणदा) रात्रि; रात. Night. उप० ७६८ टी;

खणाविअ. त्रि० (खानित) खुदाया हुआ. Which was dug into. सु० च० ४५४;

खणित्त. न० (खनित्र) खोदने का अस्त्र; खन्ती. A spade. दे० ४, ४;

खणिअ. त्रि० (खनित) खुदा हुआ. Excavated. सु० च० २५६;

खणिय. त्रि० (क्षणिक) (१) क्षणविनश्वर; क्षणभंगुर. Frail. विशे० १६७२; (२) फुरसत वाला; काम-धंधा से रहित. Who has no work; Out of work; Unemployed. धर्म्म० ८ टी;

खणियवाइ. त्रि० (क्षणिकवादिन्) सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर मानने वाला; बौद्धमत का अनुयायी. A follower of Budha, who cosiders momentry to every thing in the world. राज०

खण्ण. त्रि० (खन्य) खोदने योग्य. Fit to dig. दे० २, ३६;

खप्पर. पुं० (कर्पर) (१) मनुष्य-जाति-विशेष. Name of family of a human being. रंभा० (२) खोपड़ी, कपाल. Skull. हे० १, १८१; (३) घट वगैरः का टुकड़ा. A piece of earthen part. पउम० २०, १६६; (४) भिक्षा पात्र; कपाल. Name of a pot in which alm is collected 'Kapal". सु० च० ४६५;

खम. त्रि० (क्षम) उचित; योग्य. Able. adequate. पन्न० ५४; पाअ०

खमा. स्त्री० (क्षमा) पृथ्वी; भूमि. Land; Earth. सू० च० ३४८; —हर. पुं० (धर) (१) पर्वत; पहाड़. Mountain. (२) साधु; मुनि. Mendicant, Muni. सु०च०६२६;

खमाविय. त्रि० (क्षमित) माफ किया हुआ. Who was excused. हे० ३, १५२; सुपा० ३६४;

खमिय. त्रि० (क्षमित) माफ किया हुआ. Who was excused. कुम्र० १६;

खय. त्रि० (खग) आकाश तक ऊँचा पहुंचा हुआ. High up to sky. —राय. पुं० (राज) पक्षियों का राजा; गरुड़ पक्षि. A bird, King of birds. पाअ० —वइ. पुं० (पति) गरुड़ पक्षि. Lord of "Garuds" a bird. से० १५, ५०;

खय. न० (क्षत) (१) व्रण; घाव. Wound. उप० ७२८ टी; (२) त्रि० व्रणित; घवाया हुआ. Wounded. आ० १४; सुपा० ३४६; सुर० १२, ६१;

खय. त्रि० (खात) खोदा हुआ. Excavated. पउम० ६१, ४२;

खय. पुं० (क्षय) रोग-विशेष; राज-यक्ष्मा. Consumption, Phthisis. लहुअ० १५;

खयंकर. त्रि० (क्षयकर) नाश कारक. Destroying. पउम० ७, ८१; ६६, ३४; पुप्फ० ८२;

खयंतकर. त्रि० (क्षयान्तकर) नाश कारक. Destroying. पउम० ७, १७०;

खयकाल. पुं० (क्षयकाल) प्रलय काल. The time of destruction of all things. भवि० हे० ४, ३७०;

खयग्गि. पुं० (क्षयाग्नि) प्रलय काल की आग. Fire of the time of destruction of all things. से० १२, ८१;

खयर. पुं० स्त्री० (खचर) (१) आकाश में चलने वाला; पक्षी. A bird who flies in the sky. जी० २०; (२) विद्याधर; विद्या बल से आकाश में चलने वाला मनुष्य. Aerial, One who moves in the air. सु० च० २४०;

खयायार. पुं०स्त्री० (क्षताचार) शिथिलाचार

साधु या साध्वी. A degraded mendicant, A Sadhu or Sadhvi who was fallen from his or her acts. वव० ३;

खर. त्रि० (त्तर) विनश्वर; अस्थायी. Uncertain. विशे० ४५७;

खर. पुं० (खर) छन्द-विशेष. A stanza. पिंग०

खरंटण. न० (खरण्टन) (१) निर्भर्त्सन; परुष भाषण. Bitter talk. वव०१; (२) प्रेरणा. To request. ओघ० नि० ४०;

खरंटणा स्त्री० (खरण्टना) देखो 'खरंटण' शब्द. See word "Kharanton". ओघ० नि० ७५;

खरंटिश्र. त्रि० (खरण्टित) निर्भर्त्सित. Rebuked. कुप्र० ३१८ ;

खरकम्मिश्र. त्रि० (खरकर्मिन्) (१) निष्ठुर कर्म करने वाला. Cruel, (२) कोटवाल; दाण्डपाशिक. Kotwal, A Police officer. ओघ० २१८;

खरकिरण पुं० (खरकिरण) सूर्य;सूरज. Sun. पिंग० सण०

खरड. पुं० (खरट) एक जघन्य मनुष्य-जाति. A race of human being of this name. सुपा० ३६२;

खरडिश्र. त्रि० (लिप्त) जिसको लेप किया गया हो वह; पोता हुआ. Plastered. ओघ० नि० ३७३;

खरदूसण. पुं० (खरदूषण) इस नाम का एक विद्याधर राजा, जो रावण का बहनोई था. Name of a Vidyadhar Raja, who was brother-in-law of Rawana. पउम० १०, १७;

खरनिस्सण. पुं० (खरनिःस्वन) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of this name of Raja Rawna. पउम०५६,३०;

खरफरुस. पुं० (खरपरुष) एक नरक-स्थान. A place in hell. देवेन्द्र० २७;

खरमुही. स्त्री० (खरमुखी) नपुंसक दासी. An eunuch (she) वव० ६;

खरय. पुं० (खरक) महावीर प्रभु के कान में से खीला निकालने वाला एक वैद्य. A physician of this name who took out a nail from the ear of Mahabir Prabhu. चेइय०११;

खरसन्नय. न० (खरसंज्ञक) तिल का तैल. Oil of Til seeds. ओघ० नि० ४०६;

खलणा. स्त्री० (स्खलना) (१) गिर जाना; निपतन. To fall. (२) अटकायत; रुकावट. To stop. उप० ३३१ टी; (३) विराधना; भञ्जन. To fall out of his actions. ओघ० नि० ७८८;

खलपू. त्रि०(खलपू) खेले को साफ करने वाला. A sweeper, one who sweeps the ground in a field where cow is kept. कुमा० पड्० प्रामा०

खलहर-ल. पुं० (खलखल) नदी के प्रवाह की आवाज. The sound of floating river. सुर० ३, ११; २, ७५;

खलिश्र. त्रि० (स्खलित) (१) रुका हुआ. Stopped. (२) गिरा हुआ; पतित. Fallen. हे० २, ७७; पाश्र०

खलिश्र. त्रि० (खलिक) खल से व्याप्त; खलिखचित. दे० ४, १०;

खलिण. न० (खलिन) कायोत्सर्ग का एक दोष. A fault while contemplating. प्रव० ५;

खलित्तार. त्रि०(स्खलितृ) स्खलना करने वाला. One who makes mistake. वज्जा० ५८; सण०

खलिया. स्त्री० (खलिका) तिल वगैरः का तैल-रहित चूर्ण. A compounded powder of medicines without oil. सुपा० ४१४;

खलियार. पुं०(खलिकार) तिरस्कार; निर्भर्त्सना. Curse. पउम० ३९; ११६;

खलियारण. न० (खलीकरण) तिरस्कार. Curse. पउम० ३९, ८४;

खलियारणा. स्त्री० (खलीकरणा) वञ्चना; ठगाई. Deception, To cheat. स० २८;

खलियारिअ. त्रि० (खलीकृत) (१) तिरस्कृत. Cursed. पउम० ६९, २; (२) वञ्चित; ठगा हुआ. Deceived. स० २८;

खलुखित्त. न० (खलुक्षेत्र) जहां पर जरूरी चीज मिले वह क्षेत्र. The place where the needed thing can be obtained. वव०

खल्लीड. पुं० (खल्वाट) जिस के सिर पर बाल न हों; गञ्जा; चंदला. Bald. हे० १, ७४; कुमा०

खविअ. त्रि० (क्षपित) उद्वेजित. Submitted to. गा० १३४;

खव्व. त्रि०(खर्व) (१) वामन; कुब्ज. Hump backed. पाअ० (२) लघु; थोड़ा. Small; little. सिर० ९७५;

खसखस. पुं० (खसखस) पोस्त का दाना; उशीर; खस. The poppy. सं० ९६;

खसिअ. (न० (कसित) रोग-विशेष; खाँसी. Cough. हे० १, १८१;

खाअ. त्रि० (खादित) भुक्त; भक्षित. Eaten. गा० ६६८; भवि०

खाइ. स्त्री० (खाति) परिखा; खाई. Ditch. सुपा० २३४;

खाइर. त्रि० (खादिर) खदिर-वृक्ष-संबन्धी. Derived from the Khair tree. हे० १, ६७;

खाण. न० (खादन) भोजन; भक्षण. Food. गा० ६६२; पउम० १४, १३९;

खाण, न० (ख्यान) कथन; उक्ति. To relate. राज०

खाणिअ. त्रि० (खानित) खुदवाया हुआ. To dug, Excavated. हे० ३, ५७;

खाम. त्रि० (क्षाम) (१) कृश; दुर्बल. A kind of grass; weak. उप० ९८६ टी; पाअ०

खामिअ. त्रि० (क्षमित) (१) सहन किया हुआ. For bearing. (२) विलम्बित; विलम्ब किया हुआ. Delayed. पउम० ४३, ४१; हे० ३, १५३;

खाय. पुं० (खाद) पांचवी नरक भूमि का एक नरक स्थान. A place of the 5th hell. देवेन्द्र० ११;

खार. पुं० (क्षार) एक नरक स्थान. A place in a hell. देवेन्द्र० ३०;

खारि. स्त्री० (खारि) एक प्रकार का नाप. Name of a measure. गा० ८१२;

खारिय. त्रि० (क्षरित) पानी में घिसा हुआ. Rubbed in water. भवि० (२) स्रावित; झराया हुआ. Dropped. वव० ६;

खारोदा. स्त्री० (क्षारोदा) नदी विशेष. A river of this name. राज०

खालण. न० (क्षालन) प्रक्षालन; पखारना. To wash, To clean. सु० च० ३२८;

खावेंत. त्रि० (ख्यापयत्) प्रख्याति करता हुआ; प्रसिद्धि करता. To make known. उप० ८३३ टी;

खासि. त्रि० (कासिन्) खाँसी का रोग वाला. A patient suffering from cough. सु० च० ५७६;

खिइगोयर. पुं० (क्षितिगोचर) मनुष्य; आदमी. Man. पउम० ५३, ४३;

खिइपइट्ठ. न० (क्षितिप्रतिष्ठ) नगर विशेष. A city of this name. स० ६;

खिइसार. पुं०(क्षितिसार) इस नाम का एक दुर्ग. A fort of this name. पउम० ८०, ३;

खिग. पुं० (खिङ्ग) रंडीबाज; व्यभिचारी. A whoremonger. रंभा०

खिज्जिअय. न० (खेदितक) छंद विशेष. A stanza. अजि० ७;

खिज्जित्तार. त्रि० (खेदितृ) खेद करने वाला; खिन्न होने की आदत वाला. Harassed; Pained. कुमा० ७, ६०;

खिड्ड. न० (खेल) खेल; क्रीड़ा; मजाक. Play. सु० च० ३०२;

खिण्ण. त्रि० (खिन्न) (१) खिन्न; खेद प्राप्त. Pained, Distressed. (२) श्रान्त; थका हुआ. Tired. गा० २६६;

खित्त. त्रि० (क्षिप्त) प्रेरित. Who was requested. **—मण.** त्रि० (मनस्) चित्त-भ्रम-वाला. Fickle minded. महा०

खित्तज. पुं० (क्षेत्रज) गोद लिया हुआ लड़का. Adopted son. कुप्र० २०८;

खित्तय. न०(क्षिप्तक) छन्द-विशेष. A stanza. अजि० २४; २५;

खित्तिअ. त्रि० (क्षैत्रिक) (१) क्षेत्र संबन्धी. Relating to a field. (२) पुं० व्याधि विशेष. A kind of sickness or disease. आ० १२;

खिप्पं. अ० (क्षिप्रम्) शीघ्र; जल्दी. Haste. ग्रासू० ३७; पडि०

खिमा. स्त्री० (क्षमा) पृथ्वी. Earth. चंड०

खिरिय. नि० (क्षरित) (१) टपका हुआ. Leaked. (२) गिरा हुआ. Fallen. पाअ०

खीर. न० (क्षीर) (१) पानी; जल. Water. हे० २, १७; (२) बेला; दो दिन का उपवास. Two days fast. संबोध० ५८;

खीरि. त्रि० (क्षीरिन्) (१) दूध वाला. Milky. (२) जिसमें दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति. A kind of tree which gives milk. उप० १०३१ टी;

खीरी. स्त्री० (क्षैरेयी) खीर; पक्वान्न विशेष. Preparation of milk and rice. सु० च० ६३६;

खीलिया. स्त्री०(कीलिका) छोटी खूँटी. Small nail. आव०

खिलीकरण. न०(खिलीकरण) खाली करना; शून्य करना. To Vacate. मै० ८;

खिल्लण. न०(खेलन) खिलौना; खेलनक. Toy. सुर० १५, २०८;

खिवण. न० (क्षेपण) (१) फेंकना; क्षेपण. To throw. से० १२, ३६; (२) प्रेरण; इधर उधर चलाना. To request, To send hither and thither. से० ५, ३;

खीयमाण. त्रि० (क्षीयमाण) जिसका क्षय होता हो वह. One who is destroying, Perishing. गा० ६८६ टी;

खीव. पुं०(क्षीब) मद-प्राप्त; मदोन्मत. Drunk intoxicated. दे० ८, ६६;

खु. अ० (खलु) (१) वितर्क; विचार. An expression. (२) संशय; संदेह. Doubt (३) संभावना. To think over. (४) विस्मय; आश्चर्य. Astonishment. हे० २, १९८; षड्० गा० ६; १४२; ४०१; स्वप्न० ६; कुमा०

खुडिअ. त्रि० (खण्डित) त्रुटित; खण्डित; विच्छिन्न. Broken. हे० १, ५३; षड्०

खुण्ण. त्रि० (क्षुण्ण) मर्दित. Rubbed. गा० ४४५; निसी० चू० १; (२) मग्न; लीन. Immersed. चउ० ३८; संस्था० (३) चूर्णित. Broken into pieces. दे० ५, ४५;

खुद्ध. त्रि० (क्षुब्ध) क्षोभ प्राप्त; घवड़ाया हुआ. Confused; Disturbed. सु० च० ३२५;

खुधा. स्त्री० (क्षुध्) भूख. Hunger. धर्मसं० १०६२;

खुब्भण. न० (क्षोभण) क्षोभ; घबड़ाहट. Confusion. राज०

खुभिअ. न० (क्षुभित) (१) क्षोभ; घबड़ाहट.

Frightened. Alarmed. ओघ० (२) कलह; झगड़ा. Quarrel. बृह० ३;

खुय. न० (क्षुत) छींक. Sneeze. चेइय०४३३;

खुरप्प. पुं० न० (क्षुरप्र) एक तरह का जहाज. A kind of a ship. सिरि० ३८३;

खरसाण. पुं० (खुरशान) (१) देश विशेष. A country of this name. (२) खुरशान देशका राजा. King of khurashan. पिंग०

खुरु. पुं० (खुरु) प्रहरण विशेष; आयुध विशेष. A kind of a weapon. सुर०१३, १६३;

खूण. न० (क्षूण) (१) नुकसान; हानि. Loss. सुर० ४, ११३; महा० (२) अपराध; गुनाह. Fault. मह० (३) न्यूनता; कमी. Diffi~~ciency~~; Deficiency. सु० च०७, ४३०;

खेअ. पुं० (खेद) संयम; विरति. Forebearrance; Humanity. —ण्ण. त्रि० (ज्ञ) निपुण; कुशल; चतुर. Complete; Wise. ओघ० नि० ६४७;

खेअ. पुं० (क्षेप) त्याग; मोचन. Leaving; Abandoning. से० १२, ४८;

खेअण. न० (खेदन) (१) खेद; उद्वेग. Sorrow. (२) खेद उपजाने वाला. Who pains. कुमा०

खेअरिंद. पुं० (खेचरेन्द्र) खेचरों का राजा. The king of birds. पउम० ९, ५२;

खेइय. त्रि०(खेदित) खिन्न किया हुआ. Troubled; Pained; Harassed. स० ६३४;

खेड. पुं० (खेट) मृगया; शिकार. Game. भवि०

खेडण. न० (खेटन) खदेड़ना; पीछे हटाना. To push back. उप० २२९;

खेडणअ. न०(खेलनक) खिलौना. Toy. नाट० रत्ना० ९२;

खेडय. पुं० (क्ष्वेटक) (१) विष; जहर. Poison. हे० २, ६; (२) ज्वर-विशेष. A kind of fever. कमा०

खेडय. त्रि० (स्फेटक) नाशक; नाश करने वाला. Destructor. हे० २, ६; कुमा०

खेडय. न० (खेटक) छोटा गाँव. A smll village. पाअ० सुर० २, १९२;

खेडावग. त्रि० (खेलक) खेल करने वाला; तमासगिर. An actor. उप० पृ० १८८;

खेडिअ. पुं० (स्फेटिक) (१) नाश वाला; नश्वर. Rending. (२) अनादर वाला. Disrespected. हे० २, ६;

खेत्तकप्प. पुं०(क्षेत्रकल्प) (१) देश का रिवाज. A custom of the country. बृह० ६; (२) क्षेत्र-संवन्धी अनुष्टान. To worship in connection with the country (३) ग्रन्थ-विशेष, जिसमें क्षेत्र-विषयक आचार का प्रतिपादन हो. A religious book in connection with the county. पंचू०

खेमलिज्जया. स्त्री० (क्षेमलिया) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain saints. कप्प०

खेलण-खेलणअ. न० (खेलन-क) (१) क्रीड़ा; खेल. Play. (२) खिलौना. Toy. आक० स० १२७;

खेव. पुं०(क्षेप) (१) न्यास; स्थापना. To fix. विशे०९१२; (२) संख्या विशेष. Counting. क० गं० ४, ८१-८४; (३) विलम्ब; देरी. Late, delay. स० ७५५;

खेवय. त्रि० (क्षेपक) फेंकने वाला. Who throws. गा० २४२;

खेविय. त्रि० (खेदित) खिन्न किया हुआ. Annoyed, Harassed, Distressed. Pained. भवि०

खोक्खा-खोखा. स्त्री०(खोखा) वानर की आवाज Voice of a monkey. गा० ५३२;

खोड. पुं० (स्फोट) फोड़ा. Boil. प्राकृ० १८

खोडय. पुं० (क्ष्वोटक) नख से चर्म का निष्पीडन. To itch. दे० २, ६;

खोणिंद. पुं० (त्तोणीन्द्र) राजा; भूमि-पति. King. सण०

खोद. पुं० (त्तोद) चूर्ण; बुकनी. Powder of digestive medicines. हम्मीर० ३४;

खोभ. पुं० (त्तोभ) इस नाम का रावण का एक सुभट. A warrior of Ravna's name. पउम० ५६, ३२;

ग

ग. पुं०(ग) व्यन्जन वर्ण विशेष. The third consonant of the nagri Alphabet. प्रासा० प्राप्र०

गश्रवंत. त्रि० (गतवत्) गया हुआ. Having gone. प्राकृ० ३५;

गइ. स्त्री०(गति) प्रकार; भेद. State, mode of existence. से० १, ११; —**तस.** पुं० (त्रस) अग्नि और वायु के जीव. Insects of air and water. क० गं० ३,१३;४, १६;

गइंद. पुं० (गजेन्द्र) (१) ऐरावत हाथी; इन्द्र-हस्ती. The king of Elephants, Elephant of "Indra". (२) श्रेष्ठ-हाथी. Best elephant. गउड० कुमा०

गउ-गउश्र. पुं० (गो) बैल; वृषभ; सांढ़. Ox, Bull. हे० १, १५८; —**पुच्छ.** पुं० न० (पुच्छ) (१) बैल का पूंछ. Tail of an ox. (२) बाण-विशेष. Arrow. कुमा०

गउश्र. पुं० (गवय) गो-तुल्य आकृति वाला जंगली पशु-विशेष. A forest animal like an ox or cow; A Species of cow found in jungle. कुमा०

गउश्रा स्त्री०(गो)गैया;गौ. Cow. हे०११५८;

गउड. पुं० (गौड) (१) इस नाम का देश; बंगाल का पूर्वी भाग. Name of a country Province of Eastern Bengal. सु० च० ३८६; (२) गौड़ देश का निवासी. An inhabitant of Gaur county (province). हे० १, २०२; (३) गौड़ देश का राजा. Raja (King) of Gaur country, गउड० कुमा० —**वह.** पुं०(वध) वाक्पतिराज का बनाया हुआ प्राकृत-भाषा का एक काव्य-ग्रन्थ. A book of poems compiled by "Vakpati Raj", गउड०

गउण. त्रि० (गौण) अप्रधान; अमुख्य. Hidden. दे० १, ३;

गउणी, स्त्री० (गौणी) शक्ति विशेष; शब्द की एक शक्ति. Power of speaking. दे०१,३;

गउरविय. त्रि० (गौरवित) गौरव-युक्त किया गया हो वह. One who has been honoured. सुपा० ३५६; ३६०;

गउरी. स्त्री०(गौरी) (१) गौर वर्ण वाली स्त्री. A beautiful or a handsome lady. कुमा० (२) पार्वती; शिव पत्नी. "Parbati" Wife of Shiva. सु० च० १०६; —**पुत्त.** पुं० (पुत्र) पार्वती का पुत्र; कार्त्तिकेय. Son of Parbati, Kartik. सु० च० ४०१;

गंगा. स्त्री० (गङ्गा) गंगा नदी की अधिष्ठात्री देवी. A principal goddess of River Ganges. आवम०

गंजण. त्रि० (गञ्जन) (१) मर्दन-कर्ता. One who rubs. सिरि० ५४६; (२) न० अपमान; तिरस्कार. Disgrace. सु० च० ४८०; (३) न० कलंक; दाग. Slander. वज्जा० १८;

गंजा. स्त्री० (गञ्जा) सुरा-गृह; मद्य की दुकान. Shop of liquor. दे० २, ८५ टी;

गंजिश्र. पुं० (गाञ्जिक) कल्य-पाल; दारू बेचने वाला; कलाल. Liquor seller. दे०२,८५टी;

गंजिश्र. त्रि० (गञ्जित) (१) पराजित; अभिभूत. Vanquished. उप० ६८६ टी. (२) हत; मारा हुआ; विनाशित. Afflicted. पिंग०

(३) पीड़ित. Pained हैं० ४, ४०६;

गंठि. स्त्री० (गृष्टि) एक बार ब्यायी हुई गौ. A cow which has given the first calf. प्राकृ० ३२;

गंड. पुं० (गण्ड) (१) हाथी का कुम्भस्थल. An elephant's temple or cheek. प्रव० २६; (२) पुं० न० ऊख का जत्था; इक्षु-समूह. A bundle of sugar cane. उप०पृ०३५६;(३) छन्द-विशेष. A Stanza. पिंग० **—विइवाय.** पुं० (व्यतिपात) ज्योतिष शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग. The seventeenth of the Astrological yogas. संबोध० ५४ ;

गंडइया. स्त्री० (गण्डकिका) नदी विशेष. Name of a river. आवम०

गंडभेअअ. पुं० (गण्डभेदक) चोर विशेष; पाकेटमार. Thief, Pick-pocketer. अवि० १७; अभि० १८४;

गंडय. पुं० (गण्डक) गेंडा; जानवर विशेष. Rhinoceros. पाअ०

गंडीव. न० (गाण्डीव) धनुष. Bow. महा० पाअ०

गंडीवि पुं० (गाण्डीविन्) अर्जुन; मध्यम-पाण्डव. (Arjun). The third son of Raja Pandava. वेणी० ५८;

गंडुअ, न०(गण्डु) ओसीसा;सिरहना. Pillow. महा०

गंडुअ. न० (गण्डुत्) तृण-विशेष. A kind of grass. दे० २, ७५;

गंडुवहाण. न० (गण्डोपधान) गाल का तकिया. Cheek pillow, A pillow which is kept under the cheek. प्रव० ८४;

गंडूस. पुं०(गण्डूष) पानी का कुल्ला; Gurgle of water. गा० २७०; सुपा० ४४६; उप० ६८६ टी;

गंती. स्त्री० (गन्त्री) शकट; गाड़ी. Country cart, A cart drawn by oxen. सु० च० २७७;

गंतुकाम. त्रि०(गन्तुकाम) जानेकी इच्छा वाला. One anxious to go. श्रा० १४;

गंथि. त्रि०(ग्रन्थिन्) रचना-कर्ता. An author. सम्मत्त० १३६;

गंध. पुं० (गन्ध) (१) लव; लेश. Little, a small quantity. से० ६, ३; (२) वाणव्यन्तर देवों की एक जाति. A race of demons (Banveanter). इक० **—मय.** पुं० (मृग) कस्तूरी मृग; कस्तूरिया हरिन. A deer having musk. सु०च०२; **—समिद्ध.** त्रि० (समृद्ध) (१) सुगंधित; सुगंध पूर्ण. Fragrant; Sweet smelling. (२) न० नगर विशेष. A city. आवम०

गंधवाह. पुं० (गन्धवाह) पवन. Air. समु० १८०;

गंधव्व. त्रि० (गान्धर्व) (१) गन्धर्व संबन्धी; गंधर्वसे संबंध रखनेवाला. One connected with a singer. (२) न० उत्सव हीन विवाह; विवाह विशेष. A marriage void of ceremonies, A marriage. आवम०

गंधव्वि. त्रि०(गन्धर्विन्) गाने वाला. Singer. ती० ३;

गंधव्विअ. त्रि० (गान्धर्विक) गंधर्व विद्या में कुशल. A musician or a singer. सु० च० १६६;

गंधा. स्त्री० (गन्धा) नगरी-विशेष. A Village, or a town इक०

गंधाण. न०(गन्धान) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

गंधिअ. पुं०(गान्धिक) गन्ध द्रव्य बेचने वाला; पन्सारी. Grocer. दे० २, ८७;

गंधुत्तमा. स्त्री० (गन्धोत्तमा) मदिरा; शराब. Wine. दे० २, ८६;

गंभीर. पुं० (गम्भीर) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, ३; (३) न० समुद्र के किनारे पर स्थित इस नाम का एक नगर. A city of this name at the shore. सुर० १३, ३०;

गंभीर. न० (गाम्भीर्य) (१) गम्भीरता. Gravity; Seriousness. (२) अनौद्धत्य. Inopposed; Humble. सूयनि० ६६;

गंभीरा. स्त्री० (गम्भीरा) (१) मात्रा-छंद का एक भेद. Part of a stanza.. पिंग० (२) स्त्री० गंभीर हृदया स्त्री. Serious minded lady. वव० ५;

गंभीरिअ. न० (गाम्भीर्य) गंभीरता; गम्भीरपन. Seriousness; Gravity. हे० २, १०७;

गंभीरिम. पुं० स्त्री० (गाम्भीर्य) गंभीरता; गंभीरपन. Gravity; Seriousness. सण०

गगणंग. पुं० न० (गगनाङ्ग) छंद-विशेष. A stanza. पिंग०

गग्गरी. स्त्री० (गर्गरी) गगरी; छोटा घड़ा. small earthen pot for water, Ghara. सुपा० ३३६;

गच्छविहार. पुं० (गच्छविहार) गच्छ की समाचारी; गच्छ का आचार. Conduct or manner of life of a party. बव० १;

गच्छिल्ल. त्रि० (गच्छवत्) गच्छ वाला; गच्छ में रहने वाला. One who lives in a party. बृह० १;

गज्जण. न० (गर्जन) (१) गर्जन; भयानक ध्वनि; मेघ या सिंह का नाद. Roar of a thunder; Roar of a lion. (२) नगर विशेष. A city; A town. उप० ७६५;

गज्जणसद्द. पुं० (गर्जनशब्द) पशु और हाथी की आवाज. Voice of elephant or animal. उप० ७६५;

गज्जभ. पुं० (गर्जभ) पश्चिमोत्तर दिशा की पवन. Air of north-west. आवम०

गज्जल. त्रि० (गर्जल) गर्जन करने वाला. One who thunders. निसी० चू० ७;

गज्जि. स्त्री० (गर्जि) गर्जन; हाथी वगैरः की आवाज. Scream or roar of an elephant. कुमा० सुपा० ८६; उप० पृ० ११७;

गट्टण. पुं० (गट्टन) धरणेन्द्र की नाट्य सेना का अधिपति. Lord of the dancing party (actors) of Indra of earth, "Dharan Indra". राज०

गड. न० (गड) (१) विस्तीर्ण शिला; मोटा पत्थर. A slab of stone. (२) गर्त; खाई. Ditch. सुर० १३, ४१;

गड्डह. पुं० स्त्री० (गर्दभ) गदहा; गधा. Donkey. हे० २, ३७; —वाहण. पुं० (वाहन) रावण; दशानन. Ravan Raja. कुमा०

गण. पुं० (गण) शिव का अनुचर. A servant or obedient of lord Shiva. पाअ० कुमा०

गणणाइया. स्त्री० (गणनायका) पार्वती; चंडी. Parvati, wife of Shiva. दे० २, ८७;

गणविअ. त्रि० (गणित) गिनती कराया हुआ. Having been counted. स० ६२६;

गणित्तार. त्रि० (गणयितृ) गिनती करने वाला. Counter. गा० २०८;

गणिय. त्रि० (गणित) जैन साधुओं का एक कुल. A sect of Jain Sadhus. कप्प०

गणेसर. पुं० (गणेश्वर) (१) गण का नायक. Leader or head of "Ganas." (२) छंद-विशेष. A stanza. पिंग०

गणण. त्रि० (गण्य) गणनीय; संख्येय. One that can be counted. संबोध० १०;

गद्दभिल्ल. पुं० (गर्दभिल्ल) उज्जयिनी का एक राजा. The king of Ujjain. निसी० चू० १०;

गद्दभी. स्त्री० (गर्दभी) (१) गधी; गदही. She

Ass. पि० २६१; (२) विद्या विशेष. A knowledge. काल०

गद्दहय. पुं० (गर्दभक) क्षुद्र जन्तु-विशेष; जो गो-शाला वगैरः में उत्पन्न होता है. An insect, which is brewed in Gaushala (where cows are kept). जी० १७;

गन्न. त्रि० (गण्य) (१) माननीय; आदरास्पद. One deserving the respect. उव० (१) न० गणना; गिनती. Counting. सुपा० २५३;

गब्भमास. पुं० (गर्भमास) कार्तिक से लेकर माघ तक का महीना. 4 months from Katak to Magh (October to January). वव० ७;

गब्भर. न० (गह्वर) (१) कोटर; गुहा. Cave. (२) गहन स्थान; विषम स्थान. Inaccessible. आव० ४;

गब्भवई. स्त्री० (गर्भवती) गर्भिणी स्त्री. Pregnant. सु० च० २७६;

गमग. त्रि० (गमक) बोधक; निश्चायक. One who knows. विशे० ३१५;

गमण. न० (गमन) (१) व्याख्यान; टीका, Speech; Annotation. (२) पुष्य वगैरः नव नक्षत्र. Nine "Nakshatras." राज०

गमणिया. स्त्री० (गमनिका) (१) संक्षिप्त-व्याख्यान; दिग्-दर्शन. Abridged speech. राज० (२) गुजारना; अतिक्रमण. To bring to pass. उप० ७२८ टी;

गमणी. स्त्री० (गमनी) जूता. Shoe. सुपा० ६१०;

गमिय. त्रि० (गमित) (१) ज्ञापित; बोधित; निवेदित. Known or thought of. विशे० ५५६; (२) गुजारा हुआ; अतिक्रान्त. Passed. गउड०

गमिर. त्रि० (गन्तृ) जाने वाला. One who goes; Goer. हे० २, १४५;

गम्म. त्रि० (गम्य) (१) जानने योग्य. Worthy of knowledge. (२) जो जाना जासके. The one that could be known. उवर० १७०; सुपा० ४२६; (३) हराने योग्य; आक्रमणीय. Worth vanquishing. सुर० २, १२६; १५; १४४; (४) भोगने योग्य. Worthy of use. सुर० १२, ५२;

गय. पुं० (गद) रोग; बीमारी. Sickness. सु० च० ५७८;

गय. त्रि० (गत) (१) विज्ञात; जाना हुआ. Known. गउड० (२) नष्ट; हत. Ruin; Perish. उप० ७२८ टी; **—अणुगइअ.** त्रि० (अनुगतिक) अंध परम्परा का अनुयायी; अंध-श्रद्धालु. Blind faith. उवर० ४६; **—वइया.** स्त्री० (पतिका) (१) विधवा; रांड. Widow. पउम० २६, ४२; (२) जिस का पति विदेश गया हो वह स्त्री; प्रोषित-भर्तृका. A lady whose husband has gone to ‸foreign country. गा० ३३२; पउम० २६, ४२; **—वय.** त्रि० (वयस्) वृद्ध; बुड्ढा. Old. पाअ०

गय. पुं० (गज) (१) इस नाम का एक सेठ. A rich man of this name. उप० ७६८ टी; (२) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २; **—आरोह.** पुं० (आरोह) हस्तिपक; महावत. Driver of an elephant; Elephant's driver. पाअ० **—गपय.** पुं० (अग्रपद) पर्वत विशेष. A mountain. आक० **—बंधय.** पुं० (बन्धक) हाथी को पकड़ने वाली एक जाति. One who drives or catches the elephant. सुपा० ६४२; **—मुह.** पुं० (मुख) (१) गणेश; गणपति. Ganesh; son of Shiva.

(२) यक्ष विशेष. A demon. पाअ०

गयण. न० (गगन) 'ह' अक्षर. The thirty third or last consonant of the nagri alphabet. सिरि० ११६; **—मणि.** पुं०(मणि) सूर्य; सूरज. The sun. कुप्र०५१;

गयणगइ. पुं०(गगनगति) एक राजकुमार. A son of a Raja. दंस०

गयणमंडल. पुं० (गगनमण्डल) एक राजा. A Raja of this name. दंस०

गयणिंदु. पुं० (गगनेन्दु) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. A Raja of Vidyadhar family. पउम० ५, ४५;

गयनिमीलिया. स्त्री० (गजनिमीलिका) उपेक्षा; उदासीनता. To consider equally. स० ७५१;

गया. स्त्री० (गया) स्वनाम-प्रसिद्ध नगर विशेष. A city of this name. उप० २५१;

गया. स्त्री०(गदा) एक देव विमान. An aeroplane of a deva. देवेन्द्र० १३३;

गर. पुं० (गर) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध बवादि करणों में से एक. One of the famous part of astronomy. विशे० ३३४८; (३) न० विष; जहर. Poison. पाअ० प्रासू० ३१;

गरलिगाबद्ध. त्रि० (गरलिकाबद्ध) निक्षिप्त; उपन्यस्त. Kept. निसी० चू० १;

गरहण. न० (गर्हण) निन्दा; घृणा. Censuring; Blame. पि० १३२;

गरिम. पुं० स्त्री० (गरिमन्) गुरुता; गुरुत्व; गौरव. Greatness. हे० १, ३५; सुपा० २३, १०६;

गरिह. पुं० (गर्ह) निन्दा; गर्हा. To blame; To censure. प्राप्र०

गरुइय. त्रि० (गुरुकित) बड़ा किया हुआ. The one who has been greatly honoured. से० ६, २०; गउड०

गरुड. पुं० (गरुड) छंद विशेष. A stanza. पिंग० **—रथ.** न० (अस्त्र) अस्त्र-विशेष; उरगास्त्र का प्रतिपक्षी अस्त्र. "Gained" An enemy of sequent arrow. पउम० १२,१३०; ७१, ६६; **—द्धय.** पुं० (ध्वज) विष्णु; वासुदेव. Vishnu; Basudev. One of the names of God. पउम० ६१, ५७; **वूह.** पुं० (व्यूह) सेना की एक प्रकार की रचना. To organize the army. महा० पि० २४०;

गरुडंक. पुं० (गरुडाङ्क) (१) विष्णु; वासुदेव. Name of God. (२) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a raja of Ikshvaku dynesty; पउम० ५, ७;

गरुल. पुं० (गरुड) (१) सुपर्ण कुमार देवों का इन्द्र. "Suparan Kumar" Indra of devas. (२) एक देव विमान. An aeroplane of devas. देवेन्द्र० १३४; **—ज्झय.** पुं० (ध्वज) (१) गरुड़ पक्षी के चित्र वाली ध्वजा. Banner carrying the emblem of "Garud". राय० (२) वासुदेव. Name of God. (३) देव जाति विशेष. सुपर्णकुमार देव. Suparankumar Deva; A race of devas. आवम०

गलहत्थिअ. त्रि० (गलहस्तित) गला पकड़ कर बाहर निकाला हुआ. One who was thrown out by neck. वज्जा० १३८;

गलिअ. त्रि० (गलित) (१) क्षालित; प्रक्षालित. Cleaned; Washed. कुमा०(२) स्खलित; पतित. Fallen. से० १, २; (३) नष्टः नाश-प्राप्त. Ruined; Perished. सुपा० २४३; सण०

गलिर. त्रि०(गलितृ) निरन्तर पिघलता; टपकता. Constantly drizzling. आ० १४;

गल्ल. पुं० (गल्ल) (१) गाल; कपाल. Cheek, Skull. (२) हाथी का गण्ड-स्थल;

कुम्भ-स्थल. Temple of elephant. षड्० —मसूरिया. स्त्री० (मसूरिका) गाल का उपधान. Pillow of cheek. जीत०

गवायणी. स्त्री० (गवादनी) इन्द्रवारुणी; वनस्पति विशेष. A drug "Indravaruni" दे० २, ८२;

गवेधुआ. स्त्री० (गवेधुका) जैन मुनि गण की एक शाखा. One sect of Jain Munies. कप्प०

गवेसणया. स्त्री० (गवेषणा) शुद्ध भिक्षा की याचना. Desire of pure bhojan according to the career of Sadhus. ओघ० नि० ३;

गवेसाविय. त्रि० (गवेषित) दूसरे से खोजवाया हुआ; दूसरे द्वारा खोज किया गया. Sought, Enquired. ओघ० नि० ६२२;

गवेसि. त्रि० (गवेषिन्) खोज करने वाला. Discoverer, Explorer. पुप्फ० ४४०;

गवेसिअ. त्रि०(गवेषित) अन्वेषित; खोजा हुआ. Searched. सुर० १५, १२६;

गव्वर. न० (गह्वर) कोटर; गुहा. Cave स० ३९३;

गव्वि. त्रि० (गर्विन्) अभिमानी; गर्व-युक्त. Proud. आ० १२;

गव्विट्ठ. त्रि० (गर्विष्ठ) विशेष-अभिमानी; गर्व करने वाला. Proud. दे० १, १२८;

गव्विर. त्रि० (गर्विन्) अहंकारी; अभिमानी. Proud. हे० २, १५९; हेका० ४५;

गसण. न० (ग्रसन) भक्षण; निगलना. To swallow. स० ३५७;

गह. पुं० (ग्रह) (१) संबन्ध. Relation, connection. धर्मसं० ३६३; (२) ज्ञान; हण. Knowledge; To obtain; To accept. धर्मसं० १३६४; —भिन्न. न० (भिन्न) जिसके बीच से ग्रह का गमन हो वह नक्षत्र. Passing of a planet. वव० १; —सम. न० (सम) गेय काव्य का एक भेद. A part of a poetry. दसनि० २, २३;

गहकल्लोल. पुं० (ग्रहकल्लोल) राहु; ग्रह-विशेष "Rahu" A "grah" "A planet". पाअ०

गहचरिय. न० (ग्रहचरित) (१) ज्योतिष शास्त्र Astronomy. वव० ४;

गहण. न० (ग्रहण) (१) इन्द्रिय An organ sense. विशे० १७०७; (२) शिक्षा-विशेष. Teaching. आव० (३) आदर; सन्मान. To honour. (४) ज्ञान; अवबोध. Knowledge. से० ४, ३३;

गहत्थि. पुं० (गभस्ति) किरण; Rays. पाअ०

गहर. पुं० न० (गह्वर) (१) निकुंज. A dense bush. (२) वन; जंगल. Forest. (३) दंभ; कपट. Cheat, Deceit. (४) विषम स्थान. Inexcessible. —(५) रुदन. To weep. (६) गुफा. Cave. (७) संकट. Trouble. प्राकृ० २४;

गहवइ. पुं० (गृहपति) कृषक; खेती करने वाला. Farmer. पाअ०

गहिल. त्रि० (ग्रहिल) भूतादि से आविष्ट; पागल. One ridden by demons. आ० १४;

गहिलिय-गहिल्ल. त्रि० (ग्रहिल) आवेश युक्त, पागल; भ्रान्त-चित्त Mad. पउम० ११३, ४३; पड०; आ० १२; उप० ५९७ टी; भवि.

गहीरिअ. न० (गाभीर्य) गहराई; गम्भीरपन. Depth, Gravity. ई० २,१०७;

गाअ. पुं० (गो) बैल; वृषभ; सांढ़. Ox, Bull. हे० १, १५८;

गाअ. त्रि० (गायक) गाने वाला. Singer. कुमा०

गाअंक. पुं० (गवाङ्क). महादेव; शिव. Lord "Shiv' कुमा०

गाअण. त्रि० (गायन) गाने वाला; गवैया

Singer. सुपा० ५५; सण०

गाइअ. त्रि०(गीत) (१) गाया हुआ. Sung. सु० च० १६; (२) न० गीत; गान; गाना. Song. आव० ४;

गाइआ. स्त्री० (गायिका) गाने वाली स्त्री. She who sings. गा० ६४४;

गाई. स्त्री० (गो) गैया; गौ. Cow. हे० १, १५८; गा० २७१; सुर० ७, ६५;

गाण. न० (गान) गीत; गाना. Song. हे० ४, ६;

गाण. त्रि० (गायन) गवैया; संगीत प्रवीण. Singer, song-complete (master). दे० २, १०८;

गाध. त्रि० (गाध) स्ताघ; अ-गहरा. Not very deep; Shallow. दे० ५, २४;

गाम. पुं०(ग्राम) (१) प्राणि समूह; जन्तु निकर. A swarm. विशे० २८९६; **—आचार.** पुं० (आचार) विषय. To think about. आचम० **—णिद्धमण.** न० (निर्धमन) गांव का पानी जाने का रास्ता; नाला. Village drain. कप्प० **—द्ध.** पुं० न० (अर्ध) (१) आधा गांव. Half village. (२) उत्तर भारत; भारत का उत्तर प्रदेश. The northern part of Bharat. निसी चू० १२;

गामड. पु० (ग्रामक) गांव; छोटा गांव. A small village. आ० १६;

गामणी. त्रि० (ग्रामणी) (१) श्रेष्ठ; प्रधान; नायक. President. से० ७, ६०; धण० १; गा० ४४६; पड्०

गामाग. पु० (ग्रामाक) ग्राम विशेष; इस नाम का एक संनिवेश. The village of this name. आचम०

गामिअ. त्रि० (ग्रामिक) (१) ग्राम का मुखिया. Head man of a village. निसी० चू० २; (२) विषयाभिलाषी. One who is after the desires of Vishhaya.

गामिणिआ. स्त्री० (गामिनिका) गमन करने वाली स्त्री. A lady who goes here and there. अजि० २६;

गामुअ. त्रि० (गामुक) जाने वाला. One who goes. स० १७५;

गामेयग. त्रि० (ग्रामेयक) गंवार; गांव का निवासी. Villager. वृह० १;

गायण. त्रि० (गायन) गवैया. Singer. सिरि० ७०१;

गार. पु० (ग्रावन्) पत्थर; पाषाण. Stone. वव० ४;

गारविल्ल. त्रि० (गौरववत्) देखो 'गारविय' शब्द. See "Shabd Garvia" क० गं १, ५६;

गारहत्थ. त्रि० (गार्हस्थ) गृहस्थ-सम्बन्धी. Householder; Connected with the household affairs. प्रव० २३५;

गालिय. त्रि० (गालित) (१) अतिक्रान्त. Pass through. (२) विनाशित. One who is perished. (३) क्षिप्त. महा०

गाव-गावाण. पुं० (ग्रावन्) (१) पत्थर; पाषाण. Stone. पाअ० (२) पहाड़, Mountain. हे० ३, ५६;

गाह. पुं० (ग्राह) हठ; आग्रह. Opposition; Perversity. विशे० २५८६;

गाहा. स्त्री० (गाथा) (१) प्रतिष्ठा. Assurance. (२) निश्चय. To think about; To find out. आव० ४;

गाहाविय. त्रि० (ग्राहित) जिसको ग्रहण कराया गया हो वह. One, who has been mad to accept or take. सुर० ११, १८३;

गाहिणी. स्त्री० (गाहिनी) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

गाहिपुर. न० (गाधिपुर) नगर विशेष. A city of this name. गउड०

गाहु. स्त्री० (गाहु) छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

गिट्ठि. स्त्री० (गृष्टि) (१) एक बार ब्यायी हुई. She, who has delivered once. (२) एक बार ब्यायी हुई गौ. Cow, who has delivered once. हे० १,२६;

गिराहाविअ. त्रि० (ग्राहित) ग्रहण कराया हुआ. Having been accepted. धर्मवि० ११६;

गिद्धि. स्त्री० (गृद्धि) एक देव विमान. A Devas aeroplane. देवेन्द्र० १३४;

गिरिंद. पुं० गिरीन्द्र (१) श्रेष्ठ पर्वत. Holy; Worthy mountain. (२) मेरु पर्वत. Meru, A mountain of this name. (३) हिमाचल. Himachal, A mountain of this name, Himalaya. कप्पू०

गिरिफुल्लिय. न० (गिरिपुष्पित) नगर विशेष. A city of this name. पिंड० ४६१;

गिरिस. पुं० (गिरीश) महादेव; शिव. Lord Shiva. पाअ० —**वास.** पुं०(वास) कैलाश पर्वत. A mountain of this name "Kailash" से० ६, ७५;

गिरीस. पुं० (गिरीश) (१) हिमाचल पर्वत. A mountain of this name "Himachal" Himalaya. (२) महादेव; शिव. Lord Shiva. पिंग०

गिलण. न० (गरण) निगरण; भक्षण. Swallowing. हे० ४, ४४५;

गिलिअवंत. त्रि० (गिलितवत्) जिसने भक्षण किया हो वह. One, who has swallowed पि० ५६६;

गिव्वाण. पुं० (गीर्वाण) देव; सुर; त्रिदश. A deva. उप० ५३० टी;

गिहमेहि. पुं० (गृहमेधिन्) गृहस्थ. Wordly affairs. धर्मवि० २६

गिहिअ. त्रि० (गृहीत) आत्त; उपात्त; ग्रहण किया हुआ. Accepted. स० ४२८;

गिहिणी. स्त्री० (गृहिणी) गृहिणी; भार्या; स्त्री. Wife. सुपा० ८३; आ० १६;

गिहेलुय. पुं०(गृहैलुक) देहली; द्वार के नीचे की लकड़ी. Bottom wood of the door. निसी० चू० १३;

गी. स्त्री० (गिर्) वाणी; भाषा; वाक्. Speech, Speaking. गउड०

गीआ. स्त्री० (गीता) छंद विशेष. A stanza; Poetry. पिंग०

गुंज. पुं० (गुञ्ज) (१) गुञ्जारव करता वायु. murmuring sound of air. पउम० १३, ४३; (२) पर्वत विशेष. A mountain of this name. पउम० ८, ९०; ९४; (४) लता विशेष. A small shrub. सुर० २, ६; **हल.** न० (फल) फल विशेष; घुङ्गची. A fruit of this name. सुर० २,६;

गुंजिर. त्रि० (गुञ्जितृ) गुन गुन आवाज करने वाला. One who murmurs, or who utters in a low tone. उप० १०३१ टी;

गुंठिअ स्त्री० (गुण्ठित) (१) धूसरित. Any thing of a grey tint. (२) व्याप्त. Spread. (३) आच्छादित. Covered. दे० १, ८५;

गुंथण. न० (ग्रन्थन) गूंथना; गठना. Stringing, tying or connecting together. रयण० १८;

गुंद. न० (गुन्द्र) वृक्ष विशेष. A tree of this name. पाअ०

गुंफ. पुं० (गुम्फ) रचना; ग्रन्थन; गूंथना. To string together; To work. उप० १०३१ टी;

गुग्गुल. पुं०(गुग्गुल) सुगन्धित द्रव्य विशेष;

गुगल. A fragrant gum resin. सु० च० १५१;

गुग्गुली. स्त्री० (गुग्गुल) गूगल का पेड़. A plant producing a fragrant gum resin. जी० १०;

गुज्जर. पुं० (गूर्जर) (१) भारत का एक प्रान्त; गुजरात देश. A province in India "Gujrat" पिंग० (२) त्रि० गुजरात का निवासी. An inhabitant of Gujrat, (a province in India) नाट०

गुज्जरत्ता. स्त्री० (गूर्जरत्रा) गुजरात देश. Province Gujrat, (In India). सार्ध० ६८;

गुडिआ. स्त्री० (गुटिका) गोली. A pill. गा० १७७;

गुण. पुं० न० (गुण) (१) लाभ; फायदा. Profit. सु० च० १०३; व्याकरण प्रसिद्ध ए, ओ, और अर् रूप स्वर विकार. The substitution of E, O and E. सु० च० १०३; (३) अंश; विभाग. अणुजो० Part. (४) उपकार; हित. Assistance, Kindness. पंचा० ५; (५) प्रत्यञ्चा; धनुष का डोरा. A bow string. कुमा० (६) अप्रधान; गौण. Secondary subordinate, हें० १, ३४;

गुणचन्द. पुं० (गुणचन्द्र) एक राजकुमार, A monarch's son named "Gun chandar." आवम०

गुणवुड्ढि. स्त्री० (गुणवृद्धि) लगातार आठ दिनों का उपवास. Fast for eight consecutive days. संबोध० ५८;

गुणाविय. त्रि० (गुणित) पढ़ाया हुआ; पाठित. Tutored; Instructed. महा०

गुणिअ. त्रि० (गुणित) (१) पठित; अधीत. Read, Studied. ओघ० नि० ६२; (२) जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह; परावर्त्तित. Repeated. वव० ३;

गुणिल्ल. त्रि० (गुणवत्) गुणी; गुण-युक्त. Possessing attributes; Endowed with good qualities. पि० ५६५;

गुत्ति. स्त्री० (गुप्ति)(१) कैदखाना; जेल. Prison; Jail. सु० च० ६३;

गुत्थ. त्रि० (ग्रथित) गुम्फित; गूंथा हुआ. Strung, Tied; Affixed. स० ३०३; प्रप० गा० ६३; कप्पू०

गुद्दह. न० (गोद्रह) नगर विशेष. A city of this name. मोह० ८८;

गुप्पई. स्त्री० (गोष्पदी) गौ का पैर डूबे उतना गहरा. A pit as much deep as will hold a cow's foot. धम्म० १२ टी;

गुमिअ. त्रि० (भ्रमित) भ्रमित; घुमाया हुआ. Whirling, Going round. कुमा०

गुम्म, पुं० न० (गुल्म) (१) झाड़ी; वृक्ष-घटा. Bush. पाअ० (२) सेना-विशेष, जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़े और १३५ प्यादे हों ऐसी सेना. The division of an army, a body of troops, consisting of nine platoons, nine elephants, nine chriots, twenty seven horses and forty five foot. पउम० ५६, ५ (३) गच्छ का एक हिस्सा; जैन मुनि समाज का एक अंश. A small party of Jain munis. स्थान; जगह. Place. ओघ० १६३;

गुरु. पुं० (गुरु) (१) शिक्षक; विद्या दाता; पढ़ाने वाला. A spirtual teacher; Tutor. वव० १; (२) बड़ा; महान्. Big; Great. (३) उत्कृष्ट; उत्तम. Best, Great, Excellent. क० गं० ४, ७२-७६; (४) बृहस्पति; ग्रह-विशेष. A planet, "Brahspati" पउम० १७, १०८; कुमा० (५) स्वर-विशेष; दो मात्रा वाला आ, ई वगैरः स्वर;

जिसके पीछे अनुस्वार या संयुक्त व्यञ्जन हो ऐसा भी स्वर वर्ण. The long vowel equal to two matras simple sound. पिंग०

गुरुणी. स्त्री० (गुर्वी) (१) गुरु-स्थानीय स्त्री. The wife of a Guru, or of a spiritual teacher. सुर० ११, २११; (२) धर्मोपदेशिका; साध्वी. A spiritual teacher (she). उप० ७२८ टी;

गुरेड. न० (गुरेट) तृण विशेष. A kind of grass. दे० १, ५४;

गुललावणिया. स्त्री० (गुडलावणिका) (१) एक तरह की मिठाई; गोलपापड़ी. A kind of sweetmeat prepared of Jagree. (२) गुड़धाना. Jagree and Dhanya combined. प्रव० २५६; सू० प० २० टी;

गुलुंछ. पुं० (गुलुच्छ) गुच्छ; गुच्छा. A bunch. दे० २, ६२;

गुलुच्छ. पुं० (गुलुच्छ) गुच्छा; स्तबक. Bunch. पाअ०

गुविल. त्रि० (गुपिल) गहन; गहरा; गाढ़; निबिड़. Strong, Good. सुर० ६, ६६; उप० पृ० ३०; (२) न० झाड़ी; जंगल. Bush; Jungle. उप० ८३३ टी० पञ्च० ४४;

गुह. पुं० (गुह) कार्तिकेय; एक शिव पुत्र. A son of Lord Shiva "Kartik" पाअ०

गूह. न० (गूथ) गू; विष्टा. Ordure. तंडु०

गूहिय. त्रि० (गूहित) छिपाया हुआ. Hidden. स० १८६;

गेंदुअ. पुं० (कन्दुक) गेंद. Ball. हे० १, ५७; १८२; सुर० १, १२१;

गेज्झ. त्रि० (ग्राह्य) ग्रहण-योग्य. To fit to accept, to take. हे० १, ७८;

गेण्हण. न० (ग्रहण) आदान; उपादान; लेना. To take. उप० ३३६, स० ३७५;

गेण्हणया. स्त्री० (ग्रहणा) ग्रहण; आदान. To take. उप० ५२६;

गेण्हाविय. त्रि० (ग्राहित) ग्रहण कराया हुआ. Taking, Seizing, Accepting. स० ५२६; महा०

गेहालु. त्रि (गेहवत्) घर वाला; गृही; संसारी. Owner of the house. षड्०

गो. पुं० (गो) (१) स्वर्ग; देवभूमि. Heaven. सु० च० १४२; (२) स्त्री० वाणी; वाग्. Speech. (३) भूमि. Earth. सु० च० १४२; (४) भूप; राजा. King. वव० १; (५) रश्मि; किरण. Rays. गउड०; **—उल.** न० (कुल) गायों का समूह. Herd of cows; A multitude of cows. आव० ३; (२) गोष्ठ; गोबाड़ा. Place where cows are kept, A cow house. आवम० **—भूमि.** स्त्री० (भूमि) गायों के चरने की जगह. Meadow. आवम० **—माहिसक्क.** न० (माहिषक) गौ और भैंस का यूथ. A multitude of cows and buffalloes. स० ६८६; **—वाड.** पुं० (गौवाट) गौओं का बाड़ा. A cow house. दे० १, १४६;

गोअलिणी. स्त्री० (गोपालिनी) ग्वालिन. A female cowherd. धर्मवि० ५५;

गोआ. स्त्री० (गोदा) नदी विशेष; गोदावरी नदी. A river of this name "Godavari" गा० १७५;

गोआअरी. स्त्री० (गोदावरी) नदी विशेष; गोदावरी. A river of this name "Godavari". गा० ३५५;

गोउलिअ. त्रि० (गोकुलिक) गो-धन पर नियुक्त पुरुष; गोकुल रक्षक. Cowherd. कुप्र० ३१;

गोक्खुरय. पुं० (गोक्षुरक) एक औषधि का नाम; गोखरू. A drug of this name "Gokhrn" स० २५६;

गोट्ठ. पुं० (गोष्ठ) गोबाड़ा; गौओं के रहने का स्थान. A cow house or pen. महा० पउम० १०३, ४०; गा० ४४७;

गोडा. स्त्री० (गोला) नदी विशेष; गोदावरी. A river of this name "Godavri" गा० ५८, १०३;

गोडी. स्त्री० (गौडी) गुड़ की बनी हुई मदिरा; गुड़ की दारु, Wine of Jagree; Liquor made of Jagree. बृह० २;

गोणंगणा. स्त्री० (गवाङ्गना) गैया; गौ. Cow. सुपा० ४६५;

गोत्त. पुं०(गोत्र) पर्वत; पहाड़. Mountain. आ० १४; —**देवया.** स्त्री०(देवता) कुल देवी. A family Goddess. आ० १४;

गोत्ति. त्रि० (गोत्रिन्) कुटुम्बी; स्वजन. One from the same family, Of one family cr race. सुपा० १०६;

गोत्तिअ. त्रि० (गोत्रिक) समान गोत्र वाला; स्वजन. Of one family or race. आ० २७;

गोथूभ. न० (गोस्तूप) मानुषोत्तर पर्वत का एक शिखर. A top of mountain "Manushottar". दीव०

गोदा. स्त्री० (गोदा) नदी विशेष; गोदावरी नदी. A river of this name "Godavri" पड्० गा० ६५५;

गोध. पुं० (गोध) (१) म्लेच्छ देश. A barbarian country. (२) गोध देश का निवासी मनुष्य. An inhabitant of a barbarian country. राज०

गोबल. न० (गोबल) गोधन; गोकुल; गौओं का समूह. A Cow Pen. सुपा० ४३२;

गोयमज्जिया. स्त्री० (गौतमार्यिका) जैन मुनि गण की एक शाखा. A party of Jain munis. कप्प०

गोयमसगुत्त. त्रि० (गौतमसगोत्र) गौतम गोत्रीय. One from the family of Gautama. आवम०

गोयर. पुं० (गोचर) गौओं के चरने की जगह. Meadow. बृह० ३;

गोयरी. स्त्री० (गौचरी) भिक्षा; मधुकरी. The alms obtained from different places by a religious mendicant. सुपा० २६६;

गोरंग. त्रि० (गौराङ्ग) शुक्ल शरीर वाला. One of white and pale body. कप्पू०

गोरगिरि. पुं० (गौरगिरि) पर्वत विशेष; हिमाचल. A mountain, Himalaya. निसी० चू० १;

गोरव. न०(गौरव) आदर; सम्मान. Respect. विशे० ३४७३;

गोरविअ. त्रि० (गौरवित) सम्मानित; जिसका आदर किया गया हो वह. Respected, Respectable. दे० ४, ५;

गोरव्व. त्रि० (गौरव्य) गौरव-योग्य. Respectable. धर्मवि० ६४; कुप्र० ३७७;

गोरस. पुं० (गोरस) वाणी का आनन्द. Sweet speech. सिरी० ४०;

गोरिअ. न० (गौरिक) विद्याधर का नगर विशेष. A city of "Vidya Dhar". इक०

गोरी. स्त्री० (गौरी) इस नाम की एक विद्या देवी. A goddess of this name. संति० ६; —**कूड.** न० (कूट) विद्याधर-नगर विशेष. A city of "Vidya Dhar". इक०

गोल. पुं० (गोल) (१) वृक्ष विशेष. A tree. अचु० ५८; (२) गोलक; कुंडा. A big water jar. सुपा० २७०;

गोलिअ. पुं० (गौडिक) गुड़ बनाने वाला. One who prepares Jagree. वव० ६;

गोल्ल. पुं० (गौल्य) देश-विशेष. A

country. आवस०

गोवण. न० (गोपन) (१) रक्षण. To save, To protect. (२) छिपाना. To hide. आ० २८; उप० ५६७ टी;

गोवद्धण. पुं० (गोवर्धन) (१) पर्वत-विशेष. A mountain of this name "Gover dhan" which was held by Lord Krishna on a finger. पि० २६१; (२) ग्राम-विशेष. A village of this name. पउम० २०, ११५;

गोवय. त्रि० (गोपक) छिपाने वाला; ढांकने वाला. One who guards or protects. संबोध० ३४;

गोवल्ल. पुं० न० (गोवल) गोत्र-विशेष. A family, A race. सू० प० १०, १६ टी;

गोवा. पुं० (गोपा) ग्वाला; गौओं का पालन करने वाला. A cowherd. प्रासा०

गोवालि. पुं० (गोपालिन्) ग्वाला; गोप; अहीर. A cowherd. सुपा० ४३२; ४३३;

गोवालिणी. स्त्री० (गोपालिनी) गोप-स्त्री; अहीरिन. A cowherd's wife. सुपा० ४३२;

गोवालिय. पुं० (गोपालिक) गोप; अहीर; ग्वाला. A cowherd. सुपा० ४३३;

गोविअ. त्रि० (गोपित) (१) छिपाया हुआ. Having hidden. (२) रक्षित. Protected. सुर० १, ८८;

गोविआ. स्त्री० (गोपिका) गोपांगना; अहीरिन. A cowhead's wife. कुमा० गा० ११४;

गोविंदणिज्जुत्ति. स्त्री० (गोविन्दनिर्युक्ति) इस नाम का एक जैन दार्शनिक ग्रन्थ A sacred book of Jainisim. निसी० चू० ११;

गोवी. स्त्री० (गोपी) गोपांगना; अहीरिन. A cowherd's wife. सुपा० ४३५;

गोसंधिय. पुं०(गोसन्धित) गोपाल; अहीर. A cowherd. राज०

गोसग्ग. पुं०न० (गोसर्ग) प्रातःकाल; प्रभात. Morning. पाअ०

गोहरे-गोहरेय. पुं० (गोधरे) जन्तु-विशेष; सांप की तरह का जानवर. An Iguava, A kind of lizard like a snake. पउम० ४८, ८२;

घ

घ. पुं० (घ) कण्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. The fourth consonant of the Sanskrit; A rattling or gurggling sound. प्राप० प्रासा०

घंटिय. पुं०(घण्टिक) चाण्डाल का कुल-देवता; यक्ष-विशेष. A family God of inferior caste of Hindus. बृह०१;

घग्घर. पुं० (घर्घर) शब्द-विशेष. One of the tones or notes in music. गा० ८००; (२) खोखला गला. A sound of throat. (३) खोखली आवाज. Hollow sound. सुर० २, ११२; (४) शाड्वल. शैवाल वगैरः का समूह. Moss of scum of water. गउड०

घटुक्कय. पुं० (घटोत्कच) भीम का पुत्र. A son of "Bhim". हे० ४,२९९;

घट्ट. पुं० (घट्ट) (१) शर्करा प्रभा नामक नरक भूमि का एक नरकावास. A place in hell "Sharkarprabha". इक० (२) न० जमाव. To gather. आ० २८ (३) समूह; जत्था. Crowd. सु० च० २५६; (४) त्रि० गाढा; निबिड़. Strong. सु० च० ११;

घट्टंसुअ. न० (घट्टांशुक) वस्त्र विशेष; बूटेदार, कौसुम्भ वस्त्र. Spotted cloth. कुमा०

घट्टण. त्रि० (घट्टन) चालक; हिला देने वाला.

One who shakes, Shaker. पिंड० ६३३;

घट्टणया-घट्टणा. स्त्री० (घट्टना) (१) विचार. To think. (२) पृच्छा. Question. बृह० ४; (३) आघात; आहनन. To suffer so now in mind. (४) चलन; हिलन. To shake, To tremble. ओघ०नि०६;(५) कदर्थना; पीड़ा. Trouble.

घडचडग. पुं० (घटचटक) एक हिंसा-प्रधान संप्रदाय. A part of a family, race. मोह० १००;

घडण. न० (घटन) घड़ना; कृति; निर्माण. To effort, To exert. से० ७, ७१;

घडणा. स्त्री० न० (घटन) घटना; प्रसंग. Assembling, Occurring. त्रि० १३; (२) सबन्ध; अन्वय. Joinning. चेइय. ६७;४

घडा. स्त्री० (घटा) समूह; जत्था. Crowd. गउड०

घडिआ. स्त्री० (घटिका) (१) छोटा घड़ा; कलशी. Small pot. गा० ४६०; आ० २७; (२) घड़ी; मुहूर्त. Time. सुपा० १०८; (३) समय बताने वाला यन्त्र; घटी-यन्त्र. A watch. पाअ० —लय. न० (लय) घण्टा गृह; घण्टा बजाने का स्थान. Clock tower. सुर० ७, १७;

घडुब्भव. त्रि० (घटोद्भव) (१) घट से उत्पन्न. One which came out of Jar. (२) पुं० ऋषि विशेष; अगस्त्य-ऋषि. A Rishi of this name "Augasta" प्रारू०

घण. पुं० (घन) हथौड़ा. Hammer. दे० ६, ११; —रह. पुं० (रथ) एक जैन मुनि. A Jain muni. पउम०२०, १६;—वाहण. पुं० (वाहन) विद्याधरों के एक राजा का नाम. Name of a raja of "Vidyadhar" पउम० ५. ७७; —विज्जुआ. स्त्री० (विद्युत) देवी विशेष; एक. दिक्कुमारी देवी का नाम. Name of a lady "Disha Kumari" इक०—समय. पु० (समय) वर्षा काल; वर्षा ऋतु. Rainy season. कुमा० पाअ०

घणा. स्त्री० (घृणा) घृणा; जुगुप्सा; गर्हा. Blame censure. प्राप्र०

घत्ता. स्त्री० (घत्ता) छंद विशेष. A stanza. पिंग०

घत्ताणंद. न० (घत्तानन्द) छन्द-विशेष. A stanza. पिंग०

घम्म. पुं० (घर्म) पसीना; स्वेद. Perspiration. हे० ४, ३२७;

घयपूस. पुं० (घृतपुष्य) एक जैन महर्षि. A Jain saint. कुलक० २२;

घयासव. पुं० (घृताश्रव) जिसका वचन घी की तरह मधुर लगे ऐसा लब्धिमान् पुरुष. A man whose speech is sweet. आवस०

घरंगण. न० (गृहाङ्गण) घर का आंगन; चौक. Courtyard. गा० ४४०;

घरकुडी. स्त्री० (गृहकुटी) (१) घर के बाहर की कोठड़ी. The outer cabin of the house. (२) चौक के भीतर की कुटिया. A cabin in the court-yard of the house. ओघ० नि० १०५; (३) स्त्री का शरीर. Body of a female. तंडु०

घरट्ट. पुं० (घरट्ट) अन्न पीसने का पाषाण यन्त्र. Grinding stone, Mill stone. गा० ८००; सण०

घरट्टी. स्त्री० (घरट्टी) शतघ्नी; तोप. Gun. दे० ३, १०;

घरित. त्रि० (गृहवत्) घर वाला; गृहस्थ. Owner of the house. प्राकृ० ३५;

घरिल्ल. पुं० (गृहिन्) गृही; संसारी; घरबारी. Owner of the house. गा० ७३६;

घरिल्ला. स्त्री० (गृहिणी) घर वाली; पत्नी.

Female, wife, owner of the house. कुमा०

घरिसण. न० (घर्षण) घर्षण; रगड़. Rubbing against, To rub. सण०

ग्रसणी. स्त्री० (घर्षणी) सर्प-रेखा. Snake's mark. स० ३५७;

ग्रसुमर. त्रि० (घस्मर) खाने की आदत वाला. Gluttonous; Voracious. प्राकृ० २८;

ग्राइआ. स्त्री० (घातिका) (१) घात; हत्या. Striking, Wounding, Killing. (२) घाव करना. To wound. सुर० १६, १५०;

ग्राइर. त्रि० (घ्रायिन्) सूँघने वाला. One who smells. गा० ८८६;

घाण. पुं० (घाण) घान; चक्की आदि में एक बार डालने का परिमाण. As much of grain as is put into a mill at one time. सुपा० १४;

घाणारिस. पुं० न० (घ्राणार्शस्) नासिका में होने वाला रोग विशेष. A disease of nose. ओघ० नि० १८४;

घायय. पुं० (घातक) नरक-स्थान विशेष. A place in hell .देवेन्द्र० २६,३०;

घारण. न० (घारण) विष के असर से होने वाली बेचैनी. Uneasyness caused by poison. सु० च० १२४;

घारिय. त्रि०(घारित) जो विषके असर से बेचैन हुआ हो. One uncasy on account of poison. उप० ४४२; उवर०६७; सुपा० १२४; ४४७;

घास. पुं० (घर्ष) घर्षण; रगड़. Rubbing. सुपा० १४.

घासेसणा. स्त्री० (ग्रासैषणा) आहार विषयक शुद्धि अशुद्धि का पर्यालोचन. To think about the shuddhi or ashuddhi of eatables. ओघ० नि० ३३८;

घिट्ठ. त्रि० (घृष्ट) घिसा हुआ; रगड़ा हुआ. Rubbed, Pounded. सुपा० २७८; गा० ६२६;

घिणा. स्त्री० (घृणा) (१) जुगुप्सा. Blame, Censure. (२) दया; अनुकम्पा. Tenderness; Pity. हे० १, १२८;

घित्तुमण. त्रि० (ग्रहीतुमनस्) ग्रहण करने की इच्छा वाला. One who desires to censure. सुपा० २०६;

घुणिय. त्रि०(घुणित) घुणों से विद्ध. A wood eaten by a weevil. बृह० १;

घुमघुमिय. त्रि० (घुमघुमित) (१) जिसने घुम घुम आवाज किया हो. One who made a noise. (२) न० घुम घुम ध्वनि. A kind of noise. सु० च० ५०;

घुम्मण. न० (घूर्णन) चक्राकार भ्रमण. Revolving, Turning round. कुमा० –

घुम्माविअ. त्रि० (घूर्णित) घुमाया हुआ. Rolling, Turning. वज्जा० १२२;

घुम्मिय. त्रि० (घूर्णित) घूमा हुआ; चक्र की तरह फिरा हुआ. Turned. सु० च० ६४;

घुम्मिर. त्रि० (घूर्णितृ) घूमने वाला; फिरने वाला; चक्राकार घूमने वाला. One who turns or; revolves. उप०पृ०६२; गा० १८०; गउड०

घुरुक्कार. पुं० (घुरुत्कार) सूअर आदि की आवाज. Voice or sound of pig. किरात० ६;

घुलिअ. त्रि० (घूर्णित) चक्राकार घूमा हुआ. Turned round. कुमा०

घुसिणल्ल. त्रि० (घुसृणवत्) कुङ्कुम वाला; कुङ्कुम-युक्त. One bearing mark of saffron on forehead. कुमा०

घूणाग. पुं० (घूणाक) स्वनाम ख्यात सन्निवेश विशेष. A village of this name "Ghunak". आया चू० १;

घूयारि. पुं॰ (घूकारि) काक; कौआ. Crow. तंडु॰

घोडग. पुं॰ (घोटक) कायोत्सर्ग का एक दोष. A blame in observation. प्रव॰ ५;

घोडग्गीव. पुं॰ (घोटग्रीव) अश्वग्रीव नामक प्रतिवासुदेव; नृप विशेष. Name of Basudev raja "Ashvagriv". आवम॰

घोणस. पुं॰ (घोनस) एक जति का सांप. A kind of snake. पउम॰ ३९, १७;

घोणा. स्त्री॰ (घोणा) (१) नाक; नासिका. Nose. पाअ॰(२) घोड़े की नाक. Nose of the horse. (३) सूअर का मुख-प्रदेश. Face of the pig. से॰ २, ६४; गउड॰

घोलणा. स्त्री॰ (घोलना) पत्थर वगैरहः का पानी की रगड़ से गोलाकार होना. A stone which turns round while being rubbed in water. स॰ ४७;

घोलाविअ. त्रि॰ (घोलित) मिश्रित किया हुआ. Having mixed. से॰ ४, ५२;

घोलिअ. त्रि॰ (घूर्णित) अत्यंत लीन. Immersed; To tumble. सुख॰ २, १३;

घोलिर. त्रि॰ (घूर्णितृ) घूमने वाला; चक्राकार फिरने वाला. Rolling, Turning; One which rolls or turns round. गा॰ ३३८; स॰ ७८; गउड॰ ५

घोस. न॰ (घोष) लगातार ग्यारह दिन का उपवास. A fast of eleven consecutive days. संबोध॰ ५८;

घोससेण. पुं॰ (घोषसेन) सातवें वासुदेव का पूर्व जन्म का धर्म-गुरु; एक जैन मुनि. A Jain muni (saint), A spiritual teacher of the previous life of the 7th Vasudev. पउम॰ २०, १७६;

घोसावण. न॰ (घोषण) घोषणा; डोंडी पिटवा कर जाहिर करना. Proclaiming by beat of drum. उप॰ २११;

च

च. पुं॰ (च) तालु स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष, Ch. The twentieth letter of the Nagri alphabet. प्राप॰ प्रामा॰

च. अ॰ (च) इन अर्थों में प्रयुक्त किया जाता अव्यय. And, also, moreover mutually, Equally. (१) अवधारण; निश्चय. Positive Certain. पंचा॰ १३; (२) भेद; विशेष. Difference. निसी॰ चू॰ १; (३) अतिशय; आधिक्य. Too much. निसी॰ चू॰ ४, (४) अनुमति; सम्मति. Opinion. निसी॰ चू॰ १; (५) पुनः; फिर. But. क॰ गं॰ ४, २३; ६९; प्रासू॰ ५;

चअ. स्त्री॰ (त्वच्) चमड़ी; त्वचा. Hide. षड्॰

चउकट्ठि. स्त्री॰ (चतुःकाष्ठी) चौखटा; द्वार के चारों ओर का काठ; द्वार का ढाँचा. Wooden, Frame of a door. निसी॰ चू॰ १,

चउक्किआ. स्त्री॰ (चतुष्किका) आंगन; छोट चौक. Small courtyard. सुर॰ ३, ७२;

चउगमण. न॰ (चतुर्गमन) चारों दिशाएं. Four sides. कप्प॰

चउड. पुं॰ (चोड) देश विशेष. A country "Chaur". सम्मत्त॰ ६०

चउप्पइया. स्त्री॰ (चतुष्पदिका) छन्द विशेष. A kind of poetry. पिंग॰

चउप्पाय. पुं॰ (चतुष्पाद) एक दिन का उपवास. One day's fast. संबोध॰ ५८;

चउप्फल. त्रि॰ (चतुष्फल) चौगुना. Four times. सिरि॰१२७.

चउबोल. स्त्री॰ न॰ (चौबोल) छन्द विशेष.

A kind of poetry. पिंग॰

चउब्बाहु. पुं॰ (चतुर्बाहु) (१) श्रीकृष्ण; चतुर्भुज. Lord Krishna, One who has four hands. (२) त्रि॰ चार हाथ वाला. One having four hands. नाट॰

चउमट्टिआ. स्त्री॰ (चतुर्मृत्तिका) कपड़े के साथ कुटी हुई मिट्टी. Earth pounded with cloth. निसी॰ चू॰ १८;

चउम्मुह. पुं॰ (चतुर्मुख) दो दिन का उपवास; बेला. 2 days fast; Fast of 2 days. संबोध॰ ५८;

चउरंगय. न॰ (चतुरङ्गक) एक तरह का जूआ. A kind of gambling. मोह॰ ८६;

चउरंत. (३) न॰ (चतुरन्त) चक्र; पहिया. Wheel. चेइय॰ ३४३;

चउरंसा. स्त्री॰ (चतुरंसा) छन्द विशेष. A stanza. पिंग॰

चउराणण. त्रि॰ (चतुरानन) (१) चार मुंह वाला. One who has 4 mouths. (२) ब्रह्मा; विधाता. Brahma, Creator of the world. गउड॰

चउरिमा. स्त्री॰ (चतुरिमन्) चतुरता; चातुर्य; निपुणता. Wisdom. completed. सुट्ठि॰ १६;

चउरुत्तरसय. त्रि॰ (चतुरुत्तरशततम) एक सौ चारवां; १०४वाँ. One hundred and fourth. पउम॰ १०४, ३५;

चउवीसिगा. स्त्री॰ (चतुर्विंशिका) समय मान विशेष; चौबीस तीर्थंकर जितने समय में होते हैं उतना काल; एक उत्सर्पिणी या एक अवसर्पिणी काल. A total time of 24 Jain Tirthankars. महानि॰४;

चउवेद-य चउव्वेद. त्रि॰ (चातुर्वेद) चारों वेदों का ज्ञाता; चतुर्वेदी; चौबे. One who knows four Vedas. A race of Brahmans. धर्मसं॰ १२३८; मोह॰ १०;

चउहत्थ. पुं॰ (चतुर्हस्त) श्री कृष्ण. Lord Krishna. सुख॰ ९, १;

चउहार. पुं॰(चतुराहार) चार प्रकार का आहार; अशन, पान, खादिम, स्वादिम. Food of four kinds, Food, Water, Sweetmeat, Fragrant articles. सु॰ च॰ ५७३;

चंकमिर. त्रि॰ (चंक्रमितृ) चंक्रमण करने वाला. One who goes or walks slowly hither & thither. सण॰

चंग. त्रि॰ (चङ्ग) सुन्दर; मनोहर; रम्य. Handsome, beautiful. दे॰ ३, १; उप॰ पृ॰ १२६; सुपा॰ १०६; करु॰ ३५; धम्म॰ ९ टी; कप्पू॰ प्राप॰ सण॰ भवि॰

चंच. पुं॰ (चञ्च) (१) पंकप्रभा नरक पृथ्वी का एक नरकावास. A place in a hell on the earth Pankprabha. इक॰ (२) न॰ देव विमान-विशेष. A deva's aeroplane. इक॰

चंचरीअ. पुं॰ (चञ्चरीक) भ्रमर; भमरा. A large black bee. दे॰ ३, ६;

चंचल. पुं॰ (चञ्चल) रावण के एक सुभट का नाम. A warrior of Ravna. पउम॰ ५६, ३९;

चंचला. स्त्री॰ (चन्चला) चन्चल स्त्री. Considerate woman; Fickle minded woman. (२) छन्द विशेष. A stanza. पिंग॰

चंचल्लिअ. त्रि॰ (चन्चलित) चञ्चल किया हुआ. Davering. Unsettled. विक्र॰ २९;

चंचा. स्त्री॰ (चन्चा) (१) नरकट की चटाई. A mat of reeds. (२) चमरेन्द्र की राजधानी; स्वर्ग-नगरी विशेष. Capital of Chamrander; A city in heaven. दीव॰

चंचुर. त्रि० (चन्चुर) चपल; चंचल. Fickle minded; Inconsiderate. कप्पू०

चंड. त्रि०(चण्ड) तेजस्वी; तेजिल. Famous, Splendid. उप० पृ० ३२१; (२) पुं० राक्षस वंश के एक राजा का नाम. Name of a Raja of Demons. (३) क्रोध; कोप. Anger, wrath पउम० ५, २६४; **—किरण.** पुं० (किरण) सूर्य; रवि. Sun. उप० पृ० ३२१; **—दीव.** पुं० द्वीप विशेष. A big country. इक० **—भाणु.** पुं० (भानु) सूर्य; सूरज. Sun. कुम्मा० १३;

चंडंसु. पु० (चण्डांशु) सूर्य; सूरज; रवि. Sun. कप्पू०

चंडकोसिय. पुं० (चण्डकौशिक) एक सर्प जिसने भगवान् महावीर स्वामी को सताया था. A serpent who had troubled Mahabir swami. कप्प०

चंडणह. पुं० (चन्दनख) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravna. पउम० ५६, ३१;

चंडपज्जोअ. पुं० (चण्डप्रद्योत) उज्जयिनी के एक प्राचीन राजा का नाम. Name of a Raja of Ujjain city in ancient time. आवम०

चंडमा. पुं० (चन्द्रमस्) चन्द्रमा; चांद. Moon. पिंग०

चंडातक. न० (चण्डातक) स्त्री का पहनने का वस्त्र. A Petticoat. दे० ३, १३;

चंडाली. स्त्री. (चण्डाली) (१) चण्डाल जातीय स्त्री. An outcaste female. (२) विद्या-विशेष. A knowledge. पउम० ७, १४२;

चंडिम. पुं० स्त्री० (चण्डिमन्) चण्डता; प्रचण्डता. Eminence. सुपा० ६६;

चंडिल. पुं० (चण्डिल) हजाम; नापित. Barber. पाश्र० गा० २६१;

चंडी स्त्री० (चण्डी) (१) क्रोधयुक्त स्त्री. A furious woman. गा० ६०८; (२) पार्वती; गौरी; शिव-पत्नी. Parwati, wife of Lord Shiva. पाश्र०

चंद. पुं० (चन्द्र) (१) नृप-विशेष. A Raja. उप० ७२८ टी; (२) रामचन्द्र; दाशरथी राम. Raja Ram Chandra Ji son of Raja Dashratha. से० १, ३४; (३) राम के एक सुभट का नाम. A warrior of Rama. पउम० ५६, ३८; (४) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, २; (५) राशि विशेष. A sign of the zodiac. भवि० (६) आह्लादक वस्तु. Any thing giving pleasure. (७) कपूर. Camphor. (८) स्वर्ण; सोना. Gold (९) पानी; जल. Water. हे० २. १६४; (१०) एक जैन आचार्य. A Jain Muni (saint). गच्छा० ६; (११) राधावेध की पुतली का वाम नयन; आंख का गोला. Pupil of the eye of "Radh-bedh" **—चार.** पुं० (चार) चन्द्र की गति. Move of moon. चंद० १०; **—णागरी.** स्त्री० (नागरी) जैन मुनि गण की एक शाखा A sect of Jain muni. कप्प० **—दरिसणिया.** स्त्री० (दर्शनिका) उत्सव विशेष; बच्चे के पहली बार के चन्द्र दर्शन के उपलक्ष्य में किया जाता उत्सव. A religious ceremony which is performed at the child's first sight of the moon. राज०

चंदंक. पुं० (चन्द्राङ्क) विद्याधर वंश का एक स्वनाम-ख्यात राजा. A famous Raja of Vidha Dhar Dynesty. पउम० ५, ४३;

चंदग. पुं० (चन्द्रक) देखो 'चंद' शब्द. See "word Chand." **—विज्झ.** न० (वेध्य) राधावेध. Radha Bedh, Eye of the fish which was struck by an arrow by Arjuna before his marriage with Daropdi in Daropdi Soember. "चन्दगविज्झं" संत्था० १२२; निसी० चू० ११;

चंदण. न० (चन्दन) छन्द-विशेष A stanza. पिंग०

चंदणक्खा. स्त्री० (चन्दनखा) रावण की एक बहिन का नाम. Chanda Nakha, name of a sister of Ravana. पउम० १०, १८;

चंदमाला. स्त्री० (चन्द्रमाला) (१) चन्द्राकार हार. A necklace like the moon. (२) छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

चंदमुही. स्त्री० (चन्द्रमुखी) (१) चन्द्र के समान आह्लादक मुख वाली स्त्री. A woman who has face like the moon. (२) कुश की पत्नी. Chadermukhi wife of Kush (son of Sita). पउम० १०६, १२;

चंदसेण. पुं० (चन्द्रसेन) (१) भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र०. Chander Sen; A son of Bhagwan Adinath. (२) एक विद्याधर राजकुमार. A son of Vidya Dhar Raja. महा०

चंदसेहर. पु० (चन्द्रशेखर) (१) नृप विशेष. A Raja of this name (Chander Shekhar). ती० ३८; (२) महादेव; शिव. Lord Shiva. पि० ३६५;

चंदहास. पुं० (चन्द्रहास) खड्ग विशेष. A sword of this name. से० १४, ५२; गउड०

चंदाअव. पुं० (चन्द्रातप) ज्योत्स्ना; चन्द्र की प्रभा; चन्द्रिका. Moonlight. से० १, २७;

चंदाभ. त्रि० (चन्द्राभ) (१) चन्द्र के तुल्य आह्लादजनक. To give delight or joy like the moon. (२) आठवां जिनदेव; चन्द्रप्रभ स्वामी. Eighth "Tirthankar" of Jainism Chandar Prabh Swami. आया चू० २;

चंदायय. पुं (चन्द्रातप) (१) देखो 'चंदाअव' शब्द. See "word Chandav" (२) आच्छादन विशेष; वितान; चंदवा. A cloth used as a canopy. सुर० ३, ७२;

चंदिअ. त्रि० (चान्द्रिक) चन्द्र का; चन्द्र-संबन्धी. Connected with the moon. प्रव० १४१;

चंदिआ. स्त्री० (चन्द्रिका) चन्द्र की प्रभा; ज्योत्स्ना. Moonlight. से० ५, २; गा० ७७;

चंदिकोज्जलीय. त्रि० (चन्द्रिकोज्ज्वलित) चन्द्र-कान्ति से उज्ज्वल बना हुआ. That, which looks white on account of the moonlight falling on it. चंड०

चंदिमाइय. न० (चान्द्रिक) 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन. A chapter of Sutar Gian Dharam Katha (A religious book of Jains). राज०

चंदिल. पुं० (चन्दिल) नापित; हजाम. Barber. गा० २६१;

चंदोयर. पुं० (चन्द्रोदर) एक राजकुमार. A son of a Raja. धम्म०

चंपग. पुं० न० (चम्पक) एक देवविमान. A Deva's aeroplane. देवेन्द्र० १४२;

चंपयमाला. स्त्री० (चम्पकमाला) छन्द विशेष. A stanza. पिंग०

चंपिज्जिया. स्त्री० (चम्पीया) जैन मुनि गण की शाखा. A sect of Jain munis. कप्प०

चकोर. पुं० स्त्री० (चकोर) पक्षि-विशेष; चकोर पक्षी. A bird of this name: Greek partridge. सुपा० ४५७;

चक्ककंत. पु० (चक्रकान्त) देव विशेष; स्वयं·

भूरमण समुद्र के अधिष्ठाता देव. "Chakarkant" A God of this name, holding possession of "Soembhu Raman" sea. दीव०

चक्कपाणि. पुं० (चक्रपाणि) (१) चक्रवर्ती राजा; सम्राट्. Emperor, A Sovereign of the world. (२) वासुदेव; अर्धचक्रवर्ती राजा. A Basudev; A Sovereign of the half world. पउम० ७३, ३;

चक्कयर. पुं० (चक्रचर) भिक्षुक; भिखारी. Beggar. उप० ६१७;

चक्कवाई. स्त्री० (चक्रवाकी) चक्रवाक पक्षी की मादा. The Ruddy goose (she). रंभा०

चक्कवाल. न० (चक्रवाल) (१) गोल जलाशय. Round tank. पच० ५२; (२) आवश्यक कार्य; नित्य कर्म. Daily work. पंचव० ४;

चक्कार. पुं० (चक्कार) राक्षस वंश का एक राजा; एक लंकापति. A Raja of Ceylon; King of demons. पउम० ५, २६३;

चक्काहिव. पुं० (चक्राधिप) चक्रवर्ती राजा; सम्राट्. Emperor, Sovereign of the world. सण०

चक्की. स्त्री० (चक्री) छंद-विशेष. A stanza. पिंग०

चक्खण. न० (आस्वादन) आस्वादन; चखना. To taste. उप० पृ० २५२;

चक्खिअ. त्रि० आस्वादित; चखा हुआ. Tasted. हे० ४, २५८; गा० ६०३; वज्जा० ४६;

चक्खु. पुं० (चक्षुष्) इस नाम का एक कुलकर पुरुष. Name of a man. पउम० ३, ५३; (२) न० नेत्र. Eyes. **—पडिलेहा.** स्त्री० (प्रतिलेखा) आंख से देखना. To see with eyes. निसी० १; **—वित्तिहय.** त्रि० (वृत्तिहत) दृष्टि से अपिरिचित. Invisible, out of sight. वव० ८;

चच्चरिअ. पुं० (चञ्चरीक) भ्रम; भंवरा. A beetle, A kind of insect. षड्०

चच्चरिया. स्त्री० (चर्चरिका) नृत्य विशेष. A kind of dance. रंभा०

चच्चरी. स्त्री० (चर्चरी) (१) गीत विशेष; एक प्रकार का गान. A sort of song. सु०च० ५५; (२) हाथ की ताली की आवाज. Cheers. आव० १; (३) गाने वाली टोली; गाने वालों का यूथ. Party of singers. स० ६२; (४) छन्द विशेष. Stanza. पिंग०

चच्चा. स्त्री० (चर्चा) (१) शरीर पर सुगन्धी वस्तु का विलेपन. Smearing the body with perfume. (२) विचार; चर्चा. To talk about. प्राकृ० ३८;

चज्जा. स्त्री० (चर्या) (१) आचरण; वर्तन. Actions; Character. (२) चलन; गमन. To move about. विशे० २०४४;

चट्टि. त्रि० (चट्टिन्) चाटने वाला. Licker. कप्पू०

चडक्कारि. त्रि० (चटत्कारिन्) 'चटत्' शब्द करने वाला. A voice. गउड०

चडड. पुं० (चटट) ध्वनि-विशेष; बिजली के गिरने की आवाज. To roar; To cry aloud; Thunder clap. सुर० २, ११०;

चडण. न० (आरोहण) चढ़ना; ऊपर बैठना. To mount; To sit over. ओघ० ३०; आ० १४; प्रारू० १०१; उप० ७२८ टी;

चडु. पुं० (चटु) (१) प्रियवचन; प्रियवाक्य. Agreeable discourse. (२) व्रती का एक प्रकार का आसन. A posture of devotion amongst ascetics. (३) उदर; पेट. The belly. (४) पुं० न० प्रियसंभाषण; खुशामद. Flattery. हे० १, ६७; प्राप्र० **—आरअ.** त्रि० (कारक) खुशामदी. Flatterer. गा० ६०५;

चडुलग. त्रि० (चटुलक) खंड २ किया हुआ. Broken into pieces. सूयनि० ७१;

चत्थरि. पुं० स्त्री० हास; हास्य. To laugh. दे० ३, २;

चपेटा. स्त्री० (चपेटा कराघात; थप्पड़; तमाचा. Slap. षड्.

चमक्क. पुं० (चमत्कार) विस्मय; आश्चर्य. Astonishment; Surprise. धम्म० ६ टी; उप० ७६८ टी; —यर. त्रि० (कर) विस्मय-जनक. Surprising; Astonishing सण०

चमक्कार. पुं० (चमत्कार) आश्चर्य; विस्मय. Astonishment; Surprise. सुर० १०, ८; वज्जा० २४;

चमक्किअ. त्रि० (चमत्कृत) विस्मित; आश्चर्यान्वित, Surprised; Astonished, सुपा० १२२;

चमरी. स्त्री० (चमरी) चमर पशु की मादा. Hide. से० ७, ४८; स० ४४१; महा०

चमुक्कार. पुं०(चमत्कार)(१) आश्चर्य; विस्मय. Astonishment. Surprise. सुर० १३, १७; (२) बिजली का प्रकाश. Flash of lightning सुर० २, ११०;

चम्मयट्ठि. स्त्री०(चर्मयष्टि) चर्म-मय यष्टि; चर्मदण्ड. A whip, stick of leather. कप्पू०

चम्मयर. पुं० (चर्मकार) मोची; चमार. Cobbler, Shoemaker. स० २८६;

चय. पुं० (चय) (१) समूह; राशि. Heap. विशे० २२१६; सू० च० ५७१; (४) ईंटों की रचना-विशेष. Edifice, Structure of bricks. पिंड० २;

चयणकप्प. पुं० (च्यवनकल्प) (१) पतन-प्रकार; चारित्र वगैरह के गिरने के प्रकार. Cause of degradation. (२) शिथिल साधुओं का विहार. Departure of degraded sadhus. गच्छा० १;

चर. पुं० (चर) (१) गमन; गति. To go. (२) वर्तन. Pot. दंस० आवम० (३) दूत; जासूस. A spy. पाअ० भवि०

चरंती. स्त्री० (चरन्ती) जिस दिशा में भगवान् जिनदेव वगैरः ज्ञानी पुरुष विचरते हों वह. A direction where Jinadeo travels. वव० १;

चरि. पुं० स्त्री० (चरि) (१) पशुओं को चरने की जगह. Meadow. (२) चारा; पशुओं के खाने की चीज; घास. Grass. कुम०.१७;

चरित्त. न० (चरित्र) जीवन कथा; जीवनी. Life, Autobiography. सम्मत्त० १२०;

चलचल. पुं० (चलचल) घी में तली चीज़ के पहले तीन घान. First three parts of any article fried in ghee. निसी० चू० ४;

चलणाओह. पुं० (चरणायुध) कुक्कुट; मुर्गा. Cock. षड्०

चलिअ. न० (चलित) विनष्ट. Gone; Ruined. धम्म० २;

चलिर. त्रि० (चलितृ) चलने वाला; Proceeder, Traveller. अस्थिर; चपल; चंचल. Swiftly, Fickle. उप० ६८६; सुपा० ७६; २५७; स० ४१;

चवल. त्रि० (चपल) (१) आकुल; व्याकुल. Trembling. (२) रावण का एक सुभट. A warrior of Rawana. पउम० ५६, ३६;

चविअ. त्रि० (च्युत) मृत; जन्मान्तर प्राप्त. Dead. कुमा० २, २६;

चव्वाक-चव्वाग. पुं० (चार्वाक) नास्तिक; बृहस्पति का शिष्य; लोकायतिक. Disciple of Brahspati (A name of God or star). प्रबो० ७८; राज०

चव्वागि. त्रि० (चार्वाकिन्) (१) चबाने वाला. One who Chews. (२) दुर्व्यवहारी. Bad worker; A man of bad character. दव० ३;

चव्विय. त्रि० (चर्वित) चबाया हुआ. Chewed. सुर० १३,१२३;

चसग-य. पुं० (चषक) (१) पान-पात्र; प्याला. Cup. सुर० २, ११; पउम० ११३, १०;

चाइय. त्रि० (त्याजित) छुटाया हुआ. Seperated. धर्मवि० ८;

चाउअंगी. स्त्री० (चार्वङ्गी) सुन्दर अंग वाली स्त्री. Beautiful body. प्राकृ० २९;

चाउंड. पुं० (चामुण्ड) राक्षस वंश का एक लंका पति. A demon; King of Ceylon. पउम० ५, २६३;

चाउंडा. स्त्री० (चामुण्डा) स्वनाम ख्यात देवी. A goddess of Hindus; Name of Durga. हे० १, १७४; —काउअ. पुं० (कामुक) महादेव; शिव. Mahadeo, a God of Hindus. कुमा०

चाउम्मासी. स्त्री० (चतुर्मासी) चार मास; चौमासा; आषाढ़ से कार्तिक, कार्तिक से फाल्गुन, और फाल्गुन से अषाढ़ तक के चार महीने. Four months of rainy season. पउम० ११८, ५८;

चाउरंत. न० (चतुरन्त) चक्र; पहिया. Wheel. चेइय० ३४४;

चाउरंत. न० (चातुरन्त) चोरी; लग्न मंडप. A place prepared for marriage. स० ७८;

चाउव्वेज्ज. न० (चातुर्वैद्य) (१) चार प्रकार की विद्या; न्याय, व्याकरण, साहित्य और धर्म शास्त्र. Knowledge of four kinds. (२) पुं० चौबे; ब्राह्मणों की एक अल्ल. A Brahman family. महा०

चाडु. पुं० न० (चाटु) प्रिय वाक्य. Pet talk. (२) खुशामद. Flatter. हे० १, ६७; प्राप्र०

चाडुअ. पुं० (चटुक) खुशामदी. Flatterer. कुमा०

चाणक्की. स्त्री० (चाणक्यी) लिपि विशेष. Chanak's script. विशे० ४६४;

चाय. पुं० (त्याग) दान. A gift, Charity. To give. सुर० १, ६५;

चायग-चायय. पुं० (चातक) पक्षी-विशेष; चातक पक्षी. A kind of bird, Cuckoo. सण० पाअ

चार. पुं० (चार) (१) कारागार; कैदखाना. Prison, Jail. भवि० (२) अनुष्ठान; आचरण. Commencement of course of proceeding, Conduct. आयानि० ४५; महा०

चारणिआ. स्त्री० (चारणिका) गणित विशेष. The science of arithmetic. ओघ० नि० २१;

चारहडी. स्त्री० (चारभटी) शौर्यवृत्ति; सैनिकवृत्ति. Valorous, Courgeous. सुपा० ४४१; ४४२; हे० ४, ३९६;

चारागार. न० (चारागार) कैदखाना; जेलखाना. Jail, Prison. सुर० १६, १७;

चारि. त्रि० (चारिन्) प्रवृत्ति करने वाला. Worker विशे० २४३टी;

चारिअ. त्रि० (चारित) जिसको खिलाया गया हो वह. Who was fed. से० २,२७;

चारिअ. पुं० (चारिक) पंचायत का मुखिया पुरुष; समुदाय का अगुआ. Headman. स० ४०९;

चारुवच्छि. पुं० ब० (चारुवत्सि) देश-विदेश. Name of a country. पउम० ९८, ६४

चारुसेणी. स्त्री० (चारुसेनी) छंद-विशेष. Stanza. पिंग०

चालण. न० (चालन) चलाना; हिलाना. To drive, To move. रंभा०

चालणिया. स्त्री० (चालनिका) आखा; छानने का पात्र. A strainer; Sieve. उप० १३४ टी;

चालिर. त्रि० (चालयितृ) चलाने वाला. Driver. चलने वाला. Mover. वज्जा० ७०;

चालुक्क. पुं० स्त्री० (चालुक्य) (१) चालुक्य वंश में उत्पन्न. Born in Chaluk race. (Family) (२) पुं० गुजरात का प्रसिद्ध राजा कुमारपाल. Name of a Raja of Guj-rat 'Kumarpal." कुमा०

चावल. न० (चापल) चपलता; चंचलता. Expedition, Haste अभि० २४१;

चावल्ल. न० (चापल्य) चंचलता; चपलता. Expedition, Haste. स० ५२६;

चावाली. स्त्री० (चावाली) इस नाम का एक गांव. Name of a village. आवम०

चाविय. त्रि०(चर्वित) चबाया हुआ Chewed. धर्मवि० ४६;१४६;

चावेडी. स्त्री० (चापेटी) विद्या विशेष, जिससे दूसरे को तमाचा मारने पर बीमार आदमी का रोग चला जाता है. a blow, a slap with the open hand. वव० ५;

चाहिय. त्रि० (वाञ्छित) (१) वाञ्छित; अभिलषित. Wished, desreid. (२) अपेक्षित. Desired. (३) च्याचित. Wished. भवि०

चाहुआण. पुं० (चाहुयान) (१) एक प्रसिद्ध क्षत्रिय वंश; चौहाण वंश. A Khashatriya Family (Race). (२) पुं० स्त्री० चौहान वंश में उत्पन्न. सु० च० ५५६;

चिअ. अ० (एव) निश्चय को बतलाने वाला अव्यय. As, like. हे० २,१८४; कुमा; गा० १६, ४६;

चिअ. अ० (इव) उपमा और उत्प्रेक्षा का सूचक अव्यय. Even Alike. प्राप०

चिअ त्रि० (चित) इकट्ठा किया हुआ. Collected, accumulated. (२) व्याप्त. Occupied. सु० च० २४१; (३) पुष्ट; मांसल. Stong, strout. उप० ८७५ टी;

चिआ. स्त्री० (त्विष्) कान्तिः तेज; प्रभा. Splendour, Beauty. पइ०

चिइ. स्त्री० (चिति) उपचय; पुष्टि; वृद्धि. Collecting, Gathering. प्रव० २; (२) बुद्धि; मेधा. Sense; understanding. पाअ०

चिइच्छअ. त्रि० (चिकित्सक) (१) दवा करने वाला; इलाज करने वाला. Doctor. (२) पुं० वैद्य. Vaid. मा० ३३;

चिउर. पुं० (चिकुर) केश; बाल. Hair. गा० १८८;

चिंचा. स्त्री० (चञ्चा) तृण की बनाई हुई चटाई वगैरः. Mat.

चिंचिअ. त्रि० (मण्डित) भूषित; अलंकृत. Ornamented, adorned. कुमा०

चिंचिल्लिअ. त्रि०(मण्डित) विभूषित; अलंकृत. Ornamented Adorned. पाअ०कुमा०

चिंत. त्रि० (चिन्त्य) चिन्तनीय; विचारणीय; विचार योग्य. To be considered, To be thought of. उप० ६८५;

चिंतविय. त्रि० (चिन्तित) जिसकी चिन्ता की गई हो वह. Considered, Thought-over. भवि०

चिंता. स्त्री० (चिन्ता) (१) विचार; पर्यालोचन. Reflection Consideration. पाउ० कुमा० (२) इष्ट प्राप्ति का संदेह Doubt of gain. कुमा० (३) ध्यान. Reflection. आव०४; —दिट्ठ त्रि० (दृष्ट) विचार पूर्वक देखा हुआ. Considered. पाअ० –मइय. त्रि० (मय) चिन्ता-युक्त. Considering. गा० १३३;

चिंतायग. त्रि० (चिन्तक) चिंता करने वाला. Anxious. आवम०

चिंतिर. त्रि० (चिन्तयितृ) चिंता-शील; चिंता करने वाला. Anxious. आ० २७; सण०

चिंध. न० (चिह्न) ध्वजा; पताका. A Banner. पाअ०

चिंधाल. त्रि० (चिह्नवत्) चिह्न युक्त; निशानी वाला. Having marks. पउम० १०६,७;

चिंधिय. त्रि० (चिह्नित) चिह्न युक्त. Marked. Spotted. पि० २६७;

चिक्कण. त्रि० (चिक्कण) निबिड; घना. Greasy, Thickly. सुर० १४, २०६,

चिक्खल्लय. न० (चिक्खल्लक) काठियावाड़ का एक नगर. Name of a city in Kathiawar. ती० २;

चिगिच्छण. नं० (चिकित्सन) चिकित्सा; इलाज Treatment, Healing. उप० १३५ टी; **—चिगिच्छा.** स्त्री०(चिकित्सा) दवा; प्रतीकार; इलाज. Medicine, Treatment. स० १७; **—संहिया.** स्त्री०(संहिता) चिकित्साशास्त्र; वैद्यक शास्त्र. A book of medical treatment. स० १७;

चिच्च. त्रि० (त्याज्य) छोड़ने योग्य परिहरणीय. To abonden, To be left or avoided. सुपा० ४६८;

चिणिअ. त्रि० (चित्त) इकट्ठा किया हुआ. Collected. सुपा० ३२३; कुमा०

चित्त. न० (चित्त) बुद्धि; मति. Sense. आव० ४

चित्तण. न० (चित्रण) चित्र-कर्म. To paint. धर्मवि० ३४;

चित्तयलया. स्त्री० (चित्रकलता) वल्ली-विशेष. A kind of herb. हम्मीर० २८;

चित्तलिअ. त्रि० (चित्रलित-चित्रित) चित्र युक्त किया हुआ. Painted. गा० २०८;

चित्तलेहा. स्त्री० (चित्रलेखा) छंदविशेष. Poetry. अजि० १३;

चित्तसंभूइय. न० (चित्रसंभूतीय) चित्र और संभूत नामक चाण्डाल विशेष के वृतान्त वाला उत्तराध्ययन सूत्र का एक अध्ययन. Story of the two chandals (inferior class Hindus). उत्त० १२; टी;

चित्तावडी. स्त्री० (चित्रपटी) वस्त्र विशेष; छींट आदि कपड़ा, Spotted cloth. स० ७३८;

चित्ती. स्त्री० (चैत्री) चैत्र मास की पूर्णिमा. Last day of the month "Chait." (March April) इक०

चिबुअ न० (चिबुक) होठ के नीचे का अवयव. Chin. कुमा०

चिब्भड. न० (चिर्भिट) ककड़ी; फल-विशेष. A kind of fruit. दे० ६,१४४;

चिब्भिड. न० (चिर्भिट) देखो 'चिब्भड' शब्द. See word "Chibbhar." सुपा० ६३०; पाअ०

चिर. न० (चिर) विलम्ब; देरी. Late. गा० ३४; दीर्घ काल तक रहने वाला. To remain for a long time. वज्जा० ५२; **—आरअ.** त्रि०(कारक) विलम्ब करने वाला. Retarder. गा०३४;

चिरं. अ० (चिरम्) दीर्घ काल तक; अनेक समय तक, For a very long time. स्वप्न० २६; जी० ४६;

चिरंतण. त्रि० (चिरन्तन) पुराना; बहुत काल का. Ancient, old. महा०

चिरच्चिय. त्रि० (चिरचित) चिर काल से उपचित. Accumulated for a long time. पंच० ५, १६७;

चिरस्स. अ० (चिरस्य) बहुत काल तक. For a long time (future). उत्तर० १७६; कुमा०

चिराउ. अ० (चिरात्) चिर काल से. For a long time; From an ancient time. कुप्र० ३६७;

चिरादण. त्रि० (चिरन्तन) पुरातन; प्राचीन. Ancient. बृह० ३;

चिराविय. त्रि० (चिरायित) (१) जिसने विलंब किया हो वह. The man who was late. (२) विलम्बित; रोका हुआ. Detained. (३) विलम्ब; देरी. Late. पउम० १०५, १०१;

चिल्ल. पुं० (चिल्ल) (१) वृक्ष विशेष. Name of a tree. राज० (२) न० फल विशेष. Name of a fruit. पउम० ६६, १६;

चिविट्ठ-चिविड. त्रि० (चिपिट) चिपटा; बैठा हुआ. To sit on ground. पि० २४८; पउम० २७, ३२; गउड०

चिविडा. स्त्री० (चिपिटा) गन्ध-द्रव्य-विशेष. A kind of perfume fragrant. दे० ३, ७१;

चीअ. न० (चिता) मुर्दे को फूंकने के लिए चुनी हुई लकडियों का ढेर. A funeral pile pyre. गा० १०४;

चीण. पुं० (चीन) धान्य-विशेष. A kind of corn. सण०

चीरकंडूसगपट्ट. पुं० (चीरकण्डूसकपट्ट) जैन साधुओं का एक उपकरण विशेष; रजोहरण का बंधन विशेष. A cloth required for a Jain muni to be his (ogha). निसी० चू० ५;

चीरग. पुं० (चीरिक) देखो 'चिरिग' शब्द. See "Cherig shabda" (word) गच्छ० २;

चुइ. स्त्री० (च्युति) च्यवन; मरण. To deviate from. राज०

चुंकारपुर. न० (चुङ्कारपुर) एक नगर. Name of a city. सम्मत्त० १४५;

चुंबिअ. त्रि० (चुम्बित) (१) चुम्बा लिया हुआ; कृत-चुम्बन. Kissed. (२) न० चुम्बन; चुम्बा. Kiss. दे० ६, ६८;

चुंबिर. त्रि० (चुम्बितृ) चुम्बन करने वाला. Kisser. भवि०

चुच्छ. त्रि० (तुच्छ) (१) अल्प; थोड़ा. Insufficient. (२) हीन; जघन्य; नगण्य. Not in the least. हे० १, २०४; षड्०

चुण्ण. पुं० न० (चूर्ण) (१) धूली; रज; रेणु. Dust; Powder. (२) चूना. Chalk; Lime. हे० १, १८४;

चुण्ण. न० (चौर्ण) पद विशेष; गंभीरार्थक पद; महार्थक शब्द. Serious poem or Deep poem. दसनि० २;

चुण्णा. स्त्री० (चूर्णा) छन्द विशेष; वृत्त-विशेष. A hymn. पिंग०

चुण्णि. स्त्री० (चूर्णि) ग्रन्थ की टीका विशेष. Translation of a book. निसी० चू०

चुण्णिअ. त्रि० (चूर्णित) धूली से व्याप्त. Mixed with dust; or Reduced to dust. दे० ३, १७;

चुन्नण. न० (चूर्णन) चूर चूर करना. To break into small pieces. खा० ३;

चुलिआला. स्त्री० (चुलियाला) छन्द-विशेष. A sacred hymn. पिंग०

चुलुअ. पुं० न० (चुलुक) चुल्लु; पसर; एक हाथ का संपुटाकार. The hand hollowed to hold water. सुपा० २१६; प्रासू० ५७;

चुलुचुलिअ. त्रि० (स्पन्दित) (१) फरका हुआ; कुछ हिला हुआ. Shaken; Throbbing. (२) न० स्फुरण; स्पन्दन. पाअ०

चूरिअ. त्रि० (चूर्णित) चूर चूर किया हुआ; टुकड़े टुकड़े किया हुआ. A broken thing. भवि०

चूला. स्त्री० (चूडा) (१) शिखर; टोंच. Top. उप० ७२८ टी; (२) अधिक मास. Extra month. (३) अधिक वर्ष. Extra year. (४) ग्रन्थ का परिशिष्ट. Remaining part of a book. दसचू० १; (५) शेर की केसरा. Lion's mane. (६) कुंत वगैरह का अग्रभाग. Point of a spear. (७) अलंकार; आभूषण. Ornament. निसी० चू० १; **—कम्म.** न० (कर्मन्) संस्कार विशेष; मुण्डन. To cut hairs. आवस्स०

चे. अ० (चेत्) यदि; जो. If. विशे०२५८६;

चेअ. अ० (एव) अवधारण सूचक अव्यय; निश्चय बताने वाला अव्यय. Like. हे० २, १८४;

चेट्ठण. न० (स्थान) स्थिति; अवस्थान. Place. वव० ४;

चेडय. पुं० (चेटक) मैला देवता; देव की एक जघन्य जाति. A low God. सुपा० २१७;

चेडी. स्त्री० (चेटी) देखो 'चेडिआ' शब्द. Maid servant. आवम०

चेत. पुं० (चैत्र) जैन मुनिओं का एक गच्छ. Party of Jain Munis. बृह० ६;

चेईस. पुं० (चेदीश) चेदि देश का राजा. Raja of Chedi (Chedi-a city).सण०

चेयग. त्रि० (चेतक) दाता; देने वाला. Giver. उप० ६५७;

चेयणा. स्त्री०(चेतना) ज्ञान; चैतन्य. Memory, An alive thing, a living. आव०६;

चेलहर. न० (चेलगृह) तम्बू; पट-मण्डप; रावटी. Tent. स० ५३७;

चेव. अ० (चैव) पाद पूरक अव्यय. A word which is used to complete a stanza. पउम० ८, ८८;

चेव. अ० (इव) सादृश्य-द्योतक अव्यय. Similar; Like. पउम० ३, ४;

चोज्ज. न० (चोद्य) (१) प्रश्न; पृच्छा. Question. (२) आश्चर्य; अद्भूत. Surprise. (३) त्रि० प्रेरणा-योग्य. Fit for request. गा० ४०६;

चोरंकार पुं० (चौर्यकार) चोर; तस्कर. Theif. सुपा० ३३४;

चोरकीड. पुं० (चोरकीट) विष्ठा में उत्पन्न होता कीट. Insect of night soil. जी० १७;

चोरण. न० (चोरण) (१) चोरी; चुराना. To steal; To rob. सुर० ८, १२२; (२) त्रि० चोर; चोरी करने वाला. भवि०

चोराग. (चोराक) इस नाम का एक संनिवेश. Name of a village. आवम०

चोरिआ. स्त्री० (चौरिका) चोरी; अपहरण. Theft. ग० २०६; षड्० हे० १, ३५; सुर० ६, १७८;

चोल. पुं० (चोल) देश विशेष; द्रविड़ और कलिङ्ग के बीच का देश. Name of a country. पिंग० सण०

चोवालय. पुं० न० (चतुर्द्वार) चौबारा; ऊपर का शयन-गृह. Upper story of a house with doors on four sides. दस० २, १० टी;

छ

छ. पुं० (छ) (१) तालु स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष. A particular palatal consonant. प्राप० प्राभा० (२) आच्छादन; ढकना. A covering; A lid. आवम०

छउम. पुं० न० (छद्मन्) छल; बहाना. An excuse; A pretence; A deceit. हे० २, ११२; षड्०

छंटण. न० (सेचन) सींचन; सिंचना. Sprinkling; Watering. सुपा० १३६; कुमा०

छंटिअ. त्रि०(सिक्त) सींचा हुआ. Sprinkled; Watered. सुपा० १३८;

छंडिअ. त्रि० (मुक्त) परित्यक्त; छोड़ा हुआ Released. आरा० भवि०

छंदण. न० (वन्दन) वन्दन; प्रणाम; नमस्कार. Salutation. गुभा० ४;

छंदिअ. त्रि०(छन्दित) (१) अनुज्ञात; अनुमत. Allowed; Permitted. ओघ०नि०३८०; (२) निमंत्रित. Invited. निसी० चू० २;

छच्चरण. पुं० (षड्चरण) भ्रमर; भमरा. A wasp. कुमा०

छज्जिअ. त्रि० (राजित) शोभित; अलंकृत. Decorated; Adorned. कुमा०

छट्ठी. स्त्री० (षष्ठी) जन्म के बाद किया जाता उत्सव विशेष. A ceremony performed on the sixth day after delivery. सुपा० ५७८;

छडा. स्त्री० (छटा) (१) समूह; परम्परा. A collection; A multitude. सुर० ४, २४३; वा० १२; (२) छींटा; पानी की बूंद. A drop of water. पाअ०

छडाल. त्रि०(छटावत्) छटा वाला. Beautiful; Lustrous. पउम० ३५, १८;

छड्डय. त्रि० (छर्दक) (१) छोड़ने वाला. One who releases. कुप्र० ३१७; (२) पुं० एक सेठ का नाम. A name of a banker. कुप्र० ३६६;

छड्डण. न०(छर्दन)(१) वमन कराना, Vomitting. (२) त्रि० वमन कराने वाला. One which causes to vomit. (३) छुड़ाने वाला. A deliverer; A liberator. कुमा०

छड्डवय. त्रि०(छर्दक) त्याग कराने वाला; त्याजक. One who causes to abandon. दे० २, ६२;

छड्डाविय. त्रि० (छर्दित) (१) वमन कराया हुआ. Caused to vomit. (२) छुड़वाया हुआ. Caused to release. आवम०

छड्डि. स्त्री०(छर्दि) वमन का रोग. Vomitting. षड्० हे० २, ३६;

छड्डि. स्त्री० (छर्दिस्) छिद्र; दूषण. A fault; A defect. महा०

छड्डिय. त्रि० (छर्दित) त्यक्त; मुक्त. Abandoned; Quitted. विशे० २६०६;

छणचंद. पुं०(क्षणचन्द्र) शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा. The full moon of Autumn. स० ३७१;

छणससि. पुं० (क्षणशशिन्) देखो 'छणचंद' शब्द. Vide 'छणचंद' सुपा० ३०६;

छणिंदु. पुं० (क्षणेन्दु) शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा. The full-moon of Autumn. सुपा० ३३; ४०४;

छत्त. न० (छत्र) (१) लगातार तेतीस दिनों का उपवास. Thirty-three fasts at a time. संबोध० ५८; (२) पुं० न० एक देव विमान. A celestial aeroplane. देवेन्द्र० १४०;

छत्त. पुं० (छात्र) विद्यार्थी; अभ्यासी. A student; A scholar. उप० पृ० ३३१; १६६ टी;

छत्ता. स्त्री० (छत्रा) नगरी विशेष. Name of a city. आवम०

छत्तिवण्ण. पुं०(सप्तपर्ण) वृक्ष-विशेष; सतौना; छतिवन. A kind of tree. हे० १, २६५; कुमा०

छप्पइगिल्ल. त्रि० (षट्पदिकावत्) युका-युक्त; युका वाला. Having lice. बृह० ३;

छप्पइया स्त्री०(षट्पदिका) यूका; जू. A louse. ओघ० नि० ७२४,

छप्पय. पुं०(षट्पद) (१) त्रि० छः स्थान वाला. Of six places. (२) छः प्रकार का. Of six kinds. विशे० २८६१; (३) छन्दविशेष. A kind of verse. पिंग०

छभासा. स्त्री० (षड्भाषा) प्राकृत, संस्कृत, मागधी, शौरसेनी, पैशाचिका और अपभ्रंश ये छः भाषाएं. The six languages *e. g.* Prakrit, Sanskrit, Magadhi, Shaursani, Paisachika, and Apbhransa. रंभा०

छमा. स्त्री० (क्षमा-क्ष्मा) पृथ्वी; धरिणी; भूमि. The earth. हे० २, १८; —**हर.** पुं० (धर) पर्वत; पहाड़. A mountain. षड्०

छमी. स्त्री०(शमी) वृक्ष विशेष; अग्नि गर्भ-वृक्ष. A kind of tree. हे० १, २६५;

छम्मुह. पुं० (षण्मुख) स्कन्द; कार्तिकेय.

Skanda; Kartikeya; The son of Mahadeo. हे० १, २६५;

छय. न० (क्षत) व्रण; घाव. A blow. हे० २, १७;

छय. न० (छद) (१) पर्ण; पत्ती; पत्र. A leaf. (२) आवरण; आच्छादन. Covering; Obscuring. से० ६, ४७;

छलण. न० (छलन) (१) ठगाई; वञ्चना. Cheating; Deceiving सुर० ६, १८१; (२) प्रक्षेपण; फेंकना. Throwing. आयानि० ३११;

छलत्थ. त्रि० (षडर्थ) छः अर्थ वाला. Having six meanings विशे० ६०१;

छलिअ त्रि० (स्खलित) स्खलना प्राप्त. Slipped; Stumbled. ओघ० नि० ७८६;

छलिअ. न० (छलिक) नाट्य-विशेष. A kind of a drama. मा० ४;

छलिअ. त्रि० (छलित) (१) शृङ्गार काव्य. An amorous poem. (२) चोर का इसारा; तस्कर-संज्ञा. A sign of a thief. राज०

छविअ. त्रि० (स्पृष्ट) छुआ हुआ. Touched. आ० २७;

छाइल्ल. त्रि० (छायावत्) छाया वाला; कान्ति-युक्त. Lustrous; Bright; Luminous. हे० २, १५६; षड०

छायाइत्तय. त्रि० (छायावत्) छाया-वाला; छाया-युक्त. Having shades. हे० २, २०३;

छार. त्रि० (क्षार) (१) पिघलने वाला; झरने वाला. A melter; Oozer. (२) गुड़. Treacle; Molasses. हे० २, १७; प्राप०

छाल. पुं० (छाग) अज; बकरा. A goat. हे० १, १६१;

छालिया. स्त्री० (छागिका) अजा; छागी. A she goat. सुर० ७, ३०; सण०

छाली. स्त्री० (छागी) अजा; छागी. A she-goat. प्रामा०

छावलिय. त्रि० (षडावलिक) छआवलिका परिमित समय वाला. Measuring six Avalikas (a particular measure of time). विशे० ५३१.

छाहा-छाहिया-छाही. स्त्री० (छाया) (१) छांडी; आतप का अभाव. Shade. (२) प्रतिबिम्ब; परछाईं. A reflection. षड्० प्राप० सुर० २, २४७, ६, ६५; हे० १. २४६; गा० ५४;

छिंदण. न० (छेदन) छेद; खण्डन; कर्तन. Cutting; Tearing. ओघ० नि० १६४;

छिंदावण. न० (छेदन) कटवाना; दूसरे द्वारा छेदन कराना. Causing to cut. महानि० ७;

छिंदाविय. त्रि० (छेदित) विच्छिन्न कराया गया. Caused to cut. स० २२६;

छिंपय. पुं० (छिम्पक) कपड़ा छापने का काम करने वाला. A cloth-printer; A stamper. पाअ०

छिक्क त्रि० (छुप्त) स्पृष्ट; छुआ हुआ. Touched. दे० ३, ३६; हे० २, १३८; से० ३, ४६;

—**परोइया.** स्त्री० (प्ररोदिका) वनस्पति विशेष. A kind of vegetable. विशे० १७५४;

छिक्कारिअ. त्रि० (छीत्कारित) छी, छी आवाज से आहूत; अव्यक्त आवाज से बुलाया हुआ. Called by sounding Chhi, Chhi. ओघ० नि० १२४;

छिछि. अ० (धिक्धिक्) छी छी; धिक् धिक्; अनेक धिक्कार. Fie; Shame; Pish. हे० २, १७४; षड्०

छिज्ज. त्रि० (छेद्य) (१) जो खण्डित किया जा सके; छेदने योग्य. Worthy to be pierced. (२) न० छेद; विच्छेद; द्विधाकरण. Cutting; Dividing. ओघ० नि० ४६;

छिज्जंत. त्रि० (क्षीयमाण) क्षय पाता; दुर्बल होता. Decaying. गा० ३४७;

छित्ति. स्त्री० (छित्ति) छेद; विच्छेद; खण्डन. Cutting; Dividing. विशे० १४५८;

छिद्दिय. त्रि०(छिद्रित) छिद्रयुक्त; छिद्र वाला. Porous. गउड०

छिन्न. त्रि० (छिन्न) निर्धारित; निश्चित. Determined; Resolved. बृह० १; **—मडंब.** त्रि० (छिन्न मडम्ब) जिस गांव या शहर के समीप में दूसरा गांव वगैरह नहीं. A village or a city where there is no other village etc. in its neighbourhood or vicinity. निसी०चू०१०;

छिवण. न० (स्पर्शन) स्पर्श; छूना. Touching. उप० १८७ टी; ६७७;

छिविअ. त्रि० (स्पृष्ट) (१) छुआ हुआ. Touched. (२) स्पर्श; छूना. A touch से० २, ८;

छिहा. स्री० (स्पृहा) स्पृहा; अभिलाषा. Desire; Ambition. कुमा० हे० १, १२८; षड्०

छिहिअ. त्रि०(स्पृष्ट) छुआ हुआ. Touched. कुमा०

छीण. त्रि० (क्षीण) क्षय प्राप्त; दुर्बल; कृश; Destroyed. हे० २, ३; गा० ८४;

छीयंत. त्रि०(क्षुवत्) छींक करता. Sneezing. ती० ८;

छीर. न० (क्षीर) (१) जल; पानी. Water. (२) दुग्ध; दूध. Milk. हे०२,१७;गा०५६७;

छुक्कारण. न० (धिक्कारण) धिक्कारना; निंदा. Scorning; Hating. बृह० २;

छुच्छ. त्रि० (तुच्छ) तुच्छ; क्षुद्र; हल्का. Trifling; Mean. हे० १, २०४;

छुट्ट. त्रि० (छुटित) छूटा हुआ; बन्धन-मुक्त. Released. सुपा० ४०७; सुक्त० ८६;

छुट्टण. न० (छोटन) छुटकारा; मुक्ति. Salvation. आ० २७;

छुण्ण. त्रि० (क्षुण्ण) (१) चूर्णित; चूर २ किया हुआ. Pounded; Levigated. (२) विहत; विनाशित; Destroyed; Perished. (३) अभ्यस्त. Practised. हे० २, १७; प्राप्र०

छुत्त. त्रि०(छुप्त) स्पृष्ट; छुआ हुआ. Touched. हे० २, १३८; कुमा०

छुध. त्रि०(क्षुध) भूखा. Hungry. प्राकृ०२२;

छुर. पुं० (क्षुर) (१) पशु का नख; खुर. A nail of an animal. (२) वृक्ष-विशेष; गोखरू. A kind of tree. (३) बाण;शर; तीर. An arrow. हे० २, १७; प्राप्र०

छुरण. न०(क्षुरण) अवलेपन. Besmearing. कप्पू०

छुरहत्थ. पुं० (क्षुरहस्त) नापित; हजाम. A barber. दे० ३, ३१;

छुरिय. त्रि० (छुरित) व्याप्त. Pervaded. (२) लिप्त. Besmeared. पउम० २८,२८;

छुरी. स्री० (क्षुरी) छुरी; चाकू. A knife. प्रासू० ६५;

छुहा. स्री० (सुधा) (१) अमृत; पीयूष. Nectar. हे० १, २६५; कुमा० **–अर.** पुं० (कर) चन्द्र; चन्द्रमा. The moon. षड्०

छुहाइअ. त्रि० (क्षुधित) भूखा; बुभुक्षित. Hungry. पाअ०

छुहाउल. त्रि० (क्षुदाकुल) भूखा; बुभुक्षित. Hungry. गा० ५८१;

छुहालु. त्रि० (क्षुधालु) भूखा; बुभुक्षित. Hungry. उप० पृ० १६०; १५० टी;

छेअ त्रि० (छेक) विशुद्ध निर्मल. Pure; Clean. पंचा० ३,३५; ३८; (२) न०कालोचित हित. Proper benefit. धर्मसं० ५४३;

छेअ. पुं०(छेद) विनाश; नाश. Destruction; Ruin. सुर० ५, १६४; (२) शुद्धि; परीक्षा का एक अंग; धर्म-शुद्धि जानने का एक लक्षण. A kind of examining. पंचव० ३;

छेअग. त्रि० (छेदक) छेदन करने वाला; काटने वाला. A cutter. विशे० ५१३;

छेअण. न० (छेदन) (१) निश्चायक वचन, A

determining word. बृह० १; (२) सूक्ष्म अवयव. A fine limb. बृह० १;

छेदश्र. त्रि० (छेदक) छेदने वाला. One who cuts. पि० २३३;

छेह. पुं०(क्षेप) प्रेरण; क्षेपण. Instigation. से० ४, १७;

छोडाविय. त्रि० (छोटित) छुड़वाया हुआ; बन्धन मुक्त कराया हुआ. Caused to release. स० ६२;

छोडिश्र. त्रि० (छोटित) छोड़ा हुआ; बन्धन. मुक्त किया हुआ. Released. सुपा० ५०४; स० ४३१;

छोल्लिय. त्रि० (तष्ट) छिलका उतारा हुआ; तुष-रहित किया हुआ. Husked; Stripped the husks from. उप० १७५;

छोह. पुं०(क्षेप) क्षेपण; फेंकना. Throwing सुपा० २६८;

छोहिय. त्रि० (क्षोभित) क्षोभ-प्राप्त; घबड़ाया हुआ; व्याकुल किया गया. Agitated; Confused. उप० १३७ टी;

ज

ज. पुं० (ज) तालु स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A particular palatal consonant. प्रामा० प्राप०

जश्रक्कार. पुं० (जयकार) जीत; अभ्युदय. Prosperity; Success. प्राकृ० ३०;

जइ. पुं० (यति) छंद शास्त्र में प्रसिद्ध विश्राम-स्थान; कविता का विश्राम-स्थान. A pause in metre धम्म० १ टी;

जइ. श्र० (यदा) जिस समय; जिस वक्त, At which time; When. प्राप्र०

जइ.श्र०(यत्र) जहां; जिस स्थान में, Where, षड्०

जइश्रव्व. त्रि० (जेतव्य) जीतने योग्य. Fit for being conquered. प्रवि० १२;

जइण. त्रि० (जैन) जिनदेव का भक्त; जिनधर्मी. A devotee Jinadeo. विशे० ३८३;

जइत्त. पुं० (जैत्र) नृप-विशेष. A name of a king. रंभा०

जइया. श्र० (यदा) जिस समय; जिस वक्त. When. उव० हे० ३, ६५;

जउ. पुं० (यदु) (१) स्वनाम ख्यात एक राजा. A name of a king. (२) सुप्रसिद्ध क्षत्रिय वंश. A well-known Kshatriya family. उव०—णंदण. पुं० (नन्दन) (१) यदुवंश में उत्पन्न. Born in Yadu lineage. (२) श्रीकृष्ण. Shree Krishna. उव०

जंगम. न० (जंगम) छन्द विशेष. A name of verse. पिंग०

जंगल. पुं० (जङ्गल) (१) निर्जल प्रदेश. Desert. बृह० १; (२) न० मांस. Flesh; Meat. वज्जा० ४२;

जंगुलि. स्त्री० (जाङ्गुलि) विष उतारने का मन्त्र; विष-विद्या. A spell for curing snake bites. ती० ४५;

जंगुलिय. पु० (जाङ्गुलिक) गारुड़िक; विष मन्त्र का जानकार. A snake-doctor. पउम० १०५, ५७;

जंघाल. त्रि० (जङ्घाल) द्रुत-गामी. One who walks fast. दे० ८, ७५;

जंतण. न० (यन्त्रण) (१) नियन्त्रण; संयमन; काबू. Control; Restraint. (२) रोकने वाला; प्रतिरोधक. One who prevents. से० ४, ४६;

जंतपुरिस. पुं० (यन्त्रपुरुष) यन्त्र निर्मित पुरुष; यन्त्र से पुरुष की चेष्टा करने वाला पुतला. A mechanical doll; A puppet furnished with contrivances, such as strings, for moving the limbs. श्रावम०

जंतिश्र. त्रि० (यान्त्रिक) यन्त्र कर्म करने वाला; कल चलाने वाला. A driver of a machine. गा० ५५४;

जंपण. न० (जल्पन) उक्ति; कथन. Telling. श्रा० १२; गउड०

जंपिर. त्रि० (जल्पितृ) जल्पाक; वाचाल. Loquacious; Talkative. दे० २, ६७;

जंबवंत. पुं० (जाम्बवत्) एक विद्याधर राजा. A Vidyadhar king. कुप्र० २५६;

जंबु. पुं० (जम्बु) जम्बुक; सियार. A fox. पउम० १०५, ५७;

जंबूसंड. पुं० (जम्बूषण्ड) इस नाम का एक ग्राम. Name of a city. श्राव०

जंबूसामि. पुं० (जम्बूस्वामिन्) एक सुप्रसिद्ध जैन मुनि. Name of a celebrated Jaina saint. श्रावम०

जंभग. त्रि० (जृम्भक) जंभाई लेने वाला. Yawning; Gaping. कप्प० सु० च० ४०;

जंभा. स्त्री० (जृम्भा) एक देवी का नाम. A name of a goddess. सिरि० २०३;

जंभिय. न० (जृम्भित) जँभाई. Yawning; Gaping. कप्प०

जक्ख. पुं० (यक्ष) श्वान; कुत्ता. A dog. श्रोघ० नि० १६३;

जक्ख. पुं० (यक्ष) (१) धनेश; यक्षाधिपति; कुबेर. The name of the treasurer of God. (२) एक विद्याधर राजा, जो रावण का मौसेरा भाई था. A Vidyadhar king, who was the son of Ravana's maternal uncle. पउम० ८, १०२;
—**कद्दम.** पुं० (कर्दम) केसर, श्रगर, चन्दन, कपूर श्रौर कस्तूरी का समभाग मिश्रण. Mixture of saffron, aloe-wood, camphor and musk. भवि०

जक्खिंद. पुं० (यक्षेन्द्र) श्ररनाथ भगवान का शासनाधिष्ठायक देव. A presiding god of the precept of Lord Aranatha. प्रव० २६; संति० ८;

जक्खिणी. स्त्री० (यक्षिणी) यक्ष योनिक स्त्री देवीश्रों की एक जाति. A demi-goddess A kind of deity. श्रावम०

जक्खी. स्त्री० (याक्षी) लिपि विशेष. A particular language. विशे० ४६४ टी;

जगार. पुं० (जकार) 'ज' श्रक्षर; 'ज' वर्ण. The word 'ज'. निसी० चू० १;

जगर. पुं० (जगर) संनाह; कवच; An armour. दे० ३, ४१;

जगार. पुं० (यत्कार) 'यत्' शब्द. The word 'यत्'. निसी० चू० १;

जग्गविश्र. त्रि० (जागरित) जगाया हुश्रा; नींद से उठाया हुश्रा. Awaken. सुपा० ३३१;

जग्गह. पुं० (यद्ग्रह) जो प्राप्त हो उसे ग्रहण करने की राजाज्ञा. An order of a king to take whatever is met. "रएणा जग्गहो घोसिश्रो" श्रावम०

जग्गिश्र. त्रि० (जागृत) जगा हुश्रा; त्यक्त-निद्र. Awaken. गा० ३८५; कुमा० सुपा० ५६३;

जग्गिर. त्रि० (जागरितृ) (१) जागने वाला. One who awakes. (२) सावचेत रहने वाला. Attentive; Cautious. सुपा० २१८;

जच्चिरं. श्र० (यच्चिरम्) जहां तक; जितने समय तक. Till; Untill. वव० ७;

जच्छ. पुं० (यक्ष्मन्) रोग-विशेष; क्षय रोग. Consumption; Phthisis. प्राकृ० २२;

जज्ञ. त्रि० (जय्य) जो जीता जा सके वह; जीतने के शक्य. Conquerable. हे० २,२४

जज्जिग. पुं० (जय्यिक) एक जैन श्राचार्य का नाम. A name of a Jaina preceptor. ती॰ १५;

जट्ट. पुं॰ (जर्त) (१) देश विशेष. A name of a country. भवि॰ (२) उस देश का निवासी. An inhabitant of that country. हे॰ २, ३०;

जट्ठ. त्रि॰ (इष्ट) यजन किया हुआ; याग किया हुआ. Sacrificed. स॰ ५५;

जट्ठि. स्त्री॰ (यष्टि) लकड़ी. A stick. महा॰ प्राप्र॰

जड. त्रि॰ (जड) शिशिर; जाड़े से ठंडा होकर चलने में अशक्त. Unable to walk on account of extreme cold. पाश्र॰

जडाउ-जडाउण. पुं॰ (जटायु) स्वनाम प्रसिद्ध गृद्ध पत्ति विशेष. A name of a well-known vulture. पउम॰ ४४, ५५; ४०;

जडागि. पुं॰ (जटाकिन्) देखो 'जटायु' शब्द. Vide 'जटायु'. पउम॰ ४१, ६५;

जडाल. त्रि॰ (जटावत्) जटा-युक्त; जटा-धारी. One who wears matted hair. हे॰ २, १५६;

जडासुर. पुं॰ (जटासुर) असुर-विशेष. A name of a devil. वेणी॰ १७७;

जडिअ. त्रि॰ (जटित) जड़ित; जड़ा हुआ; खचित; संलग्न. Fixed; Set. महा॰ पाश्र॰ (२) पिहित; ढंका हुआ. Covered. सिरि॰ ५१६;

जडिम. पुं॰ स्त्री॰ (जडिमन्) जड़ता; जड़पन; जाड्य. Stupidity; Dulness. सु॰च॰६;

जडिल. त्रि॰ (जटिल) व्याप्त; खचित. Pervaded. सुपा॰ ४६५;

जडिलिय-जडिलिल्ल. त्रि॰ (जटिलित) जटा युक्त किया हुआ. One who puts on matted hair. सुपा॰ १२५; २६६;

जडिल्ल. त्रि॰ (जटिन्) जटा वाला. Having matted hair. चंड॰

जड्डु. न॰ (जाड्य) जड़ता; जड़पन. Inertia; Inactivity. उप॰ ३२० टी; सार्ध॰१३०;

जढर-जढल. न॰ (जठर) पेट; उदर. The stomach. हे॰ १, २५४; प्राप्र॰ षड्॰

जण. त्रि॰ (जन) उत्पादक; उत्पन्न करने वाला. Producing; Creating. विशे॰ ६६० ;

जण. पुं॰ (जन) समुदाय; वर्ग. A collection ; The class. कुमा॰ पंचव॰ ४; **—जत्ता.** स्त्री॰ (जात्रा) जन समागम. Meeting of men. दंस॰४; **—ट्ठाण.** न॰ (स्थान) (१) दण्डकारण्य; दत्तिण का एक जंगल. A name of a jungle in Deccan called Dandka-aranya. (२) नगर विशेष; नासिक. A name of a city called Nasika. ती॰ २८; **—वई.** पुं॰ (पति) लोगों का मुखिया. A chief or leader of men. ओघ॰ **—वय.** पुं॰ (व्रज) मनुष्य-समूह. A crowd; A throng. पउम॰ ४, ५; **—वाय.** पुं॰ (वाद) लोकापवाद; लोक में निंदा. Public scandal; Popular censure. "जणवायभएणं" आव॰ १;

जणई. स्त्री॰ (जनिका) उत्पादिका; उत्पन्न करने वाली, A female producer. कुमा॰

जणंगम. पुं॰ (जनङ्गम) चाण्डाल A butcher. उप॰ १०३१ टी; पाश्र॰

जणद्दण. पुं॰ (जनार्दन) श्रीकृष्ण; विष्णु. Shree Krishna; God Vishnu. उप॰ ६४८ टी; पिंग॰

जणप्पवाद. पुं॰ (जनप्रवाद); लोकोक्ति. A proverb; A Maxim; A by-word. मोह॰ ४३;

जणमेअअ. पुं॰ (जनमेजय) स्वनाम-प्रसिद्ध नृप-विशेष. A well-known king so called. चारु॰ १२;

जणय. त्रि॰ (जनक) (१) उत्पादक; उत्पन्न करने वाला. One that produces. प्रासू॰ १६;

(२)पुं॰ राजा जनक;सीता का बाप. A king named Janaka, the father of Sita. पउम॰२१, ३३; (३) पुं॰ न॰ माता-पिता; माँ बाप. Parents. सुपा॰३५६;५१८; —तणया. स्त्री॰(तनया) राजा जनक की पुत्री; सीता. Sita, the daughter of the king Janaka. से॰१,३७;—नंदण. पुं॰ (नन्दन) राजा जनक का पुत्र भामण्डल. Bhamandala, the son of the king Janak. पउम॰६५, २५; —नंदणी. स्त्री॰ (नन्दनी) सीता; जानकी; राम-पत्नी. Sita, the wife of Rama. पउम॰ ९४; ४६;

जणयंगया. स्त्री॰ (जनकाङ्गजा) जानकी; सीता. Sita, the daughter of the king Janak. पउम॰ ४१, ७८;

जणस्सुइ. स्त्री॰ (जनश्रुति) किंवदन्ती; कहावत. A proverb; A maxim. धर्मवि॰११२;

जण्णयत्ता. स्त्री॰ (यज्ञयात्रा) बरात; बिवाह की यात्रा. A bride-groom's party.उप॰ ६५४;

जण्णसेणी. स्त्री॰ (याज्ञसेनी) द्रौपदी; पाण्डव-पत्नी. Draupadi, the wife of Pandavas. वेणी॰ ३७;

जण्णिय, पुं॰ (याज्ञिक) याजक; यज्ञ करने वाला. A sacrificer. आवम॰

जण्हई. स्त्री॰ (जाह्नवी) गंगा नदी; भागीरथी. The Ganges. अच्चु॰ ६,

जण्हवी. स्त्री॰ (जाह्नवी) सगर चक्रवर्ती की एक पत्नी; भागीरथ की जननी. The queen of Sagar Chakravarti and the mother of Bhagiratha.पउम॰५,२०१;

जण्हु. पुं॰ (जन्हु) भरत वंशीय एक राजा. A king of Bharat lineage. प्राप्र॰ हे॰ २, ७५; —सुआ. स्त्री॰ (सुता) गंगा नदी; भागीरथी. The river Ganges. पाप्र॰

जण्हुकन्ना. स्त्री॰(जन्हुकन्या) गंगा नदी. The river Ganges. कुप्र॰ ६६;

जन्न. त्रि॰(जन्य)उत्पन्न होने योग्य. Producible; Creatable. धर्मसं॰ २८०;

जपिर. त्रि॰(जपितृ) जाप करने वाला. One who repeats in a muttering manner and tells the beads of a rosary. षड्॰

जप्प. त्रि॰(याप्य)गमन कराने योग्य. Worthy to go. —जाण. न॰ (यान) वाहन विशेष; शिविका. A palanquin;A litter. दे॰६, १२२;

जप्पिअ. त्रि॰ (जल्पित) (१) उक्त; कथित. Told; Said. (२) न॰ उक्ति; वचन. A word. अच्चु॰ २;

जम. पुं॰ (यम) (१) इस नाम का एक तापस. Name of an ascetic. आवम॰ (२) मृत्यु; मौत. Death. आव॰४; (३) संयमन; नियन्त्रण. Restraining;Controlling. आवम॰

जमदग्गिजडा. स्त्री॰ (यमदग्निजटा) गन्ध द्रव्य विशेष; सुगन्धवाला. A kind of fragrant substance. उत्तनि॰ ३;

जमलपय. न॰ (यमलपद) प्रायश्चित्त विशेष. A kind of expiation. निसी॰ चू॰१;

जमलोइय. त्रि॰ (यमलौकिक) (१) यमलोक संबंधी; यमलोक से संबंध रखने वाला. Relating to Yamaloka.(२) परमाधार्मिक देव; असुरों की एक जाति. A kind of demons.

जमावण. न॰ (यमन) (१) नियन्त्रण करना. Restraining; Controlling. (२) विषम वस्तु को सम करना. Equalizing the unequal thing. निसी॰ चू॰१;

जमू. स्त्री॰(जमू) ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी का नाम. The crowned queen of

Ishanendra. इक०

जय. न० (जगत्) जगत्; दुनियां; संसार. The earth;The world, Universe. प्रासू० १५५,से०६,१;

जयंत. पुं०(जयन्त) इन्द्र का पुत्र. The son of Indra. पाश्र०

जयंती. स्त्री०(जयन्ती)भगवान महावीर के आठवें गणधर की माता.Name of the mother of the eighth Ganadhar of Lord Mahavira. आवम०

जयकम्मा. स्त्री० (जयकर्मा) विद्या-विशेष. A particular science. पउम०७, १३६;

जयजत्ता. स्त्री० (जययात्रा) शत्रु पर चढ़ाई. The march of an army; Expedition; Invasion. सु० च० ५४१;

जयण. त्रि०(जयन) जीतने वाला. Conquering; Vanquishing. कप्प०

जयमंगला. स्त्री० (जयमङ्गला) एक राज-कुमारी. A name of a princess. दंस० ३;

जयसंधि. पुं० (जयसन्धि) पुण्डरीक नामक राजा का एक मन्त्री. A minister of the king Pundrika. आव० ४;

जयसिरी. स्त्री० (जयश्री) विजय श्री; जय लक्ष्मी. A cry of victory or triumph. आवम०

जया. स्त्री० (जया) (१) विद्या-विशेष. A particular medicine. पउम०७,१४१; (२) औषधि-विशेष. A particular medicine. राज०

जर. पुं० (जर) (१) रावण का एक सुभट. A warrior of the king Ravana. पउम० ५९, ३; (२) त्रि० जीर्ण; पुराना Old; Ancient.

जर. त्रि० (जरत्) जीर्ण; पुराना; वृद्ध; बूढ़ा. Old. कुमा० सुर० २, ९९–१०४; **—ग्गव.** पुं०(गव) बूढ़ा बैल.An aged ox.बृह०१; **—ग्गवी.** स्त्री० (गवी) बूढ़ी गौ. An old cow. गा० ४६२;

जरण. न० (जरण) जीर्णता; आहार का हजम होना;हाजमा. Digesting. धर्मसं० ११३५;

जरा. स्त्री० (जरा) वसुदेव की एक पत्नी. A wife of Vasudeo. कुप्र० ९९;

जरि. त्रि०(जरिन्) वृद्ध; बूढ़ा. Old; Aged. उर० ३, १;

जल. न० (जाड्य) जड़ता; मन्दता. Inertia; Inactivity; Sluggishness. सार्ध० ७३; से० १, २४;

जल. न० (जल) वीर्य. Sperma genital; Semen virile. वज्जा० १०२;

जलंजली. पुं० (जलाञ्जली) तर्पण; दोनों हाथों में लिया हुआ जल. Presenting water to the names of the deceased or to the Pitris collectively; A religious right of offering water to the names of the deceased. सुर० ३, ५१; कप्पू०

जलकलंब. पुं० (जलकदम्ब) कदम्ब वृक्ष की एक जाति. A kind of tree. गउड०

जलग. पुं० (ज्वलक) अग्नि; आग. Fire. पिंड०

जलचारण. पुं० (जलचारण) जिसके प्रभाव से पानी में भी भूमि की तरह चला जा सके ऐसी अलौकिक शक्ति रखने वाला मुनि. A kind of saint having supernatural power of walking on water just like on earth. गच्छा० २;

जलजलिअ. त्रि० (जलजलित) जल जल शब्द से युक्त. Having the sound Jala-Jala. सिरी०६६४;

जलणजडि. पुं० (ज्वलनजटिन्) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४६;

जलणमित्त. पुं० (ज्वलनमित्र) स्वनाम ख्यात एक प्राचीन कवि. A name of an ancient poet. गउड०

जलथंभिणी. स्त्री० (जलस्तम्भिनी) विद्या-विशेष. A particular science. पउम० ७, १३६;

जलरंकु. पुं० (जलरङ्कु) पक्षि विशेष; ढ़ेंक पक्षी. A kind of bird. गा० ५७८; गउड०

जलहि. पुं० (जलधि) चार की संख्या. The number four. विवे० १४४;

जलोयर. न० (जलोदर) रोग विशेष; जलन्धर; जठराम. A kind of disease. सण०

जलोयरि. त्रि० (जलोदरिन्) जलन्धर रोग से पीड़ित. Dropsical. राज०

जल्लार. पुं० (जल्लार) (१) स्वनाम प्रसिद्ध एक अनार्य देश. A name of an Anarya country. (२) जल्लार देश का निवासी. An inhabitant of the Jallar country. इक०

जव. पुं० न० (यत्र) एक देव विमान. An aeroplane. देवेन्द्र० १४०;

जवण. न० (जपन) जाप; पुन: पुनः मन्त्र का उच्चारण. Repeating in a muttering manner and telling the beads of a rosary. पउम० ८६, ६०; स० ६;

जवण. स्त्री० (यावनी) (१) यवन की स्त्री. A wife of Yavana. (२) यवन की लिपि. Yavani language. विशे० ४६४ टी;

जवणी. स्त्री० (यवनी) परदा; आच्छादक पट. A veil; A curtain. (२) संचारिका; दूती. A female messenger; A female go-between. अभि० ५७

जवमज्झ. न० (यवमध्य) (१) तप विशेष. A kind of austerity. पउम० २२, २४;

जवस. न० (यवस) तृण; घास. Grass. उप० ०२८ टी; उप० पृ० ८४;

पप्फुडिअ. पुं० (प्रस्फुटित) नरकावास विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २६.

पप्फुरिअ. त्रि० (प्रस्फुरित) फरका हुआ. Trembled, palpitated. दे० ६, १६.

पप्फुल्ल. त्रि० (प्रफुल्ल) विकसित, खिला हुआ. Blooming, blossomed, full blown. उप०पृ०११४, पउम०३, ६६, सुर० २,७६, पड्०गा०६३६, ६७०, काप्र०१६१.

पप्फुलिअ. त्रि० (प्रफुल्लित) देखो 'पप्फुल्ल' शब्द. Vide 'पप्फुल्ल' सम्मत्त०१८६, भवि०

पप्फोडिअ. त्रि० (प्रस्फोटित) (१) निर्झाटित, झाड़ कर गिराया हुआ. Winnowed, whisked. पाअ० पडि० (२) फोड़ा हुआ, तोड़ा हुआ. Broken. संबोध० १७.

पबल. त्रि० (प्रबल) बलिष्ठ, प्रचण्ड, प्रखर. Very strong, powerful, mighty. कुमा०

पबुद्ध. त्रि० (प्रबुद्ध) (१) प्रवीण, निपुण. Wise, learned, clever. से० १२,३४, (२) जागा हुआ, Awakened, roused. सुर० ४, २२६; (३) जिसने अच्छी तरह जानकारी प्राप्त की हो. Knowing, conversant with.

पबोधण. न०(प्रबोधन) प्रकृष्ट बोधन. Knowledge, wisdom. राज०

पबोह. पुं० (प्रबोध) (१) जागरण. Wakefulness, Sleeplessness. (२) ज्ञान, समझ. Knowledge, wisdom, understanding. चारु० ५४, पि० १६०.

पबोहिअ. त्रि० (प्रबोधित) (१) जगाया हुआ. Awakened, aroused. जिसको ज्ञान कराया गया हो. Instructed, informed. सुपा० ३१३.

पब्भ. त्रि०(प्रह्व) नम्र. Humble, modest. प्राकृ० २४.

पब्भट्ठ–पब्भसिअ. त्रि० (प्रभ्रष्ट) (१) विस्मृत. Forgotten. से० १४, ४२, (२) पुं० नरकावास विशेष. Hell, देवेन्द्र० २८.

पब्भार. पुं० (प्राग्भार) प्रकृष्ट भार. Heavy load. धम्म० ८ टी; (२) ऊपर का भाग. Top, upper part. से० ४, २०, (३) एक देश, एक भाग. Part, portion. से० १,५८, (४) उत्कर्ष, परभाग. Excellence, superiority. गउड०

पब्भूअ. त्रि० (प्रभूत) उत्पन्न. Produced, sprung from. धर्मवि० ३५.

पब्भोअ. पुं०(प्रभोग) भोग, विलास. Amorous pastime, diversion; pleasure, enjoyment. दे० ६, १०.

पभंकरावई. स्त्री० (प्रभङ्करावती) विदेह वर्ष की एक नगरी. A city of Videha region. आयाचू० १.

पभंजण. पुं० (प्रभञ्जन) (१) वायु, पवन. Wind. से०१४, ६६, (२) मानुषोत्तर पर्वत के एक शिखर का अधिपति देव. A presiding god of the summit of the Manushottara mountain. राज०

—**तणअ.** पुं० (तनय) हनुमान. Name of a powerful monkey-chief. से० १४, ६६.

पभंसण. न० (प्रभ्रंशन) स्खलना. Stumbling, slipping, tripping. धर्मसं० १०७६.

पभणिय. त्रि०(प्रभणित) उक्त, कथित. Said. सण०

पभवा. स्त्री०(प्रभवा)तृतीय वासुदेव की पटरानी. A crowned queen of the third Vasudeo. पउम० २०, १८६.

पभविय. त्रि० (प्रभूत) जो समर्थ हुआ हो. Mighty, powerful. धर्मवि० १२३.

पभा. स्त्री०(प्रभा) प्रभाव. Dignity; Grandeur. देवेन्द्र० ३२०.

पभावई. स्त्री० (प्रभावती) (१) रावण की एक पत्नी का नाम. Name of a queen of Ravana. पउम० ७४, ११; (२) बलदेव के पुत्र निषध की भार्या. A wife of Nishadha, son of Baladeo. आयाचू० १.

पभावग. त्रि०(प्रभावक)(१) प्रभाव बढ़ानेवाला, शोभा की वृद्धि करने वाला. Dignifying. श्रा०६; द्र० २३; (२) उन्नति कारक. Prospering. (३) गौरव जनक. Creating honour. संबोध० ३१; कुप्र० १६८.

पभावाल. पुं० (प्रभापाल) वृक्ष विशेष. A kind of tree. राज०

पभास. पुं०(प्रभास)(१) एक जैनमुनि का नाम. Name of a Jaina saint. धर्म० ३, (२) एक चित्रकार का नाम. Name of a painter. धर्म० ३१ टी.

पभिइं-पभिई.पभीइ.पभीइं. अ०(प्रभृति)प्रारम्भ कर, शुरु कर, लेकर. From, eversince, beginning with. 'बालभावाओ पभिइं' सुर. ४,१६७, कप्प० महा०स०७३६,२७५ टि.

पभु. पुं० (प्रभु) (१) इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of Ikshvaku lineage. पउम० ५, ७. (२) स्वामी, मालिक. Master, owner, proprietor. पउम० ६३, २६, वृह० २. (३) राजा, नृप. King, ruler. निसी० चू० २. (४) त्रि० योग्य, लायक. Fit, proper, suitable. 'पभुत्तिवा' निसी० चू०२०.

पभुत्त. त्रि०(प्रभुक्त) (१)जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो. One who began to eat. सुर०१०, ५८; (२) जिसने भोजन किया हो. One who has eaten. स० १०४.

पमक्खण० न० (प्रम्रक्षण) (१) अभ्यन्जन, विलेपन. Smearing. (२) विवाह के समय किया जाता एक तरह का उबटन. A smearing ceremoney observed at the time of marriage. स० ७४.

पमक्खिअ. त्रि० (प्रम्रक्षित) (१) विलिप्त. Smeared. विवाह के समय जिस को उबटन किया गया हो. One who is annointed at the time of marriage. वसु०

पमज्जय. त्रि०(प्रमार्जक) प्रमार्जन करने वाला. Cleansing, Purifying. दे० ५, १८.

पमज्जिय. त्रि० (प्रमृष्ट-प्रमार्जित) साफ किया हुवा. Cleansed. महा०

पमद्द. पुं० (प्रमर्द) (१) ज्योतिष शास्त्र में प्रसिद्ध एक योग. A particular combination of stars in astrology. (२) मर्दन करने वाला One who annoints. (३) विनाशक. Destructive, ruinous. 'भवदुहपमद्द' संबोध० ३७.

पमद्दण. न० (प्रमर्दन) (१) रूई की पूणी बनाना. Making a roll of cotton ready for spinning. पिंड० ६०३. (२) त्रि० विनाश करने वाला. Destructive; ruinous. संबोध० ३७.

पमद्दय. त्रि० (प्रमर्दक) प्रमर्दन-कर्त्ता. Crushing, destroying. दसनि० १०, ३०.

पमय. पुं० (प्रमद) (१) आनन्द, हर्ष. Joy, pleasure; delight. काल० आ० २७; (२) न० धतूरे का फल. A Dhattura fruit. **—च्छी.** स्त्री० (अक्षी) स्त्री, महिला. Woman, lady. सुपा० २३०; **—वण.** न० (वन) राजा के अन्तःपुर स्थित वन. A pleasure-garden attached to the royal harem. से० ११, ३७.

पमा. स्त्री० (प्रमा) (१) प्रमाण, परिमाण. A measure. कुमा० (२) प्रमाण, न्याय. Accurate conception or notion, evidence, proof. 'अतिप्पसंगो पमासिद्धो' धर्मसं० ६८१.

पमाण. न० (प्रमाण)(१) संख्या. Number. जी० २६; (२) पुं० न० सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय. Authority, Warrant. (३) माननीय, आदरणीय. Worthy of honour. (४) सच्चा, सही, ठीक, यथार्थ. True, Real, Correct. 'पमाणो तेसिं' सुपा० ११०, आ० १४, प्रासू० ३३; **—वाय.** पुं० (वाद) न्याय शास्त्र, तर्क शास्त्र. Science of logic. समत्त० ११७.

पमाणिअ. त्रि० (प्रमाणित) प्रमाण रूप से स्वीकृत. Regarded as an authority. सुपा० ११०, आ० १२.

पमाणिआ-पमाणी. स्त्री० (प्रमाणिका-प्रमाणी) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

पमाय. पुं० (प्रमाद) दुःख, कष्ट. Mishap, calamity. 'असुप्पाइयसुप्पमाया' सत्त० ३५,

पमारणा. स्त्री० (प्रमारणा) बुरी तरह मारना. To slay mercilessly. वव० ३,

पमिय. त्रि० (प्रमित) परिमित, नापा हुआ. Measured. पंच० २, २०.

पमुक्क. त्रि० (प्रमुक्त) परित्यक्त. Abondoned, Gave up. हे० २, ६७, षड्०

पमुच्छिअ. पुं० (प्रमूर्च्छित) नरकावास विशेष. A hell. देवेन्द्र० २७.

पमुद्ध. त्रि० (प्रमुग्ध) अत्यन्त मुग्ध. Very lovely or charming. नाट—मालती० ४४.

पमुह. त्रि० (प्रमुख) (१) तल्लीन दृष्टि वाला. Face, turning the face towards. 'एगप्पमुहे' आया० (२) न० प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात. Commencement. 'पमुहे हवंति' पउम० १०८, ३१, पाअ०

पमेय. त्रि० (प्रमेय) प्रमाण-विषय, सत्य पदार्थ. Demonstrable. धर्मसं० ११६०.

पमेह. पुं० (प्रमेह) रोग-विशेष, मेह रोग, मूत्र-दोष, बहुमूत्रता. A general name for a urinary disease (such as gleet, diabetes &c.) निसी० चू० १,

पमोअ. पुं० (प्रमोद) राक्षस वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति. A king of Demon race. पउम० ५, २६३.

पमोयणा. स्त्री० (प्रमोदना) प्रमोदन, प्रमोद, आह्लाद. Delight, pleasure, joy. चेइय० ४११.

पम्माअ-पम्माइअ. त्रि० (म्लान) (१) विशेष म्लान; अत्यन्त मुरझाया हुआ. Faded, withered. गा० ५६; (२) शुष्क. Dry. धर्मवि० ५३.

पम्मुह. त्रि० (प्राङ्मुख) पूर्व की ओर जिसका मुंह हो. Turned towards or facing the east. भवि० वज्जा० १६४.

पम्ह. पुं० न० (पक्ष्मन्) (१) अक्षि-लोम, आँख के बाल. An eyelash. पाअ०; (२) पंख, पांख. Wing. हे० २, ७४, प्राप्र० (३) केश का अग्र भाग. The point of hair. से० ६, २०.

पम्हय. त्रि० (पक्ष्मज) (१) पक्ष्म से उत्पन्न. Produced by hair. (२) न० एक

प्रकार का सूना. A kind of thread. पंचभा०

पम्हलिय. त्रि० (पक्ष्मलित) धवलित, सफेद किया हुआ. Whitened, made white. स० ३६.

पम्हलाविय. त्रि० (विस्मारित) भुलाया हुआ, विस्मृत कराया हुआ. Caused to forget. सुख० २, ५.

पम्हुसिअ. त्रि० (विस्मृत) जिसका विस्मरण हुआ हो. Forgotton. कुमा० उप० ७६८ टी.

पम्हुहण. त्रि० (स्मर्तृ) स्मरण करने वाला. One that remembers. कुमा०

पय. पुं० न० (पद) (१) शब्द-समूह, वाक्य. Sentence. 'उवएमपया इहं' उप० १०३८, आ० २३, (२) पाद-चिन्ह, पदाङ्क. Foot-mark. सुर० २, २३२, सुपा० ३५४, आ० २३, पासू० ५०, (३) निमित्त, कारण. Cause. (४) पदवी; अधिकार. Rank, position, office. 'जुवरायपए' सुर० २, १७५, महा० (५) त्राण, शरण. Protection, preservation, shelter, (६) प्रदेश. Region. (७) व्यवसाय. Exertion. आ० २३, **—रक्ख.** पुं० (रक्ष) पदाति, प्यादा. A foot soldier. भवि० हे० ४, ४१८; **—विग्गह.** पुं० (विग्रह) पद-विच्छेद. Separation of words. विशे० १००६; **—विभाग.** पुं० (विभाग) उत्सर्ग और उपवाद का यथा-स्थान निवेश; सामाचारी विशेष. Portion, Partition of inheritance, the numeration of a fraction; आव० १.

पयंग. पुं० (पतङ्ग) (१) सूर्य, रवि. Sun. 'दिट्ठउग्गयपयंगो' उष्ठ० ७२८ टी, पात्र०; (२) रंग विशेष, रञ्जन द्रव्य-विशेष. A kind of colour. उर० ६, ४, सिरि० १०५७.

पयंपण. न० (प्रजल्पन) कथन, उक्ति. Speech, Expression. उप० पृ० २१७.

पयंपिय. त्रि० (प्रकम्पित) अति कांपा हुआ. Excessively trembled. सं० ३७७.

पयंसण. न० (प्रदर्शन) दिखलाना. Showing, manifesting, exhibit. स० ६१३.

पयंसिअ. त्रि० (प्रदर्शित) दिखलाया हुआ. Shown, displayed, exhibited. सुर० १, १०१, १२, ३२.

पयच्छण. न० (प्रदान) दान, अर्पण. Donate, offerings. सुर० २, १५१; (२) त्रि० देने वाला. Donor. सण०

पयट्टावअ. त्रि० (प्रवर्तक) प्रवृत्ति कराने वाला. Prompting, inducing, instigating. कप्पू०

पयट्टाविअ. त्रि० (प्रवर्तित) प्रवृत्त किया हुआ, किसी कार्य में लगाया हुआ. Prompted, incited, instigated. महा०

पयड. त्रि० (प्रकट) विख्यात, विश्रुत, प्रसिद्ध. Renowned, famous, celebrated. 'विस्सुओ पयडो' पाअ०

पयडण. न० (प्रकटन) (१) व्यक्त करना, ज़ाहिर करना. The act of manifesting or disclosing. सण० (२) त्रि० प्रकट करने वाला. Manifesting, displaying. धर्मवि० ६६.

पयडावण. न० (प्रकटन) प्रकट कराना. Causiug to manifest. भवि०

पयडाविय. त्रि० (प्रकटित) प्रकट कराया हुआ. Caused to manifest. काल० भवि०

पयडीकय. त्रि० (प्रकटीकृत) प्रकट किया हुआ. Manifested, displayed. महा०

पयडीभूअ-पयडीहूअ त्रि० (प्रकटीभूत) जो प्रकट हुआ हो. Appeared. सुर० ६, १८४, आ० १६, महा० सण०

पयत्ताविअ. त्रि० (प्रवर्तित) प्रवृत्त किया हुआ. Prompted, incited, instigated. काल०

पयत्थ. पुं० (पदार्थ) शब्द का प्रतिपाद्य, पद का अर्थ. The meaning of a word. विशे० १००३, चेइअ० २७१; (२) तत्त्व. Sum and substance. सुपा० २०५.

पयत्थ. पुं० (पदस्थ) पदाति, प्यादा. Foot-soldier. 'सहपयत्थेण' पउम० ६, १८२.

पयर. पुं० (प्रदर) (१) योनिका रोग-विशेष. A kind of disease which is common among the women folk. (२) विदारण, भंग. Tearing, breaking. (३) शर, बाण. Arrow. दे० ६, १४.

पयर. पुं० न० (प्रतर) गणित विशेष, सूची से गुणी हुई सूची. A kind of mathematical calculations. क०गं०५, ६७, जीवस. ६२, १०२.

पयरण. न० (प्रकरण) प्रस्ताव, प्रसंग. Occasion, opportunity. (२) एकार्थ प्रतिपादक ग्रन्थ. A book on a particular subject. (३) एकार्थ प्रतिपादक ग्रन्थांश. Chapter, section. 'जुम्हदम्ह पयरणं'. हे० १, २४६.

पयरण. न० (प्रतरण) प्रथम दातव्य भिक्षा. Alms that can be given on the very out-set. राज०

पयल. त्रि० (प्रचल) चलायमान, चलने वाला. Trembling, shaking, tremulous. पउम० १००, ६.

पयलाइअ. न० (प्रचलायित) (१) निद्रा, नींद. Sleep. (२) नींद के कारण बैठे २ सिर का डोलना. Nodding of the head owing to sleep. से० १२, ४२.

पयल्ल. त्रि० (प्रसृत) फैला हुआ. Spread. पाअ०

पयल्लिर. त्रि० (प्रसृमर) फैलने वाला. One that spreads. कुमा०

पयल्लिर. (प्रचलितृ) शिथिल होने वाला, ढीला होने वाला. One that becomes dilatory; One who is slackened or relaxed. कुमा० ६, ४३. (२) लटकने वाला. One that hangs down or dangles. कुमा० ६, ४३.

पयविअ. त्रि० (प्रतप्त) गरम किया हुआ; तपाया हुआ. Heated, warmed. गा० १८५; से० २, २५.

पयवी. स्त्री० (पदवी) मार्ग, रास्ता. Way, road, path. पाअ० गा० १०७, सुपा० ३७८, (२) बिरुद, पदवी. Position, rank, office. उप० पृ० ३८६.

पयाइ. पुं० (पदाति) प्यादा; पैदल चलने वाला सैनिक. Foot-soldier. हे०२, १३८, पड्० कुमा० महा०

पयाग. पुं० न० (प्रयाग) तीर्थ-विशेष, जहां गंगा और जमुना का संगम है. Name of a place of pilgrimage at the confluence of the Ganges and Jamuna near the modern Allahabad. पउम०८२, ८१, हे०१,१७७.

पयाणंद. पुं० (प्रजानन्द) एक कुलकर पुरुष का नाम. Name of a Kulkar. पउम० ३, ५३.

पयापाल. पुं० (प्रजापाल) एक जैन मुनि जो पांचवें बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे. A Jaina Saint, preceptor of fifth Baladeo in a former birth. पउम० २०, १६२.

पयार. पुं० (प्राकार) किला, दुर्ग. Fortress, fortification. पउम०३०, ४६.

पयार. पुं० (प्रचार) (१) प्रकर्ष-प्राप्ति.

Excellent gain or acquisition. दसनि० १, ४१. (२) आचार, आचरण. Conduct, character. दसनि० १, १३५.

पयारिअ. त्रि० (प्रतारित) ठगा हुआ, वञ्चित. Cheated, deceived. पाअ० सुर० ४, १५५.

पयावइ. पुं० (प्रजापति) (१) ब्रह्मा, विधाता. An epithet of Brahma. पाअ० सुपा० ३०५, (२) दक्ष, कश्यप आदि ऋषि. An epithet of sages-Daksha, Kashyapa etc. (३) राजा, नरेश. King, ruler. (४) सूर्य, रवि. Sun. (५) वह्नि, अग्नि. Fire. (६) त्वष्टा. A carpenter. (७) पिता, जनक. Father, progenitor. (८) कीट-विशेष. A kind of insect. (९) जामाता. Son-in-law. हे० १, १७७; १८०.

पयावण. न० (प्रतापन) अग्नि. Fire. कुप्र० ३८९.

पयावि. त्रि० (प्रतापिन्) प्रतापशाली. Glorious, dignified. (२) पुं० इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम. King of Ikshvaku race. पउम० ५, ५.

पयासण. न० (प्रकाशन) प्रकाश करण. Illuminating, making known. सुपा० ४१६; (२) त्रि० प्रकाशक, प्रकाश करने वाला. Publisher. 'परमत्थपयासणं वीरं' पुप्फ० १.

पयासि. त्रि० (प्रकाशिन्) प्रकाश करने वाला. Shining. सण० हम्मीर० १४.

पयासिर. त्रि० (प्रकाशितृ) प्रकाश करने वाला. Disclosing, making known. भवि०

पर. त्रि० (पर) (१) प्रकर्ष-प्राप्त, प्रकृष्ट. Highest, greatest, distinguished, आ० २३. (२) दूरवर्ती. Distant, remote. निसी० चू० १. (३) न० केवल, फक्त. Alone, mere, only. कुमा० भवि० **—उट्ठ.** त्रि० (पुष्ट) (१) अन्य से पालित. Fed or nourished by another. (२) पुं० कोकिल पक्षी. Cuckoo. हे० १, १७९. **—गणिच्चय.** त्रि० (गणीय) भिन्न गण से सम्बन्ध रखने वाला. Belonging to. निसी० चू० ८. **—गरिहंझाण.** न० (गर्हा-ध्यान) इतर की निन्दा का विचार. Consideration of anothers censure. पाउ० **—चित्तण्णु.** त्रि० (चित्तज्ञ) अन्य के मन के भाव को जानने वाला. Knowing the mind of another. उप० १७९ टी. **—च्छंद-छंद.** त्रि० (च्छंद) पराधीन, परतंत्र. A dependant. राज० पाअ० **—जाणुअ.** त्रि० (ज्ञ) (१) पर को जानने वाला. Knowing others. (२) प्रकृष्ट जानकार. Knowing excellently. प्राकृ० १८. **—ट्ठा.** स्त्री० (अर्थ) दूसरे के लिए. Intended or disigned for another. **—णिंदंझाण.** न० (निन्दाध्यान) अन्य की निन्दा का चिन्तन. Consideration idea of another's censure. आउ० **—तीर.** न० (तीर) सामने वाला किनारा. Opposite bank. पाअ० **—त्त.** न० (त्व) (१) भिन्नत्व; पार्थक्य. Separation. (२) वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध गुण-विशेष. A particular quality of vaiseshikas. विशे० २४६१. **—दारि.** त्रि० (दारिन्) परस्त्री लम्पट. An adulterer. 'परदारियाए आयाओ' सुर० ६, १७९; **—भाग.** पुं० (भाग) (१) श्रेष्ठ अंश. An excellent part. (२) अन्य का हिस्सा. Another's share. (३) अत्यन्त उत्कर्ष. Prosperity. उप० पृ० ६७. **—महेला.** स्त्री० (महेला) (१) उत्तम स्त्री. A noble lady. (२) परकीय स्त्री.

Another's wife. सुपा० ४७०;—**वाय.** पुं० (वाच्) (१) सज्जन; सुजन. Good man. (२) त्रि० श्रेष्ठ वाणी वाला. Eloquent, orator. श्रा० २३.

परओ. अ० (परतस्) (१) बाद में, परली तरफ. On the opposite side. 'अडवीए परओ' महा० (२) भिन्न में, इतर में. Among others. कुमा० (३) इतर से, अन्य से. From another.

परं. अ० (परुत्) गत वर्ष. Last year. 'परं परारिं' वै० २; 'अज्जं परं' प्रासू० ११०.

परंतु. अ० (परन्तु) किन्तु. But. सुपा० ४६६.

परक्कम. पुं० न० (पराक्रम) (१) उत्साह. Zeal, enthusiasm. (२) चेष्टा, प्रयत्न. Effort, exertion. श्राया० चू० १, प्रासू० ६३.

परक्कमि. त्रि० (पराक्रमिन्) पराक्रम संपन्न. Prowess. धर्मवि० १६; १२०.

पर-घाय. पुं० (पराघात) (१) दूसरे को आघात पहुंचाना. To kill, to take to a slaughter-house. (२) कर्म-विशेष; जिसके उदय से जीव अन्य बलवानों की दृष्टि में अजेय समझा जाता है. A penance by which a man becomes invincible.'परघाउदयापाणी' क० गं० १, ४४.

परत्त. अ० (परत्र) (१) जन्मान्तर में, परलोक में. In the next world. सुपा० ५०८, (२) न० जन्मान्तर. Rebirth. 'परत्ते नरयगइं' सुपा० ५२१; 'किं परकेण' वज्जा० १३८.

परद्दारिअ. पुं० (पारदारिक) परस्त्री-लम्पट. Adulterater पउम० १०५, १०७.

परम. न० (परम) (१) सुख. Happiness. दस० ४; (२) लगातार पांच दिनोंका उपवास. Five fasts at a time. संबोध० ५८. —**बोधिसत्त.** पुं० (बोधिसत्त्व) परमार्हंत, अर्हन् देव का परम भक्त. A devotee of Arhana.मोह०३;—**संखिज्ज.**न० (संख्येय) संख्या विशेष. Number. क० गं० ४, ७१; —**हेला.** स्त्री० (हेला) उत्कृष्ट तिरस्कार. Contempt, disdain. सुपा० ४७०.

परमट्ठ. पुं० (परमार्थ) (१) सत्य पदार्थ, वास्तविक चीज. A true object. 'अयं परमट्ठे' धर्म० १, (२) संयम, चारित्र. Conduct, character. (३) पुं० न० तत्त्व; सत्य. The highest or most Sublime truth. 'परमट्ठनिट्ठिअट्ठा' पडि० धर्म० २.

परमत्थ. न० (परमास्त्र) सर्वोत्तम हथियार, अमोघ अस्त्र. An unfailing weapon. से०१, १.

परमन्न. न० (परमन्न) एक दिन का उपवास. Fast. संबोध० ५८.

परम-प्पया. स्त्री० (परात्मता) मुक्ति, मोक्ष. Salvation, final emancipation. 'परमप्पंय पत्तो' सुपा० १२७;

परमिट्ठि. पुं० (परमेष्ठिन्) (१) ब्रह्मा, चतुरानन. Brahma. पाअ० सम्मत्त० ७८, (२) अर्हन्, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और मुनि. Arhan, Siddha, Acharya, Upadhyaya and Muni. सुपा० ६५, आप० ६८, गण० ६, निसा० २०.

परमुक्क. त्रि० (परामुक्त) परित्यक्त. Abandoned, gave up. पउम० ७१, २६.

परमुवगारि-परमुवयारि. त्रि० (परमोपकारिन्) बड़ा उपकार करने वाला. One who is serviceable to others. सुर० २, ४२; २, ३७.

परमेसर. पुं० (परमेश्वर) सर्वैश्वर्य-संपन्न, परमात्मा. God. सम्मत्त० १४४, भवि०

परसुराम. पुं० (परशुराम) जमदग्नि ऋषि का पुत्र, जिसने इक्कीस बार निःक्षत्रिय पृथ्वी की थी. Name of a celebrated Brahmana warrior, son of Jamadagni, who exterminated Kshatriya race twenty-one times. कुमा० पि० २०८.

परहुत्त. त्रि० (पराभूत) पराजित, हराया हुआ. Defeated. पउम० ६१, ८.

परा. अ० (परा) (१) आभिमुख्य, संमुखता. Facing, (२) त्याग. Giving up, abandoning, (३) घर्षण. Rubbing, friction, (४) प्राधान्य, मुख्यता. Ascendancy, supremacy, (५) विक्रम. Chivalrous, heroic, (६) गति, गमन. Motion, (७) भङ्ग. Braeaking, (८) अनादर. Disregard, disrespect, (९) तिरस्कार. Contempt, disdain, (१०) प्रत्यावर्तन. Returning, coming back. हे० २, २१७, (११) भृश, अत्यन्त. Very much, in a high degree, excessively. आ० २३.

पराइ. स्त्री० (परकीया) इतर से संबन्ध रखने वाली. Another's wife, A woman not one's own. हे० ४, ३५०; ३६७.

पराकय. त्रि० (पराकृत) निराकृत, निरस्त. Refuted. अज्झ० ३०.

पराजय. पुं० (पराजय) परिभव, अभिभव. Defeat, discomfiture. राज०

पराणग. त्रि० (परकीय) अन्य का, दूसरे का. Belonging to another. 'पराणगंपि' गच्छ० २, ५०.

पराणयण. न० (परानयन) पहुँचाना. Send off. 'परानयणे का लज्जा' उप०७२८ टी.

पराणिय. त्रि० (पराणीत) पहुंचा हुआ. Reached. भवि०

पराभविअ. त्रि० (पराभूत) अभिभूत, हराया हुआ. Defeated. धर्मवि० १८.

परामरिस. पुं० (परामर्श) (१) विवेचन, विचार. Consideration, reflection, thought. प्रामा० (२) युक्ति, उपपत्ति. A paramour, a gal'ant man. (३) स्पर्श. Touch. (४) न्याय शास्त्रोक्त व्याप्ति-विशिष्ट रूप से पक्ष का ज्ञान (In logic) Deduction, ascertaining that the पक्ष or subject possesses the हेतु. हे० २, १०५.

पराय. पुं० (पराग) (१) धूली, रज. Dust. 'रेणू पंसू रओ पराओ य' पाअ० (२) पुष्प-रज. Pollen. कुमा० गउड०

परारिं. अ० (परारि) गत या आगामी तीसरा वर्ष. A year after the next to come, or the future third year. प्रासू० ११०; वै०२.

परावत्त. पुं० (परावर्त) परिवर्तन, हेराफेरी. Change. स० १२, उप० पृ० २७, महा०

परावत्ति. त्रि० (परावर्तिन्) परिवर्तन करने वाला. Revolutionery 'परावत्तिणी गुलिया' महा०

परावत्ति. स्त्री० (परावृत्ति) परिवर्तन, हेराफेरी. Change. उप० १०३१ टी.

परावत्तिय. त्रि० (परावर्तित) परिवर्तित, बदला हुआ. Changed. महा०

परासर. पुं० (पराशर) पशु विशेष. A kind of beast. राज०

परासु. त्रि० (परासु) प्राण-रहित, मृत. Lifeless, dead. आ० ७४, धर्मसं० ६७.

पराहुत्त-पराहूअ. त्रि० (पराभूत) अभिभूत, हराया हुआ. Defeated. उप० ६४८ टी, पाअ०

परि. अ० (परि) (१) सर्वतो भाव, समंतात, चारों ओर. On all sides. गा० २२, (२)

परिपाटी, क्रम. Order, succession. पिंग० (३) सामीप्य, समीपता. Nearness, vicinity. गउड० ७७६. (४) विनिमय, बदला. Exchange, barter. 'परियाण' भवि० (५) अतिशय; विशेष. Excess. स० ७३४,(६)संपूर्णता.Perfectness.'परिट्ठिअ' प्रव०६६, (७) बाहरपन. Out side. श्रावक० २८४, (८) ऊपर. Upward. हे० २, २११; सुपा० २६६; (९) शेष, बाकी. Remaining. (१०) पूजा. Worship. (११) व्यापकता. Pervading. (१२) उपरम, निवृत्ति. Ceasing, stopping. (१३) शोक. Grief, distress. (१४) किसी प्रकार की प्राप्ति. Acquisition. (१५) आख्यान. Legend, story. (१६) संतोष भाषण. Consolatory speech. (१७) भूषण, अलंकार. Ornament. (१८) आलिंगन. Embracing. (१९) नियम. Rule. (२०) वर्जन, प्रतिषेध. Prohibition. हे० २, १२७, भवि० गउड० (२१) निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है. An adverb used uselessly. गउड० १०, सण०

परिअंतणा. स्त्री० (परियन्त्रणा) अतिशय यन्त्रणा. Excessive restriction. नाट—मालती० २८.

परिअंतिअ. त्रि० (श्लिष्ट) आलिंगित. Embraced. कुमा०

परिअंभिअ. त्रि० (परिजृम्भित) विकसित. Blown, fully opened or expandid. से० २, २०.

परिअट्ट. पुं० (परिवर्त) (१) पलटाव, बदला. Change, alternation. (२) समय का परिमाण-विशेष, अनन्त अवसर्पिणी-उत्सर्पिणी परिमित काल. A period, lapse or expiration of time. विवा० १, १, सुर० १६, १४५, प्रव० १६२.

परिअट्टग. त्रि० (परिवर्तक) परिवर्तन करने वाला. Revolutionary. निसी०चैं० १०.

परिअट्टण. न० (परिवर्तन) पलटाव, बदला करना. Exchange, barter. पिंड०३२४, वै० ६७.

परिअट्टणा. स्त्री० (परिवर्तना) Change. (२) द्विगुण, उपकरण. Furniture; wears, selected articles of a Jain monk. पि० २८६. (३) बदला करना. Exchange, barter. पिंड० ३२५.

परिअड्ठिअ. त्रि० (परिकृष्ट) खींचा हुआ. Attracted. सुपा० ३१.

परिअडिय. त्रि० (पर्यटित) परिभ्रान्त, भटका हुआ. Wanderings roaming out. सिक्खा० १७.

परिअड्ढि. स्त्री० (परिवृद्धि) विशेष वृद्धि. Growth; Increase. प्राकृ० २१.

परिअण. पुं० (परिजन) (१) परिवार, कुटुम्ब, पुत्र-कलत्र आदि पालनीय वर्ग. Family. (२) अनुचर, अनुगामी. Attendant, follower. गा० २८३, गउड० पि० ३५०.

परिअत्त. त्रि० (परिवृत्त) पलटा हुआ. Revolved, turned over. भवि०

परिअत्तमाणी. स्त्री० (परिवर्तमाना) कर्म-प्रकृति-विशेष, वह कर्म-प्रकृति जो अन्य प्रकृति के बन्ध या उदय को रोक कर स्वयं बन्ध या उदय को प्राप्त होती है. A kind of karma. पंच० ३, १४, ३, ४३, क० गं० ५, १ टी.

परिअत्ता. स्त्री०(परिवत्ता) देखो 'परिअत्तमाणी' शब्द. Vide परिअत्तमाणी. क० गं० ५, १.

परिअत्तिअ. त्रि० (परिवर्तित) मोड़ा हुआ. Bent. 'वालिअयं परिअत्तिअं' पाअ०

परिअर. पुं० (परिकर) (१) कटि-बन्धन. Girth; waist-band. 'सन्नद्धबद्धपरियर-० भडेहिं' भवि० (२) परिवार. Retinue, train. गउड० चेइय० ६४.

परिअर. पुं॰ (परिचर) सेवक, भृत्य. Servant. गउ॰

परिअरण. न॰ (परिचरण) सेवा. Service. संबोध॰ ३६.

परिअरणा. स्त्री॰(परिचरणा) सेवा. Service. सम्मत्त॰ २१५.

परिअरिय. त्रि॰ (परिकरित—परिवृत) (१) परिवार-युक्त. Having a family. महा॰ भवि॰ सण॰(२) परिवेष्टित. Surrounded, encircled. महा॰ सिरि॰ १२८२.

परिअलिय. त्रि॰ (गत) गया हुआ. Gone. कुमा॰

परिआरअ. त्रि॰ (परिचारक) सेवक, भृत्य. Servant. चारु॰ ५३.

परिआलिअ. त्रि॰ (वेष्टित) लपेटा हुआ, बेठा हुआ. Encompassed; wrapped up. कुमा॰ पाअ॰

परिइण्ण. त्रि॰ (परिकीर्ण) व्याप्त. Pervaded. सम्मत्त॰ १५६.

परिउंबण. न॰ (परिचुम्बन) सर्वतः चुम्बन. Kissing. गा॰ २२, हास्य॰ १३४.

परिउंबणा. स्त्री॰ (परिचुम्बना) देखो 'परिउंबण' शब्द Vide. परिउंबण 'गंडपरिउंबणा पुलइअंग' गा॰ २०.

परिउज्झिय. त्रि॰ (पर्युज्झित) सर्वथा त्यक्त. Entirely abandoned. सण॰

परिउट्ठ. त्रि॰ (परितुष्ट) विशेष तुष्ट. Completely satisfied, delighted. स॰ ७३४.

परिउसिअ. त्रि॰ (पर्युषित) वासी, ठण्डा, भाप निकला. (भोजन) Stale, not fresh. दे॰ १, ३७.

परिऊढ. त्रि॰ (परिगूढ) क्षाम, कृश, पतला. Thin, slim, slender. 'परिऊढा' गा॰ १६६.

परिऊरण. न॰ (परिपूरण) परिपूर्ति. Completion, fulness. नाट–शकु॰ ८.

परिओस. पुं॰ (परितोष) आनन्द, संतोष, खुशी. Pleasure, delight, contentment. से॰ ११, ३, गा॰ ६८, २०१, स॰ ६, सुपा॰ ३७०.

परिओसिय. त्रि॰ (परितोषित) संतुष्ट किया हुआ. Satisfied, से॰१३, २५, भवि॰

परिकंद. पुं॰ (परिक्रंद) आक्रन्द, चिल्लाहट. Weeping, cry. हम्मीर॰ ३०.

परिकंपि त्रि॰ (परिकम्पिन्) अतिशय कांपने वाला. One who trembles. गउड॰

परिकंपिर. त्रि॰ (परिकम्पितृ) विशेष काँपने वाला. Trembling, Shivering. सण॰

परिकढिण. त्रि॰ (परिकठिन) अत्यन्त कठिन. Very difficult. गउड॰

परिकब्बुर. त्रि॰ (परिकर्बुर) विशेष कबरा. Varrigated, spotted. गउड॰

परिकम्म-परिकम्मण. न॰ (परिकर्मन्) (१) गणित विशेष. A particular method of calculation. (२) संख्यात विशेष, एक तरह की गणना. An arithmetical calculation. (३) निष्पादन. Producing. प्रव॰ १३३.

परिकलण. न॰ (परिकलन) उपभोग. Enjoyment. 'भमरपरिकलणखमकमलभूसियसरो'. सुपा॰ ३.

परिकलिअ. त्रि॰ (परिकलित) (१) युक्त, सहित. Having, possessing. सिरि॰ ३८१, (२) व्याप्त. Pervaded. सम्मत्त॰ २१५, (३) प्राप्त. Obtained. 'अंजलिपरिकलियजलं' धर्मवि॰ २५.

परिकवलणा. स्त्री॰ (परिकवलना) भक्षण. Eating. 'हरियपरिकवलणापुट्ठगासंकुला' सुपा॰ ३.

परिकविल. त्रि॰ (परिकपिल) सर्वतोभाव से कपिल वर्ण वाला. Tawny, reddish on all sides. गउड०

परिकविस. त्रि० (परिकपिश) अतिशय कपिश रंग वाला. Tawny, reddish. गउड०

परिकसण. न० (परिकर्षण) कशिश, खींचाव. Attraction. गउड०

परिकहण. न० (परिकथन) आख्यान, प्ररूपण. Legend, story. सुपा० २.

परिकहणा. स्त्री० (परिकथना) देखो 'परिकहण' शब्द. Vide परिकहण. आवम०

परिकित्तिअ. त्रि० (परिकीर्त्तित) व्यावर्णित, श्लाघित. Narrated, praised, extolled. श्रु० ११०.

परिकीलिर. त्रि० (परिक्रीडितृ) अतिशय क्रीड़ा करने वाला. One that plays or amuses oneself much. सण०

परिकुडिल. त्रि० (परिकुटिल) विशेष वक्र. Crooked, bent. सुर० १, १.

परिकुद्ध. त्रि० (परिक्रुद्ध) अत्यन्त कुपित. Very angry. धर्मवि० १२४.

परिकोमल. त्रि० (परिकोमल) सर्वथा कोमल. Very delicate. गउड०

परिक्खअ. त्रि० (परीक्षक) परीक्षा करने वाला. Examiner. सुपा० ४२७; श्रा० १४.

परिक्खअ. त्रि० (परिक्षत) आहत, जिसको घाव हुआ हो. Wounded, injured. से० ८, ७३.

परिक्खणा. स्त्री० (परीक्षणा) परीक्षा. Examination. पउम० ६१, ३३.

परिक्खलिअ. त्रि० (परिस्खलित) स्खलना प्राप्त. Slipped. पि० ३०६.

परिक्खाम. त्रि० (परिक्षाम) अतिशय कृश, Ematiated, wasted away, lean. उत्तर० ७२; नाट-रत्ना० ३.

परिक्खि. त्रि० (परीक्षिन्) परीक्षक, परखने वाला. Examiner. श्रा० १४.

परिक्खिय. त्रि० (परीक्षित) जिसकी परीक्षा की गई हो. Examined, tested. प्रासू० १५.

परिक्खिविय. त्रि० (परिक्षिप्त) फेंका हुआ. Thrown. हम्मीर० ३२.

परिखण. न० (परीक्षण) परीक्षा-करण. Examining, testing. प्रव० ३८.

परिखविय. त्रि० (परिक्षपित) परिक्षीण. Emaciated, worn away, Exhausted. 'परिखवियसरीरो' महा०

परिखाम. त्रि० (परिक्षाम) अति दुर्बल; विशेषकृश. Ematiated, lean. गा० १९६.

परिखुहिय. त्रि० (परिक्षुब्ध) अतिशय क्षोभ को प्राप्त. Agitated. भवि०

परिखेइय. त्रि० (परिखेदित) विशेष खिन्न किया हुआ. Depressed, afflicted, distressed. सण०

परिगप्पण. न० (परिकल्पन) कल्पना. Imagination, thought. धर्मसं० ६८१.

परिगप्पणा. स्त्री० (परिकल्पना) देखो 'परिगप्पण शब्द. Vide 'परिगप्पण'. धर्मसं० ३०५.

परिगप्पिय. त्रि० (परिकल्पित) जिसकी कल्पना की गई हो. Imagined. स० ११३, धर्मसं० ६९९.

परिगमण. न० (परिगमन) (१) गुण, पर्याय. Quality, attribute. 'परिगमणंपज्जाओ' सम्म० १०९; (२) समन्ताद् गमन. Going in all sides. निसी० चू० ३.

परिगमिर. त्रि० (परिगन्तृ) जाने वाला. One who goes. सण०

परिगर. पुं० (परिकर) परिवार. Family, attendants; train. परिगरविहवकालमादीणिणाउ, धर्मसं० ९२९.

परिगलिय. त्रि० (परिगलित) गला हुआ, परिक्षीण. Melted. कुम्म० ७, महा० सुपा० ८७, ३९२.

परिगलिर. त्रि० (परिगलितृ) गल जाने वाला, क्षीण होने वाला. Exhausting, fading. सण०

परिग्गहावंत. त्रि० (परिग्रहवत्) परिग्रह-युक्त. Having possession. पि० ३६६.

परिघग्घर. त्रि० (परिघर्घर) बैठी हुई आवाज़. Indistinct, purring, gurgling. 'विहयसद्दपरिघग्घरा वाणी'. गउड०

परिघट्टण. न० (परिघट्टन) (१) आघात. Blow. वज्जा० ३८; (२) निर्माण, रचना. Formation. निसी० चू० १.

परिघट्टिय. त्रि० (परिघट्टित) आहत, ताड़ित. Beaten. जीव० ३.

परिघुम्मिर. त्रि० (परिघूर्णितृ) शनै शनैः कांपने वाला, हिलने वाला, डोलने वाला. Shaking, trembling slowly. पउम० ८, २८३; गा० १४८.

परिघोलिर. त्रि० (परिघूर्णितृ) डोलने वाला. Shaking, reeling. गउड०

परिचंचल. त्रि० (परिचञ्चल) अतिशय चपल. Unsteady, fickle. वै० १४.

परिचरणा. स्त्री० (परिचरणा) सेवा, भक्ति. Devotion. सुपा० १५६.

परिचलिअ. त्रि० (परिचलित) विशेष चला हुआ. Walked, extensive travelling. दे० ५, ६.

परिचारअ. त्रि० (परिचारक) सेवा करने वाला, सेवक. Servant. नाट-मालवि० ६;

परिचिंतिय. त्रि० (परिचिन्तित) जिसका चिन्तन किया गया हो. Thought, reflected upon. सण.

परिचिंतिर. त्रि० (परिचिन्तयितृ) चिन्तन करने वाला. Thinker. सण०

परिचुंबिय. त्रि० (परिचुम्बित) जिसका चुम्बन किया गया हो. Kissed. 'परिचुंबियनहग्गं' उप० ५६७ टी.

परिच्चयण. न० (परित्यजन) परित्याग Abandoning. स० ३३.

परिच्चाय. त्रि० (परित्याज्य) त्याग करने लायक. Fit to be abandoned. संबोध० ५४.

परिच्छण्ण-न्न. त्रि० (परिच्छन्न) परिच्छद-युक्त, परिवार सहित. Surrounded with a retinue. वव० ४.

परिच्छिण्ण-न्न. त्रि० (परिच्छिन्न) (१) काटा हुआ. Cut. 'नयसुहतण्हापरिच्छिण्णा' पञ्च० ६५; (२) निर्णीत, निश्चित. Determined. आव० ४.

परिच्छित्ति. स्त्री० (परिच्छित्ति) (१) परिच्छेद, निर्णय. Determination. (२) परीक्षा, जाँच. Examination, test. उप० ८६५.

परिच्छेअग. त्रि० (परिच्छेदक) निश्चय करने वाला. One who determines. उप० ८५३ टी.

परिजंपिय. त्रि० (परिजल्पित) उक्त, कथित. Said. सुपा० ३६४.

परिजज्जर. त्रि० (परिजर्जर) अतिजीर्ण. Worn out, torn, shattered. उप० २६४ टी. ६८६ टी.

परिजडिल. त्रि० (परिजटिल) अतिशय जटिल. Complicated, intermixed, intermingled. गउड०

परिजवण. न० (परिजपन) जाप, जपन, मन्त्र आदि का पुनः पुनः उच्चारण. Uttering of prayers. विशे० ११४०, सुर० १२, २०१.

परिजाइय. त्रि० (परियाचित) मांगा हुआ. Begged. धर्मसं० १०४५.

परिजुण्ण त्रि० (परिजीर्ण) दरिद्र, निर्धन. Poor, indigent. 'परिजुण्णो उ दरिद्दो' वव० ४;

परिजुत्त. त्रि० (परियुक्त.) सहित. Accompanied, associated. संबोध० १,

परिज्झामिय. त्रि० (परिध्मात) श्याम किया हुआ. Blackened, darkened. निसी० चू० १.

परिट्ठवण. न० (प्रतिष्ठापन) प्रतिष्ठा कराना. Installation, inauguration. चेइय० ७७६.

परिट्ठवणा. स्त्री० (परिष्ठापना) परित्याग. Abandoning. 'परिट्ठवणाए काउस्सग्गो' बृह० ४.

परिट्ठवणा. स्त्री० (प्रतिष्ठापना) प्रतिष्ठा कराना. Installing. चेइय० ७७६.

परिट्ठविय. स्त्री० (प्रतिष्ठापित) संस्थापित. Installed, inaugurated. भवि०

परिट्ठाइ. त्रि० (परिष्ठापिन्) परित्यागी. One who abandones. नाट-साहि० १६२.

परिट्ठाण. न० (परिस्थान) परित्याग Abandoning. नाट०

परिट्ठावअ. त्रि० (परिस्थापक) परित्याग करने वाला. One who abandones. नाट०

परिट्ठिअ. त्रि० (परिस्थित) संपूर्ण रूप से स्थित. Fully established. प्रव० ६६.

परिणंतु. त्रि०(परिणन्तृ) परिणाम को प्राप्त होने वाला, परिणत होने वाला. Transforming, Changing into. विशे० ३५३४.

परिणमण. न०(परिणमन) परिणाम. Transformation. धर्मसं० ४७२, उप० ८६८.

परिणयण. (परिणयन) विवाह. Marriage. उप० १०१४, सुपा० २७१.

परिणाइ. पुं० (परिज्ञाति) परिचय. Recognition, acqcaintance. 'परिणाई तक्खणेण' पउम० ५३, २५.

परिणामय. त्रि० (परिणामक) परिणत करने वाला. One that transforms. बृह० १.

परिणामि. त्रि० (परिणामिन्) परिणत होने वाला. Bound to nature. श्रावक० १८३,—**कारण.** न० (कारण) कार्य रूप में परिणत होने वाला कारण; उपादान कारण. An action directed to result in a practical shape, or an act of generosity. उवर० २७.

परिणामिअ. त्रि० (पारिणामिक) (१) परिणाम-जन्य; परिणाम से उत्पन्न. Produced by transformation. (२) परिणाम सम्बन्धी. Relating to transmutation. (३) पुं० परिणाम. Transformation. (४) भाव विशेष. 'A particular feeling or sense. 'परिणामिओ सव्वो' विशे० २१७६, ३४६५.

परिणाय. त्रि० (परिज्ञात) जाना हुआ, परिचित. Recognised, acquainted. पउम० ११, २७.

परिणावण. न० (परिणायन) विवाह करना. To celebrate or perform marriage ceremony. सुपा० ३६८.

परिणाविअ. त्रि० (परिणायित) जिसका विवाह कराया गया हो. Bride or bridegroom. सुपा० १६५, धर्मवि० १३६, कुम्र० १४.

परिणिज्जरा. स्त्री० (परिनिर्जरा) विनाश, क्षय. Destruction, ruin. पउम० ३१, ६.

परिणिज्जिय. त्रि० (परिनिर्जित) पराभूत, पराजय-प्राप्त. Defeated. पउम० ५२, २१.

परिणिट्ठिअ. त्रि० (परिनिष्ठित) परिज्ञात. Recognized, acquainted. वव० १०.

परिणिट्ठिया. स्त्री० (परिर्निष्ठिता) (१) कृषि-विशेष; जिसने दो या तीन बार तृण शोधन किया हो. Cultivation. (२) दीक्षा-विशेष, जिसमें बारंबार अतिचारों की आलोचना की जाती हो वह दीक्षा. A kind of initiation. राज०

परिणिव्वुइ. स्त्री० (परिनिर्वृत्ति) मुक्ति, मोक्ष. Salvation, final emancipation.

अाया० कप्प०

परिणिअय. त्रि० (परिणीत) जिसका विवाह किया गया हो. Married. महा० प्रासू० ६३, सण० भवि०

परिणील. त्रि० (परिनील) सर्वथा हरे रंग का. Completely green. गउड०

परिण्णाण. त्रि० (परिज्ञान) ज्ञान, जानकारी. Knowledge. धर्मसं० १२५३, उप० पृ० २७४.

परिण्णि. त्रि० (परिज्ञिन्) परिज्ञा-युक्त. Having thorough knowledge. वव० १.

परितंबिर. त्रि० (परिताम्र) विशेष-ताम्र-अरुण-वर्ण वाला. Copper-Coloured. गउड०

परितडुविय. त्रि० (परितत) खूब फैलाया हुआ. Extensively Spread out. सण०

परितणु. त्रि० (परितनु) अत्यन्त पतला. Very slender. सुपा० ५८.

परितलिअ. त्रि० (परितलित) तला हुआ. Fried. ओघ० ८८.

परितविय. त्रि० (परितप्त) परिताप-युक्त. Warm. सण०

परिताविअ. त्रि० (परितापित) तला हुआ. Fried. ओघ० १४७.

परितुट्टिर. त्रि० (परित्रुटितृ) टूटने वाला. Bristle. सण०

परितुट्ठ. त्रि० (परितुष्ट) संतोष-प्राप्त, संतुष्ट. Satisfied, contented. उप० चेइय० ७०१.

परितुलिय. त्रि० (परतुलित) तौला हुआ. Weighed. सण०

परितोसिय. त्रि० (परितोषित) संतुष्ट किया हुआ. Contented, satisfied. सण०

परित्त. त्रि० (परीत) व्याप्त. Pervaded. सिरि० १८३, (२) लघु, छोटा. Small. (३) तुच्छ, हल्का. Mean, debased. उप० २७०, ६६४; **—करण.** न० (करण) लघूकरण. Lessening. उप० २७०.

परित्ताइ. त्रि० (परित्रायिन्) रक्षण-कर्ता. Protector. सुपा० ४०५.

परित्थंभिअ. त्रि० (परिस्तम्भित) स्तब्ध किया हुआ. Astonished. सुपा० ४७५.

परित्थूर-परित्थूल. त्रि० (परिस्थूल) विशेष स्थूल, खूब मोटा. Bulky. धर्मसं० ८३८. चेइय० ८५४, श्रा० ११.

परिदिण्ण. त्रि० (परिदत्त) दिया हुआ. Given. अभि० १२५.

परिदिद्ध. त्रि० (परिदिग्ध) उपलिप्त. Smeared. सुख० २, ३७.

परिदेवण. न० (परिदेवन) विलाप. Lamentation. संबोध० ४६, संवे० ८.

परिदेवि. त्रि० (परिदेविन्) विलाप करने वाला. One who laments. नाट-शकु० १०१.

परिधम्म. पुं० (परिधर्म) छन्द विशेष. A kind of metre. पिंग०

परिधवलिय. त्रि० (परिधवलित) खूब सफेद किया हुआ. Whitened. सण०

परिधाम. पुं० न० (परिधामन्) स्थान. Place. सुपा० ४६३.

परिधाविअ. त्रि० (परिधावित) दौड़ा हुआ. Run. हम्मीर० ३२.

परिधाविर. त्रि० (परिधावितृ) दौड़ने वाला. Runner. सण०

परिधूणिय. त्रि० (परिधूनित) अत्यन्त कंपाया हुआ. Trembled. सम्मत० १३६.

परिधूसर. त्रि० (परिधूसर) धूसर वर्ण वाला. Greyish. वज्जा० १२८, गउड०

परिनट्ठ. त्रि० (परिनष्ट) विनष्ट. Perished, ruined. महा०

परिनिविट्ठ. त्रि० (परिनिविष्ट) ऊपर बैठा हुआ. Seated above. सुपा० २६६.

परिनिविड. त्रि० (परिनिबिड) विशेष निबिड़. Dense, compact. महा०

परिनिव्वुअ. त्रि० (परिनिवृत) स्वस्थ. Good health, at ease. सुपा० १८३.

परिपंडुर-ल. त्रि० (परिपाण्डुर) विशेष पाण्डुर-धूसर वर्ण वाला. Whitish, greyish. सुपा० २५६, कप्पू० गउड० से० १०, ३३.

परिपंथग. त्रि० (प्रतिपथक) दुश्मन, विरोधी, प्रतिकूल. Opponent, enemy. स० १०५.

परिपंथिअ-ग. त्रि० (परिपन्थिक) देखो 'परिपंथग' शब्द. Vide परिपंथग. स० ७४६, उप० ६३६.

परिपक्क. त्रि० (परिपक्व) पका हुआ. Ripened. प्रव० ४, भवि०

परिपाग. पुं० (परिपाक) विपाक, फल. Fruit, result. 'पुव्वभवविहिअसुचरिअ-परिपागो' रयण० ५२.

परिपाडल. त्रि० (परिपाटल) सामान्य लाल रंग वाला, गुलाबी रंग का. Pale red. गउड०

परिपाडिअ. त्रि० (परिपाटित) फाड़ा हुआ; विदारित. Torn. दे० ७, ६१.

परिपालण. न० (परिपालन) रक्षण. Protection. कुम्र० २२६, सुपा० ३०८.

परिपालिय. त्रि० (परिपालित) रक्षित. Protected. भवि०

परिपिंजर. त्रि० (परिपिञ्जर) विशेष पीत-रक्त वर्ण वाला Yellow. गउड०

परिपिट्टण. न० (परिपिट्टन) पीटना, ताड़न. Beating. वव० १.

परिपीडिय. त्रि० (परिपीडित) जिसको पीडा पहुँचाई गई हो. Afflicted; distressed. भवि०

परिपुच्छण. न० (परिप्रच्छन) प्रश्न, पूछना. Question. भवि०

परिपुच्छिअ-परिपुट्ठ. त्रि० (परिपृष्ट) पूछा हुआ, जिज्ञासित. Asked. गा० ६२३, भवि० सुपा० ३८७.

परिपूरिय. त्रि० (परिपूरित) भरपूर, व्याप्त. Abundant, plentiful. सुर० २, ११.

परिपेरिय. त्रि० (परिप्रेरित) जिसको प्रेरणा की गई हो. Instigated. सुपा० १८६.

परिपेलव. त्रि० (परिपेलव) (१) सुकर, सहल. Easy. से० ३, १३. (२) अदृढ. Unsteady. (३) निःसार. Strength. (४) वराक, दीन. Distance, weak. राज०

परिपेसण. न० (परिप्रेषण) भेजना. Sending. भवि०

परिपेसल. त्रि० (परिपेशल) सुन्दर, मनोहर. Beautiful, handsome. सुपा० १०६.

परिपेसिय. त्रि० (परिप्रेषित) भेजा हुआ. Sent. भवि०

परिप्पमाण. न० (परिप्रमाण) परिमाण. Measure. भवि०

परिप्पुय. त्रि० (परिप्लुत) आप्लुत, व्याप्त. Spread through, pervaded. राज०

परिप्पुया. स्त्री० (परिप्लुता) दीक्षा विशेष. A kind of initiation. राज०

परिप्फंद. पुं० (परिस्पन्द) (१) रचना विशेष. A kind of arrangement. 'जयइ वायापरिप्फंदो' गउड० (२) समन्तात् चलन. Moving on all sides. चारु० ४५. (३) चेष्टा, प्रयत्न. An effort, exertion. गउड०

परिप्फुड. त्रि० (परिस्फुट) अत्यन्त स्पष्ट. Quite plain, manifest, distinctly visible. से० ११, ६०; सुर० ४, २१४; भवि०

परिप्फुरण. न० (परिस्फुरण) हिलन, चलन. Quivering. सण०

परिप्फुरिअ. त्रि० (परिस्फुरित) स्फूर्ति-युक्त. Tremulous. भवि०

परिफंस. पुं० (परिस्पर्श) स्पर्श, छूना. Touching. पि० ७४, ३११.

परिफंसण. न० (परिस्पर्शन) देखो 'परिफंस' शब्द. Vide 'परिफंस'. उप० ९८६ टी.

परिफग्गु. त्रि० (परिफल्गु) निस्सार, असार. Insipid, useless, worthless. धर्मसं० ६५३.

परिफुडिय. त्रि० (परिस्फुटित) फूटा हुआ, भग्न. Torn, destroyed. पउम० ६८, १०.

परिफुल्लिअ. त्रि० (परिफुल्लित) फूला हुआ, कुसुमित. Flowered, furnished with flowers. पिंग०

परिफुसिय. त्रि० (परिप्रोञ्छित) पोंछा हुआ. Effaced. उप० पृ० ६४.

परिब्भमण. न० (परिभ्रमण) पर्यटन. Wandering or roaming about, travelling. महा०

परिब्भमिअ. त्रि० (परिश्रान्त) भटका हुआ. Wandered, roamed. वै० ६३, सण० भवि०

परिब्भीअ. त्रि० (परिभीत) भय-प्राप्त. Frightened, alarmed. पउम० ५३, ३९.

परिभग्ग त्रि० (परिभग्न) भांगा हुआ. Broken. आत्मानु० १४.

परिभमिर. त्रि० (परिभ्रमितृ) पर्यटन करने वाला. Traveller. सुपा०२६९.

परिभवंत. पुं० (परिभवत्) पार्श्वस्थ-साधु, शिथिलाचारी मुनि. A saint of loose conduct. वव० १.

परिभवण. न० (परिभवन) पराभव, तिरस्कार. Contempt, disregard, disrespect. राज०

परिभविअ. त्रि० (परिभूत) तिरस्कृत, अभिभूत. Contempt, disrespect. धर्मवि० ३९.

परिभावि. त्रि० (परिभाविन्) परिभव करने वाला. Humiliating, despising. अभि० ७१.

परिभासा. स्त्री० (परिभाषा) (१) तिरस्कार. Censure, reproof. (२) चूर्णि, टीका विशेष. A style of prose-composition. राज०

परिभासिय. त्रि० (परिभाषित) प्रतिपादित. Explained, expounded. सूय० नि० ८८, भास० २१.

परिभीय. त्रि० (परिभीत) डरा हुआ. Frightened, feared. उव०

परिभुंजण. न० (परिभोजन) परिभोग. Enjoyment. उप० १३४ टी.

परिभोइ. त्रि० (परिभोगिन्) परिभोग करने वाला. Enjoying. पि० ४०५, नाट-शकु० ३५.

परिमउअ. त्रि० (परिमृदुक) (१) विशेष कोमल. Very soft, tender or delicate. (२) अत्यन्त सुकर, सरल. Easy. धर्मसं० ७९१, ७९२.

परिमउलिअ. त्रि० (परिमुकुलित) चारों ओर से संकुचित. Contracted on all sides. सण०

परिमंथर. त्रि० (परिमन्थर) मन्द, धीमा. Slow, dull, lazy, inactive. गउड० स० ७१९.

परिमंथिअ. त्रि० (परिमथित) अत्यन्त आलोडित. Churned, stirred round. सम्मत० २२६.

परिमंद. त्रि० (परिमन्द) मन्द, अशक्त. Slow, tardy, inactive. सुर०४,२४०.

परिमग्गि. त्रि० (परिमार्गिन्) खोज करने वाला. Searching, inventing. गा० २९१.

परिमज्जिर. त्रि० (परिमज्जितृ) डूबने वाला. Sinking, plunging. सुपा० ९.

परिमट्ठ. त्रि० (परिमृष्ट) (१) घिसा हुआ, Rubbed. से० ६, २; ८, ४३. (२) आस्फालित. Struck with violence. 'परिमट्ठमेरुसिहरो' से० ४, ३७. (३) मार्जित, शोधित. Cleansed, purified. कप्प०

परिमद्दा. स्त्री० (परिमर्दा) संबाधन, दबाना, पैचम्पी आदि. Shampooing, rubbing. निशी० चू० ३.

परिमलण. न० (परिमर्दन) (१) परिमर्दन. Shampooing. (२) विचार. Thought. गा० ४२८; गउड०

परिमलिअ. त्रि० (परिमलित-परिमृदित) जिसका मर्दन किया गया हो. Crushed, pressed. गा० ३३७, से० ७, ६२, महा० वज्जा० ११८.

परिमहिय. त्रि० (परिमहित) पूजित. Honoured, worshipped, esteemed. पउम० १, १.

परिमाइ. स्त्री० (परिमाति) परिमाण. Measure. 'सुगइपरिमाइ व' भवि०

परिमासि. त्रि० (परिमर्शिन्) स्पर्श करने वाला. One that touches. पि० ६२.

परिमिअ. त्रि० (परिवृत) परिकरित, वेष्टित. Surrounded, encircled. पउम० १०१, भवि०

परिमिलाण. त्रि० (परिम्लान) म्लान, विच्छाय, निस्तेज. Faded, withered. महा०

परिमिल्लिर. त्रि० (परिमोक्तृ) परित्याग करने वाला. One that abandon~~e~~s. सण०

परिमुट्ठ. त्रि० (परिमृष्ट) स्पृष्ट. Touched. मा० ४४.

परिमुणिअ. त्रि० (परिज्ञात) जाना हुआ. Known. पउम० १६, ६१, सण०

परिमुसण. न० (परिमोषण) (१) चोरी. Theft, stealing. (२) वञ्चना, ठगाई. Cheating, deceit. गा० २६.

परिमुसिअ. त्रि० (परिमृष्ट) स्पृष्ट Touched. महानि० ४, भवि०

परिमोयण. न० (परिमोचन) मोक्ष, छुटकारा. Liberation, deliverance. सुर० ४, २५०.

परिमोस. पुं० (परिमोष) चोरी. Stealing, theft. महा०

परियंचण. न० (पर्यञ्चन) स्पर्श करना, Touching. सुख० ३, १.

परियंचिअ. त्रि० (पर्यञ्चित) विभूषित. Adorned, decorated. भवि०

परियंचिअ. त्रि० (पर्यञ्चित) पूजित. Worshipped. भवि०

परियप्पण. न०(परिकल्पन) कल्पना. Imagination, thought. धर्मसं० १२०८.

परियय. पुं० (परिचय) जान-पहचान, विशेष रूप से ज्ञान. Acquaintance, familiarity. गउड०से० १५, ६६, अभि०१३१.

परियाइत्त. त्रि० (पर्याप्त) काफी. Enough, sufficient. राज०

परियाईय. त्रि० (पर्यायातीत) पर्याय को अतिक्रान्त. To exceed the limits of one's ranks, or disregard of the rank or position. राज०

परियाण. न० (परिदान) (१) विनिमय, बदला, लेनदेन. Barter, exchange. (२) समन्ताद् दान. Giving on all sides. भवि०

परियाणण. न० (परिज्ञान) जानकारी. Knowledge. स० १३.

परियाणिअ. त्रि० (परिज्ञात) जाना हुआ, विदित. Known. पउम० ८८, ३३, रत्न० १८, भवि०

परियालोयण. न० (पर्यालोचन) विचार चिन्तन. Circumspection, atten tive, observation. सुपा० ५००.

परियासिय. त्रि० (परिवासित) बासी रखा हुआ. Kept stale. कस०

परिरंभण. न० (परिरम्भन) आलिङ्गन. Embracing. पाअ० गा० ८३५, सुपा० २, ३६६.

परिरक्खण. न० (परिरक्षण) परिपालन. Protecting, defending, maintining. गा० १०६, भवि०

परिरक्खा. स्त्री० (परिरक्षा) देखो 'परिरक्खण' शब्द. Vide परिरक्खण. पउम० ५६, ५३, धर्मवि० ५३, गउड०

परिरद्ध. त्रि० (परिरब्ध) आलिङ्गित. Embraced. गा० ३९८.

परिरय. पुं० (परिरय) पर्याय, समानार्थक शब्द. A synonym, convertible term. 'एगपरिरयत्तिवा' आया०चू० १.

परिलंघि. त्रि० (परिलङ्घिन्) लङ्घन करने वाला. Fasting, abstinent. गउड०

परिलंबि. त्रि० (परिलम्बिन्) लटकने वाला. Hanging. गउड०

परिलंभिअ. त्रि० (परिलम्भित) प्राप्त कराया हुआ. Caused to procure 'परिलंभिओ पसन्नप्पा' पउम० ८४, १,

परिलग्ग. (परिलग्न) लगा हुआ, व्यापृत, Adhered or clung to. उप० ३५६ टी.

परिलीण. त्रि० (परिलीन) निलीन. Shut or wrapt up, hidden into. पाअ०

परिवंचिअ. त्रि० (परिवञ्चित) जो ठगा गया हो. Cheated, deceived. दे० ४, १८.

परिवंथि. त्रि० (परिपन्थिन्) विरोधी, दुश्मन. Opponent, an enemy. पि० ४०५, नाट-विक्र० ७.

परिवंदिय. त्रि० (परिवन्दित) स्तुत, पूजित. Worshipped, praised. पउम० १, ६.

परिवग्ग. पुं० (परिवर्ग) परिजन वर्ग. Retinue, train, family. पउम० २३, २४.

परिवज्जणा. स्त्री० (परिवर्जना) परित्याग. Abandoning, quitting, leaving. उव०

परिवट्टण. न० (परिवर्तन) आवर्तन, आवृत्ति. Edition. आगमपरिवट्टणं' संबोध० ३९.

परिवट्टुल. त्रि० (परिवर्तुल) गोलाकार. Circular. स० ६८.

परिवड्ढण. न० (परिवर्धन) परिवृद्धि, बढ़ाव. Growing. growth. गउड० धर्मसं० ८७५.

परिवड्ढि. स्त्री० (परिवृद्धि) देखो 'परिवड्ढण' शब्द. Vide 'परिवड्ढण' से० ५, २.

परिवण्णिअ. त्रि० (एरिवर्णित) जिसका वर्णन किया गया हो. Narrated, described. आत्म० ७.

परिवत्ति. त्रि० (परिवर्तिन्) बदलने वाला. One that changes. 'रूवपरिवत्तिणी विज्जा' कुम्म० १२६, महा०

परिवत्थ. न० (परिवस्त्र) वस्त्र, कपड़ा Garment. भवि०

परिवरिय. त्रि० (परिवृत) परिकरित, वेष्टित. Surrounded, encircled. सुपा० १२५.

परिवलइअ. त्रि० (परिवलयित) बेष्टित. Encompassed, encircled. सुख० १०, १.

परिवसणा. स्त्री० (परिवसना) पर्युषणा-पर्व. A holiday of Paryushana. निसी० चू० १०.

परिवहण. न० (परिवहन) ढोना. Carry, bear, convey. गउड०

परिवाइ. त्रि० (परिवादिन्) निन्दा करने वाला. Censurer, abuser. उव०

परिवाइय. त्रि० (परिवाचिन) पढ़ा हुआ. Learned. पउम० ३७, १५.

परिवाई. स्त्री० (परिवादिनी) कलङ्क वार्ता. Blame, stain, stigma. 'जणपरिवाई लहुं' पउम० ६५, ४१.

परिवाडि. स्त्री० (परिपाटि) सूत्रार्थ-वाचना, अध्यापन. Teaching. 'थिरपरिवाडी गहियवक्को' धर्मवि० ३६, कुलक० ११.

परिवाडिअ. त्रि० (घटित) रचित. Arranged. कुमा०

परिवाद. पुं० (परिवाद) निन्दा, दोप-कीर्तन. Censure, abuse. धर्मसं० ६५४.

परिवायग-य. पुं० (परिव्राजक) संन्यासी, साधु. Saint, ascetic. सण०सुर०१५, ५.

परिवार. न० (परिवार) स्यान. Sheath, scabbard. पाअ०

परिवारण. न० (परिवारण) आच्छादन, ढकना. Cover, a lid. दे० १, ८६.

परिवास. न० (परिवासस्) वस्त्र, कपड़ा. Garment, clothing or clothes. भवि०

परिवासि. त्रि० (परिवासिन्) बसने वाला. One that dwells, inhabitant. सुपा० ४२.

परिवासिय. त्रि० (परिवासित) सुवासित, सुगन्ध-युक्त. Fragrant, perfumed, scented. 'मयपरिमलपरिवासियदूरे' भवि०

परिवाह. पुं० (परिवाह) जल का उछाल, बहाव. Over-flowing of water, inundation. 'परिवाहो विअ' गा० ३७७.

परिवाहण. न० (परिवाहन) अश्वादि-खेलन. Horse riding etc. 'आसपरिवाहणनिमित्तं' स० ८१, महा०

परिविट्ठ. त्रि० (परिविष्ट) परोसा हुआ. Served diet. स० १८६, सुपा० ६२३.

परिविद्ध. त्रि० (परिविद्ध) जो विंधा गया हो. Pierced through, wounded, stabbed. सुपा० २७०.

परिविप्फुरिय. त्रि० (परिविस्फुरित) स्फूर्तियुक्त. Tremulous, quivering. सण०

परिवियलिय. त्रि० (परिविगलित) चुआ हुआ, टपका हुआ. Trickled, oozed. सण०

परिवियलिर. त्रि० (परिविगलितृ) झरने वाला, चूने वाला. Trickling, oozing. सण.

परिविरल. त्रि० (परिविरल) विशेष विरल. Rare, scarcely found, uncommon. गउड० गा० ३२६.

परिविलसिर. त्रि० (परिविलसितृ) विलासी. Sensual, amorous, voluptuous. सण.

परिविसाय. पुं० (परिविषाद) समन्तात् खेद. Grief or sorrow. धर्मवि० १२६.

परिविहुरिय. त्रि०(परिविधुरित) अति पीड़ित. Extremely distressed or afflicted. 'मणिसंजुयदेविकरपरिविहुरिआ' सुर०१५, १५.

परिवीइअ. त्रि० (परिवीजित) जिसको हवा की गई हो. One who is fanned. उप० २११ टी.

परिवीढ. न० (परिपीठ) आसन विशेष. A special sitting posture, a seat. भवि.

परिवुत्थ. त्रि० (पर्युषित) (१) रहा हुआ. Situated. (२) न० वास, निवास. Dwelling. गउड० ५४०.

परिवूढ. त्रि० (परिव्यूढ) वहन किया हुआ, ढोया हुआ. Borne, carried. 'चिरपरिवूढं इमं लोहं' धर्मवि० ७.

परिवेढ. पुं० (परिवेष्ट) वेष्टन, घेरा. Enclosing, surrounding. 'सेवापरसुहडपरिवेढं' सिरि० ६३८.

परिवेढाविय. त्रि० (परिवेष्टित) वेष्टित कराया

हुआ. Surrounded, encircled. पि० ३०४.

परिवेल्लिर. त्रि० (परिवेल्लितृ) कम्पन-शील. Trembling, tremulous. गउड०

परिवेसि. त्रि० (परिवेशिन्) समीप में रहने वाला. Neighbour. गउड.

परिव्वअ. त्रि० (परिवृत) परिवेष्टित. Surrounded, encompassed. 'तारापरिव्वओविव' वसु०

परिव्वअ. त्रि० (परिव्यय) विशेष व्यय. Cost much. नाट-मृच्छ० ७.

परिव्वय. पुं० (परिव्यय) खर्चा, खर्च करने का धन. Money for current expenses. दस० ३, १ टी.

परिसंग. पुं० (परिषङ्ग) संग, सोहबत. Company. हम्मीर० १६.

परिसंग. पुं० (परिष्वङ्ग) आलिङ्गन. An embrace. पउम० २१, ५२.

परिसंगय. त्रि० (परिसंगत) युक्त-सहित. With, along with, accompanied by. धर्मवि० १३.

परिसंथविय. त्रि० (परिसंस्थापित) आश्वासित. Consoled, encouraged. स० ५६६.

परिसक्कण. न० (परिष्वष्कण) परिभ्रमण. Wandering, roaming. से० ५, ५५; १३, ५६; सुपा० २०१.

परिसक्किअ. त्रि० (परिष्वष्कित) (१) गत. Gone. भवि० (२) न० परिक्रमण, परिभ्रमण. Wandering, travelling. गा० ६०६.

परिसण्ह. त्रि० (परिश्लक्ष्ण) सूक्ष्म, छोटा. Subtle, minute, atomic. से० १, १.

परिसन्न. त्रि० (परिषण्ण) जो हैरान हुआ हो, पीड़ित. Afflicted, distressed. पउम० १७, ३०.

परिसमत्त. त्रि० (परिसमाप्त) संपूर्ण, जो पूरा हुआ हो. Finished, completed. से० १५, ६५; सुर० १५, २५०.

परिसमत्ति. स्त्री० (परिसमाप्ति) समाप्ति, पूर्णता. Finishing, completion. उप० ३५७, स० ५२.

परिसर. पुं० (परिसर) नगर आदि के समीप का स्थान. A neighbouring place of a town etc. सुपा० १३०, मोह० ७६.

परिसल्लिय. त्रि० (परिशल्यित) शल्य-युक्त. Thorny. सण०

परिसाडणा. स्त्री० (परिशाटना) (१) पृथक्करण. Analysis. सूयनि० ७, २०. (२) वपन, बोना. Sowing. वव० १.

परिसाम. त्रि० (परिश्याम) कृष्ण, काला. Black, dark. गउड०

परिसामल. त्रि० (परिश्यामल) कृष्ण, काला. Black, dark. गउड०

परिसामिअ. त्रि० (शान्त) शान्त, शम-युक्त. Calm, quiet, tranquil. कुमा०

परिसाहिय. त्रि० (परिकथित) प्रतिपादित, उक्त. Explained, expounded. सण०

परिसिढिल. त्रि० (परिशिथिल) विशेष शिथिल, ढीला. Loose, Relaxed. गउड०

परिसित्त. त्रि० (परिषिक्त) सींचा हुआ. Watered, sprinkled. गा० १८५, सण०

परिसिल्ल. त्रि० (पर्षद्वत्) परिषद् वाला. Having an assembly. बृह० ३.

परिसीलण. न० (परिशीलन) अभ्यास, आदत. Practice, habit, constant contact. रंभा० सण०

परिसीलिय. त्रि० (परिशीलित) अभ्यस्त. Practised. सण०

परिसुत्त. त्रि० (परिसुप्त) सर्वथा सोया हुआ. Slept. नाट-उत्तर० २३.

परिसुद्धि. स्त्री० (परिशुद्धि) विशुद्धि, निर्मलता. Complete purification गउड० द्र० ६५

परिसूअणा. स्त्री० (परिसूचना) सूचना. Hint, information. सुपा० ३०.

परिसेस. पुं० (परिशेष) अनुमान प्रमाण का एक भेद, पारिशेष्य अनुमान. Termination, conclusion. धर्मसं० ९८, ९९.

परिसेसिअ. त्रि० (परिशेषित) (१) बाकी बचा हुआ. Remaining. (२) परिच्छिन्न, निर्णीत. Determined, ascertained. 'तहवि परिसेसिओ' गा० ४०१.

परिसेह. पुं० (परिषेध) प्रतिषेध, निवारण. Prohibition. 'पावट्ठाणाण जोउ परिसेहो' काल०

परिसोण. त्रि० (परिशोण) लाल रंग का. Red. गउड०

परिसोसण. न० (परिशोषण) सुखाना. Drying. गा० ६२८.

परिस्सावि. त्रि० (परिस्राविन्) (१) चूने वाला, टपकने वाला. Oozing, trickling. (२) गुप्त बात को प्रकट कर देने वाला. One who discloses a secret or mystery. गच्छ० १, २२; पंचा० १५, १४.

परिस्सावि. त्रि० (परिश्राविन्) सुनाने वाला. One who tells or narrates. द्रव्य० ४९.

परिहट्टण. न० (परिघट्टन) (१) अभिघात, आघात. A blow. से० १०, ४१. (२) घर्षण, घिसना. To rub. से० ८, ४३.

परिहट्टिअ. त्रि० (मृदित) जिसका मर्दन किया गया हो. Pressed, crushed. 'परिहट्टिओ माणो' कुमा० पाअ०

परिहरण. न० (परिधरण) धारण करना. Holding. वव० १.

परिहरिअ. त्रि० (परिधृत) धारण किया हुआ. Held. 'परिहरिअकणअकुंडलगंडत्थलमणहरेसु' गा० ३९८ अ०

परिहव. पुं० (परिभव) पराभव, तिरस्कार. Disrespect, degradation. से० १३, ४६; गा० ३६६; हे० ३, १८०.

परिहवण. न० (परिभवन) देखो 'परिहव' शब्द. Vide 'परिहव'. स० ५७२.

परिहविय. त्रि० (परिभूत) पराजित, तिरस्कृत. Contempted, insulted. उप०, पृ० १८०.

परिहस्स. त्रि० (परिह्रस्व) अत्यन्त लघु. Atomic, minute. स० ८.

परिहार. पुं० (परिहार) करण, कृत. Creation, work, composition. वव० १.

परिहार. पुं० (परिहार) विषय. An object of sense. वव० १.

परिहारि. त्रि० (परिहारिन्) परिहार करने वाला. One who abandones or leaves. बृह० ४.

परिहाविअ. त्रि० (परिहापित) हीन किया हुआ. Lessened. वव० ४.

परिहाविअ. त्रि० (परिधापित) पहिराया हुआ. Caused to wear or put on. महा० सुर० १०, १७; स० ५२९; कुम० ९.

परिहासणा. स्त्री० (परिभाषणा) उपालम्भ. Abuse, taunt, reproof. आप० १.

परिहिंडिय. त्रि० (परिहिण्डित) परिभ्रान्त, भटका हुआ. Roamed, wandered. पउम० ६, १३१.

परिहुत. त्रि० (परिभुक्त) जिसका भोग किया गया हो. Enjoyed. से० १, ६४; दे० ३९.

परिहूअ. त्रि० (परिभूत) पराजित, अभिभूत. Defeated. गा० १३४; पउम० ३, ९; स० २८.

परीघाय. पुं० (परिघात) निर्घातन, विनाश. Destruction, ruin. प्रव० ६४.

परीरंभ. पुं० (परिरम्भ) आलिंगन. An embrace. कुमा०

परीवज्ज. त्रि० (परिवर्ज्य) वर्जनीय. To be avoided or shunned. क०गं०६,६, टी.

परीसण. न० (परिवेषण) परोसना. To serve food. दे० २, १४.

परुइय. त्रि० (प्ररुदित) जो रोने लगा हो. Weeping. स० ७५५.

परूवग. त्रि० (प्ररूपक) प्रतिपादक. Explaining, Illustrating. उव० कुप्र० १८१.

परूविअ. त्रि०(प्ररूपित) प्रकाशित. Cleared or displayed, manifested, published. 'उत्तमकंचणरयणपरूविअभासुरभूसणभासुरिअंगा' अजि० २३.

परेण. अ० (परेण) बाद, अनन्तर. Afterwards. महा०

परोक्ख. न० (परोक्ष) पीछी, आंखों की ओट में. Afterwards. 'मम परोक्खे किं' महा०.

परोवआर. पुं० (परोपकार) दूसरे की भलाई. Doing good to others, benevolence. नाट—मृच्छ० १९८.

परोवयारि. त्रि० (परोपकारिन्) दूसरे की भलाई करने वाला. One who does good to others, benevolent. पउम० ५०, १.

परोह. पुं० (प्ररोह) (१) उत्पत्ति. Production. (२) वृद्धि. Growth. कुमा० (३) अंकुर, बीजोद्भेद. Germination. 'परोहे रेहइ' धर्मवि० १६८; हे० १, ४४.

पल. न० (पल) मांस. Flesh, meat. कुप्र० १८६.

पलंड. पुं० (पलगण्ड) राज, चूना पोतने वाला कारीगर. Plasterer, mason. 'पलगंडे पलंडो' प्राकृ० ३०.

पलंब. पुं० न० (प्रलम्ब) (१) एक तरह का धान का कोठा. Granary. बृह० २. (२) मूल. Root. कस० बृह० १.

पलक्ख. पुं० (प्लक्ष) पीपल का पेड़. A particular tree. कुमा० पि० १३२.

पलत्त. त्रि० (प्रलपित) (१) कथित, उक्त, प्रलाप-युक्त. Said, told. सुपा० ११४; से० ११, ७६. (२) प्रलाप, कथन. Talk, discourse.

पलय. पुं०(प्रलय)(१) युगान्त, कल्पान्त काल. The time of universal destruction. (२) जगत् का अपने कारण में लय. The destruction of the whole world. से०२,२. पउम०७२,३१. (३) विनाश. Destruction. 'जायवजाइपलए' ती० ३. (४)चेष्टा-क्षय. Loss of consciousness. (५) छिपना. Hiding. हे० १, १८७. —क्क. पुं० (अर्क) प्रलय काल का सूर्य. The sun at the time of universal destruction. पउम० ७२, ३१. —घण. पुं०(घन) प्रलय का मेघ. A cloud at the dissolution of the world. सण०

पलल. न० (पलल) माँस. Flesh, meat. कुप्र० १८७.

पलवण. न० (प्लवन) उछलना, उच्छलन. Jumping, leaping. 'पलवण आऊ वधाओ' ओघ० ३४८.

पलविर. त्रि० (प्रलपितृ) बकवादी. Loquacious, talkative. दे० ७, ५६.

पलहुअ त्रि० (प्रलघुक) स्वल्प, थोड़ा. A little. छोटा. Small. से० ११, १३. गउड०.

पलाणिअ. त्रि० (पलायनित) जिसने पलायन किया हो, भागा हुआ. Fled, retreated, run-away. 'पलाणिओ दूरं' सुपा०४६४.

पलात. त्रि० (प्रलात) गृहीत. Taken. चंड०

पलाव. पुं० (प्लाव) पानी की बाढ़. Inundation, an overflow of water. तंदु० ५० टी.

पलावण. न० (नाशन) नष्ट करना. Destroying, ruining. कुमा०.

पलाविअ. त्रि० (प्लावित) डुबोया हुआ, भिगाया हुआ. Moistened, weted. सुर० १३, २०४; कुम्म० ६०, ६७; सण०.

पलाविअ. (प्रलापित) अनर्थक घोषित करवाया हुआ. Caused to proclaim nonsensically. भवि०

पलाविर. त्रि० (प्रलपितृ) बकवाद करने वाला. A chatterer, babbler. 'असंबद्धपलाविरस्स' सुपा० २०१, 'एसो एवं पलाविरो' सुपा० २७७.

पलिअ. न०(पलित) भूरा. Grey. (१) ताप. Heat. (२) पंक, कादा. Mud, mire. (३) शिथिल. Loose. (४) वृद्ध, बूढ़ा. Old, aged. हे० १, २११. (५) पका हुआ, पक्व. Ripened. धर्म० २, निसी० चू० १५. (६) जरा-ग्रस्त. Decrepitude राज०.

पलिउंचि त्रि० (परिकुञ्चिन्) मायावी, कपटी. Deceitful, Fraudulent. वव० १.

पलिउंचिय. त्रि० (परिकुञ्चित) (१) वञ्चित. Deceived, cheated. (२) माया, कुटिलता. Deceit, fraud, trick. वव० १. (३) गुरु-वन्दन का एक दोष, पूरा बन्दन किये वग़ैर ही गुरु के साथ बातें करने लग जाना. A fault in the salutations of a preceptor. प्रव०२.

पलिओच्छिन्न. त्रि० (पर्यवच्छिन्न) देखो 'पलिओच्छन्न' शब्द. Vide 'पलिओच्छन्न' पि०२५७.

पलिभाग. पुं० (प्रतिभाग) सादृश्य, समानता. Similarity, likeness. राज०

पलिभेय. पुं० (परिभेद) चूरना. Levigating, pounding. निसी० चू० ५.

पलिमंथ. पुं० (परिमन्थ) सुस्त. Slow, dull. मुधा व्यापार, व्यर्थ-क्रिया, Fruitless deed. श्रावक० १०६, ११२.

पलिमंथग. पुं० (परिमन्थक) विलम्ब. Tardiness, delay, procrastination. राज०.

पलिमद्द. त्रि० (परिमर्द) मालिश करने वाला. Smearing. निसी० चू० ६.

पलियंचण. न० (पर्यञ्चन) परिभ्रमण. Wandering, travelling. सुर० ७, २४३.

पलिविअ. त्रि० (प्रदीपित) जलाया हुआ. Set on fire, inflamed. षड्० हे० १, १०१.

पलीण. त्रि० (प्रलीन) (१) प्रलय-प्राप्त. Destroyed. सुर० ४, १५४. (२) छिपा हुआ, विलीन. Hidden. सुर० ६, २८,

पलीव. पुं० (प्रदीप) दीपक, दिया. Lamp. प्राकृ० १२, षड्०

पलीविअ. त्रि० (प्रदीप्त) प्रज्वलित. Inflamed, kindled. पाअ०

पलीविअ. त्रि० (प्रदीपित) जलाया हुआ. Lighted, inflamed. उव०.

पलुट्ट. त्रि० (प्रलुठित) लेटा हुआ. Lying on its sides. दे० १, ११६.

पलुट्ठ. त्रि० (प्लुष्ट) दग्ध, जला हुआ. Scorched, burnt. सुर० ६, २०६ सुपा० ४.

पलेव. पुं० (प्रलेप) एक जाति का पत्थर पाषाण विशेष. A kind of stone जी० ३.

पलोइअ. त्रि० (प्रलोकित) देखा हुआ. Seen. गा० ११८, महा०.

पलोइर. त्रि० (प्रलोकितृ) प्रेक्षक. A spectator, looker on. गा० १८०, भवि०.

पलोट्ट. त्रि० (पर्यस्त) (१) क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. (२) हत. Killed. (३) विक्षिप्त

Disturbed. हे० ४, २५८. (४) पतित, गिरा हुआ. Fallen. गा०१७०. (५) प्रवृत्त. Engaged in. 'तओ पलोट्टा जवा' कुमा०.

पलोट्टण. न० (प्रलोठन) ढुलकाना, गिराना. Rolling. उप० पृ० ११०.

पलोभविअ. त्रि० (प्रलोभित) लुभाया हुआ. Allured, tempted. धर्मवि० ११२.

पलोभि. त्रि० (प्रलोभिन्) विशेष लोभी. Greedy, covetous. धर्मवि० ७.

पल्लंक. पुं० (पल्यङ्क) शाक विशेष, कन्द-विशेष. A kind of vegetable. आ० २०; जी० ९, प्रव० ४, संबोध० ४४.

पल्लट्ट. पुं० (परिवर्त) काल-विशेष, अनन्त काल चक्रों का समय. A period, lapse or expiration of time. धण० ४७.

पल्लव. पुं० (पल्लव) (१) देश विशेष. A particular country. सवि० (२) विस्तार. Extension, expansion. कप्पू०

पल्लविल्ल. त्रि० (पल्लववत्) पल्लव-युक्त. Sprouting, having young shoots. सुपा० ५, धण० २४.

पल्लाण. न० (पर्याण) अश्व आदि का साज. Saddle. 'किं करणो पल्लाणं' प्रवि० १७, प्राप्र०

पल्लाणिअ. त्रि० (पर्याणित) पर्याण युक्त. Saddled. कुमा०

पल्हत्थण. न० (पर्यसन) फेंक देना, प्रक्षेपण. Throwing. 'भुवणपल्हत्थणपवणो' मोह० ६२.

पल्हत्थाविय. त्रि० (विरेचित) बाहर निकला हुआ. Purged, evacuated. कुमा०

पल्हाय. पुं० (प्रह्लाद) (१) हिरण्यकशिपु नामक दैत्य का पुत्र. Name of a son of the Demon Hiranya-kasipu. हे० २, ७६. (२) आठवां प्रतिवासुदेव राजा. Eight Prativasudeo. पउम० ५,१५६. (३) एक विद्याधर नरेश. A Vidyadhar king. पउम० १५, ५.

पल्हायण. त्रि० (प्रह्लादन) (१) आनन्द-दायक. Gladdening, delighting. सुपा० ५०७. (२) पुं० रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. पउम० ५६, ३९.

पल्हीय. पुं० ब० (प्रह्लीक) देश विशेष. A particular country. पउम० ९८, ६६.

पव. पुं० (प्लव) (१) पूर. Inundation, flood. कुमा० (२) उच्छलन, कूदना. Leaping, jumping. (३) तरण, तैरना. Swimming. (४) भेक, मेंढक. Frog. (५) वानर, बकरो. Monkey. (६) चाण्डाल, डोम. An outcast, a man of a low tribe. (७) जल-काक. The diver-bird. (८) पाकुड़ का पेड़. A kind of tree. (९) कारण्डव पक्षी. The Karandava bird. (१०) शब्द, आवाज. Sound. (११) रिपु, दुश्मन. Enemy. (१२) मेष, मेंढा. Goat. (१३) जल-कुक्कुट. Water-fowl. (१४) जल, पानी. Water. (१५) जलचर पक्षी. Water-bird. (१६) नौका, नाव. Raft, canoe. हे० २, १०६.

पवंग. पुं० (प्लवङ्ग) (१) वानर. Monkey. से० २, ४६. ४, ४७. (२) वानर वंशीय मनुष्य. A man of Vanar race. —**नाह.** पुं० (नाथ) वानर वंशीय राजा, बाली. Name of a celebrated monkey chief. पउम० ९, २९. —**वइ.** पुं० (पति) वानर-राजा. A king of monkeys. पि० ३७९.

पवंगम. पुं० (प्लवङ्गम) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०.

पवंचिअ. त्रि० (प्रपञ्चित) विस्तारित.

Expanded, amplified. आ० १४, कुप्र० ११८.

पवज्जण. न० (प्रपदन) स्वीकार, अंगीकार. Acceptance. स० २७१, पंचा० १८, ८. श्रावक० १११.

पवज्जिय. त्रि० (प्रपन्न) स्वीकृत, अंगीकृत. Accepted. धर्मवि० ५३; कुप्र० २९५, सुपा० ४०७.

पवज्जिय. (प्रवादित) वजाया हुवा. Trumpeted, blown. स० ७९५.

पवट्ट. त्रि० (प्रवृत्त) जिसने प्रवृत्ति की हो. Begun, commenced, proceeded with. पड्० हे० २, २९ टि.

पवट्टय. त्रि० (प्रवर्तक) प्रवृत्ति कराने वाला. Prompting, inducing, instigating. राज०

पवट्टि. स्त्री०(प्रवृत्ति) प्रवर्तन. Commencement. हम्मीर० १५.

पवट्टिअ. त्रि० (प्रवर्तित) प्रवृत्त किया हुआ. Prompted, induced. भवि० दे०

पवड्ढ. त्रि० (प्रवृद्ध) बढ़ा हुआ. full-grown, increased. अज्झ० ७०.

पवड्ढिय. त्रि० (प्रवर्धित) बढ़ाया हुआ. Increased, augmented. भवि०

पवण. त्रि० (प्रवण) तत्पर. Closely intent on, exclusively devoted to. कुप्र० १३४. (२) तन्दुरस्त, स्वस्थ. Healthy. 'पवणो पुव्वं' उप० ५९७ टी, कुप्र० ४१८.

पवण. पुं० (पवन) हनुमान का पिता. The father of Hanumat. से० १, ४८. —तणय. पुं० (तनय) हनुमान. An epithet of Hanumat. से० १, ४८. —णंदण. न० (नन्दन) हनुमान. An epithet of Hanumat. पउम० १९, २७. सम्मत्त० १२३. —पुत्त. पुं० (पुत्र) हनुमान. An epithet of Hanumat. पउम० ५२, २८.

पवणंजय. पुं० (पवनञ्जय) हनुमान का पिता. The father of Hanumat. पउम० १५, ६. (२) एक श्रेष्ठि पुत्र. A son of a Sahukar. कुप्र० ३७७.

पवणगइ. पुं०(पवनगति) (१) हनुमानका पिता. The father of Hanumat. पउम० १५, ३७. (२) वानरद्वीप के राजा मंदर का पुत्र. A son of the king of Vanara Dvipa. पउम० ६, ६८.

पवणवेग. पुं० (पवनवेग) (१) हनुमान का पिता. The father of Hanumat. पउम० १५, ६५. (२) एक जैन मुनि. A Jaina saint. पउम० २०, १९०.

पवणिय. त्रि० (प्रवणित) स्वस्थ किया हुआ, तंदुरस्त किया हुआ, Cured, healed. उप० ७६८ टी.

पवन्न. त्रि० (प्रपन्न) स्वीकृत, अंगीकृत. Accepted. चेइय० ११२; प्रासू० २१.

पवमाण. पुं० (पवमान) पवन, वायु. The wind. कुप्र० ४४४; सुपा० ८६.

पवय. पुं०(प्लवग) वानर, कपि. Monkey. पउम० ६५, ५०; हे० ४, २२०; पाअ० से०२, ३७; १५, १७. —अहिव. पुं० (अधिप) वानरों का राजा, सुग्रीव. Name of a monkey chief. से० २, ४०; १२, ७०. —वइ. पुं० (पति) वही पूर्वोक्त अर्थ. A king of monkeys, Sugriva. से० २, ४०; १२, ७०.

पवयण. पुं० (प्राजन) कोड़ा, चावुक. Whip, a goad. दे० २, ६७.

पवयण. न० (प्रवचन) जैन संघ. Jaina Sangha. 'पवयण तित्थं' पंचा० ८, ३९; विशे० १११२; उप० ४२३ टी.

पवसण. न० (प्रवसन) प्रवास, विदेश-यात्रा

मुसाफिरी. Travelling, going on a journey. स० १९६; उप० १०३१ टी.

पवसिअ. त्रि० (प्रोषित) प्रवास में गया हुआ. Gone abroad on a journey. गा० ४५, ८४०; सुर० ५, २११; सुपा० ४७३.

पवह. पुं० (प्रवाह) (१) प्रवृत्ति. Commencement. (२) व्यवहार. Transaction, dealing. (३) उत्तम अश्व. An excellent horse. हे० १, ६८. (४) प्रभाव. Appearance, dignity. राज०

पवहण. न० (प्रवहण) गाड़ी आदि वाहन. A carriage, a vehicle in general. वसु० चारु० ७०.

पवहाविअ. त्रि० (प्रवाहित) वहाया हुआ. Caused to flow. भवि०

पवाइअ. त्रि० (प्रवात) बहा हुआ. (वायु) Blown. 'पवाइया कलंबवाया' स० ६८९; पउम० ५७, २७. स० ३९.

पवाय. पुं० (प्रवाद) (१) किंवदन्ती, जन-श्रुति. Rumour, popular saying or belief. सुपा० ३००; उप० पृ० २९. (२) मत, दर्शन. A doctrine or theory prescribed in a system.

पवाय. पुं० (प्रपात) Cliff, waterfall, bank or to face an enemy. (१) तट-रहित निराधार पर्वत-स्थान. A barren mountaineous region or place. (२) रात में पड़ने वाली धाड़. A sudden attack during the night time. राज०

पवायण. न० (प्रवाचन) प्रपठन, अध्ययन. Learning, studying, perusing. सम्मत्त० ११७.

पवायणा. स्त्री० (प्रवाचना) देखो 'पवायण' शब्द. Vide 'पवायण'. विशे० २८३५.

पवालिअ. त्रि०(प्रपालित) जो पालने लगा हो. Protected, guarded. उप० ७२८ टी

पवासि-पवासु. त्रि० (प्रवासिन्) मुसाफिर A traveller. गा० ९८; षड्० पि० ११८ हे० ४, ३९५.

पवाहण. न० (प्रवाहन) (१) जल, पानी Water. आवम० (२) बहाना, वहन करान। Causing to flow. चेइय० ५२३.

पवि. पुं० (पवि) वज्र, इन्द्र का अस्त्र-विशेष. The thunderbolt of Iudra. उप० २११ टी; सुपा०४६७, कुमा० धर्मवि० ८०.

पविअंभिअ. त्रि० (प्रविजृम्भित) प्रोल्लसित, समुत्पन्न. Produced. गा० ५३६ अ०

पविकसिय. त्रि० (प्रविकसित) प्रकर्ष से विकसित. Fully opened or expanded. राज०

पविक्खिअ. त्रि० (प्रवीक्षित) निरीक्षित, अवलोकित. Observed, inspected. स० ७४६.

पवित्त. पुं० (पवित्र) दर्भ, तृण-विशेष. A kind of grass. दे० ६, १४.

पवित्ताविय त्रि० (प्रवर्तित) प्रवृत्त किया हुआ. Engaged in. भवि०

पवित्थारि. त्रि० (प्रविस्तारिन्) फैलने वाला. Spreading. गउड०

पविभाग. पुं०(प्रविभाग) पृथग २ विभाग. Division. विशे० १९४२.

पविमुक्क. त्रि० (प्रविमुक्त) परित्यक्त. Abandoned. सुर० ३, १३९.

पवियंभिर. त्रि० (प्रविजृम्भित) उल्लसित होने वाला. Delighting. (२) उत्पन्न होने वाला. Producing. सण०

पवियारणा. स्त्री० (प्रविचारणा) काम-क्रीडा, मैथुन. Coition, sexual intercourse. देवेन्द्र०३४७.

पविरंजिअ त्रि० (भग्न) तोड़ा हुआ. Broken. कुमा० दे०६, ७४.

पविरिक्क. त्रि० (प्रविरिक्त) एकदम शून्य, बिलकुल खाली. Quite empty. गउड० ६८५.

पविलुत्त. त्रि० (प्रविलुप्त) बिलकुल नष्ट. Entirely perished. उप० ५८७ टी.

पवुट्ठ. न. (प्रवृष्ट) त. प्रभूत वृष्टि, वर्षण. Heavy rain. 'काले पवुट्ठ' अभि. २२०.

पवुड्ढ. त्रि० (प्रवृद्ध) बढ़ा हुआ, विशेष वृद्ध. Very old. दे० १, ६.

पवुड्ढि. स्त्री० (प्रवृद्धि) बढ़ाव. Increase, growth. पंच० ५, ३३.

पवुत्त. त्रि० (प्रोक्त) जो कहने लगा हो, जिसने बोलना आरम्भ किया हो. One who began to speak. पउम० २७, १६; ६४, २१. (२) उक्त, कथित. Told, said. धर्मवि० ८२.

पवूढ. त्रि० (प्रव्यूढ) धारण किया हुआ. Held. स० ५११.

पवेइय. त्रि० (प्रवेपित) कम्पित. Trembled. पउम० ५, ७८.

पवेढिय. त्रि० (प्रवेष्टित) बेढ़ा हुआ. Encompassed, encircled, सुर० १२, १०४.

पवेयण. न० (प्रवेदन) प्ररूपण, प्रतिपादन. Explaining. expounding. (२) ज्ञान, निर्णय. Knowledge. (३) अनुभावन. Indication of feelings by signs or gestures etc. राज०

पवेविर. त्रि० (प्रवेपितृ) काँपने वाला. Trembling. पउम० ८०, ६४.

पवेस. पुं० (प्रवेश) नाटक का एक हिस्सा. Entrance on the stage. कप्पू०

पवेस. पुं० (प्रद्वेष) अधिक द्वेष. Malice, rancour. भवि०

पवेसिय. त्रि० (प्रवेशित) घुसाया हुआ. Caused to enter, thrusted in, सण०

पवोत्त. पुं० (प्रपौत्र) पौत्र का पुत्र. Grandson. आक० ८.

पव्वइ. न० (पर्वतिन्) गोत्र विशेष, काश्यप गोत्र की एक शाखा. A particular lineage branch of Kashyapa race. (२) पुं० स्त्री० उस गोत्र में उत्पन्न. Born in that Family. राज०

पव्वइंद. पुं (पर्वतेन्द्र) मेरु पर्वत. The mount Meru. सू० प० ५ टी.

पव्वई. स्त्री० (पार्वती) गौरी, शिव पत्नी. Name of Durga, wife of shiva. पाअ०

पव्वंग. पुं० न० (पर्वाङ्ग) संख्या-विशेष. A particular number. इक०

पव्वक. ग. पुं० (पर्व्वक) घुटना. Knee. तृण विशेष. A kind of grass. निसी० चू० १.

पव्वयय. पुं० न० (पर्वतक) एक ब्राह्मण पुत्र का नाम. Name of a Brahmana's son. पउम० ११, ६; (२) एक राजा. King. भवि० (३) एक राजकुमार. Prince. उप० ६३७.

पव्वाइअ. स्त्री (प्रव्राजित) (१) जिसको दीक्षा दी गई हो. One who is initiated. सुपा० ५६६, (२) दीक्षा देना. Init iation. राज०

पव्वाइय. त्रि० (म्लान) पिच्छाय, शुष्क. Faded, withered. कुमा० ६, १२.

पव्वाय. पुं० (प्रवात) प्रकृष्ट पवन. Hurricane, stormy wind, gale. गा० ६२३.

पव्वालण. न० (प्लावन) तराबोर करना. Moistening, wetting. से० ६, १५.

पव्वालिअ. त्रि० (प्लावित) जल-व्याप्त, तराबोर किया हुआ. Moistened, sprinkled. पाअ० कुमा० से० ६, १०.

पव्वालिअ. त्रि० (छादित) ढका हुआ. Covered. कुमा०

पव्वावण. न० (प्रव्राजन) दीक्षा देना. Initiating. उव० ओघ० ४४२ टी.

पव्विद्ध. त्रि० (प्रवृद्ध) महान, बड़ा. Huge great. से० १४. ५१.

पव्विद्ध. न० (प्रविद्ध) गुरु वन्दन का एक दोष, वन्दन के विना ही समाप्त किये भागना. A fault in saluting a preceptor. प्रव० २.

पसंग. पुं० न० (प्रसङ्ग) (१) परिचय, उपलक्ष. Acquaintance, intimacy. स० ३०५. (२) आपत्ति, अनिष्ट प्राप्ति. Calamity. स० १७४. (३ आसक्ति. Attachment. (४) प्रस्ताव, अधिकार. A subject, resolution, right. गउड० भवि० पंचा० ६, २६.

पसंति. स्त्री० (प्रशान्ति) नाश, विनाश. Ruin, destruction. 'सव्वदुक्खप्पसंतीणं' अजि० ३.

पसंसय. त्रि० (प्रशंसक) प्रशंसा करने वाला. Admirer. श्रा० ६, भवि०

पसज्झ-पसज्झं. अ० (प्रसह्य) हठात्, बलात्कार से. Forcibly, violently, स० ३१.

पसज्जचेय. न० (प्रसह्यचेतस्) धर्म-निरपेक्ष चित्त, कदाग्रही मन. Pernicious mind. दसचू० १, १४.

पसढिल. त्रि० (प्रशिथिल) विशेष ढीला. Exeedingly loose. हे० १, ८९.

पसण्णचंद. पुं० (प्रसन्नचन्द्र) भगवान् महावीर के समय का एक राजर्षि. A royal sage, contemprary of Lord Mahavira. उव० पडि०

पसत्त. त्रि० (प्रसक्त) चिपका हुआ. Attached to, connected with. गउड० ५१. (२) आसक्त. Excessively attached, addicted to. गउड० ५३१; उव० (३) आपत्ति-ग्रस्त, अनिष्ट प्राप्ति के दोष से युक्त. Fallen into misfortune. विशे० १८५६.

पसत्ति. स्त्री० (प्रसक्ति) आसक्ति, अभिष्वङ्ग. Attachment, addiction, adherence. उप० १३१. (२) आपत्ति-दोष. A wrong philosophical conclusion or inference. अज्झ० ११६.

पसत्थि. स्त्री० (प्रशस्ति) वंशोत्कीर्तन, वंश-वर्णन. Description of family. गउड० सम्मत्त० ८३.

पसप्प. पुं० (प्रसर्प) विस्तार, फैलाव. Extension. द्रव्य० १०.

पसम. पुं० (प्रशम) लगातार दो उपवास. Two fasts at a time. संबोध. ५८.

पसम. पुं० (प्रश्रम) विशेष मेहनत, खेद. Labour, exertion. आव० ४.

पसमाविअ. त्रि० (प्रशमित) प्रशान्त किया हुआ. Pacified, soothed. स० ६२.

पसमिण. त्रि० (प्रशमिन्) प्रशान्त करने वाला. नाश करने वाला. Destructor. 'पावपसमिणपासजिण' णमि० १७.

पसय. त्रि० (प्रसृत) फैला हुआ. Spread, वज्जा० ११२, १४४.

पसरण. न० (प्रसरण) विस्तार, फैलाव. Extension. कप्पू०

पसव. न० (प्रसव) पुष्प, फूल. Flower. 'कुसुभं पसवं पसूअं च' पाअ० 'तहेव होति पसवाणि' दसनि० १, ३६.

पसविं. त्रि० (प्रसविन्) जन्म देने वाला. Pro-creator or parents. नाट-शकु० ७४.

पसविय. त्रि० (प्रसूत) जिसने जन्म लिया हो. Child or issue. 'सयमेव पसविया' सुर० १०, २३०; सुपा० ३६.

पसविर. त्रि० (प्रसवितृ) जन्म देने वाला. One who gives birth. नाट०

पसस्स. त्रि० (प्रशस्य) स्तुति करने योग्य. Praiseworthy, commendable. सुपा० ६४५.

पसाइय. त्रि० (प्रसादित) प्रसन्न किया हुआ. Appeased, propitiated. स० ३८६, ५७६; (२) प्रसन्न होने के कारण दिया हुआ. Awarded for having been pleased with. 'पसाइयं कडयवत्थाइं' सुर० १, १६३.

पसार. पुं० (प्रसार) विस्तार, फैलाव. Extension. कप्पू०

पसाहग. त्रि० (प्रसाधक) साधक, सिद्ध करने वाला. Accomplishing, perfecting. धर्मसं० २६. **—तम.** त्रि० (तम) उत्कृष्ट साधक. The best accomplisher. (२) न० व्याकरण प्रसिद्ध कारक-विशेष, करण कारक. Grammatically established. विशे० २११२.

पसाहण. न० (प्रसाधन) सिद्ध करना, साधना. Accomplishment. सुर० ३, १२. (२) उत्कृष्ट साधन. The best attainment. 'भवसमुद्दे पसाहणं' स० ७४४.

पसाहाविय. त्रि० (प्रसाधित) विभूषित कराया गया, सजवाया हुआ. Ornamented, decorated. भवि०

पसाहि. त्रि० (प्रसाधित) सिद्ध करने वाला. Accomplishing. संबोध० ८, ५४.

पसाहिल्ल. त्रि० (प्रशाखिन्) प्रशाखा युक्त. Having many branches. सुर० ८, १०८.

पसिअ. त्रि० (प्रसृत) फैला हुआ, विस्तीर्ण. Spread, extended. 'पसिअच्छि' गा० ६२०; ६२३.

पसिक्खअ. त्रि० (प्रशिक्षक) सीखने वाला. A student, studying. गा० ६२१ अ०

पसिज्जण. न० (प्रसदन) प्रसन्न होना. Pleasing. 'खणपसिज्जणं' गा० ६७५.

पसिण. पुं० न० (प्रश्न) दर्पण आदि में देवता आह्वान; मन्त्र विद्या-विशेष. Invocation of a deity in a mirror etc. a kind of magical-skill. बृह० १.

पसिणिय. त्रि० (प्रश्नित) पूछा हुआ. Asked. सुपा० १६; ६२५.

पसिद्ध. त्रि० (प्रसिद्ध) प्रकर्ष से मुक्ति को प्राप्त, मुक्त. Finally emancipated. सिरि० ५६५.

पसीस. पुं० (प्रशिष्य) शिष्य का शिष्य. A grand pupil. पउम० ४, ८६.

पसुत्ति. स्त्री० (प्रसुप्ति) कुष्ट रोग विशेष, नखादि विदारण होने पर भी अचेतनता. Paralysis, a kind of disease. राज०.

पसुमेह. पुं० (पशुमेध) जिसमें पशु का भोग दिया जाता हो. An animal sacrifice. पउम० ११, १२.

पसू. त्रि० (प्रसू) प्रसव-कर्त्ता, जन्म-दाता. Pro-creator. मोह० २६.

पसूअण न० (प्रसवन) जन्म-दान. Bearing children. सुपा० ४०३.

पसूइय. पुं० (प्रसूतिक) वातरोग-विशेष. A kind of gout or rheumatism. सिरि० ११७.

पसूण. न० (प्रसून) फूल, पुष्प. Flower. कुमा० सण०.

पसेअ पुं० (प्रस्वेद) पसीना. Perspiration. दे० ६, १.

पसेढि. स्त्री० (प्रश्रेणि) अवान्तर-श्रेणि-पंक्ति. Subordinate line. पि० ६६.

पसेविआ. स्त्री० (प्रसेविका) थैली, कोथली. Sack, bag. दे० ५, २५.

पस्सओहर. त्रि० (पश्यतोहर) देखते हुए चोरी करने वाला. One who steals before a person's eyes. 'नणु एसो पस्सओहरो तेणो' उप० ७२८ टी.

पह. त्रि० (पह्व) नम्र, Humble, modest. (२) विनीत. Submissive. (३) आसक्त.

Attached to, addicted to. प्राकृ० २४.

पहंजण. पुं० (प्रभञ्जन) (१) वायु, पवन. Wind. पाश्र० (२) एक राजा. King. भवि०

पहत्थ. पुं० (प्रहस्त) रावण का मामा. Name of a maternal uncle of Ravana. से० १२, ५५.

पहय. त्रि० (प्रहत) घृष्ट, घिसा हुश्रा. Rubbed. से० १, ५८; बृह० १.

पहय. त्रि० (प्रहृत) जिस पर प्रहार किया गया हो. Wounded, beaten. 'पहया श्रहिमंतियजलेण, महा०

पहर. पुं० (प्रहार) (१) मार, प्रहार. Striking, beating. हे० १, ६८; पड्० प्राप्र० संचि० २; (२) जहां पर प्रहार किया गया हो. A place where some thing is beaten. से० २, ४.

पहरण. न० (प्रहरण) प्रहार-क्रिया. Struck, beat. से० ३, ३८.

पहरिश्र. त्रि० (प्रहृत) (१) प्रहार करने के लिए उद्यत. Ready to strike. सुर० ६, १२६; (२) जिस पर प्रहार किया गया हो. Beaten, struck. भवि०

पहरिस. पुं० (प्रहर्ष) श्रानन्द, खुशी. Extreme joy, exultation, rapture. 'श्रामोश्रो पहरिसो तोसो' पाश्र० सुर० ३, ४०.

पहल्लिर. त्रि० (प्रघूर्णितृ) घूमने वाला, डोलता. Shaking, moving to and fro. कुमा० सुपा० २०४.

पहव. पुं० (प्रभव) एक जैन महर्षि. A Jaina sage. कुमा०

पहविय. त्रि० (प्रभूत) जो समर्थ हुश्रा हो. Powerful, strong. 'नो पहवियं नरिंदस्स' सुपा० ६१५.

पहसण. न० (प्रहसन) (१) उपहास, परिहास. Ridicule, derision. (२) नाटक का एक भेद, रूपक-विशेष. A farce, a kind of low comedy. 'पहसणप्पायं कामसत्थवयणं' स० ७१३; १७७; हास्य० ११६.

पहसिय. त्रि० (प्रहसित) (१) जिसका उपहास किया हो. Rediculed. भवि० (२) न० हास्य. Laughter, mirth. बृह० १. (३) पुं० पवनञ्जय का एक विद्याधर-मित्र. A Vidyadhar friend of Pavanahjaya. पउम० १५, ५६.

पहाण. पुं० (प्रधान) सचिव, मन्त्री. Minister. भवि०

पहायर. पुं० (प्रभाकर) (१) सूर्य, रवि. Sun. (२) रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेने वाला एक राजर्षि. A royal sage initiated with Bharata, brother of Ramachandra. पउम० ८५, ५.

पहारि. त्रि० (प्रहारित) प्रहार करने वाला. Stricker, one who beats. सुपा० २१५; प्रासू० ६८.

पहारिय. त्रि० (प्रहारित) जिस पर प्रहार किया गया हो. One who is beaten, struck. स० ५६८.

पहारिय. त्रि० (प्रधारित) विकल्पित, चिन्तित. Thought reflected. राज०

पहावई. स्त्री० (प्रभावती) श्राठवें वासुदेव की पटरानी. A crowned-queen of eighth Vasudeo. पउम० २०, १८७.

पहाविर. त्रि० (प्रधावितृ) दौड़ने वाला. Runner. वज्जा० ६२; गा० २०२.

पहासा. स्त्री० (प्रहासा) देवी-विशेष. A particular deity. महा०

पहिश्र. (प्रथित) प्रसिद्ध, विख्यात. Famous, celebrated, renowned. (२) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका पति. A king of the demon family. पउम० ५, २६२.

पहिंसय. त्रि० (प्रहिंसक) हिंसा करने वाला. Killer. ओघ० ७५३.

पहिरावण. न० (परिधापन) (१) पहिराना. Causing to put on. (२) पहिरावन, भेंट में या इनाम में दिया हुवा वस्त्रादि. A present of garments etc. आ० २८.

पहिराविय. त्रि० (परिधापित) पहिराया हुआ. Caused to put on. महा० भवि०

पहिरिय. त्रि० (परिहित) पहिरा हुआ, पहना हुआ. Put on, dressed. सम्मत्त० २१८.

पहिल्लिर. त्रि० (प्रघूर्णितृ) खूब हिलने वाला, अत्यन्त हिलता हुवा. Trembling, tremulous. सम्मत्त० १८७.

पहु. पुं० (प्रभु) (१) परमेश्वर, परमात्मा God. कुमा० (२) एक राज पुत्र. Prince. वसु०

पहुंक. पुं० (पृथुक) खाद्य पदार्थ विशेष, चिउड़ा. An eatable, parched and flattened rice. दे० ६, ४४.

पहुण. पुं० (प्राघुण) अतिथि, महमान, Guest, visitor. उप० ९०२.

पहुणाइय. न० (प्राघुण्य) आतिथ्य, अतिथि, सत्कार. Hospitable reception of guests, hospitality. रंभा०

पहुत्त. त्रि० (प्रभूत) (१) पर्याप्त, काफी. Enough. 'पज्जत्तं च पहुत्तं' पाअ० गउड० गा० २७७; (२) समर्थ. Powerful, strong. से० २, ९; (३) पहुंचा हुआ. Having arrived at. ती० १५.

पहुवी. स्त्री० (पृथ्वी) भूमि, धरती. Earth. नाट—मालती० ७२. —पहु. पुं० (प्रभु) राजा. King. हम्मीर० १७. —वइ. पुं० (पति) राजा. Ruler. हम्मीर० १६.

पहूअ. त्रि० (प्रभूत) (१) बहुत, प्रचुर. Much, abundant. स० ४५९; (२) उद्गत. Sprung from. (३) भूत Produced. (४) उन्नत. High, lofty. प्राकृ० ६२.

पहोलिर. त्रि० (प्रघूर्णितृ) हिलने वाला, डोलना. Trembling. गा० ७८, ६६६; से० ३, ४९; पाअ०

पाइ. त्रि० (पायिन्) पीनेवाला. Drinking गा० ५६७; हि० ६.

पाइडि. स्त्री० (प्रावृत्ति) प्रावरण, वस्त्र. Garment. गा० २३८.

पाइभ. न० (प्रातिभ) प्रतिभा, बुद्धि-विशेष. Genius, bright conception. कुप्र० १५५.

पाईण. न० (प्राचीन) (१) गोत्र-विशेष. A particular lineage. (२) पुं० स्त्री० उस गोत्र में उत्पन्न. Born in that family 'थेरे अज्जभद्दबाहू पाईणसगोत्ते' कप्प०

पाउंछण-पाउंछणग. न० (पादप्रोञ्छन-क) जैन मुनि का एक उपकरण, रजोहरण. A whisk (made of wool, carried by Jaina ascetics to remove dust). प्रव० ११२ टी; ओघ० ६३०; पंचा० १७,१२.

पाउग्ग. त्रि० (प्रायोग्य) उचित, लायक, Proper, suitable. सुर० १५, २३३.

पाउग्गह. पुं० (पतद्ग्रह) पात्र. Vessel. आयानि० २८८.

पाउब्भव. त्रि० (पापोद्भव) पाप से उत्पन्न Produced by sins. उप० ७६८ टी.

पाउल. त्रि० (पापकुल) हलके कुल का, जघन्य कुल में उत्पन्न. Low-born. 'पाउलाण दविणजायं' स० ६२९; सुर० १०, ५.

पाउसिय. त्रि० (प्रावृषिक) वर्षा-सम्बन्धी. Relating to rainy-season. राज०

पाउसिअ. त्रि० (प्रोषित) प्रवास में गया हुआ. Gone abroad on a journey. 'नियइ पाउसियदहयाओ' सुपा० ७०.

पाओ. अ० (प्रायस्) बहुत करके, प्रायः. Mostly, generally. आ० २७.

पाओगिय. त्रि॰ (प्रायोगिक) प्रयत्न-जनित, अस्वाभाविक. Unnatural. चेइय॰ २५३.

पाकम्म. न॰ (प्राकाम्य) योगकी आठ सिद्धियों में से एक सिद्धि. Irresistible will, considered as one of the eight attributes or siddhis. ‘पाकम्मगुणेण गुणी भुवि कुम्र॰ २७७.

पाकार. पुं॰ (प्राकार) किला, दुर्ग Fort. उप॰ पृ॰ ८४.

पाग. पुं॰ (पाक) (१) पचन क्रिया Digestion. सुपा॰ ३७४; (२) दैत्य विशेष, Name of a demon. गउड॰ (३) विपाक, परिणाम. Ripeness, maturity, result. धर्मसं॰ ६६५; (४) बलवान दुश्मन. Powerful enemy. आवम॰

पागयभासा. स्त्री॰ (प्राकृतभाषा) प्राकृत भाषा. Prakrit language. श्रा॰ २३. **—वागरण.** न॰ (व्याकरण) प्राकृत भाषा का व्याकरण. The grammar of Prakrit. विशे॰ ३४५५.

पाडच्चर. पुं॰ (पाटच्चर) चोर, तस्कर. Thief. पाअ॰ दे॰ ६, ३४.

पाडण. न॰ (पातन) (१) गिराना, पाड़ना. To pull down. सूयनि॰ ७२; (२) परिभ्रमण, इधर उधर घूमना. Wandering, roaming. कुमा॰ २, ३७.

पाडय. त्रि॰ (पातक) गिराने वाला. One who pulls down. मृच्छ॰ २४५.

पाडला. स्त्री॰ (पाटला) वृक्ष-विशेष, पाढल का पेड़, पाडरि. A kind of tree. गा॰ ४५६; सुर॰ ३, ५२; पउम॰ २०, ३८.

पाडलिय. त्रि॰ (पाटलित) श्वेत-रक्त वर्ण वाला किया हुआ. Whitened. गउड॰

पाडव. न॰ (पाटव) पटुता, निपुणता. Dexterity, proficiency. धम्म॰ १० टी.

पाडहिग-पाडहिय. त्रि॰ (पाटहिक) ढोल बजाने वाला, ढोली. A drum-beater. स॰ २१६.

पाडिअ. त्रि॰ (पाटित) फाड़ा हुआ, विदारित. Torn, split, broken. स॰ ६६६.

पाडिच्चरण. न॰ (प्रतिचरण) सेवा, उपासना. Devotion. उप॰ पृ॰ ३४६.

पाडिच्छय. त्रि॰ (प्रतीप्सक) ग्रहण करने वाला. One that accepts. सुख॰ २, १३.

पाडिप्पवग. पुं॰ (पारिप्लवक) पक्षि-विशेष. A particular bird. पउम॰ १४, १८.

पाडिप्फद्धि. त्रि॰ (प्रतिस्पर्धिन्) स्पर्धा करने वाला. Rivalling, competing. हे॰ १, ४४; २०६.

पाडिवय. पुं॰ (प्रातिपद) एक भावी जैन आचार्य. A future Jaina preceptor. विचार॰ ५०६.

पाडिवेसिय. त्रि॰ (प्रातिवेश्मिक) पड़ोसी. Neighbour. सुपा॰ ३६४.

पाडिस्सुइय. न॰ (प्रातिश्रुतिक) अभिनय का एक भेद. A kind of acting. राज॰

पाढंतर. न॰ (पाठान्तर) भिन्न पाठ. Different readings. आवक॰ ३११.

पाढण. न॰ (पाठन) अध्यापन. Teaching, lecturing. उप॰ पृ॰ १२८; प्राकृ॰ ६५; सम्मत्त॰ १४२.

पाढणया. स्त्री॰ (पाठना) देखो ‘पाढण’ शब्द. Vide ‘पाढण’. पंचभा॰ ४.

पाढावअ. त्रि॰ (पाठक) अध्यापक. Teacher. प्राकृ॰ ६०.

पाढावण. न॰ (पाठन) अध्यापन. Teaching. प्राकृ॰ ६१.

पाढाविअ. त्रि॰ (पाठित) अध्यापित. Taught. प्राकृ॰ ६१.

पाढाविअवंत. त्रि॰ (पाठित्तवत्) जिसने पढ़ाया हो. Teacher. प्राकृ॰ ६१.

पाढाविउ-पाढाविर. त्रि॰ (पाठयितृ) पढ़ाने

वाला. Teacher. प्राकृ० ६१, ६०.

पाढिअ. त्रि० (पाठित) पढ़ाया हुआ. अध्यापित. Taught. प्राप्र०

पाढिआ. स्त्री० (पाठिका) पढ़ाने वाली स्त्री. Teacheress, mistress. कप्पू०

पाढिउ-पाढिर. त्रि० (पाठयितृ) अध्यापक, पढ़ाने वाला. Teacher. प्राकृ० ६१.

पाढीण. पुं० (पाठीन) मत्स्य-विशेष मत्स्य की एक जाति. A kind of fish. गा० ४१४; विक्र० ३२.

पाणंतकर. त्रि० (प्राणान्तकर) प्राण-नाशक. Fatal, destructive to life. सुपा० ६१४.

पाणंतिय. त्रि० (प्राणान्तिक) प्राण-नाश वाला. Fatal, destructive to life. 'पाणंतिया वई पहु' सुपा० ४५२.

पाणायाम. पुं० (प्राणायाम) योगाङ्ग-विशेष, रेचक, कुम्भक, पूरक, नामक प्राणों को दमने का उपाय. Restraining or suspending of the breath. गउड०

पाणिणि. पुं० (पाणिनि) एक प्रसिद्ध व्याकरण-कार ऋषि. Name of a celebrated grammarian. हे० २, १४७.

पाणिणीअ. त्रि० (पाणिनीय) पाणिनि-सम्बन्धी पाणिनि का. Relating to or composed by Panini. हे० २, १४७.

पावद्ध. त्रि० (प्राबद्ध) विशेष बँधा हुआ, पाशित. Completly tied or fettered. निसी० चू० १६.

पामर. पुं०(पामर) (१) कृषिबल, कर्षक, खेती का काम करने वाला गृहस्थ. A cultivator's family. पाअ० वज्जा० १३४; गउड० दे० ६, ४१; सुर०१६,५३. (२) मूर्ख, बेवकूफ, अज्ञानी. Fool, idiot. गा० १६४; श्रा० १२.

पामा. स्त्री० (पामा) रोग विशेष, खुजली, खाज. Skin-disease. सुपा० २२७.

पामाड. पुं० (पद्माट) पमाड़, पमार, पवाड़ चकवड, वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पाअ०

पामुक्क. त्रि० (प्रमुक्त) परित्यक्त. Abondoned. पाअ० स० ६५७.

पामोक्ख. पुं० (प्रमोक्ष) मुक्ति, छुटकारा. Liberation, emancipation, उप० ६४८ टी.

पाय. पुं० (पाक) (१) पचन-क्रिया. Digestion. (२) रसोई. Kitchen. प्राकृ०१६; उप० ७२८ टी.

पाय. पुं० (पात) सम्बन्ध. Relation. 'पुणो पुणो तरलदिट्ठिवाएहिं' सुर० ३, १३८.

पाय. पुं० (पाय) पान, पीने की क्रिया. Act of drinking. श्रा० २३.

पाय. पुं०(पाद) (१) गमन, गति. Motion. श्रा० २३; (२) अंशु, किरण. A ray of light. 'अंसू रस्सी पाया' पाअ० अजि० २८; (३) सानु, पर्वत का कटक. The foot of a mountain. पाअ० (४) एकाशन तप. Eating once in a day. संबोध० ५८. (५) छः अंगुलों की एक नाप. A measure of six inches. इक०

पायक्खिरण. न० (प्रादक्षिण्य) प्रदक्षिणा. Circumambulation from left to right. पउम० ३२, ६२.

पायग. न० (पातक) पाप. Sin. श्रावक०२४८.

पायड. त्रि० (प्रावृत) आच्छादित. Covered. विशे० २५७६ टी.

पायडिअ. त्रि० (प्रकटित) व्यक्त किया हुआ. Manifested, displayed. कुप्र० ४; से० १, ५३; गा० १६६; २६०; गउड० स०४६८;

पायडिल्ल. त्रि० (प्रकट) खुला. Evident, plain, clear. वज्जा० १०८.

पायमूल. न०(पादमूल)मनुष्यों की एक साधारण जाति, नर्तकों की एक जाति. A common human race. 'समागयाईं पायमूलाईं' स० ७२१; ७२२; ७३४.

पायय. न० (पातक) पाप. Sin. अच्चु० ४३.

पायालंकापुर. न० (पाताललङ्कापुर) पाताल-लंका, रावण की राजधानी. Capital of Ravana's empire. पायालंकारपुरं सिग्घं पउम० ६, २०१.

पायालपुर. न० (प्रातालपुर) नगर विशेष. City. पउम० ४५, ३६.

पायाविय. त्रि० (पायित) पिलाया हुआ. Caused to drink. पउम० ११, ४१.

पायाहिण. न० (प्रादक्षिण्य) दक्षिण की ओर. Going around from left to right. 'पायाहिणेणं तिहि' सिरि०१६६.

पार. पुं० न० (पार) मोक्ष, मुक्ति, निर्वाण. Final emancipation. बृह० ४.

पारंगय. त्रि० (पारंगत) पार-प्राप्त. One who has gone to the other side or a shore. कुप्र० २१.

पारंपज्ज. न० (पारम्पर्य) परम्परा. Hereditary, age long. रंभा० १५.

पारंपर-पारंपरिय. न० (पारम्पर्य) परम्परा. Hereditary, ancestral. पउम० २१, ८०; आरा० १६; धर्मसं० १११८; १३१७; सूयनि० १२७.

पारंपरिय. त्रि० (पारम्परिक) परंपरा से चला आता. Hereditary, ancestral. उप० ७२८ टी.

पारंभिय, त्रि० (प्रारब्ध) आरब्ध, उपक्रान्त. Begun, commenced. धर्मवि० १४४; सुर० २, ७७; १२, १५६; सुपा० ५५.

पारकेर-पारक्क. त्रि० (परकीय) पर का, अन्यदीय. Belonging to another. हे० १, ४४; २, १४८; कुमा०

पारद्ध. त्रि० (प्रारब्ध) (१) जिसका प्रारम्भ किया गया हो. Begun, commenced. 'पारद्धा य विवाहनिमित्तं' महा० (२) जो प्रारम्भ करने वाला हो. One who is to begin. 'पारद्धो नच्चिउं' महा०

पारद्धि. स्त्री० (पापर्द्धि) शिकार, मृगया. Hunting, chase. हे० १, २३५; कुमा० उप० पृ० २५७; सुपा० २१६.

पारमिया. स्त्री०(पारमिता) बौद्धशास्त्र-परिभाषित प्राणातिपात-विरमणादि शिक्षा-व्रत, अहिंसा आदि व्रत. Fasting owing to Non-violence. धर्मसं० ६८८.

पारम्म न० (पारम्य) परमता, उत्कृष्टता Excellence, eminence. अज्झ० ११४

पारय. पुं० (पारद) धातु विशेष, पारा. रस-धातु. Quick-silver, mercury —मद्दण. न० (मर्दन) आयुर्वेद-विहित रीति से पारे का मारण, रसायण-विशेष. Ayurvedic medicines. 'सेवति पारयमद्दण स० २८६.

पारय. पुं० (प्रावारक) (१) पट, वस्त्र. Garment. (२) आच्छादक. Covering. हे० १, २७१. कुमा०

पारवस्स. न० (पारवश्य) परवशता, पराधीनता. Dependence. रयण० ८१.

पारस. पुं० (पारस) मणि-विशेष, जिसके स्पर्श से लोहा सुवर्ण हो जाता है. A kind of jewel, a kind of stone that turns iron into gold. संबोध० ५३.

पारसिय. त्रि० (पारसिक) फारस देश का. Persian. 'सहसा पारसियसुओं सुपा०२६७; ३६०.

पारसी. स्त्री०(पारसी) फारसी लिपि. Persian script. विशे० ४६४ टी.

पारसीअ. त्रि० (पारसीक) फारस देश का निवासी. A persian. पउड०

पारायण. न० (पारायण) पुराण पाठ विशेष. A lecture on, or a recitation from the Puranas or mythological works. सुख०२, १३.

पारावार. पुं० (पारावार) समुद्र, Ocean, sea. पाअ० कुम० ३७०.

पाराविअ. त्रि०(पारित) जिसको पारण कराया गया हो. Whose fasts might have been concluded. कुम० २१२.

पारासर. पुं० (पाराशर) (१) भिक्षुक. A newly initiated ascetic. (२) कर्म-त्यागी संन्यासी. Ascetic. 'अंतेवि पारासरा अत्थि' सुख० २, ३१.

पारिओसिय. त्रि०(परितोषिक) तुष्टि जनक दान, प्रसन्नता-सूचक दान, पुरस्कार. Present, reward. सम्मत्त० १२२; स० १६२; सूर० १६, १८२; विचार० १७१.

पारिडि. स्त्री० (प्रावृति) प्रावरण, वस्त्र, कपड़ा. Garment. 'पारिडिं वइल्लेण' गा० २३८.

पारितावणी. स्त्री० (पारितापनी) दूसरे को परिताप-दुंःख उपजाने से होने वाला कर्म-बन्ध. A Karmic-bondage by afflicting others. नव० १७.

पारिभद्द. पुं० (पारिभद्र) फरहद का पेड़. A kind of tree. कप्पू०

पारिय. पुं०(पारिजात) (१) कल्प-वृक्ष विशेष. A kind of wish-yielding tree, one of the trees of heaven supposed to have the properties of fulfilling people's wishes or prayers. (२) फरहद का पेड़. A kind of tree. कुमा० ५,१३; (३) न० फरहद का फूल जो रक्त वर्ण का और अत्यन्त शोभायमान होता है. A kind of flower. भवि०

पारियत्त. पुं० (पारियात्र) देश विशेष. Name of a country, 'पत्तो पारियत्तविसय' कुप्र० ३६६.

पारिव्वज्ज. न० (पारिव्राज्य) संन्यासीपन, संन्यास. Asceticism. पउम० ८२, २४.

पारिव्वाई. स्त्री० (परिव्राजी) परिव्राजिका-संन्यासिनी. A female ascetic. उप० पृ० २७६.

पारिव्वाय. त्रि० (पारिव्राज) संन्यासी संबन्धी. Relating to asceticism. राज०

पारिसज्ज. त्रि (पारिषद्य) सभ्य, सभासद. One present at an assembly, spectator, member. धर्म० वि० ६.

पारिसाडणिया. स्त्री (परिशाटनिकी) परिशाटन-परित्याग से होने वाला कर्म-बन्ध. A Karmic-bondage by abandonment. आव० ४,

पारिहासय. न० (पारिहासक) कुल विशेष, जैन मुनिओं के एक कुल का नाम Name of a group of Jain saints. कप्प०

पारीण. त्रि० (पारीण) पार प्राप्त. Going over to the other or opposite side, or changing sides. 'धीवरसत्थाण पारीणो' कर्मवि० १३; सिरि० ४८६; सम्मत्त० ७५.

पारोक्ख. त्रि० (पारोक्ष) परोक्ष विषयक, परोक्ष संबन्धी. Relating to invisibility. सं० धर्म० ५०२.

पारोहि. त्रि० (प्ररोहिन्) प्ररोह वाला, अंकुर वाला. Having sprouts or shoots. गउड०

पालंक. न०(पालङ्क्य) तरकारी विशेष, पालक का साग. A species of vegetable. बृह० १.

पालंब. पुं० (प्रालम्ब) अवलंबन, सहारा. Support, सुपा० ६३५; (२) दीर्घ, लंबा. Long. ध्वजा के नीचे लटकता वस्त्राञ्चल. The end of the Sari or Dhoti which remains hanging under the armpit of the females. पाअ०

पालय. त्रि० (पालक) (१) रक्षक, रक्षण-कर्ता. Protector, guardian. सुपा० २७६, सार्ध० १०; (२) श्रीकृष्ण का एक पुत्र. A son of Shree Krishna. प्रव० २; (३) भगवान् महावीर के निर्वाण के दिन अभिषिक्त अवंती (उज्जैन) का एक राजा. A king of Avanti (Ujjain), enthroned at the time of Lord Mahavir's death. विचार० ४६२.

पालास. पुं० (पालाश) पलाश संबन्धी. Belonging to the Palas tree. (२) न० पलाश वृक्ष का फल. A palas fruit. गउड०

पाली. स्त्री० (पाली) पंक्ति, श्रेणी. Line, row. गउड०

पालेव. पुं० (पादलेप) पैर में किया हुआ लेप. Besmearing on a foot. पिंड० ५०३.

पावण. न० (प्रापण) योग की एक सिद्धि. A particular accomplishment of yoga. 'पावणसत्तीए छिवइ' कुप्र० २७७.

पावरण. पुं० (प्रावरण) एक म्लेच्छ जाति. A non-Aryan Sudra tribe. मृच्छ० १५२.

पावरिय. त्रि० (प्रावृत) आच्छादित. Covered, concealed. कुप्र० ३८.

पावाइय. त्रि० (प्राव्राजिक) संन्यासी. Ascetic. रयण० २२.

पावालिआ. स्त्री० (प्रपालिका) प्रपापर नियुक्त स्त्री. A woman who distributes water to travellers. गा० १६१.

पावासु-अ. (प्रवासिन्-क) प्रवास करनेवाला. Traveller, way-farer, sojourner. पि० १०५; हे० १, ६५; कुमा०

पाविअ. त्रि० (प्रापित) प्राप्त करवाया हुआ. Caused to obtain. सण० नाट-मृच्छ० २७.

पाविअ. त्रि० (प्लावित) सराबोर किया हुआ, खूब भिजाया हुआ. Moistened, Wetted. कुमा०

पावुअ. त्रि० (प्रावृत) आच्छादित. Covered, screened. संक्षि० ४.

पासंदण. न० (प्रस्यन्दन) झरना, टपकना. Oozing, trickling. बृह० १.

पासल्लि त्रि०(पार्श्विन्) पार्श्व-शयित. Slept on the side. 'उत्ताणगपासल्ली नेसज्जी' प्रव० ६७; पंचा० १८, १५.

पासल्लिअ. त्रि० (पार्श्वित-तिर्यक्त) (१) पार्श्व में किया हुआ. Left side. (२) टेढ़ा किया हुआ. Bent. गउड० पि० ५६५.

पासाकुसुम. न० (पाशाकुसुम) पुष्प-विशेष A kind of flower. 'पासाकुसुमेहिं ताव' गा० ८१६.

पासादिय. त्रि० (प्रासादित) महल वाला, प्रासाद युक्त. Having a palace or mansion. सूय० २, ७, १, टी.

पासि. त्रि० (पार्श्विन्) पार्श्वस्थ, शिथिलाचारी साधु. A saint having a loose conduct. 'पासिसारिच्छो, संबोध० ३५.

पासिय. त्रि० (पाशित) पाश-युक्त. Ensnared, fettered. राज०

पासिया. स्त्री० (पाशिका) छोटा पाश. A small snare. महा०

पासिल्ल. त्रि०(पार्श्विक)(१) पास में रहनेवाला Dwelling in the neighbourhood (२) पार्श्वशायी. Sleeping on the side प्रव० ५४; तंदु, १३; भग०

पासेइय. त्रि०(प्रस्वेदित) प्रस्वेद-युक्त. Perspired. भवि०

पासेल्लिय. त्रि० (पार्श्ववत्) पार्श्व शायी Sleeping on the side. राज०

पाहरिय. त्रि० (प्राहरिक) पहरेदार. Door keeper. स० ५२५; सुपा० ३१२; ४५५.

पाहुणिअ. पुं॰ (प्राघुणिक) अतिथि, मेहमान. Guest. काप्र॰ २२४.

पाहुणण-ग-य. न॰ (प्राघुणय-क) आतिथ्य, अतिथि का सत्कार. Hospitable reception of guests. कुप्र॰ ४२; उप॰ १०३१ टी.

पाहेअ. न॰ (पाथेय) मुसाफिरी में खाने का भोजन Provisions for a journey, viaticum. महा॰ अभि॰ ७६; स॰ ६८; सुपा॰ ४२४.

पिअंकर. पुं॰ (प्रियंकर) (१) एक चक्रवर्ती राजा. A Chakravarti king, or emperor. उप॰ ६७२; (२) रामचन्द्र के पुत्र लव का पूर्व जन्म का नाम. Name of a former birth of Lava, son of Ramchandra. पउम॰ १०४, २६.

पिअंवय. त्रि॰ (प्रियंवद) मधुर भाषी. Sweet-speaking, sweet-tongued or polite. सुर॰ १, ६५; ४, ११८; महा॰

पिअकारिणी. स्त्री॰ (प्रियकारिणी) भगवान् महावीर की माता का नाम, त्रिशला देवी. Trishala, mother of Lord Mahavira. कप्प॰

पिअगंथ. पुं॰ (प्रियग्रन्थ) एक प्राचीन जैन मुनि, आचार्य सुस्थित और सुप्रतिबद का एक शिष्य. An ancient Jaina saint. कप्प॰

पिअणा. स्त्री॰ (पृतना) सेना विशेष, जिसमें २४३ हाथी, २४३ रथ, ७२६ घोड़े और १२१५ प्यादे हों. A division of an army consisting of 243 elephants, 243 chariots, 729 horses and 1215 foot soldiers. पउम॰ ५६, ६.

पिआमह. पुं॰ (पितामह) ब्रह्मा, चतुरानन. Brahma. से॰ १, १७; पाअ॰ उप॰ ५६७ टी; स॰ २३१; **—तणअ.** पुं॰ (तनय) जाम्बवान्, वानर विशेष. A particluar monkey. **—त्थ.** न॰ (अस्त्र) अस्त्र विशेष, ब्रह्मास्त्र. A kind of missile. से॰ १५, ३७.

पिआमही. स्त्री॰ (पितामही) पिता की माता, दादी. Grandmother. सुपा॰ ४७२.

पिआलु. पुं॰ (प्रियालु) वृक्ष-विशेष, खिन्नी, खिरनी का गाछ. A kind of tree. ईर॰ २, १३.

पिइज्ज. पुं॰ (पितृव्य) चाचा, बाप का भाई. Uncle. विचार॰ ४७८.

पिइमेह. पुं॰ (पितृमेध) यज्ञ विशेष, जिसमें बाप का होम किया जाय. A Sacrifice, A Havan or sacred fire in which father is offered as an object of sacrifices. पउम॰ ११, ४२.

पिइवण. न॰ (पितृवन) श्मशान. Cemetery. सुपा॰ ३५६.

पिउच्छा. स्त्री॰ (पितृष्वसृ) फूफी, पिता की बहिन. Father's sister or aunt. षड्॰

पिंखा. स्त्री॰ (प्रेङ्खा) हिंडोला, डोला. Swing. पाअ॰

पिंगल. पुं॰ (पिङ्गल) (१) यज्ञ-विशेष. Demon. सिरि॰ ६६६; (२) चक्रवर्ती का एक निधि, आभूषणों की पूर्ति करने वाला एक निधान. Name of a treasurer of chakravarti. ठा॰ ६; उप॰ ६८६ टी. (३) कृष्ण पुद्गल विशेष. A dark molecule. (४) प्राकृत पिंगल का कर्त्ता एक कवि. Name of a reputed poet, the father of Prakrit prosody. पिंग॰ (५) प्राकृत का एक छन्द-ग्रन्थ. A work of Prakrit prosody. पिंग॰

पिंगलकुमार. पुं॰ (पिङ्गलकुमार) एक राजकुमार, जिसने भगवान् सुपार्श्वनाथ के समीप दीक्षा ली थी. A prince who was initiated by Lord Suparshvanatha. सुपा० ६६.

पिंगलिअ. त्रि० (पिङ्गलित) नीला-पीला किया हुआ. Reddish-brown, brown. से० ४, १८; गउड० सुपा० ८०.

पिंगलिअ. त्रि० (पैङ्गलिक) पिंगल-संबन्धी. Relating to Pingala prosody. पिंग०

पिंगिअ. त्रि० (गृहीत) ग्रहण किया हुआ. Takon, seized. कुमा०

पिंगिम. पुं० स्त्री० (पिङ्गिमन्) पिंगता, पीलापन. Yellowness. गउड०

पिंगीकय. त्रि० (पिङ्गीकृत) पीला किया हुआ. Yellow-coloured. 'घणथणघुसिणिक्कुप्पंककपिंगीकय व्व' लहुअ० ७.

पिंछी. स्त्री० (पिच्छी) साधु का एक उपकरण. Whisk (A wooken brush of a Jain Saint). विचार० १२८.

पिंजरण. न० (पिञ्जरण) रक्त मिश्रित पीत वर्ण वाला करना. Reddish-yellow, Tawny. सण०

पिंजरिअ. त्रि० (पिञ्जरित) पिञ्जर वर्ण वाला किया हुआ. Yellowish, brownish. हम्मीर० १२; गउड० सुपा० ५२४.

पिंजिअ. त्रि०(पिञ्जित) पीजा हुआ. Carded, combed. दे० ७, ६४.

पिंड. पुं० (पिण्ड) (१) घर का एक देश. A part of a house; (२) गन्ध द्रव्य विशेष, सिहलक. A kind of fragrant substance, incense. (३) जपा-पुष्प. The Chinarose. (४) गज कुम्भ. The frontal circular drawings on the forehead of an elephant. (५) मदनक वृक्ष, दमनक वृक्ष. Name of a plant (६) न० आजीविका. Livelihood, sustenance. (७) लोहा. Iron. (८) श्राद्ध, पितरों के नाम पर दिया हुवा दान. A ball or lump of rice offered to manes at obsequial ceremonies or shraddhas. (९)संरत. Gathered. (१०) घन, निबिड. Dense, close. हे० २, ८५; —कप्पिअ. त्रि० (कल्पिक) सर्वथा निर्दोष भिक्षा लेने वाला. Receiving entirely faultless begging. वव० ३; —घर. न० (गृह) कर्दम से बना हुआ घर. A muddy hut or house. वव० ४; —दाण. न० (दान) पिण्ड देने की क्रिया, श्राद्ध. The funeral oblation made to the deceased ancestors. धर्मवि० २६.

पिंडण. न० (पिण्डन) (१) द्रव्यों का एकत्र संश्लेष. Forming globes. पिंड भा० २. (२) ज्ञानावरणीयादि कर्म. Karma, Gnanavarniyadi etc. पिंड० ६६.

पिंडत्थ. पुं० (पिण्डस्थ) जिन भगवान् की अवस्था विशेष. A stage of jiva (life or soul). 'न पिंडत्थपयत्थावत्थंतरभावणा सम्म'; संबोध० २.

पिंडार. पुं० (पिण्डार) गोप, ग्वाला. cowherd. गा० ७३१.

पिंडिया. स्त्री०(पिण्डिका) (१) पिण्डी, पिंडली, ज़ानू के नीचे का माँसल अवयव. The calf of the leg. महा०

पिंडी. स्त्री० (पिण्डी) (१) घर का आधार भूत काष्ठ विशेष, पीढ़ा. A beam on which the planks of the floor are fixed. गउड० (२) खजूर विशेष. A special kind of dates. नाट-शकु० ३५.

पिक. पुं० स्त्री० (पिक) कोकिल पक्षी. The (Indian) cuckoo. पिंग० दे० ६, ५१.

पिक्खग. त्रि० (प्रेक्षक) निरीक्षक, द्रष्टा. Spectator. ती० १०; धर्मवि० १५.

पिक्खण. न० (प्रेक्षण) निरीक्षण. Observance, inspection. राज०

पिक्खिय. त्रि० (प्रेक्षित) दृष्ट. Seen, viewed, beheld. पि० ३९०.

पिचु. पुं० (पिचु) कपास, रुई. Cotton. दे० ६, ७८; **—लया.** स्त्री० (लता) पूनी, रुई की पूनी. A roll of cotton. दे० ६, ५९.

पिचुमंद. पुं० (पिचुमन्द) निम्ब वृक्ष, नीम का पेड़. Nimba tree. मोह० १०३.

पिच्छ. न० (पिच्छ) पूंछ, लांगूल. Tail. गउड०

पिच्छल. त्रि० (पिच्छल) (१) स्निग्ध, स्नेह युक्त. Affectionate, loving. (२) मसृण. Slimy, slippery. सण०

पिच्छा. स्त्री० (प्रेक्षा) निरीक्षण. Observance, inspection. **—भूमि.** स्त्री० (भूमि) रंग-मण्डप. A theatre, playhouse. पाश्र०

पिच्छिर. त्रि० (प्रेक्षितृ) प्रेक्षक, द्रष्टा. Spectator, observer. सुपा० ७८; कुमा०

पिच्छिल. त्रि० (पिच्छिल) (१) स्नेह-युक्त, स्निग्ध. Affectionate, loving. (२) मसृण, चिकना. Slimy, slippery. गउड० हास्य० १४०; दे० ६, ४७.

पिच्छी. स्त्री० (पिच्छी) पीछी. Feather-brush. गा० ५७२.

पिच्छी स्त्री० (पृथ्वी) (१) पृथ्वी, धरती. Earth. कुमा०; (२) बड़ी इलायची. Large cardamoms. (३) पुनर्नवा. A herb. (४) कृष्ण जीरक. Black cumin-seed. (५) हिंगुपत्री. Vermiallion. हे० १, १२८.

पिज्जा. स्त्री० (पेया) यवागू. Rice-gruel. पिंड० ९२४.

पिज्जाविअ. त्रि० (पायित) जिसको पान कराया गया हो. Caused to drink. सुख० २, १७.

पिट्टणा. स्त्री० (पिट्टना) ताड़न. Beating. ओघ० ३५७.

पिट्टिय. त्रि० (पिट्टित) पीटा हुआ, ताड़ित. Beaten. सुख० २, १५.

पिट्ठ. त्रि० (स्पृष्ट) (१) छुआ हुआ. Touched. (२) न० स्पर्श. Touch. प्रव० १५७.

पिट्ठ. त्रि० (पृष्ट) (१) पूछा हुआ. Asked. (२) न० प्रश्न, पृच्छा. Question. 'जंपसि विणअंण जंपसे पिट्ठ' गा० ९४३.

पिट्ठव्व. त्रि० (प्रष्टव्य) पूछने योग्य. Worthy to be asked. रंभा०

पिट्ठायय. पुं० न० (पिष्टातक) केसर आदि गन्ध द्रव्य. Scented or perfumed powder. गउड० स० ७३४.

पिट्ठिचंपा. स्त्री० (पृष्ठचम्पा) चम्पा नगरी के पास की एक नगरी. A city near Champa city. कप्प०

पिट्ठी. स्त्री० (पैष्टी) आटे की बनी हुई मदिरा. A liquor distilled from meals or flour. बृह० २.

पिड. पुं० (पिट) कब्जा, अधिनता. Possession, control. 'मह पिडे पडिओ' सुपा० १७६.

पिडिआ. स्त्री० (पिटिका) (१) वंश मय भाजन विशेष. A particular vessel of bamboo. दे० ४, ७; ६, १; (२) छोटी मन्जूषा, पेटी, पिटारी. Box. उप० ५८७, ५९७ टी.

पिढं. अ० (पृथक्) अलग, जुदा. separately, singly. षड्०

पिढर. पुं० न० (पिठर) (१) गृह-विशेष. Abode. (२) मुस्ता, मोथा. A herb, a medicine. (३) मन्थान दण्ड, मथनिया. A churning-stick. हे० १, २०१; षड्०

पिणाइ. पुं० (पिनाकिन्) महादेव, शिव. An epithet of Lord Shiva. पाश्र० गउड०

पिणाग. पुं० न० (पिनाक) (१) शिव-धनुष्य. A bow of Lord Shiva. (२) महादेव का शूलास्त्र. A trident of Lord Siva. धर्मवि० ३१.

पिरिणया. स्त्री० (पिरिण्यका) गन्ध द्रव्य विशेष, ध्यामक, गन्ध-तृण. A kind of incense. उत्तनि० ३.

पित्तल. न० (पित्तल) धातु-विशेष, पीतल. Brass. कुप्र० १४४.

पिधं. अ० (पृथक्) अलग, जुदा. Separately, singly. हे० १, १८८; कुमा०

पिप्पल. पुं० न० (पिप्पल) पीपल वृत्त, अश्वत्थ. The Pipal tree. उप० १०३१ टी; पाञ्च० हि० १०.

पिलुट्ठ. त्रि० (प्लुष्ट) दग्ध. Burnt. हे० २, १०६.

पिलोस. पुं० (प्लोष) दाह, दहन. Burning, combustion. हे० २, १०६.

पिसंग. पुं० (पिशङ्ग) (१) पिंगल वर्ण, मटियाला रंग. Tawny colour. (२) पिंगल रंग वाला. Reddish-brown. आप० कुप्र० १०५; ३०६.

पिसल्ल. पुं० (पिशाच) पिशाच, व्यन्तर-योनिक देवों की एक जाति. Fiend, goblin, devil. हे० १, १९३; कुमा० पाञ्च० उप० २६४ टी; ७६८ टी.

पिसाचि. त्रि० (पिशाचिन्) भूताविष्ट. Possessed by a fiend. हे० १, ११७. कुमा० पड्० चंड०

पिसुणिश्र. त्रि० (कथित) (१) कहा हुआ. Told. (२) सूचित. Informed. सुपा० २३; पाञ्च० कुप्र० २७८.

पिहण. न० (पिधान) (१) ढक्कन. Cover, lid. सुर० १६, १९५.

पिहणिया. स्त्री० (पिधान) आच्छादन, ढकना. Cover, lid. स० ५१.

पिहाणिश्रा. स्त्री० (पिधानिका) ढकनी. Cover, lid. पाञ्च०

पिहाणी. स्त्री० (पिधानी) ढकना. Cover, lid. दे०

पिहु. पुं० (पृथु) एक राजा का नाम. Name of a king. पउम० ९८, ३४.

पिहुरोम. पुं० (पृथुरोम) मीन, मत्स्य. Fish. दे० ६, ५० टी.

पीश्र. त्रि० (पीत) (१) जिसका पान किया गया हो. Drunk, quaffed. से० १, ४०; दे० ६, १४४ (२) जिसने पान किया हो. One who has drunk. प्राप्र०

पीश्रसी. स्त्री० (प्रेयसी) प्रेम-पात्र स्त्री. A beloved wife. कुमा०

पीइकर पुं० न० (प्रीतिकर) एक विमानावास, आठवाँ ग्रैवेयक विमान. A celestial aerial car of the eigth Graiveyake. देवेन्द्र० १३७; प्रव० १९४.

पिइधम्मिय. न० (प्रीतिधर्मिक) जैन मुनियों का एक कुल. A particular collection of Jain saints. कप्प०

पीडिश्र. त्रि० (पीड़ित) (१) पीड़ा से अभिभूत, दुःखित. Pained, pinched, harassed. (२) दबाया गया. Squeezed, pressed. हे० १, २०३; महा० पाञ्च०

पीढ. न० (पीठ) (१) तल. A pedestal. 'चत्तूण नेडपीढं' कुमा०; (२) पुं० एक जैन महर्षि. A Jain sage. सट्ठि० ८१ टी.

—**वंध.** पुं० (बन्ध) ग्रन्थ की अवतरणिका-भूमिका. Preface. 'नय पीठबंधरहियं' पउम० ३, १६.

पीढिश्रा. स्त्री० (पीठिका) आसन विशेष, मञ्च. A kind of seat. 'आसंदी पीडिश्रा', पाञ्च०

पीणण. न० (प्रीणन) खुश करना. Pleasing, satisfying. धर्मवि० १४८.

पीणिम. पुं० स्त्री० (पीनता) पुष्टता, मांसलता. Fatness, हे० २, १५४.

पीलावय. त्रि० (पीडक) (१) पीलने वाला. An oppressor. (२) पुं० तेली, यन्त्र से तेल निकालने वाला. An oil-man. वज्जा० ११०.

पीलिम. त्रि० (पीडावत्) दाब वाला, दाबने से बना हुआ. Formed by pressing. दसनि० २, १७.

पीलु. पुं० (पीलु) हाथी. Elephant. पाअ० स० ७३५.

पीलुअ. पुं० (पीलुक) शावक, बच्चा. Child. गा० १०२.

पीसय. त्रि० (पेषक) पीसने वाला Grinding, pounding. सुपा० ६३.

पीहग. पुं० (पीठक) नवजात शिशु को पिलाई जाती एक वस्तु. A medicine to be administered to a new born baby. उप० ३११.

पुअ. न० (प्लुत) (१) तिर्यग् गति. An oblique pace. (२) झाँपना, झम्प-गति. Jump, leap. विशे० १४३६ टी.

पुंखिअ. त्रि० (पुङ्खित) पुंख-युक्त किया हुआ. Furnished with feathers. 'धणुहे तिक्खो सरो पुंखिओ' कप्पू०

पुंगव. त्रि० (पुङ्गव) श्रेष्ठ, उत्तम. Excellent, distinguished, pre-eminent. सुपा० ५, ८०; श्रु० ४१; गउड०

पुंछ. पुं० न० (पुच्छ) पूंछ, लांगूल. Tail. प्राकृ० १२; हे० १, २६.

पुंछण. न० (प्रोञ्छन) रजोहरण, जैन मुनि का एक उपकरण. A woolen-brush of a Jain saint. बृह० १.

पुंछिअ. त्रि० (प्रोञ्छित) पोंछा हुआ, मृष्ट. Swept with care. पाअ० कुमा० भवि०

पुंजईय. त्रि० (पुञ्जित) (१) एकत्रित. Gathered, collected. से० ६, ६३; पउम० ८, २६१; (२) व्याप्त, भरपूर. Full. पउम० ८, २६१.

पुंजक-य. त्रि० (पुञ्जक) राशि रूप से स्थित. Lying in a heap. 'न उणं पुंजकपुंजका' पिंड० ८२.

पुंजाविय. त्रि० (पुञ्जित) एकत्रित कराया हुआ. Caused to collect. काल०

पुंड. पुं० (पुण्ड्र) (१) इक्षु-विशेष. A kind of sugar-cane. पउम० ४२, ११; गा० ७४०; (२) त्रि० धवल, श्वेत, सफेद. White. नाया० १, १७ टी; (३) तिलक. A mark on the forehead. स० ६; पिंडभा० ४३; कुप्र० २६४.

पुंडवद्धण. न० (पुंड्रवर्धन) नगर-विशेष. Name of a city. स० २२५.

पुंडरीअ. पुं० (पुण्डरीक) (१) ग्यारह रुद्र पुरुषों में सातवां रुद्र. Name of the seventh out of eleven Rudras. विचार० ४७३. (२) व्याघ्र, शार्दूल. Tiger. पाअ०; (३) पुं० न० तप-विशेष. A kind of religious austerity. प्रव० २७१.

पुंडरीअ. त्रि० (पौण्डरीक) प्रधान, मुख्य. Chief, principal. (२) कान्त, श्रेष्ठ, उत्तम. Excellent, pre-eminent. सूयनि० १४७; १४८.

पुंनाग. पुं० (पुन्नाग) वृक्ष-विशेष, पुष्प-प्रधान एक वृक्ष-जाति, पुन्नाग, पुलाक, सुलतान-चम्पक, पाटल का गाछ. Name of a tree. उप० पृ० १८; ७३६ टी; सम्मत्त० १७५; (२) श्रेष्ठ पुरुष, उत्तम मर्द. A distinguished man. धम्म० १२ टी; सम्मत्त० १७५.

पुंसण. न० (पुंसन) मार्जन. Cleansing. कुमा०

पुंसद्द. पुं० (पुंशब्द) पुरुष वाचक नाम. Designation of a male being. कुमा०

पुंसली. स्त्री० (पुंश्चली) कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री. An unchaste woman. वज्जा० ९८; धर्मवि० १३७.

पुंसिअ. त्रि० (पुंसित) पोंछा हुआ. Swept carefully. दे० १, ६६.

पुक्करिय. त्रि० (पूत्कृत) पुकारा हुआ. Called out. सुपा० ३८१.

पुक्कार. पुं० (पूत्कार) पुकार, डांक, आह्वान. Calling सुपा० ५१७; महा० सण०

पुक्खरक्ख. पुं० (पुष्कराक्ष) विष्णु, श्रीकृष्ण. An epithet of Vishnu, Shree Krishna. (२) कश्मीर के एक राजाका नाम. Name of a king of Kashmira. मुद्रा० २४२.

पुक्खल. पुं० (पुष्कर) (१) एक विजय, प्रान्त-विशेष, जिसकी मुख्य नगरी का नाम औषधि है. A particular region. इक०

पुक्खल. त्रि० (पुष्कल) अत्यन्त प्रभूत. Much, abundant. कुप्र० ४१०.

पुच्छण. न० (प्रच्छन-प्रश्न) पृच्छा. Asking. सूयनि० १६३; धर्मवि० ८; श्रावक० ६३ टी.

पुच्छिर. त्रि० (प्रष्टृ) प्रश्न-कर्त्ता. Questioning. गा० ५६८.

पुज्जण. न० (पूजन) पूजा, अर्चा. Worship. कुप्र० १२१.

पुज्जा. स्त्री० (पूजा) पूजा, अर्चा. Worship, adoration. उप० पृ० २४२.

पुज्जिय. त्रि० (पूजित) सेवित, अर्चित. Adored, worshipped. भवि०

पुड. पु० न० (पुट) (१) खाल, ढोल आदि का चमड़ा. Hide. 'डुरब्भपुडसंठाणसंठिया' उवा० ६४ टी; गउड० ११६७; कुमा० (२) आच्छादन, ढक्कन. Cover, lid. उवा० गउड०; (३) कमल, पद्म. Lotus. विक्र० २३.

पुडभयेण. न० (पुटभदेन) नगर, शहर. City. कस०

पुडिया. स्त्री० (पुटिका) पुड़ी, पुड़िया. A vessel made of a leaf. दे० ५, १२.

पुढवी. त्रि० (पृथिवी) (१) पृथ्वीकाय का जीव. Earthly beings. जी० २. (२) भगवान सुपार्श्वनाथ की माता का नाम. Mother of Lord Supparshvanatha. राज०

पुढीभूय. त्रि० (पृथगभूत) जो अलग हुआ हो. Separated, divided. सुपा० २३६.

पुण. अ० (पुनर्) (१) भेद, विशेष. Division. विशे० ८११. (२) अवधारण, निश्चय. Determination. (३) पक्षान्तर. On the other hand. (४) समुच्चय. Collection. पण्ह० २, ३; गउड० कुमा० जी० ३७; प्रासू० ६; ५२; १६८; स्वप्न० ७२; पिंग०; (५) पाद पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है. Used also for filling out a line. निसी० चू० १; —करण न० (करण) फिर से बनाना. Remaking. (२) जिसकी फिर से बनावट की जाय. Reforming. 'होइ पुणकरणं' उव० —ण्णव. त्रि० (नव) फिर से नया बना हुआ, ताजा. Re-cast, fresh उप० ७६६ टी, कप्पू० —पुण. अ० (पुनर्) फिर फिर, बारंबर. Again and again, repeatedly.

पुणक्करण. न० (पुनःकरण) बारंबार बनाना, बारंबार निर्माण. Making repeated. दे० १, ३२; —ब्भू. स्त्री० (भू) फिर से विवाहित स्त्री, जिसका पुनर्लग्न हुआ हो. A remarried woman. 'अत्थि पुणब्भूकप्पो ति' कुप्र० २०८; २०९.

पुण्ण. त्रि० (पवन) पवित्र करनेवाला. Cleansing, purifying. कुमा०

पुण्ण. पुं० (पुण्य) दो उपवास, बेला. Two fasts at a time. संबोध० ५८.

पुण्ण. पुं० (पूर्ण) (१) इक्षुवर समुद्र का अधिष्ठायक देव. A presiding god of Ikshuvara sea. राज०; (२) तिथि विशेष, पक्ष की पांचवीं, दसवीं और पन्द्रहवीं तिथि. The fifth, tenth, and fifteenth date of a fortnight. (३) शिखर-विशेष. Summit. इक०

पुण्णकलसा. स्त्री० (पुण्यकलशा) लाट देश के एक गाँव का नाम. Name of a villge of Lata country. राज०

पुण्णघण. पुं० (पुण्यघन) विद्याधरों का एक स्वनाम ख्यात राजा. A king of Vidyadharas. पउम० ५, ६५.

पुण्णचन्द. पुं० (पूर्णचन्द्र) विद्याधर वंश के एक राजा का नाम. Name of a king of Vidyadhar race. पउम० ५, ४४.

पुण्णप्पभ. पुं० (पूर्णप्रभ) इक्षुवर द्वीप का अधिपति देव. A presiding god of Ikshuvara Dvipa. राज०

पुण्णमंत. त्रि०(पुण्यवत्) पुण्य वाला, भाग्यवान्. Lucky, fortunate. हे०२, १५९. चन्ड०

पुण्णाह. पुं० न० (पुण्याह) (१) पुण्य दिन, शुभ दिवस. A happy or auspicious day. गा०१६५; गउड०; (२) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. 'पुण्णाहतूरेण' स० ४०१; ७३४.

पुण्णिमसी. (पूर्णमासी) पूर्णिमा. The day of full moon. संबोध० ३६.

पुत्तलय. पुं० (पुत्रक) पूतला. Doli, puppet. सिर०८६१; ६२; ६४.

पुत्तुल्ल. स्त्री० (पुत्र) पुत्र, लड़का. Son. प्राकृ० ३५.

पुन्नकलस. पुं० (पुण्यकलश) एक राजा का नाम. Name of a king. उप० ७६८ टी.

पुन्नजसा. स्त्री० (पुण्ययशस्) एक स्त्री का नाम. Name of a woman, उप ७२८ टी.

पुन्नतल. पुं० (पूर्णतल) एक जैनमुनि गच्छ. A particular gathering of Jaina saints. कुप्र० ६.

पुन्नपत्तिया. स्त्री० (पुण्यप्रत्यय) एक जैन मुनि-शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

पुन्नय. त्रि० (पूर्णप्राय) करीब करीब-संपूर्ण, कुछ-कम पूर्ण. Generally full. उप० ७२८ टी.

पुन्नभागि. त्रि० (पुण्यभागिन्) पुण्य का भागी, पुण्य शाली. Lucky, fortunate सुपा० ६४१.

पुन्नयण. पु ०(पुण्यजन) यक्ष, एक देव-जाति. Demi-god. पाअ०

पुन्नसम. पुं० (पुण्यशर्मन्) एक ब्राह्मण का नाम. Name of Brahmana. उप० ७२८ टी.

पुन्नसार. पुं० (पुण्यसार) एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्टी. Name of a wealthy man. उप० ७२८ टी.

पुप्फ. पुं० (पुष्प) स्त्री का रज. Menstrual discharge, menses. (२) विकास. Blooming, blossoming. (३) आंख का एक रोग. A disease of the eyes. (४) कुबेर का विमान. A car or vehicle of Kubera. हे० १, २३६; २, ५३; ९०; १५४; **—च्चिणिया.** स्त्री (चायिनी) फूल बीनने वाली स्त्री. A female flower gatherer. पाअ०; **—छज्जिया.** स्त्री० (छादिका) पुष्प पात्र विशेष. A kind of vessel made of flowers. राज०; **—लावी.** स्त्री० (लावी) फूल बनाने वाली स्त्री. A female flower gatherer. पाअ० दे० १, ९; **—वई.** स्त्री० (वती) ऋतुमती स्त्री. A woman in her courses. दे० ६,९४; गा० ४८०;

(२) वीसवें जिनदेव की प्रवर्तिनी-प्रमुख साध्वी का नाम. A chief female saint of the twentieth Jinadeo. प्रव० ९.

पुप्फइरि. पुं॰ (पुप्पगिरि) एक पर्वत का नाम. Name of a mountain. पउम० ७६, १०.

पुप्फदंती. स्त्री० (पुष्पदन्ती) दमयन्ती की माता का नाम, एक रानी. Name of Damayanti's mother. कुप्र० ४८.

पुप्फपुर. (पुष्पपुर) पाटलिपुत्र, पटना शहर. Pataliputra, ancient name of the modern city of Patna. राज०

पुप्फवाण. पुं॰ (पुष्पवाण) कामदेव. An epithet of the god of love, cupid रंभा०

पुप्फभद्द. स्त्री० न० (पुष्पभद्र) नगर-विशेष, पटना शहर. Patna city. राज०

पुप्फय. पुं॰ (पुष्पक) (१) फेन, डिण्डीर. Foam. पाअ०(२) ललाट का एक पुष्पाकार आभूषण. An ornament.

पुप्फिम. पुं॰ स्त्री०(पुष्पत्व) पुष्पपन. Blossoming. हे० २, १५४.

पुर. न० (पुर) शरीर, देह. Body. कुप्र० ४३८.

पुरंजय. पुं॰ (पुरञ्जय) एक विद्याधर राजा. A Vidyadhar king. —पुर. न० (पुर) एक विद्याधर नगर. A Vidyadhar city. इक०

पुरंदर. पुं॰ (पुरन्दर) (१) गन्ध-द्रव्य-विशेष. A kind of fragrant substance. हे० १, १७७; (२) वृक्ष-विशेष, चव्य का पेड़. A kind of tree. 'पुरंदरकुसुमदामसुविणेण सूइया जाया' उप० ९८६ टी; (३) एक राजर्षि. Name of a royal sage. पउम० २१, ८०; (४) मन्दर कुन्ज नगर का एक विद्याधर राजा. A Vidyadhar king of Mandarkunja city. पउम० ६, १७०;—दिसि. स्त्री० (दिशा) पूर्व दिशा. East. उप० १४२ टी.

परंदरजसा. स्त्री० (पुरन्दरयशस्) एक राजकन्या का नाम. Name of a princess. उप० ९७३.

लक्खणा. स्त्री० (लक्ष्मणा) एक अमात्य की स्त्री. Wife of a minister. उप०७२८, टी.

लक्खणिय. त्रि० (लाक्षणिक) (१) लक्षणों का जानकार. One who is acquainted with mark or signs. (२) लक्षण युक्त. Characteristic. सुपा० १३६.

लक्खिअ. त्रि० (लक्षित) जाना हुआ. Known. (२) पहिचाना हुआ. Characterized, marked. (३) देखा हुआ. Observed, beheld. गउड० नाट-रत्ना० १४.

लग्ग. पुं० (लग्न) स्तुति-पाठक. Bard, minstrel. हे० २, ६८.

लग्गण. न० (लगन) संग, सम्बन्ध. Relation. 'वडपायसाहालग्गणेण' सुर० १५,१४; उप० १३४; ५३८.

लग्गणय. पुं० (लग्नक) प्रतिभू, जामिन. Surety, bail. पाअ०

लघिम. पुं० स्त्री० (लघिमन्) (१) लघुता, लाघव. Littleness, lightness. (२) योग की एक सिद्धि. The supernatural power of assuming excessive lightness at will, one of the eight Sidhis. 'लंघिज्ज लघिमगुणओ' कुप्र० २७७; (३) विद्या-विशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १३६.

लच्छी. स्त्री०(लक्ष्मी) (१) कान्ति. Beauty, Lustre. (२) औषधि विशेष. A kind of medicine. (३) फलिनी वृक्ष. A kind of tree. (४) हरिद्रा. Name of turmeric. (५) मुक्ता, मोती. Pearl. (६) रावण की एक पत्नी. A wife of Ravana. पउम०७४,१०; (७) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०; (८) एक वणिक् पत्नी. A Bania's wife. उप० ७२८ टी.

लच्छीनिलय. पुं० (लक्ष्मीनिलय) वासुदेव. Vasudeo. पउम० ३७, ३७.

लच्छीमंदिर. न० (लक्ष्मीमन्दिर) नगर-विशेष. Name of a city. सुपा० ६३२.

लच्छीवइ. पुं०(लक्ष्मीपति) लक्ष्मी का स्वामी, श्री कृष्ण. An epithet of Vishnu. प्राकृ० २०.

लच्छीहर. पुं० (लक्ष्मीधर) (१) वासुदेव. Vasudeo. पउम० ३८, ३४; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०;(३) न० नगर-विशेष. Name of a city. इक०

लज्जण-लज्जणय. न० (लज्जन) (१) शरम, लाज. Shame. सा० ८; राज०; (२) त्रि० लज्जा-कारक. Causing shame, shameful. सुपा० २१५; भवि०

लज्जा. स्त्री० (लज्जा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

लज्जालु-लज्जालुआ-लज्जालुइणी. स्त्री० (लज्जालु) (१) लता विशेष. A kind of creeper. (२) लज्जा वाली स्त्री. A modest or bashful woman. षड्० हे० २, १५६; १७४; सुर० २, १५६; गा० १२७; प्राकृ० ३५.

लज्जालुइर-लज्जालुर. त्रि० (लज्जालु) लज्जा-शील, शरमिंदा. Modest, bashful. गा० ४८२; ६१२ अं०

लज्जिर त्रि०(लज्जितृ) लज्जा-शील. Modest, bashful. हे० २, १४५; गा० १५०; कुमा० वज्जा० ८; भवि०

लट्टा. स्त्री० (लट्वा) (१) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. कुमा०; (२) कुसुम्भ. Safflower. वृह० १; (३) गौरेया, पक्षि विशेष. Sqarrow. (४) भ्रमर, भौंरा. Wasp. (५) वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. दे० २, ५५.

लड्डुअ-लड्डुग. पुं०(लड्डुक) लड्डू, मोदक. A kind of sweet-meat. गा० ६४१. प्रयौ० ८३; कुप्र०२०६; भवि० पउम० ८४,४; पिंड० ३७७.

लड्डुयार. त्रि० (लड्डुककार) लड्डू बनाने वाला, हलवाई. One who makes sweet-balls. कुप्र० २०६.

लढिअ. त्रि० (स्मृत) याद किया हुआ. Remembered, recollected. पाअ०

लण्ह. त्रि० (श्लक्ष्ण) (१) अल्प, थोड़ा. A little. (२) न० लोहा, धातु-विशेष. Iron. हे० २, ७७; प्राकृ० १८.

लत्त. त्रि० (लप्त) उक्त, कथित. Said. सुपा० २३४.

लद्धि. स्त्री० (लब्धि) योग्यता. Fitness. —पुलाअ. पुं० (पुलाक) लब्धि-विशेष-संपन्न मुनि. A particular class of saint. संबोध० ३८.

लद्धिय. त्रि० (लब्ध) प्राप्त. Obtained, acquired. वै० ६६.

लद्धिल्ल. त्रि० (लब्धिमत्) लब्धि-युक्त. Strength. पंच० १, ७.

लय. पुं०(लय) (१) श्लेष. An embrace. (२) मन की साम्यावस्था. Mental inactivity. कुमा०; (३) लीनता, तल्लीनता. Sticking, adherence. (४) तिरोभाव.

Disappearance, dissolution. विशे० २६६६.

लयंग. न० (लताङ्ग) संख्या-विशेष, चौरासी लाख पूर्व. A particular number. जो० २.

लया. स्त्री० (लता) (१) प्रकार, भेद. Kind. बृह० १; (२) तप-विशेष. Kind of religious austerity. प्रव० २७१; (३) संख्या विशेष, चौरासी लाख लतांग परिमित संख्या. A particular number. जो० २.

ललाम. न० (ललामन्) प्रधान, नायक. President, chief. अभि० ६५.

ललिअंग. पुं० (ललिताङ्ग) एक राज-कुमार. Name of a prince. उप० ६८६ टी.

ललिअय. न० (ललितक) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि० १८.

ललिआ. स्त्री०(ललिता) एक पुरोहित की स्त्री. Name of a priest's wife. उप० ७२८ टी.

लल्लक. पुं० (लल्लक) छठवीं नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान. An abode of the sixth hell. देवेन्द्र० १३.

लव. पुं० (लव) लेश, अल्प, थोड़ा. A bit, a little. पाअ० प्रासू० ६६, ११८; सण०

लवण. पुं० (लवण) (१) रस विशेष, क्षार रस. A kind of salt. (२) सीता का एक पुत्र, लव. Name of a Sita's son. पउम० ६७, १६; (२) मधुराज का एक पुत्र. A son of Madhuraja. पउम० ५७, २७.

लवणिम. पुं० स्त्री० (लवणिमन्) लावण्य. Beauty, grace. कुमा०

लवल. न०(लवल) पुष्प-विशेष. A kind of flower. कुमा०

लवली. स्त्री० (लवली) लता-विशेष. A kind of creeper. सुपा० ३८१; कुप्र० २४६.

लवित्त. न० (लवित्र) दात्र, घास काटने का एक औजार. An instrument for mowing, sickle. दे० १, ८२.

लविर. त्रि० (लपितृ) बोलने वाला. Speaker. सण०

लसिर. त्रि० (लसितृ) (१) श्लिष्ट होने वाला. One who embraces. (२) चमकने वाला, दीप्त. Glittering, shining. से० ८, ४४.

लसुण. न० (लशुन) लहसुन, कन्द-विशेष. Garlic. श्रा० २०.

लहण. न० (लभन) (१) लाभ, प्राप्ति. Obtaining; acquisition. (२) ग्रहण, स्वीकार. Acceptance. श्रा० १४.

लहर. पुं० (लहर) एक वणिक् पुत्र. Name of a Bania's son. सुपा० ६१७.

लहाविय. त्रि० (लम्भित) प्रापित, प्राप्त कराया हुआ. Caused to obtain. कुप्र० २३२.

लहु-लहुअ. त्रि० (लघु) तुच्छ, निःसार. Small, tiny. (१) श्लाघनीय, प्रशंसनीय. Praiseworthy. से० १२,५३; (२) मनोहर, सुन्दर. Lovely, handsome, beautiful. हे० २,१२२; (३) न० कृष्णागुरु, सुगन्धि-धूप-द्रव्य विशेष. A kind of Sandal-wood. (४) वीरण-मूल. A kind of fragrant root. हे० २, १२२; (५) स्पर्श विशेष. A kind of touch. अणुजो०; (६) पुं० एक मात्रा वाला अक्षर. A word with a sigle sign. हे० ३,१३४.

लाइअ. त्रि०(लागित) लगाया हुआ. Affixed. से० २, २६; वज्जा० ५०.

लाड. पुं० (लाट) देश-विशेष. Name of a country. सुपा० ६५८; कुप्र० २५४; भत्त० ६७ टी; भवि० सण० इक०

लाण. न० (लान) ग्रहणं, आदान. Taking, accepting. से० ७, ६०.

लाभ. पुं० (लाभ) सूद, ब्याज. Interest on money lent. उप० ६५७.

लाभिय-लाभिल्ल. त्रि०(लाभिक) लाभ-युक्त, लाभ वाला. Profitable. कर्म० १७.

लाय. त्रि० (लात) (१) न्यस्त, स्थापित. Established. (२) न० लग्न का एक दोष. A defect of wedding rituals. सुपा० १०८.

लाय. पुं० (लाज) (१) आर्द्र तण्डुल. Wet or damp rice. (२) ब० भुंजा हुआ नाज, खोई. Parched or fried grain. कप्पू०

लायण. न० (लागन) लगवाना. Causing to affix. गा० ४५८.

लायण्ण. न० (लावण्य) लवणत्व, क्षारत्व. Saltish, sour. हे०।१, १७७; १८०.

लालण. न० (लालन) स्नेह-पूर्वक पालन. Fondling, patting. पउम० २६, ८८.

लालय. न० (लालक) लाला, लार. Saliva. दे० ५, १६.

लालिल्ल. त्रि० (लालावत्) लारवाला. Having saliva. सुपा० ५३१.

लाविर. त्रि०(लवितृ) काटने वाला. Cutter. गा० ३५५.

लास. न० (लास्य) (१) नाट्य शास्त्र प्रसिद्ध गेयपद आदि. A part of the Natakashastra of Bharata. कुमा०; (२) नृत्य, नाच. Dance. पाअ०; (३) स्त्री का नाच. Dance of a woman. (४) वाद्य, नृत्य और गीत का समुदाय. A dance accompanied with singing and instrumental music. हे० २, ६२.

लिअ. त्रि०(लिप्त) (१) लीपा हुआ. Anointed, besmeared. गा० ५२८; (२) न० लेप. Anointing, besmearing. प्राकृ० ७७.

लिआर. पुं०(लृकार) 'लृ' वर्ण Alphabet. लृ. प्राकृ० ६.

लिंगिय. त्रि० (लैङ्गिक) किसी धर्म के वेष को धारण करने वाला साधु, संन्यासी. A monk wearing the dress of a particular religion or creed. मोह० १०१.

लिंपाविय. त्रि० (लेपित) लेप कराया हुआ. Caused to smear. कुप्र० १४०.

लिंपिय. त्रि०(लिप्त) लीपा हुआ. Smeared. कुमा०

लिंब. पुं० (निम्ब) वृक्ष-विशेष, नीम का पेड़. Nim tree. हे० १, २३०; कुमा० स० ३५.

लिक्ख. न० (लेख्य) लेखा, हिसाब. Example(In Arith.) or illustration. 'लिक्खं गणिऊण चिंतण' सिरि० ४१८; सुपा० ४२५.

लिहण. न० (लेखन) (१) लिखना, लेख. Writing. कुप्र० ३६८; (२) रेखा-करण. Scratching. तंदु० ५०; (३) लिखवाना. Causing to write. संबोध० ३६.

लिहावण. न०(लेखन) लिखवाना. Causing to write. उप० ७२४.

लिहाविय. त्रि० (लेखित) लिखवाया हुआ. Caused to write. स० ६०.

लीढ. त्रि०(लीढ) (१) चाटा हुआ. Licked, lipped. सुपा० ६५१; (२) स्पृष्ट. Touched. कुप्र० ५; (३) युक्त. Joined, united. प्रव० १२५.

लीला. स्त्री० (लीला) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

लीलाइअ. न० (लीलायित) (१) क्रीड़ा, केलि. Sport, amusement, pleasure. कप्पू०; (२) प्रभाव. Dignity, majesty. 'धम्मस्स लीलाइयं' उप० १०३१ टी.

लीलावई. स्त्री० (लीलावती) (१) विलासवती स्त्री. An amorous or wanton woman. प्रासु० ६१; (२) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

लुअ. त्रि० (लून) काटा हुआ, छिन्न. Cut. हे० ४, २५८; गा० ८; से० ३, ४२; दे० ७, २३; सुर० १३, १७५; सुपा० ५२४.

लुअ. त्रि० (लुप्त) (१) जिसका लोप किया गया हो. Disappeared. (२) न० लोप. Disappearance. प्राकृ० ७७.

लुअंत. त्रि० (लूनवत्) जिसने छेदन किया हो. One who has cut धात्वा० १५१.

लुंटण. न० (लुण्टन) लूट. Plundering. सुर० २, ४६; कुमा०

लुंटाक त्रि० (लुण्टाक) लूटने वाला, लुटेरा. Robber, plunderer. धर्मवि० १२३.

लुंठग. त्रि० (लुण्ठक) खल, दुर्जन. Wicked. 'ज्वहसिज्जमाणा लुंठगलोएण' सुख० २, ६.

लुंठिअ. त्रि० (लुण्ठित) बलात्गृहीत, जबरदस्ती से लिया हुआ. Plundered, robbed. पिंग०

लुक्क. त्रि० (निलीन) लुका हुआ, छिपा हुआ. Hidden, concealed. गा० ४६; ५५८; पिंग०

लुक्क. त्रि० (रुग्ण) (१) भग्न. Broken, shattered. कुमा०; (२) बीमार, रोगी. Diseased, sick. हे० २, २.

लुक्किअ. त्रि० (तुडित) टूटा हुआ, खण्डित. Broken, shattered. कुमा०

लुक्किअ. त्रि० (निलीन) लुका हुआ, छिपा हुआ. Hidden, concealed. पिंग०

लुट्ट. त्रि० (लुण्टित) लूटा हुआ. Plundered. धर्मवि० ७.

लुट्ठ. पुं० (लोष्ट) रोड़ा, ईंट आदि का टुकड़ा. Clod, a piece of brick. दे० ७, २६.

लुढिअ. त्रि० (लुठित) लेटा हुआ. Slept. सुपा० ५०३; स० ३६६.

लुणिअ. त्रि० (लून) काटा हुआ. Cut off, severed. धर्मवि० १२६; सिरि० ४०४

लुत्त. त्रि० (लोप्त्र) चोरी का माल. Stolen property, booty, spoilse. श्रावक० ९३ टी.

लुलिअ. त्रि० (लुठित) लेटा हुआ. Laying down. सुर० ४, ६८.

लुहण. न० (मार्जन) शुद्धि. Cleansing, purifying. कुमा०

लूड. त्रि० (लुण्ट) लूटने वाला. Plunderer, robber. हेका० २६०; काप्र० ९१७.

लूडण. न० (लुण्टन) लूट, चोरी. Theft. स० ४४१.

लूडिअ. त्रि० (लुण्टित) लूटा हुआ. Robbed, plundered. स० ५३६; पउम० ३०, ६२; सुपा० ३०७.

लूण. न० (लवण) लून, नमक. Salt. जी० ४.

लूण. न० (लवण) लावण्य, शरीर-कान्ति. Beauty, loveliness. सुपा० २६३.

लूरिअ. त्रि० (छिन्न) काटा हुआ. Cut, lopped off. कुमा० ६, ८३.

लूसिअ. त्रि० (लूषित) (१) लुण्टित, लूटा गया. Plundered, robbed. श्रा० १२. (२) उपद्रुत, पीड़ित. Hurt, injured. सम्मत्त० १७५. (३) हिंसित. Killed.

लूह. न० (रूक्ष) तप-विशेष, निर्विकृतिक तप. A kind of religious austerity. संबोध० ५८.

लेक्ख. न० (लेख्य) (१) व्यवहार, व्यापार. Business. सुपा० ४२४; (२) लेखा, हिसाब. Account (In arith.) कुप्र० २३८.

लेड्डु-लेड्डुअ. पुं० न० (लेष्टु) रोड़ा, ईंट पत्थर आदि का टुकड़ा. Brick. पाअ० दे० ७, २४.

लेवाड. त्रि० (लेपकर्तृ) लेपकारक. Plaster-maker. वव० १.

लेसिय. त्रि० (श्लेषित) श्लेष-युक्त. Having contact. स० ७६२.

लेह. पुं० (लेह) अवलेह, भोजन, चखना,

चाटना. Food, licking, to taste. पउम० २. २८.

लेह. पुं० (लेख) (१) देव, देवता. Gods. (२) लिपि. Script letters. (३) त्रि० लेख्य, जो लिखा जाय. To be written. हे० २, १८९; (४) लेखक, लिखने वाला Writer. वज्जा० १००; **—वाह.** त्रि० (वाह) चिट्ठी लेजाने वाला, पत्र वाहक. Messenger, letter-bearer postman. पउम० ३१, १; सुपा० ४१९; **—साला.** स्त्री० (शाला) पाठशाला. School. उप० ७२८ टी.

लेहण. न०(लेहन) चाटना, आस्वादन. Lambative, Licker. पउम० ३, १०७.

लेहणी. स्त्री० (लेखनी) कलम, लेखनी. Pen. पउम० १६, ५; गा० २४४.

लेहिय. त्रि० (लेखित) लिखवाया हुआ. Caused to write. ती० ७.

लोअ. पुं० (लोक) आलोक, प्रकाश. Light. वज्जा० १०६.

लोअ. पुं० (लोप) अदर्शन, विध्वंस. Disappearance, Destruction. चेइय० ६६१.

लोअणिल्ल. त्रि० (लोचनवत्) आँख वाला. Having eyes. सुपा० २००.

लोअप्पवाय. पुं० (लोकप्रवाद) जनश्रुति, कहावत. General rumour, proverb. सुर० २, ४७.

लोआहाणय. न० (लोकाभाणक) कहावत, लोकोक्ति. Proverb, saying. भवि०

लोइअ. त्रि० (लोकित) निरीक्षित, दृष्ट. Observed, looked at, inspected. गा० २७१; स० ७१३.

लोगवीर. पुं० (लोकवीर) भगवान् महावीर. Lord Mahavira. उव०

लोट्ठ. पुं० (लोष्ट) रोड़ा, ढेला. Clod, lump of earth. दे० ७, २४.

लोडाविअ. त्रि० (लोटित) घुमाया हुआ. Moved round. गा० ७९६.

लोढिअ. त्रि० (लोठित) लिटाया हुआ, सुलाया हुआ. Caused to sleep. पउम० ६१, ६७.

लोण. पुं० (लवण) वृक्ष-विशेष. A kind of tree. पउम० ४२, ७; श्रा० २०; प्रव० ४.

लोणिय. त्रि० (लावणिक) लवण-युक्त, लवण-सम्बन्धी. Saltish, pertaining to salt. ओघ० ७७६.

लोण्ण. न०(लावण्य) शरीर-कान्ति. Beauty, charm. शकु० ५.

लोत्त. न० (लोप्त्र) चोरी का माल. Stolen propety, booty. स० १७३.

लोमस. त्रि० (लोमश) लोम-युक्त. Hairy, woollen, shaggy. गउड०

लोमहरिस. पुं०(लोमहर्ष) नरकावास विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० २७.

लोलमज्झ. पुं० (लोलमध्य) नरकावास-विशेष. Name of a hell. ठा० ६ टी.

लोलपच्छु. पुं०(लोलपात्त) नरक स्थान विशेष. A particular hell. देवेन्द्र० ३०.

लोलसिट्ठ. पुं० (लोलशिष्ट) नरकावास-विशेष. A particular hell. ठा० ६ टी.

लोलावत्त. पुं० (लोलावर्त) नरकावास-विशेष. Name of a hell. ठा० ६ टी; देवेन्द्र० ७.

लोलिम. पुं०स्त्री०(लोलत्व) लम्पटता, लोलुपता. Drunkenness, debautchery. कुमा०

लोह. त्रि० (लौह) लोहे का, लोह-निर्मित. Made of iron. से० १४, २०.

लोहंगिणी. स्त्री० (लोहाङ्गिनी) छन्द-विशेष. A kind of metre. पिंग०

लोहकार. पुं० (लोहकार) लुहार. Blacksmith. कुम० १८८.

लोहजंघ. पुं० (लोहजङ्घ) राजा चण्डप्रद्योत का एक दूत. A messenger of the king Chand Pradyota. महा॰

लोहजंघवण. न॰ (लोहजङ्घवन) मथुरा के समीप का एक वन. A forest near Muttra. ती॰ ७.

लोहल. पुं॰ (लोहल) शब्द-विशेष, अव्यक्त-शब्द. An indistinct word. षड्॰

लोहिआमुह. पुं॰ (लोहितामुख) रत्नप्रभा का एक नरकावास. A hell of Ratnaprabha. स॰ ८८.

ल्हसण. न॰ (स्रंसन) खिसकना, पतन. Slipping. सुपा॰ ५५.

ल्हसाविअ. त्रि॰ (स्रंसित) खिसकाया हुआ. Caused to slip. कुमा॰

ल्हसिअ त्रि॰ (स्रस्त) खिसक कर गिरा हुआ. Dropped down, slipped off. कुम्र॰ १८७; वज्जा॰ ८४.

ल्हादि. स्त्री॰ (ह्लादि) आह्लाद, प्रमोद, खुशी. Delight, joy. राज॰

ल्हाय. पुं॰ (ह्लाद) आह्लाद, प्रमोद, खुशी. Delight. धर्मसं॰ २१६.

व

व. पुं॰ (व) (१) अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण विशेष, जिसका उच्चारण स्थान दन्त और ओष्ठ है. A Particular consonant. प्राप॰प्रामा॰; (२)पुं॰ न॰ वरुण. Name of Varuna. से॰ १, १; २, ११.

वइ. अ॰ (वै) (१) अवधारण, निश्चय. A particle of affirmation or certainty. विशे॰ १८००; (२) अनुनय. Entreaty or persuasion. (३) संबोधन. A vocative particle. (४) पादपूर्ति. Generally used as explitive. चंड॰

वइअ. त्रि॰ (व्ययित) जिसका व्यय किया गया हो. Expended, spent. 'किमिह दव्वेण वइएणं वहुएणं' सुपा॰५७८;७३,४१०.

वइअब्भ. पुं॰ (वैदर्भ) (१) विदर्भ देश का राजा. A king of Vidarbha. (२) त्रि॰ विदर्भ देश में उत्पन्न. Born in Vidarbha. षड्॰

वइअर. पुं॰(व्यतिकर) प्रसङ्ग, प्रस्ताव. Incident, occurance. सुर॰४,१३६;महा॰

वइआलिअ. त्रि॰ (वैतालिक) मंगल स्तुति आदि से राजा को जगाने वाला मागध आदि. Bard, minstrel. हे॰ १, १५२.

वइआलीअ. पुं॰ न॰ (वैतालीय) छन्द-विशेष. Name of a metre. हे॰ १, १५१.

वइएस. त्रि॰ (वैदेश) विदेश-सम्बन्धी, परदेशी. Belonging to another country, foreign, exotic. पउम॰ ३३, २४; हे॰ १, १५१; प्राकृ॰ ६.

वइएह. पुं॰ (वैदेह) (१) वणिक्, वैश्य. Bania. (२) शूद्र पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न जातिविशेष. The son of a Sudra by a Bania woman. (३)राजा जनक. The king Janaka. (४) त्रि॰ देह रहित से सम्बन्ध रखने वाला. One who indulges in the breaking the bonds of a bodily life. (५) मिथिला देश का. Relating to Mithila. हे॰ १, १५१; प्राकृ॰ ६.

वइकलिअ. न॰ (वैकल्य) विकलता. Agitation, flurry, excitement. पाअ॰

वइकुंठ. पुं॰ (वैकुण्ठ) (१) उपेन्द्र, विष्णु. An epithet of Vishnu. पाअ॰ (२) लोक विशेष, विष्णु का धाम. The heaven of Vishnu. उप॰ १०३१ टी.

वइगरणिअ. पुं॰(वैकरणिक) राज-कर्मचारी-विशेष. Name of an officer. सुपा॰५४८.

वइगुण्ण. न० (वैगुण्य) (१) वैकल्य, अपरिपूर्णता, असंपन्नता. Deficiency, imperfection. धर्मसं० ८८४; (२) विपरीतपन, विपर्यय. Diversity, contrary. राज०

वइजवण. त्रि० (वैजवन) गोत्र-विशेष में उत्पन्न. Born in a particular family. हे० १,१५१.

वइतुलिय. त्रि० (वैतुलिक) तुल्यता रहित. Devoid of similarity. निसी०चू०११.

वइदिस. पुं० (वैदिश) (१) अवन्ती देश, मालव देश. Malwa. उप० २०२; (२) त्रि० विदिशा सम्बन्धी. Relating to intermediate point of the compass. बृह० ६.

वइदेसिअ. त्रि० (वैदेशिक) विदेशी, परदेशी. Foreign, exotic. संत्ति०५; कुप० ३८०; सिरि० ३९३; पि०६१.

वइदेही. स्त्री०(वैदेही) (१) राजा जनक की स्त्री, सीता की माता. The mother of Sita. पउम० २६, ७५; (२) जनकात्मजा, सीता. Name of Sita. (३) हरिद्रा, हल्दी. Turmeric. (४) पिप्पली, पीपल. The Pipal tree. (५) वणिक्-स्त्री. Bania's woman. संत्ति० ५.

वइमेत्त. न०(वाङ्मात्र) निरर्थक वचन. Mere words. धर्मसं० २८४, २८५; ८४४.

वइर. पुं० न० (वज्र) (१) विद्युत्, विजली. Lightning. कुमा०; (२) पुं०कोकिलाक्ष वृक्ष. Name of a tree. (३) श्वेत कुशा. A kind of Kusa grass. (४) श्री कृष्ण का एक प्रपौत्र. A grandson of Shree Krishna. (५) न० बालक, शिशु. Child, baby. (६) धात्री. Nurse, foster-mother. (७) कांजी. Sour gruel. (८) वज्र पुष्प. The blossom of Sesamum. (९) एक प्रकार का लोहा. A kind of iron. (१०) अभ्र-विशेष. A kind of talc. (११) ज्योतिष-प्रसिद्ध एक योग. A particular of consullation (In astro.). हे०२, १०५.

वइरकंड. न० (वज्रकाण्ड) रत्नप्रभा पृथिवी का एक वज्ररत्न-मय काण्ड. A particular region of the hell Ratanprabha. राज०

वइरजंघ. पुं० (वज्रजङ्घ) पुष्कलावती विजय के लोहार्गल नगर का एक राजा. A king of the city Lohargala of Pushkalavati region. आव०

वइरसिंह. पुं० (वज्रसिंह) एक राजा. Name of a king. काल० पि० ४००.

वइरसेणा. स्त्री० (वज्रसेना) एक दिक्कुमारी देवी. A Dikkumari goddess. इक०

वइरहर. पुं०(वज्रधर) इन्द्र. An epithet of Indra. षड्०

वइरा. स्त्री० (वज्रा) एक जैन मुनि शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

वइराग. न० (वैराग्य) विरक्ति, उदासीनता. Absence of wordly desires or passions. पउम० २६, २०.

वइरि-वइरिअ. त्रि० (वैरिन्) दुश्मन, रिपु. An enemy. सुर०१,७;काल० प्रासू०१७४.

वइरी. स्त्री० (वज्रा) एक जैन मुनि शाखा. A Branch of Jaina saints. कप्प०

वइरुट्टा. स्त्री० (वैरोट्या) एक विद्या देवी. A goddess of learning. संनि० ६.

वइवाय. पुं० (व्यतिपात) ज्योतिष प्रसिद्ध एक योग. A particular constellation (In astro.). राज०

वइसइअ. त्रि० (वैषयिक) विषय से उत्पन्न, विषय-संबन्धी. Relating to object of sense, sexual, carnal. संत्ति० ५.

वइसंपायण. पुं० (वैशम्पायन) एक ऋषि जो

व्यास का शिष्य था. Name of a sage pupil of Viyasa. हे॰ १, १५१; प्राप्र॰

वइसम्म. पुं॰ न॰ (वैषम्य) विषमता. Uneveness. 'वइसम्मो' संक्षि॰ ५; पि॰ ६१.

वइसवण. पुं॰ (वैश्रवण) कुबेर. Name of Kubera, the god of wealth. हे॰ १, १५२; भवि॰

वइसस. न॰ (वैशस) रोमाञ्चकारी पाप-कृत्य. Slaughter, butchery. उप॰ ५७५.

वइसाल. त्रि॰ (वैशाल) विशाला में उत्पन्न. Born in Vishala. हे॰ १, १५१.

वइसाह. पुं॰ (वैशाख) (१) मन्थन दण्ड. A churning stick. (२)पुं॰ न॰ योद्धा का स्थान विशेष. A particular position in shooting. हे॰१,१५१; प्राप्र॰

वइसिअ. त्रि॰ (वैशिक) वेष से जीविका उपार्जन करने वाला. One that earns by dress. हे॰ १, १५२; प्राप्र॰

वइसिट्ठ. न॰(वैशिष्ट्य) विशिष्टता, भेद, Distinction, peculiarity. धर्मसं॰ ६६.

वइस्साणर. पुं॰ (वैश्वानर) (१) वह्नि, अग्नि. An epithet of fire. (२) चित्रक वृक्ष. A kind of tree. (३) सामवेद का अवयव विशेष. A particular part of Samveda. हे॰ १, १५१.

वईअ. त्रि॰ (व्यतीत) अतीत, गुज़रा हुआ. Passed, elapsed. पउम॰ २०, २०.

वउ. न॰ (वपुष्) शरीर, देह. Body. राज॰

वंकचूल. पुं॰ (वङ्कचूल) एक प्रसिद्ध राजकुमार. Name of celebrated prince. धर्मवि॰ ५२; पडि॰

वंकचूलि. पुं॰ (वङ्कचूलि) एक प्रसिद्ध राज कुमार. Name of a well-known prince. 'तओ गया वंकचूलिणो गेहे' धर्मवि॰ ५३-५६-६०.

वंकिअ. त्रि॰ (वक्रित) बांका किया हुआ. Bent, crooked. से॰ ६,५६.

वंकिम. पुं॰स्त्री॰(वक्रिमन्) वक्रता, कुटिलता. Crookedness, obstinacy. पि॰ ७४; हे॰ ४, ३४४-४०१.

वंगण. न॰ (व्यङ्गन) क्षत. Wound, scratch. राज॰

वंगिय. त्रि॰ (व्यङ्गित) विकृत शरीर वाला. Having deformed body. राज॰

वंच. त्रि॰(वञ्च) ठगने वाला, धूर्त. Fraudulent, deceitful. वज्जा॰११६;हे॰४,४१२.

वंचअ-ग. त्रि॰ (वञ्चक) ठगने वाला, धूर्त. Fraudulent, deceitful.नाट-मालवि॰; श्रा॰ २८.

वंचण. त्रि॰ (वञ्चन) ठगने वाला. Fraudulent, crafty. संबोध॰ ४१.—**चण.** त्रि॰ (चण) ठगने में चतुर, Clever in cheating, सम्मत्त॰ २१७.

वंचणा. स्त्री॰(वञ्चना)प्रतारणा, Cheating. उव॰ कप्पू॰

वंचिअ. त्रि॰ (वञ्चित) रहित, वर्जित. Deprived of. गउड॰

वंजण. न॰(व्यञ्जन)शब्द, पद, Consonant word. सम्म॰ ३०; सूयनि॰ ६; पडि॰विशे॰ १७०; (२) कक्षा आदि का बाल. Hair of the waist etc. राज॰; (३) प्रकाशन, व्यक्तिकरण. Making clear, indicating. विशे॰ ४६१.

वंजय. त्रि॰ (व्यञ्जक) व्यक्त करने वाला. Manifesting, making clear. भास॰ २६.

वंजर. पुं॰ (मार्जार) बिलाव. Cat. हे॰ २, १३२; कुमा॰

वंजुलि. त्रि॰ (वञ्जुलिन्) वेतरु वृक्ष वाला. Having the 'Vaitru' tree. गउड॰

वंटग. पुं॰ (वण्टक) बांट, विभाग. Part, portion. निसी॰ चू॰ १६.

वंठ. त्रि० (वण्ठ) खर्व, वामन. Dwarf. हे० ४, ४४७.

वंत. त्रि०(वान्त) पतित, गिरा हुआ. Fallen, dropped. दस० ३, १ टी.

वंतरिणी. स्त्री०(व्यन्तरी) व्यन्तर जातीया देवी. A particular goddess सुपा० ६१३.

वंदअ-ग. त्रि० (वन्दक) वन्दन करने वाला. One that salutes. पउम० ६,५८; १०१, ७३; महा० सुख० १, ३.

वंदारय. पुं० (वृन्दारक) (१) देव, देवता. God. पाअ० कुमा०; (२) त्रि० मनोहर. Beautiful, attractive. कुमा०; (३) मुख्य, प्रधान. Eminent, excellent. हे० १, १३२.

वंदारु. त्रि० (वन्दारु) वन्दन करने वाला. One who salutes, praising. चेइय० ६२१; लहुअ० ४.

वंदणग. न० (वन्दन) वन्दन, प्रणाम. Salutation, obeisance. श्रावक० ३७४.

वंफि. त्रि०(वलिन्) (१) लौटने वाला. One who wallows. (२) नीचे गिरने वाला, Fallen. कुमा०

वंफिअ. त्रि० (काङ्क्षित) अभिलषित. Desired, wished. कुमा०

वंस पुं० (वंश) (१) पृष्ठावयव, पीठ का भाग. Back. (२) वर्ग. Class, (३) इक्षु, ऊख. Sugar cane. हे० १, २६०;—इरि. पुं० (गिरि) पर्वत-विशेष. Name of a mountain. पउम० ३६, ४; —रोअणा. स्त्री० (रोचना) वंशलोचन, Bamboo-manna, कप्पू०

वंसिअ. त्रि० (वांशिक) वंश वाद्य बजाने वाला. Flute player, piper. हे० १, ७०; कुमा०

वंसिअ. त्रि० (व्यंसित) छलित, प्रतारित. Cheated, deceived. राज०

वंसी. स्त्री० (वांशी) सुरा विशेष. A kind of liquor. बृह० २.

वंसी. स्त्री०(वंशी) वाद्य विशेष, मुरली. Flute, pipe. बृह० २.

वंसी. स्त्री० (वंश) बांस. Bamboo.—**मूल.** न० (मूल) बांस की जड़. Root of a bamboo. कस०

वक्क. न० (वल्क) त्वचा, छाल. The bark of a tree. उप० ८३६.

वक्क. न० (वक्त्र) मुख, मुंह. Mouth. पउम० १११, १७; गा० १६४.

वक्कंत. पुं० न० (अवक्रान्त) प्रथम नरक भूमि का दशवां नरकेन्द्रक-नरकावास. The tenth abode of the first hell, देवेन्द्र० ५.

वक्कलचीरि. पुं० (वल्कलचीरिन्) एक महर्षि, जो राजा प्रसन्नचन्द्र के छोटे भाई थे. Name of a sage, brother of the royal sage called Prasanchandra. कुम० २८६.

वक्खाणि. त्रि० (व्याख्यानिन्) व्याख्यान कर्ता. Lecturer. धर्मसं० १२६१.

वक्खाणिय. त्रि० (व्याख्यानित) व्याख्यात. Delivered a lecture, विशे० १०८७.

वक्खाय. त्रि० (व्याख्यात) विवृत, वर्णित. Described. स० १३२; चेइय० ७७१.

वक्खेव. पुं०(व्याक्षेप)(१) व्यग्रता, व्याकुलता. Confusion. उप० १३६ टी; १४०; (२) कार्य-बाहुल्य. Excessive work. सुख० ३, १.

वग्गण. न० (वल्गन) बकवाद. Prattle, chatter. रंभा०

वग्गा. स्त्री० (वल्गा) लगाम. Bridle. उप० ७६८ टी.

वग्गि. त्रि० (वाग्मिन्) (१) प्रशस्त वाक्य. बोलने वाला. Eloquent, oratorical. (२) पुं० बृहस्पति. Name of Brihaspati. प्राप्र० पि० २७७.

वग्गिय. न० (वल्गित) (१) बहु भाषण, बकवाद. Prattling, chatter. सम्मत्त० २२७; (२) बड़ाई की. आवाज़. Swaggering, boasting. मोह० ८७; (३) गति, चाल. Motion. सण०

वग्गिर. त्रि० (वल्गितृ) (१) खूँख़्वार आवाज़ करने वाला. One who creates a gurgling sound. (२) गति-विशेष वाला. Having particular motion. सुर० ११, १७१.

वग्गु. त्रि०(वल्गु) कल, मधुर. Sweet. पाअ०

वग्गुरिय. पुं० (वागुरिक) नर्तक विशेष. A kind of dancer. राज०

वग्गोलिर. त्रि० (रोमन्थयितृ) पगुराने वाला. Ruminator. कुमा०

वग्घ. पुं० (व्याघ्र) (१) रक्त ऐरण्ड का पेड़. The red variety of the castor-oil plant. (२) करञ्ज वृक्ष. A kind of tree. हे० २, ९०.

वचा. स्त्री०(वचा)(१) पृथ्वी, धरती. Earth. से० २, ११; (२) औषधि विशेष, वच. A kind of aromatic root. मृच्छ०१७०.

वच्च. पुं० (वर्चस्) चौथे नरक का चौथा नरकेन्द्रक. The forth abode of the fourth-hell. देवेन्द्र० १०.

वच्चासिअ. त्रि०(व्यत्यासित)उलटा किया हुआ. Reversed, inverted. विशे० ८५३.

वच्छ. पुं० (वत्स) (१) वत्सर, वर्ष. Year. (२) ज्योतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक चक्र. A yearly chart or table of astrological calculation. गण० १६; (३) न० गोत्र विशेष. Name of a family.

वच्छतर, पुं० स्त्री० (वत्सतर)(१) क्षुद्र वत्स. Young ox. (२) दमनीय बछड़ा आदि. Weaned calf. प्राकृ० २३.

वच्छराय, पुं० (वत्सराज) एक राजा. Name of a king. ती० १०.

वच्छवाल. पुं० स्त्री० (वत्सपाल) गोप, ग्वाला. Keeper of calves. पाअ०

वच्छसुत्त. न० (वक्षःसूत्र) आभूषण विशेष, वक्ष स्थल में पहनने की संकली. A kind of ornament. भग० ६, ३३ टी.

वच्छा. स्त्री७ (वत्सा)(१) एक नगरी. Name of a city. इक०(२)लड़की. Daughter. कप्पू०

वच्छाण. पुं० (उक्षन्) बैल, बलीवर्द. Ox. 'उक्खा वसहा य वच्छाणा.' पाअ०

वच्छिम. पुं० स्त्री० (वृक्षत्व) वृक्षपन. Grassy. षड्०

वच्छोम. न० (वक्षोम) एक नगर, कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी. Name of a city. कप्पू०

वज्ज. पुं० (वज्र) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name a Vidyadhar king. पउम० ५, १६-१७; ८, १३३.

वज्ज. न०.(वर्ज) (१) छोड़कर, बिना, सिवाय. Excluding; except. आ० ६; दे० १७; क० गं० ४, ३४-५३.

वज्जंक. पुं० (वज्राङ्क) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जंकुसी. स्त्री० (वज्राङ्कुशी) एक विद्या देवी. Name of a goddess of learning. संति० ५.

वज्जंधर. पुं० (वज्रन्धर) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जकंठ. पुं० (वज्रकण्ठ) वानर द्वीप का एक राजा. Name of a king of Vanara Dvipa. पउम० ६, ६०.

वज्जक्ख. पुं० (वज्राक्ष) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ८, १३२.

वज्जचूड. पुं० (वज्रचूड) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of Vidyadhar lineage. पउम० ५, ४६.

वज्जजंघ. पुं० (वज्रजङ्घ) विद्याधर वंशीय एक नरेश. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १५.

वज्जदत्त. पुं० (वज्रदत्त) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १५. (२) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १८.

वज्जधय. पुं० (वज्रध्वज) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १५.

वज्जनागरी. स्त्री० (वज्रनागरी) एक जैन मुनि-शाखा. A branch of Jaina saints. कप्प०

वज्जनाभ. पुं० (वज्रनाभ) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १९.

वज्जबाहु. पुं० (वज्रबाहु) एक विद्याधर वंशीय राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १६.

वज्जमज्झ. पुं० (वज्रमध्य) (१) राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश. Name of a king of the demon race. पउम० ५, २६३. (२) रावणाधीन एक सामन्त राजा. A tributary prince of Ravana. पउम० ८, १३२.

वज्जर. पुं० (वर्जर) (१) देश-विशेष. Name of a country. (२) त्रि० देश-विशेष में उत्पन्न. Born in that country. स० १३.

वज्जरण. न० (कथन) उक्ति, वचन. Speech. हे० ४, २.

वज्जरिअ. त्रि० (कथित) कहा हुआ, उक्त. Said, told. हे०४, २; सुर०१, ३२; भवि०

वज्जवेग. पुं० (वज्रवेग) एक विद्याधर का नाम. Name of a Vidyadhar. महा०

वज्जसिंखला. स्त्री० (वज्रशृङ्खला) एक विद्या-देवी. A goddess of learning. संति०५.

वज्जसुंदर. पुं० (वज्रसुन्दर) विद्याधर वंशमें उत्पन्न एक राजा. Name of a king born in the Vidyadhar family. पउम० ५, १७.

वज्जसुजण्हु. पुं० (वज्रसुजह्नु) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १७.

वज्जसेण. पुं० (वज्रसेन) एक जैन मुनि, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे. Name of a Jaina saint who was a spiritual preceptor of Lord Rishabhadeo of the former birth. पउम० २०, १७.

वज्जहर. पुं० (वज्रधर) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. से० १५, ४८; उव०; (२) त्रि० वज्र का धारण करने वाला. Thunderbolt bearer. सुपा० ३३४.

वज्जाउह. पुं० (वज्रायुध) (१) इन्द्र. An epithet of Indra. पउम० ३, १३७; ५१, १८; (२) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम०५, १६.

वज्जाभ. पुं० (वज्राभ) एक विद्याधर वंशीय राजा. A king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १६.

वज्जाविय. त्रि० (वादित) बजाया हुआ. Sounded. भवि०

वज्जास. पुं० (वज्राश) एक विद्याधर राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १७.

वज्जिअ. त्रि० (वादित) बजाया हुआ. Played, sounded. सिरि० ५२५.

वज्जिर. त्रि०(वदितृ) बजने वाला. Sounding. सुर० ११, १७२; सुपा० ४५, ८७; सिरि० १५५; सण०

वज्जोयरी. स्त्री० (वज्रोदरी) विद्या-विशेष. A particular magical skill. पउम० ७, १३८.

वज्झ. त्रि० (वाह्य) (१) सहन करने योग्य. Worthy to be borne. प्राप्र० उप० १५० टी; (२) न० अश्व आदि यान. Driving a horse. स० ६०३; —खेड्ड. न० (खेल) कला विशेष, यान की सवारी का इल्म. Art of driving as a horse. स० ६०३.

वट्ट. त्रि० (वृत्त) (१) अतीत, गुजरा हुआ. Passed, gone. (२) मृत. Dead, deceased. (३) संजात, उत्पन्न. Born, produced. (४) अधीन. Dependent. (५) दृढ़. Firm, fixed. (६) पुं० कूर्म, कछुआ. Tortoise. हे०२,२९.

वट्ट. पुं० (वर्त) देश-विशेष. Name of a country. सत्त० ६७ टी.

वट्टा. स्त्री० (वार्ता) बात, कथा. Story, tale. कुमा०

वट्टावण. न० (वर्तन) बरताना, कार्य में लगाना. To engage. उव०

वट्टावय. त्रि० (वर्तक) बरताने वाला, प्रवर्तक. Distributor. उव०

वट्टावय. त्रि० (वर्तक) प्रतिजागरक, शुश्रूषा-कर्ता. Server. वव० १.

वट्टि. स्त्री० (वर्ति) (१) सलाई, आंख में सुरमा लगाने की सली. A small thin stick. (२) शरीर पर किया जाने वाला एक तरह का लेप. Unguent, ointment. (३) लेख. लिखना. Writing. (४) कलम, पीछी. Pen. हे० २, ३०.

वट्टिअ. त्रि० (वर्तित) (१) परिवर्तित. Changed. दे० ५, २७. (२) प्रवर्तित. Commenced, stimulated. भवि०

वट्टुल. त्रि०(वर्तुल) गोल, वृत्ताकार. Circular, gobular. पाअ०; (२) पलाण्डु के समान एक तरह का कन्द-मूल. A kind of bulbons root. हे० २, ३०; प्रारू०

वड. न० (वट) वस्त्र-विशेष. A kind of garment. नाया० १, १ टी.

वडनयर. न० (वटनगर) नगर-विशेष. Name of a city. पउम० १०५, ८८.

वडवग्गि. पुं० (वडवाग्नि) बडवानल, समुद्र के भीतर की आग. The submarine fire. गा० ४०२.

वडवद्द. न० (वटपद्र) (१) गुजरात का एक नगर, जो आजकल बड़ौदा नाम से प्रसिद्ध है. Name of a city which is called Baroda now-a-days. उप० ५१६; (२) एक गोकुल. A particular herd of kine. उप० ५१७ टी.

वड़वाणल. पुं० (वडवानल) समुद्र के भीतर की आग, वडवाग्नि. Submarine fire. पि० २४०; आ० १६.

वडसाविती. स्त्री० (वटसावित्री) एक देवी. A particular goddess. कप्पू०

वडिअ. त्रि० (गृहीत) ग्रहण किया हुआ. Taken, accepted. सुर० ७, १६१.

वडिंस. पुं० (वतंस) (१) मेरु पर्वत. The mount meru. सू० प० टी; (२) एक दिग्हस्ति कूट. A particular summit. इक०;(३) प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य. Excellent, prominent. कप्प० महा०

वडिया. स्त्री० (वृत्तिता) वर्तन. Mode or manner of living. 'भयवंतदंसणवडियाए' स० ६८३.

वडिवस्सअ. त्रि० (वरिवस्यक) पूजक, पूजा करने वाला. Worshipper. चारु० १.

वडेंस. पुं० (वतंस) शेखर, मुकुट. Crown, crest. नाया० १, १ टी.

वड्ढवअ. त्रि० (वर्धक) (१) बढ़ाने वाला. Prolonger. (२) वधाई देने वाला. One who brings good news. प्राकृ० ६१.

वड्ढवण. न० (वर्धापन) बधाई, अभ्युदय-निवेदन. Good news. दे० ७, ८७.

वड्ढविअ. त्रि० (वर्धित-वर्धापित) जिसको बधाई दी गई हो. One who is congratulated. दे० ६, ७४.

वड्ढि. त्रि० (वर्धिन्) बढ़ने वाला. Increasing. से० १, १.

वड्ढिम. पुं० स्त्री० (वृद्धिमन्) बढ़ाव. Increase, growth. 'पत्ता दिअं वड्ढिमा' प्राकृ० ३३; कप्पू०

वड्ढिय. त्रि० (वर्धित) खण्डित किया हुआ, काटा हुआ. Cut. से० १, १.

वढर-वढल. पुं० (वठर) (१) मूर्ख छात्र. Foolish pupil. (२) ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्री से उत्पन्न संतान, अम्बष्ठ. The son of a Brahmana by a Vaishya woman. (३) शठ, धूर्त. Wicked, vile. (४) मन्द, अलस. Dull, stupid. हे० १, २५४; पड्०.

वण. न० (वन) (१) पानी, जल. Water. पाअ० वज्जा० ८८; (२) निवास. Dwelling. (३) आलय. House. हे० ३, ८८; प्राअ०; (४) उद्यान, बगीचा. Garden. उप० ९८६ टी; —गय. पुं० (गज) जंगली हाथी. Wild elephant. से० ३, ६३; —ग्गि. पुं० (अग्नि) दावानल. Forest conflagration. पाअ०; —छिंद. त्रि० (च्छिद्) जंगल काटने वाला. Cutter of a forest. कुमा० १०४.

वणण. न० (व्यान) बुनना. Weaving. —साला. स्त्री० (शाला) बुनने का कारखाना. A workshop of weaving. दस० १, १ टी०

वणत्थली. स्त्री० (वनस्थली) अरण्य भूमि. Wood, forest-ground. से० ३, ६३.

वणमाला. स्त्री० (वनमाला) एक राज पत्नी. Name of a queen. पउम० ११, १४; (२) रावण की एक पत्नी. A wife of Ravana. पउम० ३६, ३२.

वणय. त्रि० (वनज) वन में उत्पन्न, जंगली. Wild. वज्जा० १२८.

वणअ. पुं० (वनक) दूसरी नरक पृथ्वी का एक नरक स्थान. A particular abode of the second hell. देवेन्द्र० ६.

वणराय. पुं० (वनराज) (१) विक्रम की आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा. A celebrated king. मोह० १०८; (२) सिंह, केसरी. Lion. चंड०

वणवासी. स्त्री० (वनवासी) नगरी विशेष. Name of a city. राज०

वणालि. स्त्री० (वनालि) वन पंक्ति. Line of forests. गा० ५७९; हे० २, १७७.

वणिअ. त्रि० (व्रणित) व्रण-युक्त, घाव-वाला. Wounded. गा० ४५८; ९४९; पउम० ७५, १३.

वणिअ. पुं० (वनीपक) भिक्षुक, भिखारी. Beggar, mendicant. पिंड० ४४३.

वणी. स्त्री० (वनी) फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है. Cotton pod. राज०

वण्ण. पुं० (वर्ण) (१) प्रशंसा, श्लाघा. Praise. उप० ९०७; (२) ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति. Class of men. (३) गुण. Quality. (४) अंगराग. Scented cosmetic, fragrant unguent. (५) सुवर्ण, सोना. Gold. (६) व्रत-विशेष. Religious observance. (७) गीत का

क्रम. The order or arrangement of a subject in a song. (८) चित्र. Picture. हे० १, १७७; प्राप्र०; (९) संयम. Restraint. (१०) मोक्ष, मुक्ति. Salvation. (११) न० कुंकुम. A kind of red powder. हे० १, १४२; (१२) पंचम आदि स्वर. A note of the Indian gamut. —सम. न० (सम) गेयकाव्य का एक भेद. A kind of songs. दसनि० २, २३.

वण्णण. न० (वर्णन) (१) श्लाघा, प्रशंसा. Praise, commendation. कप्पू०;(२) विवेचन, विवरण, निरूपण. Description, delineation. रयण० ४.

वण्णणा. स्त्री० (वर्णना) देखो 'वण्णण' शब्द. Vide वण्णण. दे० १, २१; सार्ध० ४५.

वण्हि. पुं० (वह्नि) (१) अग्नि. Fire. पाअ० महा०;(२) चित्रक वृक्ष. A kind of tree. (३) भिलावां का पेड़. Name of a tree. (४) नीबू का पेड़. The lemon plant. हे० २, ७५.

वत्त. न० (वक्त्र) मुख, मुंह. Mouth. हे० १, १८; भवि०

वत्तअ. पुं० (व्यत्यय) (१) विपर्यय, विपर्यास. Contraryness, inversion. (२) व्यतिक्रम, उल्लंघन. Transgressing, violation. प्राकृ० २१.

वत्तण. न० (वर्तन) (१) जीविका, निर्वाह. Livelihood, maintenance. कुम० २८; (२) स्थिति. Staying, abiding. (३) स्थापन. Establishing. (४) वर्तन, होना. Living, being. (५) त्रि० वृत्ति वाला. Stationary. (६) रहने वाला. Abiding, living. संक्षि० १०.

वत्तमाण. पुं० (वर्तमान) (१) काल विशेष. चलता काल. The present tense. प्राप्र० संक्षि० १०; (२) वर्तमान-कालीन, विद्यमान. Being, existing. (३) विद्यमानता. Existence. धर्मसं० ५७३.

वत्ता. स्त्री० (वार्ता) (१) वृत्ति. Staying, abiding; (२) दुर्गा. Durga. (३) कृषि-कर्म, खेती. Agriculture. (४) जनश्रुति, किंवदन्ती. Rumour. (५) गन्ध का अनुभव. Sense of smelling. —लाप. पुं० (लाप) बातचीत. Conversation. सिरि० २८२.

वत्तिणी. स्त्री० (वर्तिनी) मार्ग, रास्ता. Road, way. पाअ० स० ४; सुर० १२, १३१.

वत्तुकाम. त्रि० (वक्तुकाम) बोलने की चाह वाला. Desirous of speaking. स० ३१८; अभि० ४४; स्वप्न० १०; नाट-विक्र० ४०.

वत्थ. त्रि० (व्यस्त) पृथग्, भिन्न, जुदा. Seperated, divided. सुर० १६, ५५.

वत्थंग. पुं० (वस्त्राङ्ग) कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देने का काम करती है. A kind of wish-yielding tree. पउम० १०२; १२१.

वत्थखेड्ड. न० (वस्त्र खेल) कला-विशेष. A particular art. जं० २ टी.

वत्थपूस. पुं० (वस्त्रपुष्य) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. कुलक० २२.

वत्थपूसमित्त. पुं० (वस्त्रपुष्यमित्र) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. ती० ७.

वत्थलिज्ज. न० (वस्त्रलिह्य) दो जैन मुनि-कुलों के नाम. Name of two groups of Jaina saints. कप्प०

वत्थविज्जा. स्त्री० (वस्त्रविद्या) विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्त्र-स्पर्श कराने से ही बीमार अच्छा हो जाय. A kind of magical skill. वव० ५.

वड्ढणिआ-वड्ढणी. स्त्री० (वर्धनिका-नी) संमार्जनी, झाड़ू. Broom. दे० ८, १७; ७, ४१ टी.

वड्ढमाण. पुं० (वर्धमान) (१) एक शाश्वत जिन-देव. Name of an eternal Jindeo. (२) एक शाश्वती जिन-प्रतिमा. A perpetual idol of Jina. प्रव० ५६. (३) राजा रामचन्द्र का एक प्रेक्षा-गृह—नाट्य-शाला. A particular theatre of Ram Chandra. पउम० ८०, ५.

वड्ढमाणग-य. पुं० (वर्धमानक) (१) एक देव-विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १४०; (२) प्रासाद-विशेष, एक तरह का महल. A kind of palace. नाया० १, १ टी; (३) एक गांव का नाम, अस्थिक ग्राम. Name of a city. 'पढमं वड्ढमाणयं त्ति नाम होत्था' आवम० (४) त्रि० कृताभिमान, अभिमानी, गर्वित. Proud, arrogant.

वड्ढारिय. त्रि० (वर्धित) बढ़ाया हुआ. Increased. भवि०

वड्ढावण. न० (वर्धन-वर्धापन) बधाई, अभ्युदय-निवेदन. Good-news. भवि० सुर० ३, २४; महा० सुपा० २२२; १३४.

वड्ढावणिया. स्त्री० (वर्धनिका-वर्धापनिका) देखो 'वड्ढावण' शब्द. Vide वड्ढावण. सिरि० १३१६.

वड्ढावय. त्रि० (वर्धापक) बधाई देने वाला. One who brings some good news. सुर० १५, ७६; स० ५८०; सुपा० ३६१.

वण्णिआ. स्त्री० (वर्णिका) बानगी, नमूना. A sample, a specimen. 'सग्गस्स वण्णिया मिव' धर्मवि० ६४.

वप्प. पुं० (वप्र) तट, किनारा. Bank, shore. पाअ०

वब्भ. पुं० (वभ्र) पशु-विशेष. A kind of animal. स० ४३७.

वभिचरिअ. त्रि० (व्यभिचरित) व्यभिचार दोष से दूषित. A loose charactered man. आ० १४.

वभिचारि. त्रि० (व्यभिचारिन्) (१) न्याय-शास्त्रोक्त दोष-विशेष से दूषित, एकान्तिक. Faulty in philosophical sequence. धर्मसं० १२२७; पंचा० २, ३७; (२) पुं० परस्त्री-लम्पट. Unchaste, adulterous. वव० ६; ७.

वमग. त्रि० (वामक) उल्टी करने वाला. Vomitting. चेइय० १०३.

वमाल. पुं० (पुञ्ज) राशि, ढेर. A heap. सण०

वमालण. न० (पुञ्जन) (१) इकट्ठा करना. Collecting. (२) विस्तार. Extension. (३) त्रि० इकट्ठा करने वाला. Heaping. (४) विस्तारने वाला. Extending. कुमा०

वम्मथ-ह. पुं० (मन्मथ) कामदेव, कंदर्प. Cupid, god of love. चंड० प्राप्र० हे० १, २४२; २, ६१; पाअ०

वम्मीइ. पुं० (वाल्मीकि) एक प्रसिद्ध ऋषि, रामायण-कर्ता मुनि. Name of a celebrated sage, and author of the Ramayana. उत्तर० १०३.

वम्ह. पुं० (ब्रह्मन्) वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़. Name of a tree. पउम० ५३, ७६.

वय. पुं० (वृक) पशु-विशेष, भेड़िया. A wolf. पउम० ११८, ७.

वय. पुं० (व्रज) (१) देश-विशेष. Name of a country. (२) मार्ग, रास्ता. Way, road. (३) संस्कार-करण. Cultivating, educating. (४) गमन, गति. Going, motion. आ० २३; (५) समूह, यूथ. Collection, multitude. आ० २३; स० २६७; सुपा० २८८; ती० ३.

वय. पुं० (व्यय) (१) खर्च. Expenditure, expense. स० ५०३; (२) हानि, नुक़सान. Loss. उव० प्रासू० १८१.

वय. पुं० (वद) कथन, उक्ति. Speech; आ० २३०.

वय. पुं० (वयस्) पक्षी. Bird. गउड० उव० पृ० १८.

वयंतरिअ. त्रि० (वृत्यन्तरित) बाड़ से तिरोहित. Covered by a hedge. दे० २, ६३.

वयंसी. स्त्री० (वयस्या) सखी, सहेली. Female. companion or friend. कप्पू०

वयण. पुं० न० (वचन) एकत्व आदि संख्या का बोधक व्याकरण शास्त्रोक्त प्रत्यय. Number. In Sanskrit Gram. there are three numbers, singular, dual and plural. पण्ह० २, २ टी.

वयणिज्ज. त्रि० (वचनीय) उलहना देने योग्य, उपालम्भनीय. Censurable, blameable. कुप्र० ३; (२) वचन, शब्द. Word. ८९६; सम्म ५३; काप्र० (३) लोकापवाद, निन्दा. Blame, censure. स० ५३२.

वयत्थ. त्रि० (वयस्थ) तरुण, युवा. Young, youthful. सुख० १, १६.

वया. स्त्री० (वपा) (१) विवर, छिद्र. Hole. (२) मेदा, चरबी. Fat, marrow. आ० २३.

वया. स्त्री० (वचा) (१) औषध-विशेष. A particular medicine. (२) मैना, सारिका. A kind of bird. आ० २३.

वर. पुं० (वर) (१) वरदान, देव आदि का प्रसाद. Boon, blessing. कुमा० आ० १२, २७; कुप्र० ८०; भवि०; (२) अभीष्ट. Wished, desire. आ० १२; कुप्र० ८०; —**वरिया.** स्त्री० (वरिका) अभीष्ट वस्तु मांगने के लिए की जाने वाली घोषणा, ईप्सित वस्तु के दान देने की घोषणा. Proclamation for giving the desired object. आवम० स० ४०१; सुर० १६, १८; सुपा० ७२.

वरंड. पुं० (वरण्ड) (१) दीर्घ काष्ठ, लम्बी लकड़ी. Long stick. (२) भित्ति, भींत. Wall. मृच्छ० ६.

वरक्ख. न० (वराख्य) गन्ध-द्रव्य-विशेष, सिल्हक. A fragrant substance. से० ९, ४४.

वरक्ख. पुं० (वराक्ष) (१) योगी. Ascetic. (२) यक्ष. Demi-god. (३) त्रि० श्रेष्ठ इन्द्रिय वाला. Having excellent senses. से० ९, ४४.

वरक्खा. स्त्री० (वराख्या) त्रिफला. The three myrobalans taken collectively. से० ९, ४४.

वरण. न० (वरण) (१) तट, किनारा. Bank, shore. गउड०; (२) प्राकार, किला. Fort. गा० २४५; (३) स्वीकार, ग्रहण. Acceptance. राज०

वरणय. न० (वरणक) तृण-विशेष. A kind of grass. गउड०

वरणा. स्त्री० (वरणा) (१) काशी की एक नदी. Name of a river near Benares. राज०; (२) अच्छ देश की प्राचीन राजधानी. An ancient capital of the Achha country. सूयनि० ९६ टी.

वरधणु. पुं० (वरधनुष) एक मन्त्रि-कुमार, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती का बाल-मित्र. Name of a minister's son. महा०

वरमाल. पुं० (वरमाल) एक देव विमान. A particular celestial aerial car. देवेन्द्र० १३३.

वरमाला. स्त्री० (वरमाला) वर को पहनाई जाने वाली माला, वरत्व-सूचक माला. Bridegroom's garland. कुप्र० ४०७.

वरय. पुं० (वरक) सगाई करने वाला, विवाह का प्रार्थी पुरुष. Bridegroom. सुर० ६, ११५.

वररुइ. पुं० (वररुचि) राजा नन्द के समय का एक विद्वान् ब्राह्मण. Name of a learned Brahmana in time of king Nanda. कुप्र० ४४७.

वरला. स्त्री०(वरला) हंसी, हंस पत्ती की मादा. Goose, पाअ०

वरहाडिअ. त्रि० (निःसृत) बाहर निकला हुआ, निर्गत. Come out. कुमा०

वरय. त्रि० (वराक) दीन, गरीब, रंक. Poor pitiable, miserable. पाअ० सुर० २, १३;६,१६५; सुपा०६३; गा०५३३.

वराड. पुं० (वराट) दत्तिण का एक देश, जो आज कल भी बरार नाम से प्रसिद्ध है. A city in the Deccan. कुप्र० २५५; सुख०१८, ३५; राज०

वराडिया. स्त्री० (वराटिका) कपर्दिका, कौड़ी. Cowrie, shell. सुपा०२०३.

वरावड. पुं० न० (वरावट) देश-विशेष. Name of a country. पउम०६८, ६४.

वरि. अ० (वरम्) अच्छा, ठीक, Rather or better than. 'वरि मरणं मा विरहो' सुर० ४,१८२; भवि०

वरिअ. त्रि० (वृत) (१) स्वीकृत. Accepted. से० १२, ८८; (२) सेवित. Served: भवि०

वरिस. पुं०न० (वर्ष) (१) वृष्टि,वर्षा. Rain कुमा० कप्पू० भवि०;(२)जंबूद्वीप. Jambudvipa. (३) जंबूद्वीप का अंश-विशेष, भारत आदि क्षेत्र. A part of Jambudvipa. (४) मेघ. Cloud. हे०२, १०५; —अ० त्रि० (ज) वर्षा में उत्पन्न. Produced in the rainy-season. षड्०

वरिसविअ. त्रि० (वर्षित) बरसाया हुआ. Caused to rain. सुपा० २२३.

वरिसि. त्रि० (वर्षिन्) बरसने वाला. Rainy. वेणी० १११.

वरिसिणी. स्त्री० (वर्षिणी) विद्या-विशेष. A kind of Magical skill. पउम०७,१४२.

वरुंट. पुं० (वरुण्ट) एक शिल्पि-जाति. A kind of artist. राज०

वरुड. पुं० (वरुड) एक अन्त्यज जाति. Name of a class of untouchables or a depressed class. दे०२,६४.

वरुण. पुं० (वरुण) (१) एक विद्याधर नरपति. Name of a Vidyadhar king. पउम० ६, ४४; १६, १२; (२) एक श्रेष्ठि पुत्र. Name of a son of a noble family. (३) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग० (४) पुं० न० एक आर्य देश. Name of an Arya-country. प्रव०२७५.

वरुणा. स्त्री० (वरुणा) अच्छ देश की प्राचीन राजधानी. An ancient capital of the Achachha country. प्रव०२७५; (२) एक राज पत्नी. Name of a queen. पउम ७,४४.

वरुणी. स्त्री० (वरुणी) विद्या-विशेष. Name of a magical skill. पउम०७, १४०.

वरुल. पुं० न० (वरूल) देश विशेष. Name of a country. पउम० ६८, ६४.

वरुहिणी. स्त्री० (वरुथिनी) सेना, सैन्य. Army. पाअ०

वलइय. त्रि० (वलयित) (१) वलय की तरह गोलाकार किया हुआ,वलय की तरह मुड़ा हुआ. Formed into a bracelet. पउम०२८, १२४; कप्पू०; (२) वेष्टित. Surrounded, encircled. कप्पू०

वलक्ख. त्रि० (वलक्ष) श्वेत, सफेद. White. पाअ०

वलग्ग. त्रि० (आरूढ) जिसने आरोहण किया हो, चढ़ा हुआ. Mounted, ascended. पाअ०

वलण. न० (वलन) मोड़ना, वक्र करना.

Bending. दे० १,४२; (२) प्रत्यावर्तन, पीछे लौटना. Returing. से० ८, ६; गउड०; (३) वांक, वक्रता. Crookedness. हे० ४,४२२.

वलयाइअ. त्रि० (वलयायित) जो वलय की तरह गोल हुआ हो. Formed into a bracelet. कुमा०

वलहि-ही. स्त्री० (वलभि-भी) गृह-चूडा, छज्जा, वरामदा. Verandah. (२) महल का अग्रस्थ भाग. The top-most part of a palace. प्राप०; (३) काठियावाड़ का एक प्राचीन नगर, जिसको आज कल वला कहते हैं. An ancient city of Kathiawar. ती० १५; सम्मत० ११८.

वलिर. त्रि०(वलितृ) लौटने वाला. Returning. सुपा०५६.

वले. अ०सम्बोधक सूचक अव्यय. Vocative particle. प्राकृ० ८०.

वल्लई. स्त्री० (वल्लवी) गोपी. Woman of a class of cow-herds. दे०७,३६ टी.

वल्लरी. स्त्री० (वल्लरी) वल्ली, लता. Creeper. पाअ० गउड० सुपा० ५२६.

वल्लव. पुं० स्त्री० (वल्लवी) गोप, अहीर, ग्वाला. Cowherd. पाअ०

वल्लहराय. पुं०(वल्लभराज) (१) गुजरात का एक चौलुक्य वंशीय राजा. A king of Gujarata of the Chalukya family. कुप्र०४; (२) दक्षिण के कुन्तल देश का राजा. A king of the Kuntala country in the Deccan. कप्पू०

वल्लहा. स्त्री० (वल्लभा) दयिता, पत्नी. Wife. गा० ७२.

वल्लिर. त्रि० (वल्लितृ) हिलने वाला. Movable. कुप्र० ८४.

वल्हीअ. पुं० (वाह्लीक) (१) देश-विशेष. Name of a country. स० १३; नाट०; (२) त्रि० वाह्लीक देश में उत्पन्न, वाह्लीक देश का. Born in Wahlika country. स० १३.

ववएस. पुं० (व्यपदेश) व्यवहार. Business. से० ३, २६; (२) कपट, बहाना, छल. Fraud, craft. महा०

ववगम. पुं० (व्यपगम) नाश. Disappearance, destruction. आवम०

ववगय. त्रि० (व्यपगत) नाश-प्राप्त, नष्ट. Destroyed, ruined. नमि० ११; कप्प०

ववट्ठंभ. पुं० (व्यवष्टम्भ) अवलम्बन, सहारा. Help, support. से० ४, ४६.

ववट्ठिअ. त्रि० (व्यवस्थित) व्यवस्था-प्राप्त. Arranged, placed in order. से० १२, ५२.

ववण. न० (वपन) बोना. Sowing, planting. वव० १; श्रु० ६.

ववत्था. स्त्री० (व्यवस्था) (१) मर्यादा, स्थिति. Limit. स०१३; कुप्र० ११४; (२) प्रक्रिया, रीति. A settled rule, statute. (३) इन्तजाम. Arrangement, settlement. सुपा० ४१; (४) निर्णय. Decision, determination. स०१३; —पत्तय. न० (पत्रक) दस्तावेज. Document. स०४१०.

ववत्थावण. न० (व्यवस्थापन) व्यवस्था करना. Arrangement, settlement. धर्मसं० ५२०.

ववत्थावणा. स्त्री० (व्यवस्थापना) व्यवस्था करना. Arranging. धर्मसं० ५२०.

ववत्थिअ. त्रि० (व्यवस्थित) व्यवस्था युक्त. Placed in order, arranged. स० ४६, ७२७; सुर० ७, २०५; सण०

ववत्थिअ. त्रि० (व्यवस्थित) जिसने व्यवस्था की हो. One who has managed. दसनि० ४, ३५.

ववदेसि. त्रि०(व्यपदेशिन्) व्यपदेश करनेवाला. Transacting business. शकु० ६६.

ववधाण. न० (व्यवधान) अन्तर, दो पदार्थों के बीच का अन्तर. Distance. अभि० २२२.

ववसिय-ववस्सिय. त्रि० न० (व्यवसित) (१) चेष्टित. Moved, stirred. स० ७५६; (२) उद्यम, प्रयत्न. Endeavour, attempt. से० ३, २२.

ववहरग. त्रि० (व्यवहारक) व्यापार करने वाला, व्यापारी. Trader. कुप्र० २२४.

ववहार. पुं० (व्यवहार) (१) विवाद, मामला, मुकद्दमा. Legal dispute, complaint. पउम० १०५, १००; स०४६०; चेइय० ५६०; उप० ५१७ टी; (२) विवाद-निर्णय, फैसला. Decision, adjustment. उप० पृ० २८३; (३) जीवराशि विशेष. Wordly people. सिक्खा० ६.

ववहार. पुं० (व्यवहार) (१) पूर्वग्रन्थ. The Purvas. (२) जीतकल्प सूत्र. The Jitakalpa scripture. (३) कल्पसूत्र. The Kalpa Sutra. (४) मार्ग, रास्ता. Road, way. (५) ईप्सितव्य. Worthy to be desired. वव० १. **—रासिय.** त्रि० (राशिक) जीवराशि-विशेष में स्थित. Those living amongst the wordly people. सिक्खा० ६.

ववहारि. पुं० (व्यवहारिन्) (१) ऐरवतक्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव. Name of a Jinadeo born in Airvata kshetra. (२) वणिक्, व्यापारी. Trader, Bania. मोह० ६४; आ० १४; सुपा० ३३४.

ववहिअ. त्रि० (व्यवहित) व्यवधान-युक्त. Separated by any thing intervening. आवम०

वविअ. त्रि० (उप्त) बोया हुआ. Sowed. उप० ७२८ टी; प्रासू० ६.

ववेक्खा. स्त्री० (व्यपेक्षा) विशेष अपेक्षा, परवाह. Inter-dependence. धर्मसं० ११६७.

वव्वर. त्रि० (वर्वर) (१) पामर. Wretched, Miserable. (२) मूर्ख. Foolish. कुमा०

वस. पुं० न० (वश) (१) प्रभुत्व, स्वामित्व. Authority, mastership. (२) आज्ञा. Command, order. कुमा०; (३) अधीनता, परतन्त्रता. Dependence, subservience. क० गं० १, ४४. **—आइत्त.** त्रि० (आयत्त) अधीन, परतंत्र. Dependent. धर्मवि० ३१. **—वत्ति.** त्रि० (वर्तिन्) वशीभूत, परतंत्र. Dependent. उप० १३६ टी; सुपा० २३८.

वस. पुं० (वृष) (१) धर्म. Religion. चेइय० ५४१; (२) बैल, वृषभ. Ox. स० ६५४; क० गं० १, ४३.

वसअ-ग. त्रि० (वशग) वशीभूत, पराधीन. Dependent. पउम० ३०, २०; अच्चु० ६१; सुर० २, २३१; कुमा० सुपा० २५७.

वसइ. स्त्री० (वसति) (१) स्थान, आश्रय. Place, dwelling. कुमा०; (२) रात्रि, रात. Night. दे० ७, ४१; (३) गृह, घर. House. गा० १६६; (४) वास, निवास. Residence. हे० १, २१४.

वसंतउर. न० (वसन्तपुर) नगर-विशेष. Name of a city. महा०

वसंततिलअ. पुं० (वसन्ततिलक) (१) हरिवंश में उत्पन्न एक राजा. Name of a king born in Harivansa family. पउम० २२, ६८; (२) न० एक उद्यान, जहां भगवान् ऋषभदेव ने दीक्षा ली थी. Name of a garden where Lord Rishabhadeo was initiated. पउम० ३, १३४.

वसंततिलआ. स्त्री० (वसन्ततिलका) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

वसंवय. त्रि० (वशंवद) निज को अधीन कहने वाला. Obedient to the will of, submissive. धर्मवि० ६.

वसण. न० (वसन) निवास, रहना. Dwelling, residing. कुप्र० ४८.

वसणि. त्रि० (व्यसनिन्) खोटी आदत वाला. Addicted to any vice, vicious. सुपा० ४८८.

वसभ. पुं० (वृषभ) (१) ज्योतिष-प्रसिद्ध राशि-विशेष, वृष-राशि. The sign Taurus of the zodiac. पउम० १७, १०८; (२) भगवान् ऋषभदेव. Lord Rishabhadeo. चेइय० ५४१; (३) एक जैन मुनि जो चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म में गुरू थे. Name of a Jain saint who was spiritual teacher of the fourth Baladeo in the former birth. पउम०२०, १६२. —क्खेत्त. न० (क्षेत्र) स्थान-विशेष, जहां पर वर्षा काल में आचार्य आदि रहते हों. A particular place where acharyas etc. live during the monsoon. वव० १०; निसी० चू० १७.

वसभग्गाम. पुं० (वृषभग्राम) ग्राम-विशेष, कुत्सित देश में नगर तुल्य गांव. Name of a city. वव० १०.

वसह. पुं० (वृषभ) (१) वैयावृत्त्य करने वाला मुनि. A serving saint. ओघ० १४०; (२) लक्ष्मण का एक पुत्र. Name of Lakshman's son. पउम० ६१, २०; (३) कान का छिद्र. Orifice or hollow of the ear. (४) औषध-विशेष. A kind of medicine. प्राप्र०—इंध. पुं० (चिह्न) शंकर, महादेव. An epithet of Siva. गउड० —वाहण. पुं० (वाहन) महादेव. Shankar, Mahadeo. वज्जा० ६०.

वसहकेउ. पुं० (वृषभकेतु) इक्ष्वाकु वंश का एक राजा. Name of a king of the Ikshvaku family. पउम० ५, ७.

वसित्त. न० (वशित्व) योग की एक सिद्धि, योग-जन्य एक ऐश्वर्य. A particular superhuman power or faculty. 'साहुवसित्तगुणेणं पससं' कुप्र० २७७.

वसिर. त्रि० (वसितृ) वास करने वाला, रहने वाला. Dweller, resident. सुपा० ६४७; सम्मत्त० २१७.

वसीयरणी. स्त्री० (वशीकरणी) वशीकरण विद्या. Fascination, enchantment. सुर० १३, ८१.

वसीहूअ. त्रि० (वशीभूत) जो अधीन हुआ हो. One who is dependant. उप० ६८६ टी.

वसु. न० (वसु) (१) पुं० जिनदेव. Jinadeo. (२) वीतराग, राग-रहित. One who has subdued his passions. (३) आठ की संख्या. The number eight. विवे० १४४; पिंग०; (४) एक छन्द का नाम. Name of a metre. पिंग०; (५) न० लोकान्तिक देवों का एक विमान. A celestial aerial car of Lokantika gods. इक०

वसुआअ. त्रि० (उद्वात) शुष्क. Dry. पाअ० से० १, २०; गउड० प्राकृ० ७७.

वसुआइअ. त्रि० (उद्वापित) शुष्क किया हुआ, सुखाया हुआ. Dried. से० ६, २५.

वसुंधर. पुं (वसुन्धर) एक जैन-मुनि. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १६१.

वसुंधरा. स्त्री० (वसुन्धरा) (१) रावण की एक पत्नी. Name of a Ravan's wife. पउम० ७४, १०; (२) एक श्रेष्ठि पत्नी. Name of a wife of a noble man. उप० ७२८ टी.

वसुनंदय. पुं०(वसुनन्दक) एक तरह की उत्तम तलवार. A kind of the excellent sword. सुर० २, २२; भवि०

वसुबल. पुं० (वसुबल) इक्ष्वाकु वंश में उत्प

एक राजा. Name of a king born in the Ikshvaku family. पउम० ५, ४.

वसुभाग. पुं० (वसुभाग) एक व्यक्ति वाचक नाम. Name of a person. महा०

वसुभागा. स्त्री० (वसुभागा) ईशानेन्द्र की एक पटरानी. A crowned queen of Ishanendra. इक०

वसभूइ. पुं० (वसुभूति) एक जैन मुनि का नाम. Name of a Jaina saint. पउम० २०, १७६; आवम०

वसुसद्द. पुं०(वसुशब्द) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

वसुहारा. स्त्री० (वसुधारा) एक श्रेष्ठिनी. Name of a sowcar's wife. उप० ७२८ टी.

वह. पुं० (वह) परीवाह, पानी का प्रवाह. Flow of water, streamlet. दे० १, ५५.

वहकारी. स्त्री० (वधकारी) विद्या विशेष. A particular magical skill. पउम० ७, १३७.

वहरणु. पुं० (व्यधज्ञ) एक नरक-स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २८.

वहाविअ. त्रि० (वधित) मरवाया हुआ. Caused to kill. रवा० २४.

वहिअ. त्रि० (ऊढ) वहन किया हुआ. Carried, conveyed. धात्वा० १५२.

वहिचार. पुं० (व्यभिचार) (१) पर-स्त्री या पर पुरुष से संभोग. Unchastity. स० ७११; (२) न्याय शास्त्र प्रसिद्ध एक हेतु दोष. A logical fallacy, the presense of Hetu without any sadhya. धर्मसं० ६२.

वा. अ० (वा) (१) अपि, भी. Also. कुमा० कप्प० सुख० ५, २२; (२) सादृश्य, समानता. Similarity. विशे० १८६४.

वाइ. त्रि० (वाचिन्) वाचक, अभिधायक, कहने वाला. Speaker, declarant. विशे० ८७४.

वाइअ. त्रि० (वातिक) उत्कर्ष वाला. Prosperous. उव० धर्मवि०७६; नपुंसक का एक भेद. A kind of impotent person. पुप्फ० १२७; धर्म० ३.

वाइअ. त्रि० (वात) वहा हुआ, चला हुआ. Flown. सुर० २, ७६.

वाउकुमार. पुं०(वायुकुमार) हनूमान का पिता. Hanumanta's father. पउम० १६, २.

वाउरा. स्त्री० (वागुरा) मृग-बन्धन, पशु फंसाने का जाल, फन्दा. Trap, snare. पउम० ३३, ६७; हेका० ३१; गा० ६५७.

वाउल. त्रि० (वातूल) (१) वात-रोगी, उन्मत्त. Affected by gouty. (२) पुं० वात-समूह. Whirl-wind. हे० १, १२१; प्राकृ० ३०.

वाउलण. न० (व्यापरण) व्यापृत-क्रिया, व्यापार. Business. वव० १.

वाउलणा. स्त्री० (व्याकुलना) व्याकुल करना. Confounding, distracting. वव० ४.

वाउलिअ. त्रि०(व्याकुलित) (१) व्याकुल बना हुआ. Confused, confounded. सण०

वाऊलिअ. त्रि० (वातूलित) (१) वातूल बना हुआ. Crazy. (२) नास्तिक. Atheist. दसनि० १, ६६.

वाएरिअ. त्रि० (वातेरित) पवन-प्रेरित. Stimulated by the wind. गा० १७६.

वाएसरी. स्त्री० (वागीश्वरी) सरस्वती देवी. Goddess Sarasvati. 'वाएसरी पुत्थयवग्गहत्था' पडि० सम्मत्त० २१५.

वागड. पुं० (वागड) गुजरात का एक वागड नाम का प्रान्त. A district called Vagada in Gujarata. कुप्र० ६.

वागडिय. त्रि० (व्याकृत) प्रकट किया हुआ. Published. वव० १.

वागरणि. त्रि० (व्याकरणिन्) प्रतिपादन करने वाला. Demonstrator, commentator. सम्म० २.

वागिम्र. त्रि० (वाग्मिन्) बहुभाषी, वाचाल. Talkative, Loquacious. वव० ७.

वागुर. पुं० (वागुरा) मृग-बन्धन, फन्दा. Snare. 'रे रे रएह वागुरे' मोह० ७६.

वाघारिय. त्रि० (विस्तारित) प्रलम्ब, लम्बा. Long. पंचा० १८, १८; प्रव० ६७.

वाडव. पुं० (वाडव) वडवानल, समुद्र-स्थित अग्नि. Submarine fire. सण०

वाडहाणग. पुं० न० (वाटधानक) (१) एक छोटा गांव. Name of a small village. (२) त्रि० उस गांव का निवासी. Inhabitant of that village. 'ताहे तेण वाडहाणगा हरिएसा' सुख० ६; १; महा०

वाडिआ. स्त्री० (वाटिका) बगीचा, उद्यान. Garden. 'सणवाडिआ' गा० ६; चारु० ५६; दे० ७, ३५; रंभा०

वाडी. स्त्री० (वाटी) वगीचा, उद्यान. Garden, park. धर्मसं० ४१.

वाणर. पुं० न० (वानर) (१) विद्याधर मनुष्यों का एक वंश. A lineage of Vidyadharas. (२) वानर वंश में उत्पन्न मनुष्य. Man born in the Vanar family. पउम० ६, १.

वाणरउरी. पुं० (वानरपुरी) किष्किन्धा नामक एक भारतीय प्राचीन नगरी. An ancient city of India called Kiskindha. से० १४, ५०.

वाणरकेउ. पुं० (वानरकेतु) वानर वंश का कोई भी राजा. A king of the Vanara family. पउम० ८, २३५.

वाणरदीव. पुं० (वानरद्वीप) द्वीप-विशेष. A particular island. पउम० ६, ३४.

वाणरद्धय. पुं० (वानरध्वज) हनूमान. An epithet of Hanumata. पउम० ५३, ४३.

वाणरवइ. पुं० (वानरपति) सुग्रीव, रामचन्द्र का एक सेनापति. Sugriva, a general of Rama Chandra. से०२,४१;३, ५२.

वाणरिंद. पुं० (वानरेन्द्र) वानर वंशीय पुरुषों का राजा, वाली. Vali, king of Vanara family. पउम० ६, ४०.

वाणवासिआ. स्त्री०(वानवासिका) छन्द विशेष. Name of a metre. अजि० ३३.

वाणिज्ज. न०(वाणिज्य) एक जैन मुनि कुल का नाम. Name of a group of Jaina saints. कप्प०

वाणिज्जिय. त्रि०(वाणिजिक) वाणिज्य कर्त्ता, व्यापारी. Trader. भवि०

वाणी. स्त्री० (वाणी) (१) वाग्देवता, सरस्वती देवी. Goddess Saraswati. कुमा०संति० ४;(२) छन्द विशेष. Name of a metre. पिंग०

वाणीर. पुं (वानीर) वेतस्-वृक्ष. A sort of cane or ratan. पाअ० गा० ५६६.

वाम. त्रि० (वाम) (१) सुन्दर,मनोहर. Beautiful, charming. वामलोअणा पाअ०; (२)न० सव्य पक्ष. The left side. वामत्थो पउम० ५५, ३१; (३) बाँया शरीर. Left wing. गा०३०३. -**लोअणा.** स्त्री०(लोचना) सुन्दर नेत्र वाली स्त्री, रमणी. A woman with lovely eyes. पाअ० —**वट्ट.** त्रि० (वर्त) प्रतिकूल आचरण करने वाला. Of a perverse or crooked nature. वृह० १.

वामण. पुं०(वामन) (१) श्रीकृष्ण का एक अवतार. Name of a Vishnu in his fifth incarnation. से०२, ६; (२) न०

कर्मविशेष, जिसके उदय से वामन शरीर की प्राप्ति हो. A particular Karma. क० गं० १, ४०.

वामणथली. स्त्री० (वामनस्थली) देश विशेष. Name of a country. ती० १५.

वामलूर. पुं० (वामलूर) वल्मीक. An ant-hill, a mote-hill. पाअ० गउड०

वामीस. त्रि० (व्यामिश्र) मिश्रित, युक्त, सहित. Mixed. पउम० ७२, ४; तंदु० ४४.

वामीसिय. त्रि० (व्यामिश्रित) मिश्रित, युक्त, सहित. Mixed. भवि०

वामोह. पुं० (व्यामोह) मूढ़ता, भ्रान्ति. Infatuation. उप० पृ० ३३६; सुपा० ६५; भवि०

वामोहण. त्रि० (व्यामोहन) भ्रान्ति-जनक. Infatuating. भवि०

वाय. त्रि० (वान) शुष्क, सूखा, म्लान. Dry. गउड० से० ५, ५७; पाअ० प्राअ० कुमा०

वाय. पुं० (व्रात) समूह, संघ. Collection, multitude. आ० २३; भवि०

वाय. त्रि० (व्यातृ) संवरण करने वाला. Hiding, Concealing. आ० २३.

वाय. त्रि०(व्यागस्) प्रकृष्ट अपराधी. Great guilty. आ० २३.

वाय. पुं० (वातृ) कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा. Weaver. आ० २३.

वाय. त्रि० (व्याप) प्रकृष्ट, विस्तार वाला. Broad, expanded. आ० २३.

वाय. पुं० (वाक) ऋग्वेद आदि वाक्य. A sentence of Rigveda etc. आ० २३.

वाय. पुं०(व्याय) (१) गति, चाल. Going, motion. (२) पक्षी का आगमन. Coming of a bird. (३) विशिष्ट लाभ. Good profit. आ० २३.

वाय. पुं० (व्याच) वंचन, ठगाई. Cheating, deceitfulness. आ० २३.

वाय. पुं० (वाज) (१) पक्ष, पंख. Wing. (२) मुनि, ऋषि. Saint or sage. (३) शब्द, आवाज़. Sound. (४) वेग. Speed, velocity. (५) न० घृत, घी. Ghee. (६) पानी, जल. Water. (७) यज्ञ का धान्य. Sacrificial corn. आ० २३.

वाय. न० (वाच) शुक-समूह. Multitude of parrots. आ० २३.

वाय. त्रि० (वाज्) (१) फेंकने वाला. Throwing. (२) नाशक. Destroying. आ० २३.

वाय. पुं० (व्याज) (१) कपट, माया, छल. Deceit, trick. (२) विशिष्ट गति. Excellent motion. आ० २३.

वाय. पुं० (व्राय) विवाह, शादी. Marriage. आ० २३.

वाय. पुं० (वाप) (१) वपन, बोना. To sow, to plant. (२) क्षेत्र, खेत. Field. आ० २३.

वाय. पुं० (वाय) (१) गमन, गति. Going, motion. (२) सूंघना. To smell. (३) जानना, ज्ञान. To know. (४) इच्छा. Wish, desire. (५) खाना, भक्षण. To eat. (६) परिणयन, विवाह. Marriage. आ० २३.

वाय. त्रि० (व्याद) विशेष ग्रहण करने वाला. One who takes much. आ० २३.

वाय. त्रि० (वाच्) वक्ता, बोलने वाला. Speaker. आ०२३.

वाय. पुं० (वात) उत्कर्ष. Prosperity, eminence. उव० ५५ टी.

वाय. पुं० (वाद) (१) उक्ति, वचन. Word. (२) नाम, आख्या. Name.'वल्लहवाएण अलं मम' गा० १२३; (३) बजाना. Playing, sounding. सिरि०१५७; (४) स्थैर्य, स्थिरता. Firmness, stability. आ० २३.

वाय. त्रि० (पातृ) रक्षा करने वाला. Guard. (२) पीने वाला. One that drinks. (३) सूखने वाला. Drying. आ० २३.

वायंतिय. त्रि० (वागन्तिक) वचन मात्र में नियमित. A man of word. राज०

वायकम्म. न० (वातकर्मन्) अपान वायु का सरना, पर्दन. Breaking wind. ओघ० ६२२ टी.

वायग. पुं०(वाचक) (१) अभिधायक, अभिधावृत्ति से अर्थ का प्रकाशक शब्द. Expressing, denoting. सम्मत्त० १४३; (२) एक प्राचीन जैन महर्षि और ग्रन्थकार, तत्त्वार्थसूत्र का कर्ता श्री उमास्वातिजी. Name of an ancient Jaina saint and author. पंचा० ६, ५५; (३) त्रि० कथक, कहने वाला. Speaker, declarer. (४) पढ़ाने वाला. Teacher. गण० ५.

वायग. त्रि० (वादक) बजाने वाला. Musician. कुप्र० ६; महा०

वायग. पुं० (वायक) तन्तुवाय, जुलाहा. Weaver. दे० ६, ५६.

वायड. त्रि० (व्याकृत) स्पष्ट, प्रकट अर्थ वाला. Distinct, clear, दसनि० ७.

वायण. न० (वादन) (१) बजाना. Playing, sounding. सुपा० १६; २६३; कुप्र० ४१; महा० कप्पू०; (२) त्रि०बजाने वाला. Musician. दे० ७, ६१ टी.

वायणिअ. त्रि० (वाचनिक) वचन-संबन्धी. Relating to the speech. नाट-विक्र० ३५.

वायत्थ. पुं०(वादार्थ) तत्व चर्चा. Discussion, debate. 'तेपि समं कुलइ वायत्थं' पउम० ४१, ५७.

वायत्थि. त्रि० (वादार्थिन्) शास्त्रार्थ की चाह वाला. Desirous of debate. पउम० १०५, २६.

वायव्व. पुं० (वायव्य) (१) वायु देवता सम्बन्धी. Pertaining to the wind, aerial. (२) सुर० ८, ४५; महा०; (२) न० गौ के खुर से उड़ी हुई रज. Dust raised up by the treading of cows. कुमा०

वायस. पुं० (वायस) कायोत्सर्ग में कौए की तरह दृष्टि को इधर उधर घुमाना. Moving of the pupil of the eyes like a crow to the right and left while in meditation. प्रव० ५.

वाया. स्त्री० (वाच्) (१) वाणी की अधिष्टात्री-देवी, सरस्वती. Name of Sarasvati, the goddess of learning. आ० २३; (२) व्याकरण-शास्त्र. Grammar. गउड० ८०२.

वायाड. त्रि० (वाचाट) वाचाल, बकवादी. Talkative, garrulous. सुपा० ३६०; चेइय० ११७; संत्ति० २.

वायायण. पुं० न० (वातायन) (१) गवाक्ष. Window. पउम० ३६, ६१; स० २४१; पाअ० महा०; (२) पुं० राम का एक सैनिक. A warrior of Ram Chandra. पउम० ६७, १०.

वायाल. त्रि० (वाचाल) मुखर, बकवादी. Talkative, garrulous, आ० १२; पाअ० सुपा० ११३.

वायाविअ. त्रि० (वादित) बजवाया हुआ. Caused to play or sound. स० ५२७; कुप्र० १३६.

वार. पुं० (वार) (१) समूह, यूथ. Collection, multitude. सुपा० २१४; सुर० १४, २४; सार्थ० ४६; कुमा० सम्मत्त० १७५; (२) सूर्य आदि ग्रह से अधिकृत दिन, जैसे रविवार सोमवार आदि. A day of the week. (३) वारी, परिपाटी. Time, turn.

गा० २६१; उप० ६४८ टी. —**जुवइ.** स्त्री० (युवति) वारांगना, वेश्या. Prostitute, harlot. कुमा० —**जोव्वणी.** स्त्री० (यौवना) वारांगना. Courtezan, prostitute. प्राकृ० १४.—**तरुणी.** स्त्री० (तरुणी) वारांगना. Public woman, harlot. सण० —**वहू.** स्त्री० (वधू) वेश्या. Prostitute. कुप्र० ४४३; —**विलासिणी.** स्त्री० (विलासिनी) वारांगना. Courtezan. कुमा० सुपा० २००.

वार. न० (द्वार) दरवाजा. Door. प्राकृ० २६; कुमा० गा० ८८०;—**वाल.** पुं० (पाल) दरवान, प्रतीहार. Door-keeper. कुमा०

वारंवार. न० (वारंवार) फिर फिर. Often times and again. से० ६, ३२; गा० २६४.

वारग. पुं० (वारक) वारी, क्रम. Turn, time. उप० ६४८ टी.

वारण. न० (वारण) (१) छत्र, छाता. Umbrella. सिरि० १०२३. (२) पुं० छन्द का एक भेद. A kind of metre. पिंग०

वारणा. स्त्री० (वारणा) निवारण, रुकावट. Warding off, restraining. बृह० १.

वारत्त. पुं० (वारत्त) (१) एक अन्तकृद् मुनि. Saint. (२) एक ऋषि. Name of a sage. उव०; (३) एक अमात्य. Name of a minister. (४) न० एक नगर. Name of a city. धम्म० ६ टी.

वारबाण. पुं० (वारबाण) कञ्चुक, चोली. Bodice, jacket. पाश्र०

वारवई. स्त्री० (द्वारवती) द्वारका नगरी. Dwarka City. कुप्र० ६३.

वारा. स्त्री०(वारा) (१) देरी, विलम्ब. Delay, procrastination. 'जं लग्गा एत्तिया वारा' सुपा० ४५६; (२) वेला, दफा. Time. निज्झयइ वाराश्रो दुन्नि तिन्नि' सट्ठि० ६ टी.

वाराविय. त्रि० (वारित) जिसका निवारण कराया गया हो. Warded off, prevented. कुप्र० १४०.

वाराही. स्त्री० (वाराही) (१) विद्या-विशेष. Particular magical skill. पउम० ७, १४१; (२) वराहमिहिर का बनाया हुश्रा एक ज्योतिष ग्रन्थ, वराहसंहिता. Astrological volume composed by Varaha Mihira. सम्मत० १२१.

वारि. स्त्री० (वारि) हाथी को फंसाने का स्थान. Place for entraping an elephant. पाश्र० स० २७७; ६७८.

वारिभद्दग. पुं० (वारिभद्रक) भिक्षुक की एक जाति, शैवलाशी भिक्षुक. A class of beggars. सूयनि० ६०.

वारिमय. त्रि० (वारिमय) पानी का बना हुश्रा. Made of water. हे० १,४; पि० ७०.

वारिमुश्र. पुं० (वारिमुच्) मेघ, जलधर. Cloud; षड्०

वारिश्रा. स्त्री० (द्वारिका) छोटा दरवाजा, बारी. Small window. ती० २; धर्मवि० १४६.

वारिसिय. त्रि० (वार्षिक) (१) वर्ष-सम्बन्धी. Annually, yearly. बाज०; (२) वर्षा सम्बन्धी. Belonging to the rains. 'चउरो मासा वारिसिया' पउम० ८२, ६५.

वारी. स्त्री० (द्वारिका) बारी, छोटा दरवाजा. Window. ती० २.

वारी. स्त्री० (वारी) हाथी को फंसाने का स्थान. Place for entraping an elephant. 'बद्धो वारीबंधे फासेण' सुर० ८, १३६; श्रोघ० ४४६ टी.

वारुण. न० (वारुण) जल, पानी. Water. सिरि० ३६१;—**त्थ.** न०(अस्त्र) वरुणाधिष्ठित अस्त्र. A missible presided over by Varuna. महा०

वारुणपुर. न० (वारुणपुर) नगर-विशेष. Name of a city. इक०

वारुणी. स्त्री० (वारुणी) (१) लता-विशेष, इन्द्रवारुणी, इन्द्रायन. A particular creeper. कुमा०; (२) कायोत्सर्ग का एक दोष. A defect of a special mode of sitting in meditation. प्रव० ५.

वालण. न० (वालन) लौटाना. Causing to return. सुर० १, २४६.

वालय. पुं० (वालक) गन्ध-द्रव्य-विशेष. A particular fragrant substance. पाअ०

वालहिल्ल. पुं० (वालखिल्य) क्रतु से उत्पन्न पुलस्त्य कन्या के साठ हज़ार पुत्र, जो अंगुष्ठ पर्व के देह-मान वाले थे. A class of divine personages of the size of a thumb and produced from the Kratu's body. गउड०

वाला. पुं० स्त्री० (वाला) कंगू, अन्न-विशेष. A species of grain. 'संपण्णं वालावल्लरअं' गा० ८१२.

वालि. पुं० (वालि) एक विद्याधर-राजा, कपिराज. Name of a Vidyadhar king. पउम० ९, ६; से० १, १३;—तणअ. पुं० (तनय) राजा वालि का पुत्र, अंगद. Angada, son of Vali. से० १३, ८३.

वालि. त्रि० (वालिन्) वक्र, टेढ़ा. Crooked, bent. से० १, १३.

वालिअ. त्रि० (वालित) मोड़ा हुआ. Bent. पाअ० स० ३३७.

वालिंद. पुं० (वालीन्द्र) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of Vidyadhar family. पउम० ५, ४५.

वालिखिल्ल. पुं० (वालिखिल्य) एक राजर्षि. Name of a royal sage. पउम० ३४, १८.

वाव. अ० (वाव) अथवा, या. Or, and. विशे० २०२०.

वाव. पुं० (वाप) वपन, बोना. Sowing, planting. दे० ६, १२६.

वावंफिर. त्रि० (करिष्णु) श्रम करने वाला. Labourer. कुमा०

वावड. त्रि० (व्यावृत्त) लौटाया हुआ, वापिस किया हुआ. Returned. उप० ५३४.

वावण. न० (व्यापन) व्याप्त करना. Pervading, spreading throughout. विशे० ८९.

वावत्ति. स्त्री० (व्यापत्ति) विनाश, मरण. Death, destruction. उप० ५०९; स० ३६५; ४३२; धर्मसं० ६३४; ९७९.

वावत्ति. स्त्री० (व्यापृति) व्यापार. Business, profession. उप० ५०९.

वावरण. न० (व्यापरण) कार्य में लगाना. Employing in, engaging in. भवि०

वावायग. त्रि० (व्यापादक) हिंसक, विनाशकर्ता. Destructive, ruinous, murderous, savage. स० २९७.

वावायण. न० (व्यापादन) हिंसा, मार डालना, विनाश. Killing, slaying. स० ३३; १०२; १०३; ९७५; सुर० १२, २१६.

वावारण. न० (व्यापारण) कार्य में लगाना. Engaging or employoing in. विशे० ३०७१; उप० प्र० ७१.

वावारि. त्रि० (व्यापारिन्) व्यापार वाला. Dealer, trader. से० १४, ६९; हम्मीर० १३.

वावि. अ० (वापि) अथवा, या. Or, and. प्रव० ६७.

वाविअ. त्रि० (वापित) प्रापित, प्राप्त करवाया हुआ. Caused to procure. से० ६, ६२.

वाविअ. त्रि० (व्याप्त) भरा हुआ. Full of, filled with. कुमा० ६, ९५.

वाविच्च. त्रि० (व्यावृत्त) व्यावृत्ति वाला, निवृत्त. Turned away from, withdrawn from, ceased from. धर्मसं० ३२१.

वाविच्चि. स्त्री०(व्यावृत्ति) व्यावर्तन, निवृत्ति. Desisting, ceasing from. धर्मसं० १०५.

वास. पुं० (व्यास) (१) ऋषि-विशेष, पुराण-कर्ता एक मुनि, Name of a celebrated sage. हे० १, ५; कप्पू०; (२) विस्तार. Width, breadth. भग० २, ८ टी.

वासंग. पुं० (व्यासङ्ग) आसक्ति, तत्परता. Close adherence, intent attachment. 'मोत्तूण विलयवासंग' उप० १३१ टी; कुम्र० ११८; उप प्र० १२७.

वासंत पुं० (वर्षान्त) वर्षा काल का अन्त भाग. The end of rainy season. उप० ४८८.

वासंतिअ. त्रि० (वासन्तिक) वसन्त-संबन्धी. Vernal, relating to the spring. मै० ३.

वासग. त्रि० (वासक) (१) रहने वाला. Dweller, resident. उप० ७६८ टी; (२) वासनाकर्त्ता, संस्काराधायक. Scenting, fumigating. धर्मसं० ३२६.

वासण. न० (वासन) वासित करना. Perfuming, fumigating. दसनि० ३, ३.

वासर. पुं० न० (वासर) दिवस, दिन. Day. पाअ० गउड० महा०

वासव. पुं० (वासव) (१) इन्द्र, देव-जाति. Name of Indra. पाअ० सुपा० ३०४; चेइय० ५८०; —धणु. पुं० न० (धनुष्) इन्द्र-धनुष. Rain-bow. कुम्र० ४५६; —सुअ. पुं० (सुत) इन्द्र का पुत्र, जयन्त. The son of Indra called Jayanta. पाअ०

वासवकेउ. पुं० (वासवकेतु) हरिवंश का एक राजा, राजा जनक का पिता. A king of Harivansa, father of king Janaka. पउम० २१, ३२.

वासवदत्ता. स्त्री० (वासवदत्ता) (१) राजा चंडप्रद्योत की पुत्री और उदयन की पत्नी. Name of the daughter of Chandpradyota and queen of king Udayana. उत्तनि० ३; (२) एक आख्यायिका. Name of a work or a species of prose composition. राज०

वासवनयर. न० (वासवनगर) अमरावती, इन्द्र-नगरी. Heaven. सुपा० ६०६.

वासवपुरी. स्त्री० (वासवपुरी) अमरावती, इन्द्र-नगरी. The city of Indra. उप० पृ० १७६.

वासि. त्रि० (वासिन्) वासना-कारक, संस्कार-स्थापक. Scenting, perfuming. विशे० १६७७.

वासि. स्त्री० (वासि) वसूला, बढ़ई का एक अस्त्र. Adze, small hatchet. 'नहि वासिवडढईणं इहं' धर्मसं० ४८६.

वासिट्ठिया. स्त्री० (वाशिष्ठिका) एक जैन मुनि शाखा. Name of a branch of Jaina Saints. कप्प०

वासुइ-वासुगि. पुं० (वासुकि) एक महानाग, सर्पराज. Name of a celebrated serpent, King of snakes. से० २, १३; गा० ६०; गउड० ती० ७; कुमा० सम्मत० ७६.

वाह. पुं० (वाह) जहाज, नौका. Ship, boat. विशे० १०२७; **—वाहिया.** स्त्री० (वाहिका) इसवारी. Horse riding. धर्मवि० ४.

वाहण. पुं० न० (वाहन) (१) जहाज, नौका. Ship, boat. उवा० सिरि० ४२३; कुम्मा० १६; (२) चलाना. Drive. कुम्र० १४७.

वाहणा. स्त्री० (वाहना) वहन कराना, बोझ आदि ढुआना. Causing to bear or carry. श्रावक० २५८ टी.

वाहणिय. त्रि० (वाहनिक) वाहन-सम्बन्धी. Relating to a vehicle. उप० ७२८ टी.

वाहणिया. स्त्री० (वाहनिका) वहन कराना, चलाना. Causing to carry or bear. स० ३००.

वाहय. त्रि० (व्याहत) व्याघात-प्राप्त. Obstructed, impeded. मोह० १०७ उप०

वाहराविय. त्रि० (व्याहारित) बुलवाया हुआ. Called. कुप्र० १५; महा०

वाहाविय. त्रि० (वाहित) चलाया हुआ. Driven. महा०

वाहि. त्रि० (वाहिन्) वहन करने वाला, ढोने वाला. Carrying, conveying. 'जहा खरो चंदणभारवाही' उत्त०

वाहिअ. त्रि० (वाहित) चलाया हुआ. Driven. 'वाहियं तम्मि' सुपा० ५२७.

वाहिणी. स्त्री० (वाहिनी) (१) नदी. River. धर्मवि० ३; (२) सेना, लश्कर. Army. 'सेणा वरूहिणी वाहिणी' पाअ०; (३) सेना-विशेष, जिसमें ८१ हाथी, ८१ रथ, २४३ घोड़े और ४०५ प्यादे हों. A division of an army consisting of 81 elephants, as many chariots, 243 horses and 405 foot-soldiers. पउम० ५६, ६.

वाहित्ति. स्त्री० (व्याहृति) (१) उक्ति, वचन. Utterance, speech२. ( ) आह्वान. Calling. अच्चु० २.

वि. अ० (वि) (१) विरोध, प्रतिपक्षता. Opposition, contrariety. 'विगहा विओ' गच्छ० १, ११; (२) विविधता. Multiplicity. 'विउस्सग्ग' ओघ० भा० १८८; भग० १, १ टी; (३) कुत्सा, खराबी. Abuse, reproach. 'विरूव' (४) अभाव. उप० ७२८ टी. Negation, privation. 'विइएह' से० २, १०; (५) महत्व. Distinction, greatness. 'विएअ' गउड०; (६) भिन्नता. Separation, disjunction. 'विएस' महा०; (७) ऊंचाई, ऊर्ध्वता. Height. (८) पादपूर्ति. 'विक्खेव' ओघ० भा० १६३. Filling out the line, an expletive. पउम० १७, ३७.

वि. पुं० (वि) (१) पक्षी. Bird. (२) त्रि० उद्दीपक, उत्तेजक. Instigating, stimulating. (३) अवबोधक, ज्ञापक. Indicating, showing. विवे० १४३.

वि. त्रि० (विद्) जानकार, विज्ञ. Knowing, conversant with. विशे० ५००; **—उच्छा.** स्त्री० (जुगुप्सा) विद्वान् की निन्दा, साधु की निन्दा. To censure the learned. आ० ६ टी.

विअ. न० (वियत्) आकाश, गगन The sky. से० ६, ४८; **—च्चर.** त्रि० (च्चर) आकाश विहारी. Moving in the sky. इक०

विअ. त्रि०(विद्) विज्ञान, जानकारी. Knowledge, understanding. राज०

विअ. पुं० (वृक) श्वापद जन्तु-विशेष, भेड़िया. Wolf. नाट-उत्तर० ७१.

विअइ. त्रि० (विजयिन्) जिसकी जीत हुई हो. Conqueror, victor. मा० २२.

विअइल्ल. पुं०(विचकिल)(१) पुष्प-वृक्ष विशेष. A kind of Jasmine. (२) न० पुष्प-विशेष. A particular flower. हे० १, १६६; कप्पू०वा०२३; कुमा०;(३) त्रि०विकच, विकसित. Blown, fully expanded. सण०

विअंभ. त्रि० (विदम्भ) निष्कपट, सत्य. True. 'अयाणयं वियंभसुहस्स' स० ६१०.

विअंभण. न॰ (विजृम्भण)(१) जंभाई, जम्हाई. Gaping, yawning. स॰ ३३६; सुपा॰ १४६; (२) विकाश. Blossoming, budding (३) उत्पत्ति. Production. भवि॰ माल॰ ८४.

विअंसण. त्रि॰ (विवसन) वस्त्र रहित, नग्न. Nacked, unclothed. प्राकृ॰ ३२.

विअक्किय. त्रि॰ (वितर्कित) विमर्शित, विचारित. Thought, guessed. सण॰

विअग्ग. त्रि॰ (व्यग्र) व्याकुल. Bewildered, distracted. प्राकृ॰ ३१.

विअच्चरपुर. न॰ (वियच्चरपुर) एक विद्याधर नगर. A Vidyadhar city. इक॰

विअट्ट. पुं॰ (विवर्त) प्रपञ्च. An apparent or illusory form. स॰ १७८.

विअट्ट-विअट्टिअ. त्रि॰ (विसंवादित) असंवादित, अप्रमाणित. Differing, disagreeing. पाअ॰ कुमा॰ ६, ८८.

विअट्ठ. त्रि॰ (विकृष्ट) (१) दूर-स्थित. Being at a distance, remote.(२) क्रिवि॰ दूर. At a distance, far away. नाया॰ १, १ टी.

विअड. त्रि॰ (विकट) (१) सुन्दर, मनोहर. Beautiful, handsome. गउड॰; (२) पुं॰ एक विद्याधर राजा. Name of a Vidyadhar king. पउम॰ १०, २०.

विअड्डि. स्त्री॰ (वितर्दि) वेदिका, हवन स्थान, चबूतरा. A sacrificial altar or ground, a raised seat of a quadrangular shape in a courtyard. हे॰ २, ३६; कुमा॰ प्राप्र॰

विअड्ढा. स्त्री॰(विदग्धा) नायिका का एक भेद. A kind of heroine of a poetic composition. कुमा॰

वियड्ढिम. पुं॰स्त्री॰(विदग्धता)(१) निपुणता. Cleverness, dexterity, sharpness. (२) पांडित्य. Profound learning, erudition. कुप्र॰ ४०९; वज्जा॰ १३४.

विअण. त्रि॰ (विजन) निर्जन, जन-रहित. Lonely, solitary. भवि॰

विअणा. स्त्री॰ (वेदना) (१) ज्ञान. Knowledge, perception. (२) सुख-दुख आदि का अनुभव. Feeling, sensation. (३) विवाह. Marriage. प्राप्र॰ हे॰ १, १४६; (४) पीड़ा, दुःख, संताप. Pain, agony, anguish. पाअ॰ गउड॰ कुमा॰

विअणिय. त्रि॰ (वितनित-वितत) विस्तीर्ण. Spread out, extended. भवि॰

विअणिय. त्रि॰ (विगणित) अनादृत, तिरस्कृत. Disregarded, despised. भवि॰

विअण्ण. त्रि॰ (विपन्न) मृत. Dead. गा॰ ५४६.

विअण्ह. त्रि॰ (वितृष्ण) तृष्णा-रहित. Free from desire, content. गा॰ ६३.

विअत्त. त्रि॰ (विदत्त) विशेष रूप से दिया हुआ. Given. ठा॰ ४, १ टी.

विअत्त. पुं॰ (विवर्त) एक ज्योतिष्क महाग्रह. Name of a great planet. ठा॰ २, ३ टी; सू॰ प॰ १९ टी.

विअप्प. पुं॰ (विकल्प) (१) विविध तरह की कल्पना. Varied imagination. गउड॰; (२) वितर्क, विचार. Thought, guess. महा॰; (३) भेद, प्रकार. Sort, variety. सम्म॰ ३.

विअप्पण. न॰ (विकल्पन) देखो 'विअप्प' शब्द. Vide 'विअप्प'. सम्म॰ १९; स॰ ६८४.

विअप्पणा. स्त्री॰ (विकल्पना) देखो 'विअप्प' शब्द. Vide 'विअप्प'. धर्मसं॰ २१०.

विअरण. न॰ (विचरण) विहार, चलना-फिरना. Roaming or walking. अजि॰ ११.

विअल. त्रि॰ (विकल) (१) रहित, वर्जित, वन्ध्य. Deprived of, defective, desitute of. सा॰ २; (२) विह्लल, व्याकुल. Frightened, alarmed. गा॰ २८५.

विश्रलिश्र. त्रि॰ (विगलित) (१) नाश-प्राप्त, नष्ट. Destroyed, ruined. से॰ २, ४५; सण॰; (२) पतित, टपक कर गिरा हुआ. Trickled, oozed. पाश्र॰

विश्रसावय. त्रि॰ (विकासक) विकसित करने वाला. Blowing, expanding. गउड॰

विश्रसाविश्र. त्रि॰ (विकासित) विकसित किया हुआ. Blown, fully opened or expanded. सुपा॰ २२५.

विश्राउश्रा. स्त्री॰ (विपादिका) रोग-विशेष, पामा. A kind of disease, a sore or tumour on the foot. दे॰ ८, ७१.

विश्राण. न॰ (विज्ञान) जानकारी, ज्ञान. Knowledge, intelligence. सट्ठि॰ १६.

विश्राण. न॰ (वितान) (१) वृत्ति-विशेष. A special mode of living. (२) अवसर. Opportunity. (३) यज्ञ. Sacrifice, oblation. हे॰ १, १७७; प्राप्र॰ (४) पुं॰ न॰ चन्द्रातप, चंदोवा, आच्छादन विशेष. Canopy, awning. गउड॰ २००; ११८०; हे॰ १, १७७; प्राप्र॰

विश्राणिश्र. त्रि॰ (विज्ञात) जाना हुआ, विदित. Known, perceived. स॰ २६७; सुपा॰ ३६१; महा॰ सुर॰ ४, २१४; १२, ७१; पिंग॰

विश्रार. पुं॰ (विचार) मत, अभिप्राय. Opinion, view. भवि॰

विश्रारण. न॰ (विचारण) (१) विचार करना. Discussion. सुपा॰ ४६४; सार्ध॰ ६०; (२) विचार करने वाला. Investigator. सुपा॰ ५२; (३) त्रि॰ विचरण करने वाला. Roamer, wanderer. अजि॰ २६.

विश्रारण. त्रि॰ (वैदारण) विदारण सम्बन्धी, विदारण से उत्पन्न होने वाला. Relating to tearing or breaking. जव॰ १६.

विश्रारणा. स्त्री॰ (विचारणा) विचार, विमर्श. Thought, deliberation. उप॰ ७२८ टी, स॰ २४७; पंचा॰ ११, ३४.

विश्रारणा. स्त्री॰ (वितारणा) विप्रतारणा, ठगई. Deception, trickery, roguery. उप॰ ६१६.

विश्रारधवल. पुं॰ (विचारधवल) एक राजा का नाम. Name of a king. उप॰ ७२८ टी, महा॰

विश्रारय. त्रि॰ (विचारक) विचार करने वाला. Investigator. पउम॰ ८, ५.

विश्रारिश्र. त्रि॰ (विचारित) जिसका विचार किया गया हो. Discussed, inquired into. दे॰ १, १६८.

विश्रारिश्र. त्रि॰ (विदारित) (१) खोला हुआ, फाड़ा हुआ. Opened, expanded. नमि॰ १२; (२) विदीर्ण किया हुआ, चीरा हुआ. Torn, rent asunder. भवि॰

विश्रारिश्र. त्रि॰ (वितारित) (१) अर्पित, दिया गया. Given. स॰ ३३७; (२) ठगा हुआ, विप्रतारित. Cheated, deceived. सुपा॰ ३२४.

विश्रारिल्ल-विश्रारुल्ल. त्रि॰ (विकारवत्) विकार वाला, विकार-युक्त. Deviated from the natural course. प्राप्र॰ हे॰ २, १५९.

विश्रावाय. पुं॰ (व्यापात) भ्रंश, नाश. Ruin, destruction. आया॰ १, ६; ५, ६ टी.

विश्रास. पुं॰ (विकाश) अवकाश. Occasion, opportunity. गउड॰ २०१.

विश्रास. पुं॰ (विकास) प्रफुल्लता. Blowing, expanding. पि॰ १०२; भवि॰

विश्रासग. त्रि॰ (विकासक) विकसित करने वाला. Blowing, expanding. सुपा॰ ६५८.

विआसर. त्रि० (विकस्वर) विकसने वाला, प्रफुल्ल. Opening, expanding. षड्०

विआह. पुं० (विवाह) (१) विविध प्रवाह. Various current. (२) विशिष्ट प्रवाह. Distinguished flow. (३) त्रि० विशिष्ट संतान वाला. A man with good children. भग० १, १ टी.

विआह. त्रि० (विबाध) बाध-रहित Without objection. भग० १, १ टी.

विइंचिअ. त्रि० (विविक्त) विनाशित. Destroyed. स० १३९.

विइगिट्ठ. त्रि० (व्यतिकृष्ट) दूर-स्थित, विप्रकृष्ट. Remote, distant. बृह० १.

विइण्ण. त्रि० (विकीर्ण) (१) बिखरा हुआ. Scattered, dispersed. (२) विक्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. से० १०, ३.

विइण्ह. त्रि० (वितृष्ण) तृष्णा-रहित, निःस्पृह. Free from desire, content से० २, १०; प्राप्र० गा० ६३; १७६.

विउअ. त्रि० (वियुत) वियुक्त, रहित. Free from, deprived of. सम्म० १२.

विउअ. त्रि७ (विवृत) (१) विस्तृत. Expanded, spread out. (२) व्याख्यान. Expounded,explained. हे०१, १३१.

विउच्छेअ. पुं० (व्यवच्छेद) विनाश. Destruction, ruin. पंचा० १७, १८.

विउट्टण. न० (विवर्तन) निवृत्ति. Abstaining from work, inactivity. ओघ० ७६१.

विउट्टण. न० (विकुट्टन) (१) विच्छेद. Cutting asunder, breaking. (२) आलोचना, अतिचार-विच्छेद. Removal of the defects. ओघ० ७६१; (३) त्रि० विच्छेद-कर्ता. One who cuts or breaks. धर्मसं० ६६६.

विउडण. न० (विनाशन) (१) विनाश. Destruction, annihilation. स० २७, ६६१; (२) त्रि० विनाश-कर्ता. Destroyer. स० ३७; २८२.

विउडिअ. त्रि० (विनाशित) नष्ट किया गया. Destroyed, ruined. पाअ० कुमा० उप० ७२८ टी.

विउण. त्रि० (विगुण) गुण-रहित, गुण-हीन. Destitute of qualities, workless. दे० ६, ७८.

विउद्ध. त्रि० (विबुद्ध) (१) जागृत. Aroused, awakened. सुपा० १४०; (२) विकसित. Expanded,blossomed. स० ७६८.

विउप्पकड. त्रि० (व्युत्प्रकट) अतिशय प्रकट, व्यक्त. Manifested, displayed. भग० ७, १० टी.

विउलजस. पुं० (विपुलयशस्) एक जिनदेव का नाम. Name of a Jinadeo. उप० ६८६ टी.

विउलाअरी. स्त्री० (विपुलाकरी) विद्या-विशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १३८.

विउव्विअ. त्रि० (विकृत-विकुर्वित) (१) निर्मित, बनाया हुआ. Made. महा० सुपा० ८८; (२) अलंकृत, विभूषित. Decorated, ornamented. वृह० १.

विउह. त्रि० (विबुध) (१) पण्डित, विद्वान्. Learned. (२) पुं० देव, सुर. Deity. हे० १, १७७.

विऊह. पुं० (व्यूह) रचना विशेष. A particular structure or formation. पंचा० ८, ३०.

विएअ. त्रि० (वितेजस्) महान् प्रकाश. Excessive lustre or brilliance. गउड०

विएस. पुं० (विदेश) (१) कुत्सित-ग्राम,

खराब गाम. A bad village.(२) बन्धन-स्थान. गा॰ ७६.

विश्रोइश्र. त्रि॰ (वियोजित) अलग किया हुआ. Separated, से॰ ६, ७१; गा॰ १३२; स॰ ६८; सुर॰ १५, २१७.

विश्रोगिय. त्रि॰ (वियोगित) वियोग-प्राप्त. Separated. धर्मवि॰ १३१.

विश्रोजय. त्रि॰ (वियोजक) वियोग-कारक. Separating. स॰ ७५०.

विश्रोदर. पुं॰ (वृकोदर) भीमसेन. एक पाण्डव. An epithet of Bhima. नाट-वेणी॰ ३६.

विश्रोयण. न॰ (वियोजन) वियोग, विछोह. Separation, disunion. सुर॰ ११, ३२.

विश्रोरमण. न॰ (व्युपरमण) विराधना, विनाश. Destruction. श्रोघभा॰ १६०; श्रोघ॰ ३२६.

विश्रोह. पुं॰ (विबोध) जागरण, जागृति. Awakening, being awake. भवि॰

विंचुश्र. पुं॰ (वृश्चिक) जन्तु-विशेष, विच्छू. Scorpion. हे॰ १, १२८; २, १६; ८६.

विंझ. पुं॰ (विन्ध्य) (१) व्याध, बहेलिया. Hunter. हे॰ १, २५; २, २६; प्राप्र॰; (२) एक जैन मुनि. Name of a Jaina saint. विशे॰ २५१२; (३) एक श्रेष्ठि पुत्र. Name of son of a noble man. सुपा॰ ५७८.

विंतर. पुं॰ (व्यन्तर) (१) बिच्छू आदि दुष्ट जन्तु. Scorpion. 'वीहइ विंतरसप्पाण' उप॰ ५६४; वज्जा॰ १२; (२) एक देव जाति. A kind of god. 'विंतरा अवि किंकरा' श्रा॰ १२; दे॰ २.

विंताणी. स्त्री॰ (वृन्ताकी) बैंगन का पेड़. The plant that produces brinjals. सण॰

विंदावण. पुं॰ न॰ (वृन्दावन) मथुरा का एक बन. Name of a forest o Muttra. ती॰ ७.

विंधण न॰ (व्यधन) छेदन, वेधना. Piercing, perforating. धर्मवि॰ ५२.

विंधिश्र. त्रि॰ (विद्ध) जो वेधा गया हो, छिन्न. Pierced. सम्मत्त॰ १५८.

विंभिश्र. त्रि॰ (विस्मित) आश्चर्य-चकित. Astonished, surprised. वज्जा॰ ६६; भवि॰

विकंप. त्रि॰(विकम्प) कम्प, हिलन. Shaking, Tremor. पंचा॰ १८, १५.

विकच. त्रि॰ (विकच) विकसित, प्रफुल्ल. Blown, expanded. दे॰ ७, ८६.

विकत्थण. न॰ (विकत्थन) (१) प्रशंसा, श्लाघा. Praise. (२) त्रि॰ प्रशंसा-कर्ता. Praising. पुप्फ॰ ३३०; धर्मवि॰ ३६.

विकारिण. त्रि॰ (विकारिन्) विकार-युक्त. Deviated from the natural state. पउम॰ २६, ६०.

विकिट्ठ. त्रि॰ (विकृष्ट) (१) उत्कृष्ट. Excellent, eminent. (२) न॰ लगातार चार दिनों का उपवास. Four fasts at a time. संबोध॰ ५८.

विकिणण. न॰ (विक्रयण) विक्रय, बेचना. Selling. कुमा॰

विकिरिया. स्त्री॰ (विक्रिया) (१) विविध क्रिया. A variety of action. (२) विशिष्ट क्रिया. A special action. राज॰

विकुच्छिश्र. त्रि॰ (विकुत्सित) खराब, दुष्ट. Bad, wicked. भवि॰

विकोश्र. पुं॰ (विकोच) विस्तार, फैलाव. Amplifiction, breadth. धर्मसं॰३६५; भग॰ ५, ७ टी.

विकोविय. त्रि॰ (विकोविद) कुशल, निपुण. Clever, skilfull, shrewd. पिंड॰ ४३१.

विकोसिअ. त्रि० (विकोशित) विकसित Blown, expanded. कुमा०

विक्कइ. त्रि० (विक्रयिन्) बेचने वाला. Dealer, vendor. दे० २, ६८.

विक्कंत. पुं० (विक्रान्त) पहली नरक-भूमि का बारहवां नरकेन्द्रक. The twelfth abode of the first hell. देवेन्द्र० ५.

विक्कणण. न० (विक्रयण) विक्रय, बेचना. Selling सुपा० ६०६; सट्ठि० ६ टी.

विक्कम. पुं० (विक्रम) (१) एक राजा का नाम. Name of a king. सुपा० ५६६; (२) राजा विक्रमादित्य. Name of a celebrated king of Ujjayini रंभा०७.

विक्कमजस. पुं० (विक्रमयशस्) एक राजा, Name of a king. महा०

विक्कमपुर. न०(विक्रमपुर) एक नगर का नाम. Name of a city. ती० २१.

विक्कमसेण. पुं (विक्रमसेन) एक राजकुमार. Name of a prince. सुपा० ५६२.

विक्कमाइच्च-त्त. पुं० (विक्रमादित्य) एक सुप्रसिद्ध राजा. Name of a celebrated king. गा० ४६४; अ०सम्मत०१४६; सुपा० ५६२; गा० ४६४.

विक्कमि. त्रि० (विक्रमिन्) पराक्रमी, शूर. Chivalrous, heroic. कुमा०

विक्कव. त्रि० (विक्लव) व्याकुल, बेचैन, Confused, bewildered. प्रव० १६६; प्राप्र० संबोध० २१.

विक्किणिअ-विक्किय. त्रि० (विक्रीत) बेचा हुआ. Sold. सुपा० ६४२; भवि०

विक्किरिया. स्त्री० (विक्रिया) विकृति, विकार. Change of form or nature. सुपा० ५१४.

विक्कोण. पुं० (विकोण) विकूणन, घृणा से मुंह सिकुड़ना. A lier, an oblique or arch-look. दे० ३, २८.

विक्खंभ. पुं० (विष्कम्भ) (१) प्रतिबन्ध, निरोध. Obstacle, hindrance. सम्यक्त्वो०८; (२) नाटक का एक अंग. (In dramas) An interlude between the acts of a drama and performed by one or more characters-middling or inferior, who connect the story of the drama and the Subdivisions of the plot by briefly explaining to the audience what has occured in the intervals of the acts or what is likely to happen later on. कप्पू०

विक्खंभिअ. त्रि० (विष्कम्भित) निरुद्ध, रोका हुआ. Hindered, obstructed. समयक्त्वो० ८.

विक्खवण. न० (विक्षपण) (१) विनाश. Destruction, ruin. (२) विनाशक. Destroyer. सुपा० ४७.

विक्खाइ. स्त्री० (विख्याति) प्रसिद्धि. Celebrity, reputation. भवि०

विक्खित्त. त्रि० (विक्षिप्त) भ्रान्त, पागल, Mad. 'पसुत्तविक्खित्तजणे परियणे' उप० ७२८ टी; दे० १,११३; महा०

विक्खिवण. न० (विक्षेपन) (१) दूरीकरण. Removing. (२) प्रेरणा. Instigation, inciting. प्रव० ६४.

विक्खेव. पुं० (विक्षेप) (१) क्षोभ. Distraction, confusion. 'छोहो विक्खेवो' पाअ०; (२) ग्लानि, खेद. Exhaustion, languor. से० ५, ३; (३) चित्त-भ्रम. Aberration, disturbance of mind. स०२८२; (४) विलंब, देरी. Delay. स०७३५; (५) सैन्य, लश्कर. Army. स०२४; ५७३.

विक्खेविया. स्त्री० (विक्षेपिका) व्याक्षेप, विक्षेप. Distraction, confusion. वव० ६,

विखंडिय. त्रि० (विखण्डित) खण्डित किया हुआ. Broken up, divided. पउम० २२, ६२.

विगइ. स्त्री० (विगति) विनाश. Destruction, ruin. विशे० २१४६.

विगइंगाल. त्रि० (विगताङ्गार) राग रहित. Free from passions. ओघ० ५७६.

विगइच्छ. त्रि० (विगतेच्छ) इच्छा-रहित, निःस्पृह. Free from desires. उप० १३० टी, ६१३.

विगत्तणा. स्त्री० (विकर्तना) छेदन. Piercing. उव०

विगत्थय. त्रि० (विकत्थक) प्रशंसा करने वाला, आत्म श्लाघा करने वाला. Praising, boasting.Swaggering, bragging. भवि०

विगम. पुं० (विगम) विनाश. Destruction, ruin. सुर० ७, २२६; १२, १६.

विगय. पुं० (विगत) एक नरक-स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २६.

विगयधूम. त्रि० (विगतधूम) द्वेष-रहित. Free from passions. ओघ० ५७६.

विगरण. न० (विकरण) परिष्ठापन, परित्याग. Quitting, abandonment. कस०

विगाढ. त्रि० (विगाढ) (१) विशेष-गाढ़, अतिशय-निविड. Closely pressed together, vehement, excessive intense. उत्त० १०, ४ टी; (२) चारों ओर से व्याप्त. Pervaded on all sides. राज०

विगाण. न० (विगान) (१) वचनीय. लोकापवाद. Censure, reproach, defamation. दे० ३, ३; (२) विप्रतिपत्ति, विरोध. A contradictory statement, contradiction. धर्मसं० २१६; चेइय० ७५६.

विगालिय. त्रि० (विगालित) विलम्बित, प्रतीक्षित. Waited for. सुर० ६, २३.

विगिंचणया-विगिंचणा-विगिंचणिआ. स्त्री० (विवेचना) परित्याग. Abandonment, desertion. ओघ० भा० २०६; स० ५१; ओघ० ६०६; ८७.

विगिच्छा. स्त्री० (विचिकित्सा) संदेह, संशय, वहम. Doubt, uncertainty. आ० ३; पडि०

विगुण. त्रि० (विगुण) अननुगुण, प्रतिकूल. Unfavouable. पंचा० ६, ३२.

विगुत्त. त्रि० (विगुप्त) (१) तिरस्कृत, अवधीरित. Despised, disregarded. आ० १२; (२) जिसकी पोल खुल गई हो. One whose secrets might have been disclosed. 'सदुक्कय विगुत्तो' आ० १४; धर्मवि० ७७.

विगोइय. त्रि० (विगोपित) जिसका दोष प्रकट किया गया हो. One whose fault may have been disclosed. सण०

विगोवण. न० (विकोपन) विकास. Blowing, expanding. श्रावक० २२८.

विग्गोवणया. स्त्री० (विगोपना) (१) तिरस्कार. Censure, contempt, disdain. (२) फजीहत. उव०

विग्घर. त्रि० (विगृह) गृह-रहित. Destitute of a home. नाया० १, १० टी.

विग्घिय. त्रि० (विघ्नित) विघ्न-युक्त. Impeded, hindered. हम्मीर० १४.

विघट्टण. न० (विघट्टन) विनाश. Destruction, ruin. नाट०

विघत्थ. त्रि० (विघस्त-विग्रस्त) (१) विशेष रूप से भक्षित. Eaten. (२) व्याप्त. Pervaded. 'वाहिविघत्थस्स मत्तस्स' महा० प्राप्र०

विघायग. त्रि० (विघातक) विनाश कर्ता. Destroyer. धर्मसं० ५२६.

विचक्खु. त्रि० (विचक्षुष्क) चक्षु रहित, अन्धा. Blind, lightless. उप० ७२८ टी.

विचच्चिया. स्त्री० (विचर्चिका) रोग-विशेष पामा. Itching, a kind of disease. राज०

विचलिर. त्रि० (विचलितृ) चलायमान होने वाला. Moving about, shaking. सण०

विचल्लिय. त्रि० (विचलित) चंचल बना हुआ. Moved, shaken. भवि०

विचारग. त्रि० (विचारक) विचार-कर्त्ता. Investigator. रंभा०

विचाल. न० (विचाल) अन्तराल. Intermediate space or region or time, interval. दे० ७, ८८.

विचिअ. त्रि०(विचित) चुना हुआ. Chosen. दे० ७, ६१.

विचिंतण. न० (विचिन्तन) विचार, विमर्श. Thought, deliberation श्रु० ६.

विचिंतिअ. त्रि० (विचिन्तित) विचारित. Thought, reflected, discussed. सुर० ८, ३.

विचिंतिर. त्रि० (विचिन्तयितृ) विचार-कर्ता. Investigator. आ० १२; सण०

विचिगिच्छा. स्त्री० (विचिकित्सा) संशय, धर्म कार्य के फल की तरफ संदेह. Doubt. सम्मत्त० ६५.

विचिट्ठिअ. त्रि० (विचेष्टित) (१) जिसकी कोशिश की गई हो. Striven, tried. सुपा० ४७०; (२) न० चेष्टा, प्रयत्न. Effort, exertion. उप० ३२० टी.

विचित्ता. स्त्री० (विचित्रा) अधोलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी. A Dikkumari goddess living in the other world or lower regions. राज०

विचित्तिय. त्रि० (विचित्रित) विचित्रता से युक्त. Diversified, variegated. wonderful, surprising, strange. सण०

विचुन्नण. न० (विचूर्णन) चूरचूर करना, टुकड़ा टुकड़ा करना. Crushing, pounding. द्र० ३०.

विचेयण. त्रि०(विचेतन) चैतन्य-रहित, निर्जीव. Lifeless senseless, inanimte. उप० प्र० ४६.

विच्चवण. न० (विच्यवन) भ्रंश, विनाश. Destruction, ruin. विशे० २६१.

विच्चामेलिय. त्रि० (व्यत्याम्रेडित) (१) भिन्न भिन्न अंशों से मिश्रित. Mixture. (२) तोड़कर सांधा हुआ. Joined after having been broken. विशे० ८५५.

विच्चाय. पुं० (वित्याग) परित्याग. Abandoning, giving up. संबोध० ८.

विच्चि. स्त्री० (वीचि) तरंग, कल्लोल. Wave. पउम० १०६, ४१.

विच्चुइ. स्त्री० (विच्युति) भ्रंश, विनाश. Destruction, ruin. विशे० १८०.

विच्छड्ड. पुं०(विच्छर्द) ऋद्धि, वैभव, संपत्ति. Grandeur, magnificence, splendour. पाअ०दे०७, ३२ टी, हे०२, ३६;षड्०

विच्छड्डि. स्त्री०(विच्छर्दि) (१) विशेष वमन. Vomiting, ejecting. (२) परित्याग. Quitting, abandoning. प्राप्र०; (३) बिस्तार. Expanse, vastness, magnitude. सिरि. १०६१.

विच्छड्डिअ. त्रि० (विच्छर्दित) (१) पुंजीकृत, इकट्ठा किया हुआ. Collected. से० १०, ४६; (२) विच्छादित, आच्छादित. Covered. हम्मीर० १७.

विच्छवि. पुं॰ (विच्छवि) एक नरक-स्थान. An abode of the hell. देवेन्द्र॰ २८.

विच्छाइय. त्रि॰ (विच्छायित) निस्तेज किया हुआ. Having lost his personality in influence. सुपा॰ १६६.

विच्छाय. त्रि॰ (विच्छाय) निस्तेज, कान्ति-रहित, फीका. Pale. सुर॰ ४, १०६; कप्पू॰ प्रासू॰ १३७; महा॰ गउड॰

विच्छित्ति. स्त्री॰ (विच्छित्ति) (१) विन्यास, रचना. Arrangement. गउड॰ पाअ॰ स॰ ६१५; सुपा॰ ५४; ८३; २६०; (२) प्रान्त भाग॰. The front part. सुर॰ ३, ७०; (३) अंगराग. Scented cosmic, fragrant unguent. गा॰ ७८०.

विच्छुडिअ. त्रि॰ (विच्छुटित) (१) विछुड़ा हुआ, जो अलग हुआ हो, विरहित. Separated, वज्जा॰ १५६; (२) मुक्त. Released राज॰

विच्छुरिअ. त्रि॰ (विच्छुरित) (१) खचित, जड़ा हुआ. Inlaid. पाअ॰; (२) संबद्ध, जोड़ा हुआ. United. से॰ १४, ७६; (३) व्याप्त. Pervaded. पउम॰ २, १०१; सुपा॰ ६; २१२; सुर॰ २, २२१.

विच्छेअ. पुं॰ (विच्छेद) (१) विभाग, पृथक्करण. Division. विशे॰ १००६; (२) वियोग. Separation, disunion. गा॰ ६१३; (३) अनुबन्ध-विनाश, प्रवाह-निरोध. Break or interruption of a flow. कप्पू॰

विच्छेअण. न॰ (विच्छेदन) देखो 'विच्छेअ' शब्द. Vide 'विच्छेअ'. राज॰

विच्छेअय. त्रि॰ (विच्छेदक) दिच्छेद कर्ता. Divider, separater. भवि॰

विच्छेइ. त्रि॰ (विच्छेदिन्) विच्छेद-कर्ता. Divider. कुम्म॰ २२.

विच्छेइअ. त्रि॰ (विच्छेदित) विच्छिन्न किया हुआ. Torn asunder, cut off. नाट॰ विक्र॰ ८२.

विच्छोलिअ. त्रि॰ (कम्पित) कँपाया हुआ. Trembled; कुमा॰ गउड॰

विच्छोलिअ. त्रि॰ (विच्छोलित) धौत, धोया हुआ. Washed. 'धोऊं विच्छोलिअं' पाअ॰

विच्छोह. पुं॰ (विक्षोभ) (१) विक्षेप. Agitation; Distraction. गा॰ २१०; सम्मत्त॰ १६१; (२) चंचलता. Activity, shaking, movement. उप॰पृ॰ १५८.

विजइ. त्रि॰ (विजयिन्) विजेता, जीतने वाला. Conqueror, victor. कप्पू॰ नाट-विक्र॰ ५.

विजय. पुं॰ (विजय) (१) पराभव करके ग्रहण करना. To take possession after a defeat. कुमा॰; (२) अभ्युदय. Prosperity. (३) समृद्धि. Grandeur, राज॰; (४) धातकी खण्ड का पूर्व द्वार. The eastern door of the Dhataki continent. इक॰; (५) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग॰; (६) त्रि॰ जीतने वाला. Conqueror, victor. सम्मत्त॰ २१६; —**जत्ता.** स्त्री॰ (यात्रा) विजय के लिए किया जाने वाला प्रयाण. A march of victory. धर्मवि॰ ५६; —**ढक्का.** स्त्री॰ (ढक्का) विजय-सूचक भेरी. A large military drum. सुपा॰ २६८.

विजयंती. स्त्री (वैजयन्तो) एक रानी का नाम. Name of a queen. उप॰ ७२८ टी.

विजयचरपुर. न॰ (विजयचरपुर) एक विद्याधर नगर. A Vidyadhar city. इक॰

विजयवंत. त्रि॰ (विजयवत्) विजयी, विजेता. Conqueror, victor. ति॰ १४.

विजयसायर. पुं॰ (विजयसागर) एक सूर्यवंशी राजा. A king of the solor race. पउम॰ ५, ६२.

विजयसिंह. पुं॰ (विजयसिंह) (१) एक सुप्रसिद्ध

प्राचीन जैनाचार्य. Name of an ancient celebrated Jaina Acharya. सुपा० ६५८; (२) एक विद्याधर राजकुमार. A Vidyadhar prince. पउम० ६, १२७.

विजयसूरि. पुं०(विजयसूरि) चन्द्रगुप्त के समय का एक जैन आचार्य. Name of a Jaina Acharya at the time of Chandragupta. धर्मवि० ४४.

विजयसेण. पुं० (विजयसेन) एक प्रसिद्ध जैन आचार्य. Name of a celebrated Jaina Acharya. प्रव० २७६.

विजया. स्त्री० (विजया) (१) विद्या-विशेष. A kind of magical skill. पउम० ७, १४१; (२) एक पुष्करिणी. A large well. इक०

विजल. त्रि० (विजल) (१) जल-रहित. Waterless. गउड०

विजाईय. त्रि० (विजातीय) भिन्न जाति का, दूसरी तरह का. Of a different kind or caste. उप० १२८ टी.

विजाणग-य. त्रि० (विज्ञायक) जानने वाला, विज्ञ. Learned, knowing. सूयनि० १४५.

विजाणुअ. त्रि० (विज्ञ-विज्ञायक) जानने वाला, विज्ञ. Knowing, learned. प्राकृ० १८.

विजेट्ठ. त्रि० (विज्येष्ठ) मध्यम. Middle. 'जेट्ठ विजेट्ठा कणिट्ठा य' चेइय० १५३.

विजोजण. न० (वियोजन) वियोग, विरह. Separation. मोह० ६८.

विजोजिअ. त्रि० (वियोजित) जुदा किया हुआ. Separated, divided. कुम० २८८.

विजोहा. स्त्री० (विज्जोहा) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

विज्जय. न० (वैद्यक) चिकित्सा. Medical treatment, healing. उर० ८, १०; भवि०

विज्जल. पुं० (विज्जल) नरकावास-विशेष, एक नरक स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २८.

विज्जलिया. स्त्री० (विद्युत्) बिजली. Lighting. कुम० २८५.

विज्जामंत. त्रि० (विद्यावत्) विद्या-संपन्न. Learned. उप० ४२५.

विज्जालिय. पुं० न० (विद्यालय) पाठशाला. School. प्रामा०

विज्जासिद्ध. त्रि० (विद्यासिद्ध) (१) सर्व विद्याओं का अधिपति. Specialisation in a particular science. (२) जिसको कम से कम एक महाविद्या सिद्ध हो चुकी हो. A specialist in a particular branch of Knowledge. आवम०

विज्जाहरी. स्त्री० (विद्याहरी) एक जैन मुनि शाखा. A branch of a Jaina saints. कप्प०

विज्जु. पुं० (विद्युत्) (१) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १८. (२) एक नरक स्थान. An abode of the hell. देवेन्द्र० २६; (३) स्त्री० सन्ध्या. Evening. हे० १, ३३.

विज्जुतेअ. पुं० (विद्युत्तेजस्) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar race. पउम० ५, १८.

विज्जुदत्त. पुं० (विद्युद्दत्त) विद्याधर वंश का एक राजा. A king of the Vidyadhar lineage. पउम० ५, १८.

विज्जुद्दाढ. पुं० (विद्युद्दंष्ट्र) विद्याधर वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम० ५, १८.

विज्जुप्पह. न० (विद्युत्प्रभ) एक विद्याधर नगर. Name of a Vidyadhar city. इक० ३२६.

विज्जुमाला. स्त्री० (विद्युन्माला) छन्द-विशेष. Name of a metre. पिंग०

विज्जुमालि. पुं॰ (विद्युन्मालिन्) (१) पंचशैल द्वीप का अधिपति एक यक्ष. A presiding god of the Pancha Shaila island. महा॰; (२) रावण का एक सुभट. A warrior of Ravana. से॰ १३, ८४; (३) ब्रह्मदेव लोक का इन्द्र. Indra of Brahma's heaven. राज॰.

विज्जुमुह. पुं॰ (विद्युन्मुख) विद्याधर वंश का एक राजा. Name of a king of the Vidyadhar family. पउम॰ ५, २८

विज्जुल्लया. स्त्री॰ (विद्युल्लता) विद्युत्, बिजली. Lightening. नाट–वेणी॰ ६६; काल॰

विज्जुविलसिअ. न॰ (विद्युद्विलसित) (१) छन्द-विशेष. Name of a metre. अजि॰ २१; (२) बिजली का विलास. से॰ ४, ४०.

विज्जुसिहा. स्त्री॰ (विद्युत्शिखा) एक रानी का नाम. Name of a queen. महा॰

विज्जोअ. पुं॰ (विद्योत) उद्योत, प्रकाश. Light, lustre. हित॰ ९.

विज्जोइय-विज्जोविय. त्रि॰ (विद्योतित) प्रकाशित, चमका हुआ. Illuminated, radiating. उप॰ पृ॰ ३३; स॰ ५७६.

विज्झ. त्रि॰ (विद्ध) विंधा हुआ. Pierced through. 'वाणेण विज्झसे जेणहं विज्झा' गा॰ ४४१.

विज्झवण. स्त्री॰ न॰ (विध्यापन) बुझाना, उपशान्ति. Extinguish. स॰ ४८६; सम्मत्त॰ १९२; कुम॰ २७०.

विज्झविअ. त्रि॰ (विध्यापित) बुझाया हुआ, गुल किया हुआ. Extinguished. से॰ ८, १६; १२, ७७; गा॰ ३३३; पउम॰ २०, ९२.

विट्ठ. त्रि॰ (वृष्ट) बरसा हुआ. Rained. हे॰ १, १३७; षड्॰

विट्ठअ. न॰ (विष्टप) भुवन, जगत्. World. मृच्छ॰ १०९.

विट्ठर. पुं॰ न॰ (विष्टर) आसन. Posture. 'विट्ठरो' प्राप्र॰ पउम॰ ८०, ७; पाअ॰ सुपा॰ ६०.

विट्ठि. स्त्री॰ (वृष्टि) वर्षा, बारिस. Rain. हे॰ १, १३७; प्राकृ॰ ८; संक्षि॰ ५; पउम॰ २०, ८७; कुमा॰ रंभा॰

विट्ठि. स्त्री॰ (विष्टि) (१) कर्म, काज, काम. Action, occupation. दे॰ २, ४३. (२) भद्रा नक्षत्र. The Bhadra constellation. सुर॰ १६, ९०; (३) बेगार, बग़ैर मज़दूरी के काम कराना. Unpaid labour. उर॰ ६, ११.

विट्ठिय. न॰ (विस्थित) विशिष्ट स्थिति. A special position. भग॰ ९, ३२ टी.

विडंग. पुं॰ न॰ (विडङ्ग) (१) औषध-विशेष. A kind of medicine. (२) त्रि॰ अभिज्ञ, विदग्ध. Knowing, aware of, learned. वज्जा॰ १०४.

विडंब. पुं॰ न॰ (विडम्ब) (१) तिरस्कार, अपमान. Censure, Contempt. भवि॰; (२) माया-जाल, प्रपंच. Disguise, Imposture. श्रु॰ ९; कप्पू॰

विडंबग. त्रि॰ (विडम्बक) विडंबना जनक. Ridiculing. संबोध॰ १४; उप॰

विडंबण. न॰ (विडम्बन) (१) तिरस्कार, अपमान. Censure, insult. (२) दुख, कष्ट. Pain, distress. (३) अनुकरण, नकल. Imitation. (४) उपहास. Ridicule, mockery. भवि॰; (५) कपट-वेष. Disguise; Imposture.

विडंबणा. स्त्री॰ (विडम्बना) (१) अनुकरण, नकल. Imitation. (२) उपहास. Ridicul, mockery. (३) कपट-वेष. Disguise, imposture. कप्पू॰

विडव. पुं॰ (विटप) (१) पल्लव. A new offshoot or sprout. सुर॰ ३, ४५; (२) शाखा. Branch, bough. भवि॰ ११०.

विडवि. पुं॰ (विटपिन्) वृक्ष, पेड़. Tree.

पाअ० सुपा० ८८; गउड० सण०

विडिअ. त्रि० (व्रीडित) लज्जित. Ashamed, abashed. से० ११, ५०; पि० ८१.

विडूर. पुं०(विदूर) (१) पर्वत-विशेष. Name of a mountain. (२) देश-विशेष, जहां वैडूर्य रत्न पैदा होता है. A country where diamonds are found. कप्पू०

विडुडुरिल्ल. त्रि० (वैडूर्यवत्) वैडूर्य रत्न वाला. A precious stone. सुपा० ५६.

विढत्त. त्रि० (अर्जित) उपार्जित, पैदा किया हुआ. Procured, secured, earned हे० ४, २५८; गउड० आ० १०; प्रासू० ७४; भवि०

विढत्ति. स्त्री० (अर्जिति) अर्जन, उपार्जन. Getting, acquisition. आ० १२.

विढवण. न० (अर्जन) उपार्जन. Getting, acquisition. सुर० १, २२१.

विढविअ. त्रि० (अर्जित) पैदा किया हुआ. Procured. कुमा० सुपा० २८०; महा०

विढिअ. त्रि० (वेष्टित) लपेटा हुआ. Wrapped up, enveloped. सुपा० ३८ :.

विणइत्त. त्रि० (विनयवत्) विनय वाला, विनय को ही सर्व-प्रधान मानने वाला. Modest. सूयनि० ११८.

विणइय. त्रि० (विनयित) शिक्षित किया हुआ, सिखाया हुआ. Educated, instructed. राज०

विणण. न० (वान) बुनना. Weaving. वृह० १.

विणमिअ. त्रि० (विनमित) नमाया हुआ. Bent. गउड०

विणय. पुं० (विनय) (१) नरकावास विशेष, एक नरक-स्थान. Hell. देवेन्द्र० २६; (२) अपनयन, दूरीकरण, To remove to a distance. (३) शिक्षा, सीख. Instruction, guidance. (४) विनय-युक्त, विनीत. Modest. (५) निभृत, शान्त. Quiet. (६) क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown, cast. (७) जितेन्द्रिय, संयमी. One who has conquered his passions or subdued his senses. हे० १,२४५; (८) पुं० शास्त्रानुसार प्रजा का पालन. To look after the public needs according to the tenets of the Shastras. गउड० ६७.

विणयंधर. पुं० (विनयन्धर) एक सेठ का नाम. Name of a wealthy man. उप० ७२८ टी.

विणयण. न०(विनयन) विनय-शिक्षा, शिक्षण. Education, training. विशे० ३२००.

विणयमंत. त्रि० (विनयवत्) विनय-युक्त. Modest. उप० पृ० १६६.

विणया. स्त्री (विनता) गरुड़ की माता का नाम. Name of the mother of Garuda. गउड०; —तणय. पुं० (तनय) गरुड पक्षी. An epithet of Garuda. से० १४, ६१; सुपा० ३५४,

विणस्सिर. त्रि० (विनश्वर) विनाश-शील, नश्वर. Perishable, transient. दे० १, ६०.

विणायग. पुं० (विनायक) यक्ष, एक देव-जाति. Demi-god. पउम० ३५,२२; (२) गणपति, गणेश. Name of Ganesha. सट्टि० ७८ टी; (३) गरुड़. Name of Garuda. पउम० ७१, ६७; —त्थ. न० (अस्त्र) अस्त्र. विशेष गरुड़ास्त्र. A particular missile. पउम० ७१, ६७.

विणासग. त्रि० (विनाशक) विनाश कर्ता. Destroyer. द्र० १७.

विणिअंसण. न० (विनिदर्शन) खास उदाहरण, विशेष दृष्टान्त. An instance or example. से १२, ६६,

विणिअंसण. त्रि०(विनिवसन) वस्त्र-रहित, नंगा Naked. गा० १२५,

विणिओग. पुं० (विनियोग) उपयोग, ज्ञान. Knowledge विशे० २४३७.

विणिकुट्टिय. त्रि० (विनिकुट्टित) कूट कर बैठाया हुआ. Set after threshing. सुपा० १८८.

विणिक्खंत. त्रि० (विनिष्क्रान्त) (१) बाहर निकला हुआ. Come out. (२) जिसने गृह त्याग किया हो, संन्यस्त. Renounced, relinquished. उप० १४७ टी, कुम० ३६; महा०

विणिक्खमण. न० (विनिष्क्रमण) (१) बाहर निकलना. Going out. (२) संन्यास लेना. To be initiated into asceticism to become an ascetic. पंचा० १८, २१.

विणिग्गम. पुं० (विनिर्गम) निःसरण, बाहर निकलना. Going out. गउड०

विणिज्जंतण. त्रि० (विनियन्त्रण) (१) नियंत्रण रहित. Destitute of restraint. (२) प्रकटित, खुला हुआ. Manifested, plain. (३) निर्व्याज, कपट-रहित. Candid, upright. से० ११, २१.

विणिज्जरण. न० (विनिर्जरण) निर्जरा, विनाश. Destruction, ruin. विशे० ३०७१; संबोध० ५१.

विणिज्जरा. स्त्री० (विनिर्जरा) निर्जरा, विनाश. Destruction, ruin. संबोध० ४६.

विणिज्जिअ. त्रि० (विनिर्जित) पराभूत, जिसका पराभव किया गया हो. Defeated, vanquished. महा० रंभा० नाट-विक्र० ६०.

विणिद्द. त्रि० (विनिद्र) खिला हुआ, विकसित. Full-blown, expanded. पाअ०

विणिद्दलिय. त्रि० (विनिर्दलित) विदारित, तोड़ा हुआ. Broken, cut asunder. सण०

विणिप्फन्न. त्रि० (विनिष्पन्न) संसिद्ध, संपन्न. Fully accomplished, perfected. उप० ३६६.

विणिप्फिडिअ. त्रि० (विनिस्फिटित) विनिर्गत, बाहर निकला हुआ. Projected out. पउम० १०५, २३.

विणिब्भिन्न. त्रि० (विनिर्भिन्न) विदारित. Rent or cut asunder. णमि० १६,

विणिमीलिअ. त्रि० (विनिमीलित) मीचा हुआ, मूँदा हुआ. Shut up, closed. गा० २०.

विणिम्मविअ त्रि० (विनिर्मित) विरचित, बनाया हुआ, कृत. Made. उप० ७२८ टी.

विणिम्माण. न० (विनिर्माण) रचना, कृति. Composition, work. विशे० ३३१२.

विणियट्ट. त्रि० (विनिवृत्त) (१) पीछे हटा हुआ. Receded, retreated. (२) प्रनष्ट. Destroyed, ruined. 'विणियट्टं ति पणट्ठं' चेइय० ३४६,

विणियत्ति. स्त्री० (विनिवृत्ति) निवृत्ति, उपरम. Ceasing, stopping. कुम० १८२; गउड०

विणिरोह. पुं० (विनिरोध) प्रतिबन्ध, रुकावट. Obstruction, impediment, obstacle. भवि०

विणिवडिअ. त्रि० (विनिपतित) नीचे गिरा हुआ. Fallen, dropped. दे० १, १५७.

विणिवाइ. त्रि० (विनिपातिन्) मार गिराने वाला. Falling down, knocking down. गा० ६३०.

विणिवाइय. न० (विनिपातिक) एक तरह का नाटक. A dramatic composition. राज०

विणिवाइय. त्रि० (विनिपातित) मार गिराया हुआ, व्यापादित. Knocked down, thrown down. उप० ६४८ टी; महा० स० ५६; सिक्खा० ८२.

विणिवायण. न० (विनिपातन) मार गिराना. Throwing down, knocking down. पउम० ४, ४८.

विणिवारण. न० (विनिवारण) (१) आवरण, प्रतिषेध. Prohibition, impediment

(२) त्रि० निवारण करने वाला. Preventing, keeping off. पंचा० ७, ३२.

विणिवारि. त्रि० (विनिवारिन्) निवारण-कर्ता. Preventing, warding off. पंचा० ७, ३२.

विणिवारिय. त्रि० (विनिवारित) प्रतिषिद्ध, निवारित. Prohibited, impeded. महा०

विणिवुड्ड. त्रि० (बिनिमग्न) निमग्न, बूड़ा हुआ, तराबोर. Plunged, submerged. गउड० ४६०.

विणिवेइय. त्रि० (विनिवेदित) जनाया हुआ, ज्ञापित. Made known, announced. से० १४, ४०.

विणिवेस. पुं० (विनिवेश) (१) स्थिति, उपवेशन. Sitting. (२) विन्यास, रचना. Arrangement. गउड०

विणिवेसिअ. त्रि० (विनिवेंशित) स्थापित, रखा हुआ. Placed, fixed. गा० ६७४; सुर० ३, ६५.

विणिव्ववण. न० (विनिर्वपन) शान्ति, दाहोपशम. Putting out, extinguishing. गउड०

विणिस्सरिय. त्रि० (विनिःसृत) बाहर निकला हुआ. Projected forth. सण०

विणिस्सह. (विनिस्सह) श्रान्त, थका हुआ. Wearied, fatigued. सुपा०

विणिहिअ. त्रि० (विनिहित) स्थापित. Placed, fixed. गा० ३६१; सुपा० ६२.

विणीअ. त्रि० (विनीत) शिक्षित. Educated, well-trained. 'भद्दो विणीअविणओ' उप० ६.

विणील. त्रि० (बिनील) विशेष हरे रंग का. Dark green. गउड०

विणोइअ. त्रि० (विनोदित) विनोदित किया हुआ. Pleased. सु० ११, २३८; सण०

विणोयक-ग. त्रि० (विनोदक) कुतूहल-जनक. Wonderful. रंभा०

विणोयण. न० (विनोदन) कुतूहल, कौतुक. Wonder. गा० ४८७.

विण्णाणि. त्रि० (विज्ञानिन्) निपुण, विचक्षण. Skillful, proficient, shrewd. कुमा०

विण्णासणा. स्त्री० (विन्यासना) स्थापना. Placing, establishing. उप० ३५४.

विण्हु. पुं० (विष्णु) (१) एक श्रेष्ठी. Name of a wealthy man. उप० १०१४; (२) वासुदेव, नारायण, श्रीकृष्ण. Vasudeo, Narayana. (३) व्यापक. Pervading, comprehensive. (४) वह्नि, अग्नि. Fire. (५) शुद्ध. Pure (६) एक स्मृति-कर्ता मुनि. Name of a law-giver, author of a Smriti. हे० २, ७५.

विण्हुकुमार. पुं० (विष्णुकुमार) एक विख्यात जैन मुनि. Name of a celebrated Jaina saint. राज०

बिण्हुसिरि. स्त्री० (विष्णुश्री) एक सार्थवाह-पत्नी. Wife of a merchant. महा०

वितल. त्रि० (वितल) शबल, चितकबरा. Spotted, variegated. राज०

वित्त. त्रि० (वृत्त) (१) उत्पन्न, संजात. Produced. स० ७३७; महा०; (२) अतीत, गुजरा हुआ. Passed. महा०; (३) दृढ़, मजबूत. Firm. (४) वर्तुल, गोल. Round. (५) अधीत, पठित. Studied; (६) मृत. Dead. हे० १, १२८; (७) संसिद्ध, पूर्ण Completed, finished. सुर० ४, ३६ महा०; —प्पाय. त्रि० (प्राय) पूर्ण-प्राय. Almost complete. सुर० ७, ८४.

वित्तंत. पुं० (वृत्तान्त) समाचार, खबर. News tidings, intelligence. पउम० २३ १८; सुपा० २०४; भवि०

वित्तम. त्रि० (बित्तवत्) धनी. Wealthy द्र० ५.

वित्तास. पुं॰ (वित्रास) भय, त्रास, डर. Fear, alarm, terror. सुपा॰ ४४१.

वित्तासण. न॰ (वित्रासन) भय-प्रदर्शन. Terrifying, alarming. आव॰

वित्तासिअ. त्रि॰ (वित्रासित) डरा कर भगाया हुआ. Frightened, alarmed. सुपा॰ ६५२.

वित्ति. स्त्री॰ (वृत्ति) अन्तःकरण आदि का एक तरह का परिणाम. Inner feelings. हे॰ १, १२८.

वित्ति. पुं॰ (वेत्रिन्) दरवान, प्रतीहारी. Door-keeper, warder. क॰ गं॰ १, ६.

वित्तिअ. त्रि॰ (वित्तिक) वित्त से युक्त, धन वाला, वैभवशाली. Wealthy. नाया॰ १, १ टी.

वित्तेस. पुं॰ (वित्तेश) धनी, श्रीमंत. Wealthy man. उप॰ ७२८ टी.

वित्थ. पुं॰ न॰ (विस्त) सोने का एक तोल. A measure to weigh precious metals & jewels etc. से॰ १, १.

वित्थर. पुं॰ न॰ (विस्तर) शब्द-समूह. A collection of words. गउड॰ ८६.

वित्थरण. त्रि॰ (विस्तरण) (१) फैलाने वाला. Spreading. (२) वृद्धि-जनक. Increasing. कुमा॰

वित्थारग. त्रि॰ (विस्तारक) फैलाने वाला. Spreading. रंभा॰

वित्थारण. न॰ (विस्तारण) फैलाव. Extension, expansion. सम्म॰ १२२; सिरि॰ १२०७.

वित्थारिय. त्रि॰ (विस्तारित) फैलाया हुआ. Spread out, extended. सण॰ दे॰

विथक्क. त्रि॰ (विष्ठित) जो विरोध में खड़ा हुआ हो, विरोधी बना हुआ. Opponent. स॰ ४६७, ६३४.

विथा. अ॰ (वृथा) मुधा, निरर्थक, व्यर्थ. In vain, uselessly. धर्मसं॰ ४११.

विदड्ढ-विदद्ध. त्रि॰ (विदग्ध) (१) पण्डित, विचक्षण. Learned. संक्षि॰ ८; (२) विशेष दग्ध. Burnt up, consumed by fire प्रव॰ १२५; (३) अजीर्ण का एक भेद. A kind of indigestion. राज॰

विदब्भ. पुं॰(विदर्भ)(१) देश-विशेष. Name of a country. 'विदब्भदेसमंडणं' कुप्र॰ ४८; गा॰ ८६; (२) विदर्भ देश की प्राचीन राजधानी. An ancient capital of that country. कुप्र॰ ७०.

विदल. न॰ (विदल) वंश, बांस. Bamboo. सुख॰ १०, १.

विदल. न॰ (द्विदल) (१) चना आदि वह शुष्क धान्य जिसके दो टुकड़े समान होते हैं. Grain e.g. gram. संबोध॰ ४४; (२) त्रि॰ जिसके दो टुकड़े किए गए हों. Divided into two peices. सूयनि॰ ७१.

विदुर. त्रि॰ (विदुर) (१) विचक्षण, विज्ञ. Wise, intelligent. कुमा॰; (२) धीर. Courageous, bold. (३) नागर, नागरिक. Citizen. हे॰ १, १७७.

विदुलतंग. न॰ (विद्युल्लताङ्ग) एक संख्या, हाहाहूहू को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो. A particular number. इक॰

विदुलता. स्त्री॰ (विद्युल्लता) संख्या-विशेष, विद्युल्लतांग को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो. A particular number. इक॰

विदूसग-य. पुं॰ (विदूषक) मसखरा, राजा के साथ रहने वाला मुसाहब. Gester, buffoon, a humorous companion of a king. सार्ध॰ ६५; सम्मत्त॰ ३०.

विदेसि. त्रि॰ (विदेशिन्) परदेशी. Foreign, exotic. सुपा॰ ७२.

विदेसिअ. त्रि०(वैदेशिक) परदेशी. Foreign, exotic. सिरि० ३६४.

विदेहजंबू. स्त्री० (विदेहजम्बू) एक जम्बू वृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बू द्वीप कहलाता है. Name of a Jambu tree. इक०

विदेहदिन्न. पुं०(वैदेहदत्त)(१) भगवान् महावीर. Lord Mahavira. कप्प० ११० टी.

विदेहा. स्त्री०(विदेहा) भगवान् महावीर की माता, त्रिशला. The mother of Lord Mahavira. कप्प० ११ टी; (२) जानकी, सीता. Sita. पउम० ४६, १०.

विदेही. स्त्री० (विदेही) राजा जनक की पत्नी, सीता की माता. Sita's mother. पउम० २६, २.

विद्दड्ढ. पुं० (विदग्ध) एक नरक स्थान. A particular abode of the hell. देवेन्द्र० २७.

ओहुल्ल. त्रि० (१) खिन्न. Depressed ; Afflicted. (२) अवनत, नीचे झुका हुआ. Bent down. भवि०

* * *

क

कइअंक-कइअंकसइ. पुं० निकर, समूह. A collection ; A multitude. दे० २, १३.

कइउल्ल. त्रि० थोड़ा, अल्प. Little ; Scanty. दे० १, २१.

कइल्लबइल्ल. पुं० स्वच्छन्दचारी बैल. An uncontrolled ox दे० २, २५.

कउअ. त्रि० (१) प्रधान, मुख्य. Chief ; Leading ; Prominent. (२) चिन्ह, निशान. A sign ; A mark. दे० २,५६.

कउल. न० करीष, गोइठा का चूर्ण. Dry cow-dung, दे० २, ७.

कउह. न० नित्य, सदा, हमेशां. Daily ; Always. दे० २, ५.

कओहुत्त. क्रि० वि० किस तरफ ? Where. महा०

कंइ. अ० किससे. By whom. विक० १०२.

कंकण. पुं० चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष. A kind of living-being having four senses. उत्त० ३६, १४७.

कंकसी. स्त्री० कंघी, केश सँवारने का उपकरण. A comb. ती० १५.

कंगणी. स्त्री० वल्ली-विशेष. काँगनी. A kind of creeper. पन्न० १.

कंचीरय. न० पुष्प विशेष. A kind of flower वज्जा० १०८.

कंछुल्ली. स्त्री० हार, कण्ठाभरण. A necklace. भवि०

कंटउच्चि. त्रि० कण्टक.-प्रोत. Pierced by thorns ; Full of thorns. दे० २.१७.

कंटाली. स्त्री० बनस्पति विशेष, कण्टकारिका, भटकटैया The Mexican Poppy; A kind of vegetable. दे० २,४.

कंटी. स्त्री० उपकण्ठ, कण्ठिका, पर्वत के नजदीक की भूमि. A ground in the vicinity of a mountain. गउड०

कंठ. पुं० सूकर, सूअर. A boar, A hog (२) मर्यादा, सीमा. Limit ; Boundary. दे० २, ५१.

कंठकुंची. स्त्री० (१) वस्त्र बगैरः के अञ्चल में बंधी हुई गांठ. A knot in the end of a garment. (२) गले में लटकाई हुई लम्बी नाड़ि, ग्रन्थि. दे० २,१८.

कंठदीणार. पुं० छिद्र, विवर. A hole ; A cleft. दे० १,२४.

कंठमल्ल. न० (१) ठठरी, मृत शिबिका. A bier (२) यान-पात्र, वाहन. A vehicle ; Conveyance of any kind. दे० २,२०.

कंठिअ. पुं० चपरासी, प्रतीहार. A peon ; A patwala. दे० २,१५.

कंड. पुं० (१) फेन, कीन. Foam ; Froth. (२) त्रि० दुर्बल. Weak ; Feeble. (३) विपन्न, विपत्ति-ग्रस्त. Afflicted ; Distressed. दे० २, ५१.

कंडपंडवा. स्त्री० यवनिका, परदा. A curtain. दे० २, २५.

कंडूर. पुं० बक, बगुला. A crane. दे० २, ६.

कंतु. पुं० काम, कामदेव. Cupid ; God of love दे० २,१.

कंद. त्रि० (१) दृढ़, मजबूत. Fixed ; Firm ; Strong. (२) मत्त, उन्मत्त. Mad (३) न० आस्तरण, आच्छादन. A cover ; A lid. दे० २,५१.

कंदल. न० कपाल. Forehead. दे० २,४.

कंदी. स्त्री० मूला, कन्द-विशेष. Radish, A kind of bulbous root. दे० २, १.

कंदोट्ट. न० नील कमल. The blue lotus. दे० २, ६ ; प्राप्र० षड्० गा० ६२२ ; उत्तर० ११७; कप्पू० भवि०

कंधार. पुं० स्कन्ध, ग्रीवा का पीछला भाग. A shoulder. उप० पृ० ८६.

कंपड. पुं० पथिक, मुसाफ़िर. A traveller. दे० २, ७.

कंबर. पुं० विज्ञान. Science. दे० २, १३.

कंसार. पुं० कसार, एक प्रकार की मिठाई. A kind of sweet-meat. स० १८७.

कंसारी. स्त्री० त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति. A cricket , A moth. जी० १८.

कक्कस-कक्कसार. पुं० दध्योदन, करम्ब. Boiled. rice mixed with curd. दे० २, १४.

कक्खड. त्रि० पीन; पुष्ट. Stout Fat ; Nourished. दे० २,११ ; कप्प० आया० भवि०

कक्खडंगी. स्त्री० सखी, सहेली. A female friend. दे० २, १६.

कक्खल. पुं० देखो 'कक्कस' शब्द. Vide. 'कक्कस' षड्०

कग्घड. पुं० (१) अपामार्ग, चिरचिरा, लटजीरा. A kind of vegetable. (२) किलाट, दूध की मलाई. Cream of milk. दे० २, ५४.

कग्घायल. पुं० किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई. Cream of milk. दे० २, २२.

कच्चरा. स्त्री० (१) कचरा, कच्चा खरबूजा. An unripe water-melon. (२) कचरे को सुखाकर, तलकर और मसाला डाल कर वनाया हुआ खाद्य विशेष, एक प्रकार का आचार. A kind of pickle. भवि०

कच्चवार. पुं० कतवार, कूड़ा. Dirt ; Refuse. सूक्त० ४४.

कच्छट्टी. स्त्री० कछौटी, लंगोटी, कछनी. The tuck of a dhotar ; A special kind of cloth worn round loins. रंभा० टी.

कच्छुर. पुं० पङ्क, कीच, कर्दम. Mud ; Mire. दे० २, २.

कच्छादम्भ. पुं० रोग-विशेष. A kind of disease. सिरि० ११७.

कच्छुट्टिया. स्त्री० कछौटी, लंगोटी. The tuck of a dhotar. रंभा०

कच्छुरिअ. त्रि० (१) ईर्षित, जिसकी ईर्ष्या की जाय वह. Envied. (२) न० ईर्ष्या. Jealousy ; Envy. दे० २, १६.

कच्छोटी. स्त्री० कछौटी, लँगोटी. The tuck of a dhotar. रंभा० टि०

कज्जउड. पुं० अनर्थ. A calamity ; A misfortune. दे० २, १७.

कज्जव-कज्जवय. पुं० (१) मैला, विष्ठा. Fœces ; Ordure ; Excrement. (२) तृण वग़ैरः का समूह, कूड़ा, कतवार. Dust ; Refuse. दे० २, ११; उप० १७६; ५१३; स० २६४; दे० ६, ५६ ; अणुजो०

कज्झाल. न० सेवाल, एक प्रकार की घास जो जलाशयों में लगती है. Moss ; Weeds growing under water. दे० २, ८.

कट्टर. न० खण्ड, अंश, टुकड़ा. A fragment ; A piece अणुत्त०

कट्टारय. न० छुरिका, छुरी. A knife. दे० २, ४.

कट्टारी. स्त्री० छुरिका, छुरी. A knife. दे० २,४.

कट्टीरग. पुं० कटोरा, प्याला, पात्र विशेष. A cup निसी चू० १.

कट्ठिअ. पुं० चपरासी, प्रतीहार. A peon. दे० २, १५.

कड. त्रि० (१) क्षीण, दुर्बल. Weak ; Feeble. (२) मृत, विनष्ट. Dead ; Deceased. दे० २, ५१.

कडअल्ल. पुं दौवारिक, प्रतीहार. A door-keeper. दे० २, १५.

कडअल्ली. स्त्री० कण्ठ, गला. The throat. दे० २, १५.

कडइअ. पुं० स्थपति, बडई. A carpenter. दे० २, २२.

कडइल्ल. पुं० दौवारिक, प्रतीहार. A door-keeper. दे० २, १५.

कडंत. न० (१) मूली, कन्द विशेष. A kind of bulbous root. (२) मुसल. A pestle. दे० २, ५६.

कडंतर. न० पुराना सूर्प आदि उपकरण. Household furniture दे० २, १६.

कडंतरिअ. त्रि० दारित, विदारित, विनाशित. Destroyed; Ruined. दे० २,२०.

कडंभुअ. न० (१) कुम्भग्रीव नामक पात्र विशेष. A kind of vessel. (२) घड़े का कण्ठ भाग. The upper part of a pot. दे० २, २०.

कडच्छु. स्त्री० कर्छी, चमची, डोई. A small spoon; A ladle. दे० २, ७.

कडतला. स्त्री० लोहे का एक प्रकार का हथियार. A kind of steel weapon. दे० २, १६.

कडत्तरिअ. त्रि० देखो 'कडंतरिअ' शब्द. Vide. 'कडंतरिअ' भवि०

कडद्दरिअ. त्रि० (१) छिन्न, काटा हुआ. Cut; Rent. (२) न० छिद्रता. Vices. षड्०

कडप्प. पुं० वस्त्र का एक भाग. A portion of a garment. दे० २, १३.

कडमड. पुं० न० उद्वेग. Sorrow; Regret. संचि० ४७.

कडसी. स्त्री० श्मशान, मसाण, A burning place; A cemetery. दे० २, ६.

कडा. स्त्री० कडी, सिकली, जंजीर की लड़ी. A chain. सुपा० ४१४.

कडार. न० नालिकेर, नरियर. A cocoanut. दे० २, १८.

कडिअ. त्रि० प्रीणित, खुशी किया हुआ. Pleased; Satisfied. षड्०

कडिखंभ. पुं० (१) कमर पर रखा हुआ हाथ. A hand kept on waist. पाअ० दे० २, १७; (२) कमर में किया हुआ आघात. A blow on the waist दे० २, १७.

कडिभिल्ल. न० शरीर के एक भाग में होने वाला कुष्ट विशेष. Leprosy on a part of a body. बृह० ३.

कडिल्ल. त्रि० (१) छिद्र रहित, निच्छिद्र. Pious; Innocent; Without holes or pores. दे० २, ५२; षड्० (२) न० कटी वस्त्र, कमर में पहनने का वस्त्र, धोती वगैरह. A lower garment. A Dhotar etc. दे० २, ५२; पाअ० षड्० सुपा० १५२; कप्पू० भवि० विशे० २६०८; (३) वन, जंगल, अटवी. A forest; A wood. पउम० २, ४५; वव० २; दे० २,५२; (४) गहन, निबिड़, सान्द्र. Dense; Thick. उप० १०३१ टी. दे० २, ५२; षड्० (५) आशीर्वाद, आसीस. A blessing; A benediction. (६) पुं० दौवारिक, प्रतीहार. A door-keeper. (७) विपक्ष, शत्रु, दुश्मन. An enemy. दे० २,५२; षड् (८) उपकरणविशेष. A kind of implement. दस० ६.

कडुआल. पुं० (१) घण्टा, घण्ट. A large bell. दे० २,५७; (२) छोटी मछली. A small fish. दे० २,५७; पाअ०

कडुयाविय. त्रि० (१) प्रहृत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह. One who is blown. उप० पृ० ६५; (२) व्यथित, पीडित. Afflicted; Pained महा० (३) हराया हुआ, पराभूत. Defeated. (४) विपद् में फँसा हुआ. Entangled in a calamity. भवि०

कड्ढिअ. त्रि० बाहर निकाला हुआ. Excluded from; Driven out of. सिरि० ६८६.

कढिअ. न० कढी. Curry; An Indian soup. पिंड० ६२४.

कढिआ. स्त्री० कढ़ी, भोजन विशेष. Curry; An Indian soup. दे० २,६७.

कणइल्ल. पुं० शुक, तोता. A parrot. दे० २,२१; षड्० पाअ०

कणई. स्त्री० लता, वल्ली. A creeper दे० २,२५; षड्० स० ४१६; पाअ०

कणखल. न० उद्यान विशेष. The name of a garden. सट्ठि० ६ टी०

कणय. पुं० (१) फूलों को इकट्ठा करना, अवचय. Gathering of flowers. (२) बाण, शर. An arrow. पउम० ८,८८; पण्ह० १,१; दे० २,५६; पाअ०

कणयंदी. स्त्री० वृक्ष विशेष, पाउरी, पाढल. A kind of tree. दे० २, ५८.

कणवी. स्त्री० कन्या. A girl. वज्जा० १०८.

कणि. पुं० स्त्री० स्फुरण, स्फूर्ति. Throbbing; Shaking. पाअ०

कणिआरिअ. त्रि० (१) कानी आँख से जो देखा गया हो वह. Seen by a side-glance. (२) न० कानी नजर से देखना. Looking by a side-glance. दे० २,२४.

कणोड्ढिआ. स्त्री० गुञ्जा, घुङ्गची. A kind of tree. दे० २,२१.

कणोवअ. न० गरम किया हुआ जल, तेल वग़ैरः. Warm water, oil etc. दे० २,१६.

कण्णंबाल. न० कान का आभूषण, कुण्डल वगैरः, An ear-ring. दे० २,२३.

कण्णाच्छुरी. स्त्री० गृह-गोधा, छिपकली. A lizard. दे० २,१६.

कण्णस्सरिय. त्रि० (१) कानी नजर से देखा हुआ. Looked with half-shut eyes. (२) न० कानो नजर से देखना. Seeing by half-shut eyes. दे० २,२४.

कण्णाआस. न० कान का आभूषण, कुण्डल वगैरह. An ear-ring. दे० २,२३.

कण्णाइंधण. न० कान का आभूषण. An ear-ring. दे० २,२३.

कण्णास. पुं० पर्यस्त, अन्त भाग. Skirt; Edge; Border. दे० २,१४.

कण्णोच्छडिआ. स्त्री० दूसैरे की बात गुपचुप सुनने वाली स्त्री. A woman hearing another's secrets. दे० २,२२.

कण्णोल्ली. स्त्री० (१) चन्चु, चोंच, पक्षी का ठोंठ. A beak; A bill. (२) अवतंस, शेखर, भूषण विशेष. A kind of ornament worn on the head. दे० २,५७.

कतवार. पुं० कतवार, कूड़ा. Dirt; Refuse. दे० २,११.

कत्त. न० स्त्री. A wife. षड्०

कत्तर. पुं० कतवार, कूड़ा. Dirt; Refuse. सुपा० २३७.

कत्ता. स्त्री० अन्धिका द्यूत की कपर्दिका कौड़ी. A small shell or cowrie. दे० २, १.

कत्तिववियः त्रि० कृत्रिम, दिखाऊ. Unnatural; Artificial; Fictitious. सूय० १, ४.

कथ. त्रि० (१) मृत. Dead; Deceased (२) क्षीण, दुर्बल. Weak; Feeble. षड्०

कदुइया. स्त्री० वल्ली-विशेष, कद्दु, लौकी A kind of creeper. पन्न० १.

कद्दमिअ. पुं० महिष, भैंसा. A buffalo. दे० २, १५.

कन्नारिय. त्रि० विभूषित, अलंकृत. Decorated; Ornamented. भवि०

कन्नोली. स्त्री० 'कण्णोल्ली' देखो 'कण्णोल्ली'

शब्द Vide. 'कएणोल्ली' पाअ०

कप्परिअ. त्रि० दारित, चीरा हुआ. Torn; Split; Rent. दे० २, २०; वज्जा० ३४; भवि०

कप्फाड. पुं० गुफा, गुहा. A cave; A cavern. पाअ०

कव्वाडभयय. पुं० ठेके पर जमीन खोदने का काम करने वाला मजदूर. A labourer who digs ground by contract. ठा० ४, १.

कमढ. पुं० (१) दही की कलशी. A jar of curds. (२) पिठर, स्थाली. An earthen pot or pan. (३) बलदेव. Baladeo. (४) मुख, मुँह. The mouth. दे० २, ५५.

कमणी. स्त्री० निःश्रेणी, सीढ़ी. A staircase; A ladder. दे० २, ८.

कमल. पुं० (१) पिठर, स्थाली. An earthen pot or pan. (२) पटह, ढोल. A drum; A tabor. दे० २, ५४; (३) मुख, मुँह. The mouth. दे० २, ५४; षड्० (४) कलह, झगड़ा. A quarrel; A strife. षड्०

कमला. स्त्री० हरिणी, मृगी. A female deer; A doe. पाअ०

कमिअ. त्रि० उपसर्पित, पास आया हुआ. Approached; Came near. दे० २, ३.

कम्मंत. पुं० (१) कर्म-बन्धन का कारण. A cause of Karmic bondage. आया० सूय० २, २; (२) कर्म-स्थान, कारखाना. A manufactory; A workshop. दे० २, ५२.

कम्मवण. न० उपभोग, काम में लाना. Enjoyment; Use; Application. कुमा०

कम्हिअ. पुं० माली, मालाकार. A gardener. दे० २, ८.

कयल. न० अलिञ्जर, पानी भरने का बड़ा गगरा. A water jar. दे० २, ४.

कयवर. पुं० विष्टा. Foeces; Ordure आव० १.

कयसेहर. पुं० कुकड़ा, मुर्गा. A cock. वज्जा० ७२.

करअडी-री. स्त्री० स्थूल वस्त्र, मोटा कपड़ा. A coarse cloth. दे० २, १६.

करइल्ली. स्त्री० शुष्क वृक्ष, सूखा पेड़. A dry tree. दे० २, १७.

करंक. पुं० (१) भिक्षा-पात्र. A begging bowl. दे० २, ५५; गउड० (२) अशोक वृक्ष. Name of a tree having red flowers. दे० २, ५५.

करंज. पुं० शुष्क त्वक्, सूखी त्वचा. Dry skin. दे० २, ८.

करकड. त्रि० कठिन, परुष. Hard; Rough; Stiff. उवा०

करकडी. स्त्री० चिथड़ा, निन्दनीय वस्त्र विशेष, जो प्राचीन काल में वध्य पुरुष को पहनाया जाता था. A kind of garment. विवा० १, २.

करघायल. पुं० किलाट, दूध की मलाई. Cream of milk. दे० २, २२.

करच्छोडिया. स्त्री० ताली, ताल. Clapping of hands. सुख० २, १५.

करट्ट. पुं० अपवित्र अन्न को खाने वाला ब्राह्मण. A Brahman eating unholy corns. मृच्छ० २०७.

करड. पुं० (१) व्याघ्र, शेर. A tiger. (२) त्रि० कवरा, चितकबरा. Variegated; Spotted. दे० २, ५५.

करडा. स्त्री० (१) एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष. A kind of tree. (२) पक्षि-विशेष. A kind of bird. (३) भ्रमर, भमरा.

A wasp; A black bee. (४) वाद्य-विशेष. A kind of musical instrument. दे० २, ५५.

करणि. स्त्री० (१) रूप, आकार. A form; A shape. दे० २,७; सुपा० १०५; ४७५; पाअ० (२) सादृश्य, समानता. Similarity; Likeness. अणुजो० (३) अनुकरण, नकल. Imitation. (४) स्वीकार, अंगीकार. Acceptance. उप० पृ० ३८५; (५) क्रिया, कर्म. Work; Action. अणुजो० १३७.

करणिल्ल. त्रि० समान, सदृश. Similar; Like. स० ३१२.

करम. त्रि० क्षीण, दुर्बल. Weak; Feeble. दे० २,६; षड्०

करमरी. स्त्री० हठ-हृत स्त्री, बाँदी. A woman carried by force. दे० २, १५; षड्० गा० ५२७; पाअ०

करयंदी. स्त्री० मल्लिका, वेला का गाछ. A kind of jasmine. दे० २, १८.

करविया. स्त्री० पान-पात्र विशेष. A betel-leaf box. सुपा० ४८८.

करसी. स्त्री० देखो 'कडसी' शब्द. Vide. 'कडसी' हे० २, १७४.

कराइणी. स्त्री० शाल्मली वृत्त, सेमल का पेड़. The silk-cotton tree. दे० २, १८.

कराली. स्त्री० दतवन, दाँत शुद्ध करने का काष्ठ. A tooth-brush. दे० २, १२.

करिआ. स्त्री० मदिरापरोसने का पात्र. A vessel for serving liquor. दे० २, १४.

करिमरी. स्त्री० देखो 'करमरी' शब्द. Vide. 'करमरी' गा० ५४; ५५.

करिल्ल. न० (१) करैला, तरकारी विशेष. A kind of vegetable of a bitter taste. विशे० २६३; (२) पुं० करीर वृत्त, करील. Name of a tree.

करेडु. पुं० गिरगिट, सरट. A lizard दे० २, ५.

करोड. पुं० (१) नालिकेर, नलिएरं. A cocoanut tree. (२) काक, कौआ. A crow. (३) वृषभ, बैल. A bull. दे० २, ५४.

करोडी. स्त्री० (१) एक प्रकार की चींटी, क्षुद्र-जन्तु-विशेष. A kind of ant. दे० २, ३. (२) मुरदा, शव. A dead body; A corpse. कुप्र० १०२.

कलंक. पुं० (१) वाँस, बंश. A bamboo. दे० २. ८; (२) बाँस की बनाई हुई वाड़. A hedge made of bamboos. नाया० १, १८.

कलंकवई. स्त्री० वृति, वाड़, काँटे आदि से परिच्छन्नस्थान-परिधि. A fence of thorns. दे० २, २४.

कलंवु. स्त्री० वल्ली-विशेष, नालिका. A kind of creeper. दे० २, ३.

कलम. पुं० चोर, तस्कर. A thief. दे० २, १०; पाअ० आया०

कलमल. पुं० न० (१) मदन-वेदन. Pangs or torments of love. संक्षि० ४७; (२) कँपन, थरथराहट. Trembling मन० ३३.

कलय. पुं० (१) अर्जुन वृत्त. Name of a tree. (२) सोनार, सुवर्णकार. A goldsmith. दे० २, ५४.

कलयंदि. त्रि० (१) प्रसिद्ध, विख्यात. Renowned; Celebrated; Famous (२) स्त्री० वृत्त विशेष, पाढल. A kind of tree. दे० २, ५८.

कलयज्जल. न० ओष्ठ-लेप, होठ पर लगाया जाता लेप-विशेष. A kind of lip paint. भवि०

कलबू. स्त्री० तुम्बी-पात्र. A gourd vessel. दे० २१२, षड्०

कलह. न० तलवार की म्यान. A scabbard; A sheath. दे० २,५; पाअ०

कलि. पुं० शत्रु, दुश्मन. An enemy; A foe. दे० २,२.

कलिअ. पुं० (१) नकुल, न्यौला, नेवला. A weasel; A mongoose.
(२) गर्वित, गर्व-युक्त. Arrogant; Proud. दे० २, ५६.

कलिआ. स्त्री० सखी, सहेली. A female friend. दे० २, ५६.

कलिंज. न० छोटी लकड़ी. A small stick. दे० २, ११.

कलिम. न० कमल, पद्म. A lotus. दे० २, ६.

कलेर. पुं० (१) कंकाल, अस्थि-पञ्जर. A skeleton. (२) त्रि० कराल, भयानक. Frightful; Terrible. दे० २, ५३.

कल्लविअ. त्रि० (१) तीमित, आर्द्रित. Watered; Wetted. (२) विस्तारित, फैलाया हुआ. Spread out; Expanded दे० २, १८.

कल्ला. स्त्री० मद्य, दारू. Liquor; Wine. दे० २, २.

कल्लेउय. पुं० न० कलेवा, प्रातराश. A breakfast. ओघ० ४६४ टी.

कल्लोडय. पुं० दमनीय बैल, सांड़. A bull. आया० २, ४, २.

कल्लोडिआ. स्त्री० वत्सतरी, बछिया. A heifer. नाट०

कल्लोल. त्रि० शत्रु, दुश्मन. An enemy; A foe. दे० २, २.

कल्होड. पुं० वत्सतर, बछड़ा. A weaned calf; A slur. दे० २, ६.

कल्होडी. स्त्री० वत्सतरी, बछीया. A heifer. दे० २, ६.

कवय. न० वनस्पति विशेष, भूमिच्छत्र. A kind of vegetable. दे० २, ३.

कवल्लिआ. स्त्री० ज्ञान का एक उपकरण. A means for knowledge. आप० ८.

कवास. पुं० एक प्रकार का जूता, अर्ध जंघा. A kind of shoe. दे० २, ५.

कविड. न० घर का पीछला आंगन. The back court of a house. दे०२,६.

कविल. पुं० श्वान, कुत्ता. A dog. दे० २, ६; पाअ०

कविलडोला. स्त्री० क्षुद्र जन्तु विशेष. A kind of living being. जी० १८.

कविल्लुय. न० पात्र विशेष, कड़ाही. A large pan. बृह० ५.

कविस. न० दारू, मद्य, मदिरा. Liquor. दे० २, २.

कविसा. स्त्री० अर्धजंघा, एक प्रकार का जूता. A kind of shoe. दे० २, ५.

कव्व. न० क्रव्य, मांस. Meat; Flesh सुर० ३, ५३.

कव्वट्ठ. पुं० बालक, बच्चा. A baby; A child. गच्छ० ३, १६.

कव्वाड. पुं० दक्षिण हस्त, दाहिना हाथ The right hand. दे० २, १०.

कव्वाडिअ. त्रि० कावर उठाने वाला, बहंगी से माल ढोने वाला. A bearer of Kavad. कुप्र० १२१.

कव्वाल. न० (१) कर्म-स्थान, कार्यालय. A place of business; An office. (२) गृह, घर. A house; A dwelling. दे० २, ५२.

कसई. स्त्री० फल विशेष, अरण्यचारी वनस्पति का फल. A kind of fruit. दे० २, ६.

कसणसिअ. पुं० बलभद्र, वासुदेव का बड़ा भाई. Balabhadr, elder brother of Vasudeo. दे० २, २३.

कसर. पुं॰ अधम बैल. A vile ox. दे॰ २, ४; गा॰ ७६५; पुप्फ॰ ६३.

कसरक्क. पुं॰ न॰ चर्वण–शब्द, खाते समय जो शब्द होता है वह. The sound of chewing. (२) कुड्मल. An opening bud. वज्जा॰ ४६.

कसव्व. न॰ (१) बाष्प, भाफ. Vapour; Steam. (२) त्रि॰ अल्प, स्तोक. Little (३) प्रचुर, व्याप्त. Filled with; Full of. दे॰ २, ५३; (४) आर्द्र, गीला. Wet. स॰ ४३७; दे॰ २, ५३; (५) कर्कश, परुष. Harsh; Severe. गउड॰

कसिआ. स्त्री॰ फल विशेष, अरण्यचारी नामक वनस्पति का फल. A kind of fruit. दे॰ २, ६.

कसोति. स्त्री॰ खाद्य-विशेष. A kind of eatable. सू॰ प॰ १०, १७.

कस्स. पुं॰ पंक, कर्दम, कादा. Mud; Mire. दे॰ २, २.

कस्सय. न॰ प्राभृत, उपहार, भेंट. A present; A reward. दे॰ २, १२.

कहल्ल. पुं॰ न॰ कर्पर, खप्पर. The skull. अंत॰ १२.

कहेड. त्रि॰तरुण, जुवान. Young; Juvenile. दे॰ २, १३.

काइणी. स्त्री॰ गुञ्जा, लाल, रत्ती. A berry of a small shrub. It is used as a weight. दे॰ २, २१.

काउल्ल. पुं॰ बक, बगुला. An Indian crane. दे॰ २, ६.

कागणि. स्त्री॰ मांस का छोटा टुकड़ा. A small fragment of flesh. ओव॰

काण. त्रि॰ (१) सच्छिद्र, काना. Having holes. आया॰ २, १, ८; (२) चुराया हुआ. Stolen.

क्रय. पुं॰ क्रय चुराई हुई चीज को खरीदना. Buying stolen objects. सुपा॰ ३४३; ३४४.

काणच्छि-काणच्छिया. स्त्री॰ टेढ़ी नजर से देखना, कटाक्ष. A side long-glance: A leer दे॰ २, २४; भवि॰ आवम॰

काणत्थेव. पुं॰ विरल जल वृष्टि, बुन्द बुन्द बरसना. Slight raining. Drizzling. दे॰ २, २६.

काणद्धी. स्त्री॰ परिहास. Joking; Jesting. दे॰ २,२८.

काणिक्का. स्त्री॰ बड़ी ईंट. A large brick. बृह॰ ३.

कामकिसोर. पुं॰ गर्दभ, गधा. A donkey; An ass. दे॰ २,३०.

कामिंजुल. पुं॰ पक्षि विशेष. A kind of bird. दे॰ २,२६.

काय. पुं॰ (१) लक्ष्य, वेध्य, निशाना. Point to be aimed at; Aim. (२) उपमान, जिस पदार्थ की उपमा दी जाय वह. (In Nyaya) Analogy; Recognition of likeness. दे॰ २,२६.

कायंचुल. पुं॰ कामिञ्जुल, जल-पक्षी-विशेष. A kind of wading bird. दे॰ २,२६.

कायंदी. स्त्री॰ परिहास, उपहास. Ridicule; Derision. दे॰ २,२८.

कायंधुअ. पुं॰ कामिञ्जुल, जल-पक्षी विशेष. A kind of bird living in water. दे॰ २,२६.

कायपिउच्छा–कायपिउला. स्त्री॰ कोकिला, कोयल, पिकी. A cuckoo. दे॰ २,३०; षड्॰

कायर. त्रि॰ प्रिय, स्नेह-पात्र. Dear; Beloved. दे॰ २,५८.

कायल. पुं॰ (१) काक, कौआ. A crow. दे॰ २,५८; पाअ॰ (२) त्रि॰ प्रिय, स्नेह-पात्र. Beloved: Dear. दे॰ २,५८.

कार. त्रि० कटु, कड़वा, तीता. Pungent; Acrid दे० २,२६.

कारंकड. त्रि० परुष, कठिन. Harsh; Severe. दे० २,३०.

कारा. स्त्री० लेखा, रेखा. A line; A streak. दे० २,३६.

कारायणी. स्त्री० शाल्मली का वृत्त, सेमल का पेड़. The silk-cotton tree. दे० २,१८.

कारिम. त्रि० कृत्रिम, बनावटी, नकली. Artificial; Fabricated. दे० २,२७; गा० ४५७; षड्० उप० ७२८ टी; स० ११६; प्रासू० २०.

कारिल्ली. स्त्री० वल्ली विशेष, करैला का गाछ. A kind of creeper. सूक्त० ६१.

कारु. पुं० कारु, कारीगर, शिल्पी. An artisan; A mechanic. पाअ० प्रासू० ८०.

काल. न० तमिस्र, अन्धकार. Darkness. दे० २,२६; षड्०

कालक्खरिअ. त्रि० (१) उपालब्ध, निर्भर्त्सित. Rebuked; Reproached. (२) निर्वासित. Banished; Exiled. सुपा० ३८८; ४८८.

कालय. त्रि० धूर्त. ठग. A rogue; A cheat. दे० २,२८.

कालवट्ठ. न० धनुष. A bow. दे० २,२८.

कालिआ. स्त्री० (१) शरीर, देह. A body. (२) कालान्तर. A period of time. (३) मेघ, बारिस. Raining. दे० २,५८; (४) मेघ-समूह, बादल. A cloud. पाअ०

कालिंजण. न० तापिच्छ, श्याम तमाल का पेड़. A kind of tree. दे० २,२६.

कालिंजणी. स्त्री० देखो 'कालिंजण' शब्द. Vide. 'कालिंजण' दे० २,२६.

कालिंब. पुं० (१) शरीर, देह. A body. (२) मेघ, बारिस. Raining. दे० २,५६.

कालुय. पुं० अश्व की एक उत्तम जाति. A noble species of a horse. सम्मत्त० २१६.

कालेज्ज. न० तापिच्छ, श्याम तमाल का पेड़. A kind of tree. दे० २,२६.

काव-कावड. पुं० कावर, बहङ्गी, बोझ ढ़ोने के लिए तराजू नुमाँ एक वस्तु. A Kavad. जीव० ३; पउम० ७५,५२.

कावडि-कावोडि. स्त्री० कावर. A Kavad. कुप्र० १२१; २४४; दस० ४,१ टी.

कावडिअ. पुं० कावर से भार ढोने वाला. A bearer of the Kavad. A bearer of loads on a pole पउम० ७५,५२.

कावलिअ. त्रि० असहन, असहिष्णु. Unable to bear or endure दे० २,२८.

कावी. स्त्री० नीलवर्ण वाली, हरे रंग की चीज. A green coloured thing. दे० २,२६.

कासार. न० धातु विशेष, सीसपत्रक. A kind of metal. दे० २,२७.

कासिअ. न० (१) सूक्ष्म वस्त्र, बारीक कपड़ा. Fine garment. (२) सफेद वस्त्र. White cloth. दे० २,५६.

कासिज्ज. न० काकस्थल नामक देश. A country called Kakasthala. दे० २,२७.

काहल. त्रि० (१) मृदु, कोमल. Delicate; Tender. (२) ठग, धूर्त. A cheat; A rogue. दे० २,५८.

काहली. स्त्री० तरुणी, युवति. A young or youthful woman. दे० २,२६.

काहल्ली. स्त्री० (१) खर्च करने का धान्यादि. Corn etc. to be used. (२) तवा, जिस पर पूरी वगैरः पकाया जाता है. A pan to make cakes on. दे० २,५६.

काहिल. पुं० गोपाल, ग्वाला. A cowherd

दे० २,२८.

काहिल्लिआ. स्त्री० तवा, जिस पर पूरी आदि पकाया जाता है. A pan to make cakes on. पाअ०

काहेणु. स्त्री० गुञ्जा, लाल, रत्ती. Small black and red or white berry weighing $2\frac{1}{5}$ grains. दे० २,२१.

किंकिअ. त्रि० सफेद, श्वेत. White. दे० २,३१.

किजक्ख. पुं० शिरीष वृक्ष. सिरस का पेड़. A kind of tree दे० २,३१.

किंधर. पुं० छोटी मछली. A small fish. दे० २,३२.

किंपच. त्रि० कृपण, कंजूस. Miserly: Stingy. दे० २, ३१.

किंवोड. त्रि० स्खलित, गिरा हुआ. भूला हुआ. Slipped: Fallen. दे० २, ३१.

किंकिंडि. पुं० सर्प, साँप. A serpent; A snake. दे० २, ३२.

किडिया स्त्री० खिड़की, छोटा द्वार. A small door. स० ४८३.

किढि. त्रि० संभोग के लिए जिस को एकान्त स्थान में लाया जाय वह. A person brought to a solitary place for sexual intercourse. वव० ३; (२) स्थविर, वृद्ध. Old; Aged. बृह० १.

किणइअ. त्रि० शोभित, विभूषित. Adorned; Decorated. पउम० ६२, ६.

किणण. त्रि० शोभमान, राजमान. Beautiful; Elegant दे० २,३०.

किणह. न० (१) बारीक कपड़ा. Fine cloth (२) सफेद कपड़ा. White cloth. दे० २, ४६.

किणहग. पुं० वर्षाकाल में घड़ा आदि में होती एक तरह की काई. Moss growing in a pot during the rainy season. जीवस० ३६.

किपाड. त्रि० स्खलित, गिरा हुआ. Slipped: Fallen. षड्०

किमिअरवसण. न० कौशेय वस्त्र. A kind of cloth. षड्०

किमिहरवसण. न० कौशेय वस्त्र. A kind of cloth. दे० २, ३३.

किम्मिय. न० जड़ता, जाड्य. Dullness of intellect; Folly; Stupidity. राज०

कियाडिया. स्त्री० कानवुट्टी, कान का उपरि भाग. The upper part of the ear. वव० १.

किर. पुं० सूकर, सूअर. A boar; A hog. दे० २, ३०; षड्०

किरिइरिआ-किरिकिरिआ. स्त्री० (१) कर्णोपकर्णिका, एक कान से दूसरे कान गई हुई बात, गप. Rumour (lit. from ear to ear) whisper. (२) कुतूहल, कौतुक. What excites curiosity, दे० २, ६१.

किलणी. स्त्री० रथ्या, गली. A street; A lane. दे० २, ३१.

किलिंचिअ. न० छोटी लकड़ी, लकड़ी का टुकड़ा. A small stick. गा० ८०.

किलिकिंचिअ. न० रमण, क्रीड़ा, संभोग. Coition; Sexual inter-course. कुमा०

किलिम्मिअ. त्रि० कथित, उक्त. Said; Told. दे० २, ३२.

किविड. न० खलिहान, अन्न साफ करने का स्थान. A barn-yard; A thrashing floor. (२) त्रि० खलिहान में जो हुआ हो वह. What done in the thrashing floor. दे २, ६०.

किविडी. स्त्री० (१) किवाड़, पार्श्वद्वार. A door. (२) घर का पिछला आंगन. The back court of a house. दे० २, ६०.

कीर. पुं० शुक, तोता. A parrot. दे० २, २१; उर० १, १४.

कील. त्रि० स्तोक, अल्प, थोड़ा. A little; Not much. दे० २,२१.

कीलणिआ–कीलणी. स्त्री० रथ्या, गली. A street; A lane. दे० २, ३१.

कीला. स्त्री० नव-वधू, दुलहिन. A bride; A newly married woman: A young woman. दे० २, २३.

कुइमाण. त्रि० म्लान, शुष्क. Faded; Withered. दे० २, ४०.

कुउआ. स्त्री० तुम्बी-पात्र, तुम्बा. A small toomba: A hollowed gourd. दे० २, १२.

कुऊल. न० (१) नीवी, नारा, इजारबन्द. A cotton cord to tie the lower garment of woman; (२) पहने हुए कपड़े का प्रांत भाग, अञ्चल. A border or end of a hood. दे० २, ३८.

कुंकण. न० कोकनद, रक्त कमल. A red lotus. पन्न० १.

कुंचल. न० मुकुल, कलि, बौर. A bud. दे० २, ३६; पाअ०

कुंटलविंटल. न० (१) मंत्र-तंत्रादि का प्रयोग, पाखण्डविशेष. Application of magic; Magical rites. आवम०

(२) मंत्र-तंत्रादि से आजीविका चलाने वाला. One who lives on mantras or magic. आक०

कुंटार. त्रि० म्लान, सूखा, मलिन. Faded; Withered. दे० २, ४०.

कुंटि. स्त्री० (१) गठरी, गांठ. A bundle. दे० २, ३४; (२) शस्त्र विशेष, एक प्रकार का औज़ार. A kind of tool. सुपा० ५२६.

कुंठी. स्त्री० सांड़सी, चीमटा. A kind of pincers or tongs. वज्जा० ११४.

कुंडभी. स्त्री० छोटी पताका. A small flag. आवम०

कुंडिअ. पुं० ग्राम का अधिपति, गांव का मुखिया. The leading man of a village दे० २, ३७.

कुंडीअपेसण. न० बाह्मण-विष्टि, ब्राह्मण की नौकरी, ब्राह्मण की सेवा. Service of a Brahman. दे० २, ४३.

कुंढय. न० (१) चुल्ली, चुल्हा. A stove. (२) छोटा बरतन. A small vessel. दे० २, ६३.

कुंत. पुं० शुक, तोता. A parrot. दे० २, २१.

कुंतल. पुं० सातवाहन, नृप-विशेष. Name of a king. दे० २, ३६.

कुंतली. स्त्री० करोटिका, परोसने का एक उपकरण. A vessel for serving meals दे० २, ३८.

कुंती. स्त्री० मञ्जरी, बौर. A bud. दे० २, ३४.

कुंतीपोट्टलय. त्रि० चतुष्कोण, चार कोण वाला. Square; Quadrangular. दे० २,४३.

कुंदय. त्रि० कृश, दुर्बल. Weak; Feeble दे० २,३७.

कुंदीर. न० बिम्बीफल, कुन्दरुन का फल. A fruit of a particular tree. दे० २,३६.

कुंदुल्लुअ. पुं० उल्लुक, उल्लू. An owl. पाअ०

कुंधर. पुं० छोटी मछली. A small fish. दे० २,३२.

कुंवर. पुं० छोटी मछली. A small fish पाअ०

कुंभिणी. स्त्री० जल का गर्त. A pit of water. दे० २,३८.

कुंभिल्ल. पुं० (१) चोर, स्तेन. A thief. दे० २,६२; विक० ४६; (२) पिशुन, दुर्जन. A wicked man. दे० २,६२; (३) त्रि० खोदने योग्य. To be dug. दे० २,३६.

कुंभी. स्त्री० केश-रचना, केश-संयम. Dressing or arranging the hair. दे० २,३४.

कुकुला. स्त्री० नवोढ़ा, दुलहिन. A newly-married woman; A bride. दे० २,३३.

कुक्क. पुं० कुत्ता, कुक्कुर. A dog. मृच्छ० ३६.

कुक्कयय. न० आभरण विशेष. A kind of ornament. सूय० १,४,२,७.

कुक्की. स्त्री० कुत्ती, कुकुरी. A bitch. मृच्छ० ३६.

कुक्कुड. त्रि० मत्त, उन्मत्त. Mad. दे०२, ३७.

कुक्कुरुड. पुं० निकर, समूह. A collection; A multitude. दे० २,१३.

कुक्कुहाइअ. न० चलते समय का अश्व का शब्द विशेष. A kind of sound produced by the body of a horse while going or running. तंदु० ४३.

कुच्छिल्ल. न० (१) बाड का छिद्र. An opening in a hedge. दे० २,२४; (२) छिद्र, विवर. A hole. पाअ०

कुट्ट. पुं० न० (१) कोट, किला. A fort; A castle. सुपा० ४०३; (२) नगर, शहर. A city. सुर० १४,८१.

कुट्टयरी. स्त्री० चंडी, पार्वती. Parvati; Goddess Durga. दे० २,३५.

कुट्टवाल. पुं० कोतवाल, नगररक्षक. A police-magistrate. सुर० १५,८१.

कुट्टा. स्त्री० गौरी, पार्वती. Gauri; Parvati. दे० २,३५.

कुट्टाय. पुं० चर्मकार, मोची. A shoe maker. दे० २,३७.

कुडय. न० लतागृह, लता से आच्छादित घर, कुटीर. A bower surrounded with creepers; An arbour. दे० २,३७.

कुडिअ. त्रि० कुब्ज, वामन. Dwarfish: Hump-backed. पाअ०

कुडिआ. स्त्री० बाड़ का विवर. An opening of a hedge. दे० २,२४.

कुडिच्छ. न० (१) बाड़ का छिद्र. An opening of a hedge. (२) कुटी, झोंपड़ा. A cottage: A hut. (३) त्रि० त्रुटित, छिन्न. Cut: Broken; Rent. दे० २,३४.

कुडिल्ल. न० (१) छिद्र, विवर. A hole. पाअ० (२) त्रि० कुब्ज, कूबड़ा. Dwarfish; Hump-backed पाअ०

कुडीर. न० बाड का छिद्र. An opening of a hedge. दे० २,२४.

कुडुंग. पुं० लतागृह, लताओं से ढका हुआ घर. A bower surrounded with creepers: An arbour. पड्० गा० १७५:२३२.

कुडुंवीअ. न० सुरत, संभोग, मैंथुन. Sexual inter-course; Coition पड्०

कुडुंभग. पुं० जल-मण्डूक, पानी का मेंढक A frog. निसी० चू० १.

कुडुक. पुं० लतागृह. An arbour. पड्०

कुडुच्चिय. न० सुरत, संभोग, मैथुन. Sexual inter-course; Copulation. दे० २,४१.

कुड्ड. न० आश्चर्य, कौतुक, कुतूहल. What excites curiosity. दे० २, ३३; पाअ० पड्० है० २, १७४.

कुड्डगिलोई. स्त्री० गृह-गोधा, छिपकली. A kind of animal दे० २, १६.

कुड्डाल. न. हलका ऊपला विस्तृत अंश. A particular part of a plough. उवा०

कुढ. पुं० न० (१) चुरायी हुई वस्तु की खोज में जाना. Searching for stolen things दे० २, ६२; सुपा० ५०३. (२) छीनी हुई चीज को छुड़ाने वाला, वापिस लेने वाला. One who brings back the stolen things. दे० २, ६२.

कुढावय. न० अनुगमन, पीछे जाना. Following. बिशे० १४३६ टी.

कुढिय. त्रि० जिसके माल की चोरी हो गई हो वह. One whose property is stolen. सुख० २, २१; (२) कूढ, मूर्ख, वेसमझ. Foolish ; Stupid. सुर० ३,१४२.

कुणिआ. स्त्री० वृति-विवर, बाड़ का छिद्र. An opening of a hedge. दे० २, २४.

कुतत्ती. स्त्री० मनोरथ, वान्छा. A wish ; A desire. दे० २, ३६.

कुत्त. पुं० (१) कुत्ता, कुकुर. A dog. रंभा० (२) न० ठेका, इजारा. A contract ; Monopoly. विवा० १,१.

कुत्तिय. पुं० स्त्री० एक जात का कीड़ा, चतुरिन्द्रिय जन्तु विशेष. A living being having four senses. आप० १७; पभा० ४१.

कुत्ती. स्त्री० कुत्ती, कुकुरी. A bitch. रंभा०

कुत्थर. न० (१) विज्ञान. Science ; Knowledge. दे० २,१३; (२) कोटर, वृक्ष की पोल. The hollow of a tree. सुपा० २४६; (३) सर्प वगैरः का बिल. The hole of a serpent etc. उप० ३५७ टी.

कुत्थुहवत्थ. न० नीवी, नारा, इजारबन्द. A cotton cord tied to a woman's lower garment. दे० २,३८.

कुद्द. त्रि० प्रभूत, प्रचुर. Much ; Abundant. दे० २,३४.

कुद्दण. पुं० रासक, रासा. A rope. दे० २,३८.

कुप्पढ. पुं० (१) गृहाचार, घर का रिवाज. Household custom or usage. (२) समुदाचार, सदाचार. Proper practice or usage. दे० २,३६.

कुप्पर. न० (१) सदाचार. Good morals or conduct. (२) नर्म, हांसी, ठट्ठा. A joke ; Jesting. दे० २,६४.

कुब्बड. त्रि० कूबड़, कुब्ज, वामन. Dwarfish ; Hump-backed. आ० २७.

कुमार. पुं० कुँआर का महीना, आश्विन मास.. The month Asvina. ग० २,१.

कुमारी. स्त्री० गौरी, पार्वती. Gauri, ; Parvati. दे० २,३५.

कुमुली. स्त्री० चुल्ली, चुल्हा. A stove ; A hearth. दे० २,३६.

कुम्मण. त्रि० म्लान, शुष्क. Faded ; Withered. दे० २,४०.

कुरुकुरिअ. न० रणरणक, औत्सुक्य. Ardent desire ; Eagerness. दे० २,४२.

कुरुचिल्ल. पुं० (१) जल-जन्तु विशेष, कुलीर. Living beings of water. (२) न० ग्रहण, उपादान. Taking ; Accepting. दे०,२,४१.

कुरुच्च. त्रि० अनिष्ट, अप्रिय. Unfavourable ; Disagreeable. दे० २,३६.

कुरुड. त्रि० (१) निर्दय, निष्ठुर. Cruel ; Merciless. दे० २,६३; भवि० (२) निपुण, चतुर. Clever ; Skilful. दे० २,६३; भवि०

कुरुण. न० राजा का या दूसरे का धन. Wealth of a king or another. राज०

कुरुल. पुं० (१) कुटिल केश, बक्र बाल. Crooked hair. दे० २,६३; भवि० (२) त्रि० निर्दय. Cruel ; Merciless. (३) चतुर, निपुण. Skilful ; Dexterons. दे० २,६३.

कुरुलिअ. न० वायस का शब्द, कौए की आवाज़. Cawing. भवि०

कुरुविल्लज. पुं० देखो 'कुरुचिल्ल' शब्द. Vide. 'कुरुचिल्ल' पाअ०

कुलफंसण. पुं० कुल-कलंक, कुलका दाग, कुल को अपकीर्ति. Disgrace of a family. दे० २,४२; भवि०

कुलसंतइ. स्त्री० चुल्ली, चुल्हा. A stove ; A hearth. दे० २,३६.

कुलुक्किय. त्रि० जला हुआ. Burnt. भवि०

कुल्ल. पुं० (१) ग्रीवा, कंठ. The neck. (२) असमर्थ, अशक्त. Unable ; Weak. (३) छिन्न-पुच्छ, जिसका पूंछ कट गया हो वह. Tailless ; Having no tail. दे० २, ६१. (४) पुं०न०चूतड़. A buttock. सुख० ८,१३.

कुल्लड. न० (१) चुल्ली, चूल्हा. A stove ; A hearth. दे० २,६३; (२) छोटा पात्र, पुड़वा. A small vessel. दे० २,६३; पाअ०

कुल्लरिअ. पुं० कान्दविक, हलवाई, मिठाई बनाने वाला. A'confectioner ; A sweet-meat-maker. दे० २,४१.

कुल्लरिया. स्त्री०हलवाई की दुकान. The shop of a confectioner. आवम०

कुल्लुरी. स्त्रि० खाद्य-विशेष. A kind of eatable. प्रव० ४.

कुल्ह. पुं०श्रृगाल, सियार. A jackal. दे० २,३४

कुवणय. न० लकुट, यष्टि, लकड़ी. A stick. राज०

कुवली. स्त्री० वृक्ष-विशेष. A kind of tree. कुम० २४६.

कुसुंभिल. पुं० पिशुन, दुर्जन, चुगलीखोर. A wicked man; A slanderer. दे० २,४०.

कुसुमाल. पुं० चोर, स्तेन. A thief. दे० २,१०.

कुसुमालिअ. त्रि० शून्य-मनस्क, भ्रान्त-चित्त. Having perplexed mind. दे० २,४२.

कुहड. त्रि० कुब्ज, कूबड़ा. Hump-backed. दे० २,३६.

कुहणी. स्त्री० कूर्पर, हाथ का मध्य-भाग. The elbow. सुपा० ४१२.

कुहिअ. त्रि० लिप्त, पोता हुआ. Smeared. दे० २,३५.

कुहिणी. स्त्री० (१) कूपंर, हाथ का मध्य भाग. The elbow. (२) रथ्या, मोहल्ला. A street ; A lane. दे० २,६२.

कूणिअ. त्रि० ईषद विकसित, थोड़ा खिला हुआ. Partly blossomed. दे० २,४४.

कूरपिउड. न० भोजन विशेष, खाद्य-विशेष. A kind of eatable. आवम०

कूल. न० सैन्य का पिछला भाग. The rear of an army. दे० २,४३; से० १२,६२.

कूवल. न० जघन-वस्त्र. A kind of garment. दे० २,४३.

कूसार. पुं० गर्त्ताकार, खड्डा. A ditch ; A pit. दे० २४४; पाअ०

केआ. स्त्री० रज्जु, रस्सी. A string. दे० २, ४४.

केआरवाण. पुं० वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़. The Palasa tree. दे० २, ४५.

केउ. पुं० कन्द, कांदा. A bulbous root. दे० २, ४४.

केऊरपुत्त. पुं० गौ तथा भैंस का बच्चा. A calf or a he-buffalo. संथि० ४७.

केलाइय. त्रि० साफसुफ किया हुआ. Cleansed. कुमा०

केली. (१) स्त्री० असती, कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री. An unchaste woman ; An adulteress. दे० २, ४४. (२) कन्द-विशेष. Name of a bulbous root. उत्त० ३६, ९८.

कोइला. स्त्री० कोयला, काष्ठ के अंगार. Coal. दे० २, ४८.

कोउआ. स्त्री० गोइठा का अग्नि, करीषाग्नि. Fire of dry cow-dung. दे० २, ४८; पाअ०

कोंडलिश्रा. स्त्री० (१) श्वापद, जन्तु विशेष. A kind of animal. (२) कोड़ा, कीट. A worm ; An insect.।दे० २, ५०.

कोंडिश्र. पुं० ग्राम-निवासी लोगों में फूट करा कर छल से गाँव का मालिक बन बैठने वाला. One who makes himself a chief of a village deceitfully. दे० २, ४८.

कोंढुल्लु. पं० उलूक, उल्लू. An owl. दे० २, [illegible]६.

कोक्किय. त्रि० श्राहूत, बुलाया हुश्रा. Called ; Invited. भवि०

कोच्चप्प. न० श्रलीक-हित, झूठी भलाई, दीखावटीहित. External sympathy. दे० २, ४६.

कोच्छिय. पुं० स्त्री० शैक्षक, नया शिष्य. A new pupil. वव० ६.

कोज्जप्प. न० स्त्री-रहस्य. Secrets of a wife. दे० २, ४६.

कोज्जरिश्र. त्रि० श्रापूरित, पूर्ण किया हुश्रा, भरा हुश्रा. Filled ; Made full. षड्०

कोज्झरिश्र. त्रि० 'कोजरिश्र' देखो 'कोज्जरिश्र' शब्द. Vide. 'कोजरिश्र' दे० २, ५०.

कोटुंभ. पुं० न० हाथ से श्राहत जल. Water beaten by a hand. पाश्र०

कोट्ट. न० नगर, शहर. A city. दे० २, ४५.

कोट्टग. न० हरे फलों को सुखाने का स्थान-विशेष. A place for drying fresh fruits. बृह० १.

कोट्टा. स्त्री० (१) गौरी, पार्वती. Gauri ; Parvati. दे० २, ३५; (२) गला, गर्दन. The neck. उप० ६६१.

कोट्टिंब. पुं० द्रोणी, नौका, जहाज. A ship ; A boat. दे० २, ४७.

कोट्टी. स्त्री० (१) दोह, दोहन. Milking. (२) विषम स्खलना. Painful stumbling. दे० २, ६४.

कोट्टुंभ. पुं० न० हाथ से श्राहत जल. Water thrown by hand. दे० २, ४७.

कोडंब. न० कार्य, काम, काज. A deed ; An action. दे० २, २.

कोडर. न० कोटर, गह्वर, वृक्ष का पोला भाग, विवर. The hollow of a tree. गा० ५६२.

कोडल. पुं० पक्षि-विशेष. Name of a bird. राज०

कोडिश्र. न० (१) छोटा मिट्टि का पात्र, लघु शराव. A small earthen vessel. दे० २,४७; (२) पुं० पिशुन, दुर्जन, चुगलीखोर. A wicked man. षड्०

कोडिल्ल. पुं० पिशुन, दुर्जन, चुगलीखोर. A wicked man, A slanderer. दे० २,४०; षड्०

कोडुंब. न० कार्य, काज. A work; An action. दे० २,२.

कोड्डुमिश्र. न० रति-क्रीडा-विशेष. A kind of sport or merriment. कुमा०

कोड्डिय. त्रि० कुतुहली, कुतुकी, उत्कण्ठित. One who excites curiosity. उप० ७६८ टी.

कोण. त्रि० (१) काला, श्याम वर्ण वाला. Black ; Dark. दे० २,४५ ; (२) पुं० लकुट, लकड़ी, यष्टि. A stick. दे० २,४५; निसी० चू० १; पाश्र०

कोणाली. स्त्री० गोष्ठी, गोठ. Conversation ; Discourse. बृह० १.

कोणु. स्त्री० लेखा, रेखा. A line ; A streak. दे० २,२६.

कोण्ण. पुं० गृह-कोण, घर का एक भाग. A corner of a house. दे० २,४५.

कोत्तलंका. स्त्री० दारू परोसने का भाण्ड, पात्र-विशेष. A vessel foa serving liquor. दे० २,१४.

कोत्थर. न० विज्ञान. Science; Knowledge दे० २,१३.

कोद्दविया. स्त्री० मातृवाहा, क्षुद्र कीट-विशेष. A kind of insect or worm. सुख० १८,३५.

कोप्प. पुं० अपराध, गुनाह. An offence; A fault. दे० २,४५.

कोल. पुं० ग्रीवा, नोक, गला. The neck; Larynx. दे० २,४५.

कोलज्जा. स्त्री० धान्य रखने का एक प्रकार का गर्त्त. A ditch for keeping corns. आया० २,१,७.

कोलिअ. पुं० (१) कोली, तन्तुवाय, कपड़ा बुनने वाला. A weaver. उप० पृ० २१०; दे० २,६५; नंदी० प्रव० २; (२) जाल का कीड़ा, मकड़ा. A spider; A cob-web. दे० २,२५; पाअ० आ० २०; आव० ४; बृह० १. (३) पुं० एक अधम मनुष्य जाति. A particular low caste of men. सुख० २,१५.

कोलित्त. न० उल्मुक, लूका. A fire brand; A torch. दे० २,४६.

कोलीर. न० लाल रंग का एक पदार्थ, कुरुविन्द. An object of red colour. दे० २,४६.

कोल्ल. पुं० न० कोयला, जली हुई लकड़ी का टुकड़ा. Coal. निसी० चू० १.

कोल्लर. पुं० पिठर, स्थाली. A pot; A pan. दे० २,४७.

कोल्लुग. पुं० 'कोल्हुअ' देखो 'कोल्हुअ' शब्द. Vide. 'कोल्हुअ' वव० १; बृह० १.

कोल्हाहल. न० फल विशेष, बिम्बी-फल. A kind of fruit. दे० २,३६.

कोल्हुअ. पुं० (१) शृगाल, सियार. A jackal. दे० २६५; पाअ० पउम० ७,१७; १०५,४२; (२) कोल्हू, चरखी. A machine for sqeezing sugar canes. दे० २६५; महा०

कोविआ. स्त्री० शृगाली, स्त्री-सियार. A female jackal. दे० २,४६.

कोस. पुं० (१) कुसुम्भ रंग से रक्त वस्त्र. A red garment. (२) समुद्र, जलधि. A sea. दे० २,६५.

कोसट्टइरिआ. स्त्री० चंडी, पार्वती, गौरी. Parvati; Goddess Durga. दे० २,३५.

कोसल. न० नीवी, नारा, इजारबन्द. A cotton cord for tyinga woman's lower garment. दे० २,३८.

कोसलिअ. न० प्राभृत, भेंट, उपहार. A present; A reward. दे० २,१२; सण०

कोसलिआ. स्त्री० 'कोसलिअ' देखो 'कोसलिअ' शब्द. Vide. 'कोसलिअ'. दे०२,१२.

कोसल्ल. न० प्राभृत, भेंट, उपहार. A reward महा०

कोसल्लिअ. न० भेंट, उपहार. A gift; A present. दे० २,१२; महा० सुपा० ४१३; ५२७; सण०

कोहल्ली. स्त्री० तापिका, तवा. A pan. दे० २,४६.

* * *

ख

खइअ. पुं० हेवाक, स्वभाव. Nature; Disposition. ठा० ४, ४.

खउर. त्रि० कलुषित. Dirty; Muddy. से० ५,४७; स० ५७८.

खंखर. पुं० पलाश वृक्ष. The palas tree. ती० ५३.

खंचिय. त्रि० (१) खींचा हुआ. Pulled. स० ५७४; (२) वश में किया हुआ. Subjected; Subdued. भवि०

खंजर. पुं० सूखा हुआ पेड़. A dry tree. दे० २,६८.

खंड. न० (१) मुण्ड, शिर, मस्तक. The head. (२) दारू का बरतन, मद्य-पात्र. A wine-vessel. दे० २६८.

खंडई. स्त्री० असती, कुलटा. An unchaste woman; An adulteress. दे० २,६७.

खंडिअ. पुं० (१) मागध, बिरुद पाठक. A bard or panegyrist. (२) त्रि० अनिवार, निवारण करने को अशक्य. Prevented. Incapable of being. दे० २,७८.

खंडिआ. स्त्री० नाप विशेष, बीस मन का नाप. A weight of twenty maunds. सं०२४.

खंडुअ. न० बाहु-वलय, हाथ का आभूषण विशेष. An ornament for hand. मृच्छ० १८१.

खंधमंस. पुं० हाथ, भुजा, बाहु. The arm. दे० २,७१.

खंधमसी. स्त्री० स्कन्ध-यष्टि, हाथ. The arm षड्०

खंधलट्ठि. स्त्री० स्कन्धयष्टि, हाथ, भुजा. The arm or hand. षड्०

खंधीधार. पुं० बहुत गरम पानी की धारा. A stream of very warm water. दे० २,७२.

खक्करग. पुं०न० सूखी हुई रोटी. A dry cake. धर्म० २.

खग्गिअ. पुं० ग्रामेश, गाँव का मुखिया. The chief of a village. दे० २,६९.

खग्गूड. त्रि० (१) निद्रालु. Sleepy; Drowzy (२) रस-लम्पट. Addicted to tastes. बृह० १.

खच्चल्ल. पुं० ऋक्ष, भल्लूक, भालू. A bear. दे० २,६९.

खच्चोल. पुं० व्याघ्र, शेर. A tiger. दे० २,६९.

खज्जिअ. त्रि० (१) जीर्ण, सड़ा हुआ. Worn out; Decayed. (२) उपालब्ध, जिसको उलहना दिया गया हो वह. Abused; Taunted. दे० २,७८.

खज्जोअ. पुं० नक्षत्र. A constellation. दे० २,६९.

खट्ट. न० तीमन, कढ़ी. An Indian soup; Curry. दे० २,६७.

खट्टिअ–खट्टिक. खटीक, शौनिक, कसाई. A butcher; A slaughterer. गा० ६८२; सूय० २,२; दे० २,७०.

खड. पुं० (१) एक म्लेच्छ जाति. A non-Aryan tribe. मृच्छ० १५२; (२) न० तृण, घास. Grass. दे० २,६७; कुमा०

खडइअ. त्रि० संकुचित, संकोच-प्राप्त. Contracted; Abridged. दे० २,७२.

खडकिआ–खडक्की. स्त्री० खिड़की, छोटा द्वार. A small door. कप्पू० महा० दे० २,७१.

खडखडग. त्रि० छोटा और लम्बा. Small and long. राज०

खडट्टोविल. पुं० एक म्लेच्छ जाति. A non-Aryan tribe. मृच्छ० १५२.

खडणा. स्त्री० गैया, गौ. A cow. गा० ६३६.

खडहडी. स्त्री० जन्तु-विशेष, गिलहरी, गिल्ली. Squirrel; A kind of insect. दे० २,७२.

खडिअ. पुं० दवात, स्याही का पात्र. An inkstand. धर्मवि० ५७.

खडुआ. स्त्री० मोक्तिक, मोती. A pearl. दे० २,६८.

खडुक्क-खडुग. पुं० स्त्री० मुंड सिर पर उँगली का आघात. Stroking a clean-shaved head by fingers. वव० १.

खड्ड-खड्डुग. न० (१) श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ. The beard. दे० २,६६; पाअ० (२) त्रि० बड़ा, महान्. Great. विशे० २५७६ टी०

खड्डा. स्त्रो० (१) खनि, आकर. A mine. दे० २, ६६; (२) पर्वत का खात, पर्वत का गर्त्त. A valley ; A precipice. दे० २, ६६.

खड्डिअ. त्रि० जिसका मर्दन किया गया हो वह. Smeared. कुमा०

खड्डोलय. पुं० खड्डा, गर्त, गढ़ा. A ditch ; A pit. स० ३६३.

खणुसा. स्त्री० मन का दुःख, मानसिक पीड़ा. Mental pain. दे० २, ६८.

खण्ण. न० खात, खोदा हुआ. Dug. दे० २,६६; बृह० ३; वव० १.

खण्णुअ. पुं० कीलक, खोंटी. A peg. दे० २, ६८; गा० ६४; ४२२.

खत्तय. पुं० (१) खेत खोदनेवाला. A digger of a field. (२) सेंध लगा कर चोरी करने वाला. One that breaks into a house and steals by night. भग० १२, ६.

खत्ति. पुं० एक म्लेच्छ जाति. An Anarya tribe, A non-Aryan tribe. मृच्छ० १५२.

खद्ध. त्रि० (१) भुक्त, भक्षित. Eaten. दे० २,६७; सुपा० ६१०; उप० पृ० २५२; सण० भवि० (२) विशाल, बड़ा. Vast ; Great Spacious. ओघ० ३०७; ठा० ३,४.

खन्न. न० खात, खोदा हुआ. Dug up ; Excavated. पाअ०

खन्नुअ. पुं० कीलक, खोंटी. A wedge or pin. पाअ०

खपुसा. स्त्री० एक प्रकार का जूता. A kind of shoe. बृह० ३.

खप्पर-खप्पुर. त्रि० रूक्ष, रूखा, निष्ठुर. Cruel; Unkind. दे० २,६६ ; पाअ०

खम्मक्खम. पुं० (१) संग्राम, लड़ाई. A war ; A battle. (२) मन का दुःख. Mental pain. (३) पश्चात्ताप का नीसास. A sigh of repentance. दे० २,७६.

खयाल. पुं० न० वंश-जाल, बांस का वन. A forest of bamboos. भवि०

खरंसूया. स्त्री० वनस्पति-विशेष. A kind of vegetable. संबोध० ४४.

खरड. पुं० हाथी की पीठ पर बिछाया जाता आस्तरण. An elephant's housings, painted cloth (thrown on his back). प्रव० ८४.

खरडिअ. त्रि० (१) रुक्ष, रुखा. Rough ; Not smooth or soft. (२) भग्न, नष्ट. Broken ; Shattered. दे० २,७६.

खरण. न० बबूल वगैरः की कण्टक मय डाली. The thorny branch of the Babul tree. ठा० ४,३.

खरहिअ. पुं० पौत्र, पोता, पुत्र का पुत्र. A grandson. दे० २,७२.

खरिअ. त्रि० भुक्त, भक्षित. Eaten. दे० २,६७; भवि०

खरिआ. स्त्री० नौकरानी, दासी. A maid-servant. ओघ० ४३८.

खरुल्ल. त्रि० (१) कठिन, कठोर. Hard ; Harsh. (२) स्थपुट, विषम और ऊँचा. Elevated and depressed ; Unevenly raised. दे० २, ७८.

खल. अ० पादपूर्ति में प्रयुक्त होता अव्यय. An expletive particle. प्राकृ० ८१.

खलइअ. त्रि० रिक्त, खाली. Empty. दे०, २, ७१.

खलगंडिश्र. त्रि०मत्त, उन्मत्त. Mad. दे० २,६७.

खलभलिय. त्रि० क्षुब्ध, क्षोभ-प्राप्त. Agitated; Disturbed. भवि०

खली. स्त्री० तिल-पिण्डिका, तिल वगैरः का स्नेह-रहित चूर्ण. The caky sediment of sesamum after the oil is extracted. दे० २, ६६; सुपा० ४१५; ४१६.

खलुंकिज्ज. त्रि० (१) गलीबैल सम्बन्धी. Relating to a strong but lazy bull. (२) उत्तराध्ययन सूत्र का इस नाम का एक अध्ययन. The twenty-seventh chapter in the Uttradhyayana Sutra. उत्त० २७.

खल्ल. न० (१) बाड़ का छिद्र. An opening of a hedge. (२) विलास. Amorous pastime; Diversion. दे० २,७७; (३) खाली, रिक्त. An empty space; Vacuum. उप० ७२८ टी; दे० १, ३८. (४) त्रि० निम्न-मध्य, जिसका मध्य भाग नीचा हो वह. One whose middle part is depressed or low. दे० १, ३८.

खल्लइश्र. त्रि० (१) संकुचित, संकोच-युक्त. Contracted; Abridged. (२) प्रहृष्ट, हर्ष-युक्त. Delighted. दे० २, ७१; गउड०

खल्लग—य. न० थैला. A bag. उप० १०३१ टी.

खल्ला. स्त्री० चर्म, चमड़ा. Hide; Leather. दे० २, ६६; पाश्र०

खल्लिरी. स्त्री० संकेत. A sign; A gesture. दे० २, ७०.

खल्ली. स्त्री० सिर का वह चमड़ा जिसमें केश पैदा न होता हो. Baldness on the head. श्रावम०

खव. पुं० (१) वाम हस्त, बाया हाथ. The left hand. (२) गर्दभ, रासभ. A donkey; An ass. दे० २,७७.

खवडिश्र. त्रि० स्खलित, स्खलनाप्राप्त. Stumbled; Slipped. दे० २,७१.

खवय. पुं० स्कन्ध, कंधा. The shoulder. दे० २,६७.

खवलिश्र. त्रि० कुपित, क्रुद्ध. Angry; Wrathful. दे० २,७२.

खव्व. पुं० (१) वाम कर, बाँया हाथ. The left hand. (२) रासभ, गधा. A donkey; An ass. दे० २,७७.

खव्वुल. न० मुख, मुंह. The mouth. दे० २,६८.

खसफसि. त्रि० व्याकुल, अधीर. Confused; Excited.—हूश्र. त्रि० व्याकुल बना हुश्रा. Confounded; Distracted. हे० ४,४२२.

खसिश्र. त्रि० खिसका हुश्रा. Moved. सुपा० २८१.

खसु. पुं० रोग-विशेष. Itch; A kind of disease. सण०

खाइ. श्र० वाक्य की शोभा श्रौर पुनः श्रर्थ का सूचक श्रव्यय. A participle used for beautifying a sentence and expressing the meaning 'again.' भग० ५,४.

खाडइश्र. त्रि० प्रतिफलित, प्रतिबिंबित. Reflected; Mirrored. दे० २,७३.

खाण. पुं० एक म्लेच्छ-जाति. A non-Aryan tribe. मृच्छ० १५२.

खारंफिडी. स्त्री० गोधा, गोह, जन्तु विशेष. A kind of insect. दे० २,७३.

खारव. न० मुकुल, कली. The bud. दे० २,७३.

खारिक. न० फल-विशेप, छोंश्रारा. A dry date. सिरि० ११६६.

खाल. स्त्री० न० नाला, मोरी, श्रशुचि निकलने का मार्ग. A channel to carry off water; A gutter. ठा० २,३.

खिंखिणी. स्त्री० श्रृगाली, स्त्री-सियार. A female jackal. दे० २,७४.

खिक्खिंड. पुं० कृकलास, गिरगिट, सरट. A lizard; A chameleon. दे० २,७४.

खिक्खिरी. स्त्री० डोम वगैरह: की स्पर्श रोकने की लकड़ी. A kind of stick. दे० २,७२.

खिच्च. पुं० न० खीचड़ी, कृसरा. A mixture of pulse and rice. दे० १,१३४.

खिज्जिअ. न० उपालम्भ, उलहना. A reproach; A rebuke. दे० २,७४.

खित्तय. न० (१) अनर्थ, नुकसान. An injury; A loss. (२) त्रि० दीप्त, प्रज्वलित. Glowing; Flashing; Radiant. दे० २,७६.

खिल्ल. पुं० फोड़ा फुन्सी. A tumour. संदु० ३८.

खुइय. त्रि० (१) विच्छिन्न. Broken; Severed. (२) विध्यात, शांत. Calm; Quiet. कुम्र० १४०.

खुंखुणय. पुं० नाक का छिद्र. A hole of the nose; A nostril; दे० २, ७६, पाअ०

खुंखुणी. स्त्री० रथ्या, मुहल्ला. A street; A lane. दे० २, ७६.

खुंगाह. पुं० अश्व की एक उत्तम जाति. A kind of noble horse. सम्मत्त० २१६.

खुंट. पुं० खूंट, खूंटी. A peg; A nail. -मोडय. त्रि० (१) खूंटे को मोड़ने वाला, उससे छूट कर भाग जाने वाला. One that breaks away a nail. (२) पुं० इस नाम का एक हाथी. Name of an elephant. नाटमृच्छ० ८४.

खुंडय. त्रि० स्खलित, स्खलता प्राप्त. Stumbled; Slipped. दे० २, ७१.

खुंपा. स्त्री० वृष्टि को रोकने के लिए बनाया जाता एक तृणमय उपकरण. A covering made of grass for sheltering from rain. दे० २, ७५.

खुट्ट. त्रि० त्रुटित, खण्डित, छिन्न. Broken: Cut. दे० २,७५; भवि०

खुडुक्किअ. त्रि० (१) शल्य की तरह चुभा हुआ खटका हुआ. Pierced like a thorn. उप० ३५५; (२) रोष-मूक, गुस्सा में मौन धारण करने वाला. Observer of a vow of silence wrathfully; Keeping silence while in an angry mood. गा० २२६.

खुड्डमड्डा. अ० (१) बहु, अत्यन्त. Much; Excessive. (२) फिर फिर. Again and again. निसी० चू० २०.

खुड्डिअ. न० सुरत, मैथुन, संभोग. Coition; Sexual union. दे० २,७५.

खुणुक्खुडिआ. स्त्री० घ्राण, नाक, नासिका. The nose. दे० २,७६.

खुण्ण. त्रि० परिवेष्टित. Surrounded; Encircled. दे० २,७५.

खुरहखुडी. स्त्री० प्रणय, कोप. Feigned anger of a mistress towards her lover; Coquettish anger. षड्०

खुरुडुक्खुडी. स्त्री० प्रणय-कोप. Coquettish anger. दे० २,७६.

खुल. न० वह गाँव जहाँ साधुओं को भिक्षा कम मिलती हो या भिक्षा में घृत आदि न मिलता हो. A village where saints get little begging. वव० १.

खुलुह. पुं० गुल्फ, पैर की गाँठ, फीली. The ankle. दे० २,७५; पाअ०

खुल्ल. न० कुटी, कुटीर. A cottage; A hut. दे० २,७४.

खुल्लासय. पुं० खलासी, जहाज का कर्मचारी विशेष. A sailor; A sea-man. सिरि० ३८५.

खुल्लिरी. स्त्री० संकेत. A sign; A gesture. दे० २,७०.

खुवय. पुं० तृण-विशेष, कण्टकि-तृण. A kind of grass. दे० २,७५.

खुव्वय. पुं० पत्ते का पुड़वा. A leaf-cup. वव० २.

खेश्रालु. त्रि० (१) निःसह, मन्द, श्रालसी. Idle ; Lazy ; Dull. (२) श्रसहिष्णु, ईर्षालु. Envious ; Impatient. दे० २,७७.

खेडिश्र. त्रि० हल से विदारित. Cultivated with a plough. दे० १,१३६.

खेड्डिया. स्त्री० बारी, दफा. A turn. स० ४८५.

खेर. पुं० एक म्लेच्छ जाति. A particular *anarya* (non-Aryan) tribe. मृच्छ० १५२.

खेंरि. स्त्री० (१) परिशाटन, नाश. Destruction ; Ruin. बृह० २; (२) खेद, उद्वेग. Sorrow ; Grief. (३) उत्कंठा, उत्सुकता. Ardent desire ; Eagerness. भवि०

खेल. पुं० जहाज का कर्मचारी विशेष, कप्तान. A sailor ; A sea-man. सिरि० ३८५.

खेल्लिश्र. न० हसित, हांसी, ठट्ठा. A joke ; A jesting. दे० २,७६.

खेह. पुं० न० धूली, रज. Dust. सुर० ११,१७१.

खोंडग—य. पुं० खूंटी, खूंटा. A nail ; A peg. उप० २७८; स० २६३.

खोज्ज. पु० न० मार्ग-चिह्न. A sign for the way. संचि० ४७.

खोट्टी. स्त्री० दासी, चाकरानी. A maid-servant. दे० २,७७.

खोड. त्रि० (१) धार्मिक, धर्मिष्ठ. Righteous ; Virtuous. दे० २,८०; (२) खञ्ज, लंगड़ा. Crippled ; Lame. दे० २,८०; पिंग० (३) पुं० शृंगाल, सियार. A jackal. मृच्छ० १८३; (४) प्रमार्जन, प्रस्फोटन. Wiping off ; Rubbing or washing off. श्रोघ० २६५; (५) न० राजकुल में देने योग्य सुवर्ण वगैरः द्रव्य. Gold etc. proper to be given to a royal family. वव० १.

खोडपज्जालि. पुं० स्थूल काष्ठ की श्रग्नि, Fire of big wood. दे०,२७०.

खोडय. त्रि० विच्छेदित. Cut asunder ; Broken. सुख० २,१५.

खोडी. स्त्री० काष्ठ की एक प्रकार की पेटी. A kind of wooden box. महा०

खोल. पुं० (१) छोटा गधा. A small donkey. दे० २,८०; (२) वस्त्र का एक देश. A particular part of a garment दे० २,८०; ५,३०. बृह० १.

खोल्ल. न० कोटर, गह्वर. The hollow of a tree. निसी० चू० १५.

खोसलय. त्रि० दन्तुर, लम्बे श्रौर बाहर निकले हुए दाँत वाला. Having long or projecting teeth. दे० २,७७.

ग

गंगली. स्त्री० मौन, चुप्पी. Silence ; Taciturnity. सुपा० २७८; ४८७.

गंछ—गंछय. पुं० वरुड, इस नाम की एक म्लेच्छ जाति. Name of a non-Aryan tribe. दे० २,८४.

गंज. पुं० गाल. A cheek. दे० २,८१.

गंजिल्ल. त्रि० (१) वियोग-प्राप्त, वियुक्त. Separated. (२) भ्रान्त-चित्त, पागल. Mad. दे० २, ८३.

गंजुल्लिय त्रि० रोमाञ्चित, पुलकित. Having the hairs of the body erect ; Thrilled with joy. जय० १२.

गंजोल. त्रि० समाकुल, व्याकुल. Confounded ; Perplexed. षड्०

गंजोल्लिअ. त्रि० (१) रोमाञ्चित, जिसके रोम खड़े हुए हों वह. Having the hairs of the body erect. दे० २, १००; भवि० (२) न० हँसाने के लिए किया जाता अंग-स्पर्श, गुद-गुदी. Tickling. दे० २,१००.

गंड. पुं० (१) वन, जंगल. A forest or jungle. (२) दाण्डपाशिक, कोटवाल. A police magistrate. (३) छोटा मृग. A small deer. दे० २,९९; (४) नापित, नाई. A barber. दे० २,९९; आया० (५) न० गुच्छ-समूह. A bunch. महा०

गंडली. स्त्री० गंडेरी, ऊख का टुकड़ा. A piece of peeled sugarcane. उप० पृ० १०६.

गंडीरी. स्त्री० गण्डेरी, ऊख का टुकड़ा. A piece of peeled sugarcane. दे० २,८२.

गंदीणी. स्त्री० क्रीड़ा-विशेष. A kind of sport or pleasure. दे० २,८३.

गंधपिसाय. पुं० गन्धिक, पंसारी. A grocer. दे० २,८७.

गंधलया. स्त्री० नासिका, घ्राण. The nose. दे० २,८५.

गंधिअ. त्रि० दुर्गन्ध, खराब गन्ध वाला. Bad-smelling. दे० २,८३.

गंधिल्ली स्त्री० छाया, छांही. Shade ; Shadow. उप० १०३१ टी.

गंधेल्ली. स्त्री० छाया, छांही. Shade ; Shadow. (२) मधु-मक्षिका. The honey-fly ; A bee. दे० २,१००.

गंधोल्ली. स्त्री० इच्छा, अभिलाषा. A desire ; A wish. (२) रजनी, रात. A night. दे० २,९९.

गज्ज. पुं० जव, यव, अन्न-विशेष. Barley. दे० २,८१; पाअ०

ज ल्लिअ . न० (१) गुदगुदी, गुदगुदाहट. Tickling. (२) अंग-स्पर्श से होने वाला रोमांच, पुलक. Erection or bristling of the hairs of the body. षड्०

गट्ठिया. स्त्री० गठिया, गुटली. A fruit-stone. निसी० चू० १५.

गडयड. पुं० न० गर्जन, भयानक ध्वनि, हाथी वगैर की आवाज. Roaring. सुपा० २८१; ५४२.

गडयडी. स्त्री० मेघ-ध्वनि. वज्र-निर्घोष, गड़गड़ आवाज, मेघ-ध्वनि. Thunder. दे० २,८५; सण०

गडवड. न० गड़बड़, गोलमाल. Noise ; An uproar. सुपा० ५४१.

गडुल. न० चावल वगैरः का धोवन जल. Water obtained by rinsing rice. धर्म० २.

गड्ड. न० शकट, गाड़ी. A cart. ती० १५.

तोस. न० धन, दौलत. Wealth ; Riches. दे० ५,१७.

* * *

थ

थइआ. स्त्री० थैली, कोथली. A small bag ; A purse, कुप्र० १२,८०.

थउड्ड. न० भल्लातक, वृक्ष-विशेष, मिलावा, A kind of tree ; The marking-nut plant. दे० ५,२६.

थंडिल्ल. न० मण्डल, वृत्त-प्रदेश. A round region. दे० ५,२५.

थंब. त्रि० विषम, अ-सम. Uneven ; Unequal. दे० ५,२४.

थक्क. पुं० थका हुआ, श्रान्त. Fatigued ; Tired. 'थक्कं सव्वसरीरं' सुर० ७,१८५; ४,१६५.

थगगया. स्त्री० चंचु, चोंच. A bill ; A beak. दे० ५,२६.

थग्घ. पुं० थाह, तला, पानी के नीचे की भूमि, गहराई का अन्त. A bottom. दे० ५,२४.

थग्घा. स्त्री० देखो 'थग्घ' शब्द. Vide 'थग्घ'. पाअ०

थट्ट. पुं० न० (१) ठठ, समूह, यूथ, जत्था. A crowd ; A multitude ; A throng. सुपा० २८८ ; लहुअ० ४; (२) ठाठ, सजधज, आडम्बर. Pomp. भवि०

थट्टि. स्त्री० पशु, जानवर. A beast ; A brute दे० ५,२४.

थड. पुं० न० ठठ, यूथ, समूह. A crowd ; A multitude. भवि०

थत्तिअ. न० विश्राम. A resting place ; A place of repose. दे० ५,२६.

थब्भर. पुं० अयोध्या नगरी के समीप का एक द्रह. The name given to a pit situated near the city of Ayodhya. ती० ११.

थमिअ. विस्मृत. Forgotten. दे० ५,२५.

थर. पुं० दही की तर, दही ऊपर की मलाई. Cream of curd. दे० ५,२४.

थलय. पुं० मंडप, तृणादि निर्मित गृह. A bower ; An arbour. दे० ५,२५.

थलहिगा-या. स्त्री० मृतक-स्मारक, शव को गाड़ कर उस पर किया जाता एक प्रकार का चबूतरा. A memorial ; A monument. स० ७५६; ७५७.

थव. पुं० पशु, जानवर. A beast. दे० ५,२४.

थवइल्ल. त्रि० जाँघ फैलाकर बैठा हुआ. Sitting in a posture having thighs stretched ; Sat with stretched thighs. दे० ५,२६.

थवक्क. पुं० थोक, समूह, जत्था. A collection; A multitude. वज्जा० ६६.

थविअ. स्त्री० वीणा के अन्त में लगाया जाता छोटा काष्ठ विशेष. The little wooden key fixed at the end of a lute. दे० २,२५.

थस-थसल, त्रि० विस्तीर्ण. Vast ; Extensive ; Expansive. दे० ५,२५.

थह. पुं० निलय, आश्रय, स्थान. A hermitage ; A place of shelter दे० ५.२५.

थागत्त. न० जहाज के भीतर घुसा हुआ पानी The inside-rushed water of the ship. सिरि० ४२५.

थाणय. न० (१) चौकी, पहरा. Watch ; Ward. स० ५३७, ५४६; (२) पुं० चौकीदार, चौकी करने वाला आदमी. A warder ; A watchman. स० ५३७.

थाणिज्ज. त्रि० गौरवित, सन्मानित. Dignified. दे० ४,५.

थाम. त्रि० (१) विस्तीर्ण. Extensive ; Vast. दे० ५,२५; (२) न० स्थान, जगह. A place ; A locality. संत्ति० ४७; स० ४६; ७४३.

थार. पुं० घन, मेघ. A cloud. दे० ५,२७.

थाला. स्त्री० धारा. An edge. षड्०

थाह. पुं० (१) स्थान, जगह. A place. (२) त्रि० अस्ताघ, गंभीर जल वाला. Having deep water. (३) विस्तीर्ण. Vast ; Extensive. (४) दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ५,३०.

थाहिअ. पुं० आलाप, स्वर विशेष. The seven notes in music. सुपा० १६.

थिंदिणी. स्त्री० छन्द-विशेष. A kind of verse. सम्मत्त० १४१.

थिन्न. त्रि० गर्वित, अभिमानी. Proud ; Haughty. पाअ०

थिरणाम. त्रि० चलचित्त, चंचल-मनस्क. Active-minded. दे० ५,२७.

थिरणेस. त्रि० अस्थिर, चंचल. Active ; Frisky. षड्०

थिरसीस. त्रि० अ० (१) निर्भीक, निडर. Undaunted ; Intrepid. (२) निर्भर. Full. (३) जिसने सिर पर कवच बांधा हो वह. A helmeted man. दे० ५,३१.

थीहु. पुं० स्त्री० कन्द विशेष. A kind of tuberous root. उत्त० ३६,६६.

थु. अ० तिरस्कार सूचक अव्यय. An adverb denoting contempt. प्रति० ८१.

थुक्किअ. त्रि० उन्नत, ऊँचा. High ; Lofty. दे० ५,२८.

थुडंकिअय. न० रोष-युक्त वचन. A wrathful word. पाअ०

थुडुंकिअ. न० (१) अल्प कुपित मुँह का संकोच, थोड़ा गुस्सा होने से होता मुँह का संकोच. Contraction of the face due to a little anger. (२) मौन, चुपकी. Silence. दे० ५,३१.

थुडुहीर. न० चामर. A fly-driver. दे० ५,२८.

थुरण. त्रि० अभिमानी. Vain ; Self-conceited. दे० ५,२७.

थुरुणुल्लणय. न० शय्या, बिछौना. A bed दे० ५,२८.

थुलभ. पुं० पट-कुटी, तंबू, वस्त्र-गृह. A tent ; A pavilion. दे० ५,२८.

थुल्ल. त्रि० परिवर्तित, बदला हुआ. Changed ; Altered. दे० ५,२७.

थू. अ० निन्दा सूचक अव्यय. An Adverb showing censure दे० २,२००; कुमा०

थूण. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,२९.

थूथू. अ० घृणा सूचक अव्यय. An adverb denoting hatred. चंड०

थूरी. स्त्री० तन्तुवाय का एक उपकरण. A weaver's implement. दे० ५,२८.

थूलघोण. पुं० सूकर, वराह. A boar ; A pig. दे० ५,२९.

थूह. पुं० (१) प्रासाद का शिखर. The palace top. दे० ५,३२; पाअ० (२) चातक पक्षी. A kind of bird which is supposed to live only on rain drops. (३) वल्मीक. An ant-hill. दे० ५,३२.

थेणिल्लिअ. त्रि० (१) हृत, छीना हुआ. Snatched or taken by force. (२) भीत, डरा हुआ. Feared ; Afraid. दे० ५,३२.

थेर. पुं० ब्रह्मा, विधाता. The God Brahma ; The Creator. दे० ५,२९; पाअ०

थेरासण. न० पद्म, कमल. A lotus flower. दे० ५,२९.

थेरोसण. न० अम्बुज, कमल, पद्म. A lotus flower. षड्०

थेव. पुं० बिन्दु. A drop. दे० ५,२९; पाअ० षड्०

थेवरिअ. न० जन्म समय में बजाया जाता वाद्य. A musical instrument played upon at the time of birth. दे० ५,२९.

थोअ. पुं० (१) रजक, धोबी. A washerman. (२) मूलक, मूला, कन्द-विशेष. A radish दे० ५, ३२.

थोल. पुं० वस्त्र का एक देश. The end of a garment. दे० ५,३०.

थोह. न० बल, पराक्रम. Valour ; Prowess ; Strength. दे० ५,३०.

* * *

द

द. पुं० दन्त स्थानीय व्यञ्जन वर्ण विशेष. A dental consonant. प्राप० प्रामा०

दअच्छर. पुं० ग्राम का स्वामी, गांव का अधिपति. The leader of a village ; A chief. दे० ५,३६.

दअरी. स्त्री० सुरा, मदिरा, दारू. Wine ; Liquor. दे० ५,३४.

दइअ. त्रि० रक्षित. Protected ; Defended. दे० ४,३५.

दंडिआ. स्त्री० लेख पर लगाई जाती राज-मुद्रा. A state seal affixed on documents. वृह० १.

द़ंडिक्किअ. त्रि० अपमानित. Insulted; Dishonoured उप० ६४८ टी.

द़ंडी. स्त्री० सूत्र-कनक. A necklace; A kind of ornament. (२) सांधा हुआ वस्त्र युग्म. Sewn two clothes. दे० ५,३३; (३) सांधा हुआ जीर्ण वस्त्र. A sewn old garment नाया० १,१६; पण्ह० १,३.

द़ंत. पुं० पर्वत का एक देश. The particular portion of a mountain. दे० ५,३३.

द़ंतवण्ण. पुं० दतवन. A tooth-brush; A tooth-stick. दस० ३,६.

द़ंताल. पुं० स्त्री०; शस्त्र विशेष, घास काटने का हथियार. A scythe; A sickle. सुपा० ५२६.

द़ंतिअ. पुं० शशक, खरगोश, खरहा. A hare; A rabbit. दे० ५,३४.

द़ंतिक्क. न० चावल का आटा. A rice flour. वृह० १.

द़ंतिक्कग. न० मांस. Flesh; Meat. धर्मसं० ६६१.

द़क्खज्ज. पुं० गीध्र, पक्षि-विशेष. A vulture; A large bird of prey. दे० ५,३४.

द़च्छ. त्रि० तीक्ष्ण, तेज. Sharp; Acute. दे० ५,३३.

दडवड. पुं० (१) धाटी, अवस्कन्द. A sudden attack. दे० ५,३५; हे० ४,४२२; भवि० (२) शीघ्र, जल्दी. Rapidity; Velocity; Haste. चंड०

द़डि. स्त्री० वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. भवि०

द़ड्डालि. स्त्री० द़व-मार्ग. A way to the jungle. षड्०

द़ढगालि. स्त्री० वस्त्र-विशेष, धोया हुआ सदश वस्त्र. A kind of garment. प्रव० ८४; दसनि० १,५६ टी०.

दत्थर. पुं० हस्त-शाटक, कर-शाटक A handkerchief. दे० ५,३४.

द़प्प. पुं० (१) बल, पराक्रम, जोर. Valour; Prowess; Strength. से० ४,३. (२) अरुचि से काम का आसेवन. To copulate undesiredly. निसी० चू० १.

द़य. न० शोक, अफसोस, दिलगीरी. Sorrow; Grief. दे० ५,३३.

द़याइअ. त्रि० रक्षित. Protected; Defended. दे० ५,३५.

दयावण्ण-दयावन्न. त्रि० दीन, गरीब, रंक. Poor: Needy. दे० ५,३५.

द़रंदर. पुं० उल्लास. Delight; Pleasure; Joy. दे० ५,३७.

द़रमत्ता. स्त्री० बलात्कार, जबरदस्ती. Force; Violence. दे० ५,३७.

दरवलिअ. त्रि० उपभुक्त. Enjoyed. कुमा०

दरवल्ल. पुं० ग्राम-स्वामी, गाँव का मुखिया. The leader of a village; A chief. दे० ५,३६.–**णिहेल्लण.** न० शून्य घर, खाली घर. An empty house. दे० ५,३७.

द़रवल्ल-वल्लह. पुं० (१) दयित, प्रिय. A lover. दे० ५,३७; (२) कातर, डरपोक. A coward; A poltroon. षड्०

द़रवल्ल-विंदर, त्रि० (१) दीर्घ, लम्बा. Long. (२) विरल. Scarce; Rare. दे० ५,५२.

द़रुम्मिल्ल. त्रि० घन, निबिड. Thick; Dense. दे० ५,३७.

दलिअ. त्रि० (१) निकूणिताक्ष, जिससे टेढ़ी नजर की हो वह. One with a side-long look; A squint-eyed man. (२) उंगली. A finger. दे० ५,५२; (३) काष्ठ, लकड़ी. Wood; Fuel. दे० ५,५२; पाअ०

द़वर. पुं० तन्तु, डोरा, धागा. A thread; A fibre. दे० ५,३५; आवम०

द़वहुत्त. न० ग्रीष्म-मुख, ग्रीष्म काल का प्रारम्भ. The beginning of the summer. दे० ५.३६.

दसतीण. न० धान्य-विशेष. A kind of corn. पन्न० १.

दसु. पुं० शोक, दिलगीरी. Sorrow ; Grief. दे० ५,३४.

दसेर. पुं० सूत्र-कनक. A neck-lace : A kind of ornament. दे० ५,३३.

दहवोल्ली. स्त्री० स्थाली. थलिया. A round vessel ; A platter. दे० ५,३६.

दहिउप्फ. न० नवनीत, मक्खन. Butter. दे० ५,३५.

दहिट्ठ. पुं० वृक्ष विशेष, कपित्थ. A wood-apple tree. दे० ५,३५.

दहित्थर-दहित्थार. पुं० दधिसर, खाद्य-विशेष. A kind of cake. दे० ५,३६.

दहिमुह. पुं० कपि, वानर. A monkey. दे० ५,४४.

दहिय. पुं० पक्षि-विशेष. A kind of bird. कुप्र० ४२७.

दाअ. पुं० प्रतिभू, जामीनदार. One who stands as security ; A bail. दे० ५,३८.

दाणि. स्त्री० शुल्क, चुंगी. A task ; A duty सुपा० २६०; ५४८.

दादलिआ. स्त्री० अंगुली, उंगली. A finger. दे० ५,३८.

दामणी. स्त्री० (१) प्रसव, प्रसूति. Delivery ; A bringing forth. (२) नयन, आँख. An eye. दे० ५,५२.

दार. पुं० कटी-सूत्र, काँची. A waist-band. दे० ५,३८.

दारद्धंता. स्त्री० पेटी, संदूक. A box ; दे० ५,३८.

दारिआ. स्त्री० वेश्या, वारांगना. A prostitute ; A harlot. दे० ५,३८.

दालि. स्त्री० रजि, रेखा. A line. ओघ० ३२३.

दालिअ. न० नेत्र, आंख. An eye. दे० ५,३८.

दिअ. पुं० न० दिवस, दिन. A day. दे० ५,३९.

दिअज्झ. पुं० सुवर्णकार, सोनार. A goldsmith दे० ५,३९.

दिअधुत्त. पुं० काक, कौआ. A crow. दे० ५,४१.

दिअलिअ. त्रि० मूर्ख, अज्ञानी. Foolish ; Ignorant. दे० ५,३९.

दिअली. स्त्री० स्थूणा, खंभा, खूंटी. A peg. पाअ०

दिअहुत्त. न० पूर्वार्द्ध का भोजन, दुपहर का भोजन. A dinner. दे० ५,४०.

दिआहम. पुं० भास पक्षी. A kind of bird. दे० ५,३९.

दिट्ठिआ. अ० (१) मंगल. An adverb denoting welfare. (२) हर्ष, आनन्द. Pleasure ; Joy. (३) भाग्य से. By fate. हे० २,१०४; स्वप्न० १९; अभि० ९५; कुप्र० ६५.

दिट्ठेल्लय. त्रि० देखा हुआ, निरीक्षित. Seen. आवम०

दिप्पंत. पुं० अनर्थ. Calamity. दे० ५,३९.

दिलंदिलिअ. पुं० बालक, शिशु, लड़का. A baby. गा० ७४१.

दिल्लिंदिलिअ. पुं० बालक, शिशु, लड़का. A baby ; An infant. दे० ५,४०.

दिअसिअ. न० (१) सदा भोजन. To eat daily. दे० ५,४०; (२) अनुदिन, प्रतिदिन. Always ; Daily. दे० ५,४०; पाअ०

दीवड. पुं० जल-जन्तु-विशेष. An aquatic insect ; An insect of water. सुर० १०,१८८.

दीविआ. स्त्री० (१) उपदेहिका, क्षुद्र कीट-विशेष. An insect (२) व्याध की हरिणी, जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी, जाती है. A female deer of the hunter which is kept for attracting other deer.

दे० ५,५३; (३) व्याध-सम्बन्धी पिंजड़े में रखा हुआ तितिर पक्षी. A partridge kept in a cage for hunting. नाया० १,१७.

दीहजीह. पुं० शंख. The conch-shell. दे० ५,४१.

दुअक्खर. पुं० षण्ढ, नपुंसक. An impotent person. दे० ५,४७.

दुंदुमिअ. न० गले की आवाज. The sound of the throat ; A laryngeal sound. दे० ५,४५; षड्०

दुंदुमिणी. स्त्री० रूप वाली स्त्री. A beautiful woman. दे० ५,४५.

दुंबवती. स्त्री० सरित्, नदी. A river. दे० ५,४८.

दुक्कर. न० माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता-स्नान. A bath taken in all the four Prahars (a period of three hours) during the night of the month of Magha. दे० ५,४२.

दुक्कह. त्रि० अरुचि वाला, अरोचकी. Distasteful. सुर० १,३६; जय० २७.

दुक्कुक्कणिआ. स्त्री० पीकदान, पीकदानी. A saliva dish. दे० ५,४८.

दुक्कुह. त्रि० (१) असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. (२) रुचि-रहित. Want of appetite ; Distasteful. दे० ५,४४.

दुक्ख. न० जघन, स्त्री के कमर के पीछे का भाग. The thighs, the hind part of the loins of a woman ; The hip ; The loins ; The buttocks. दे० ५,४२.

दुग्ग. न० (१) दुःख, कष्ट. Pain ; Affliction. दे० ५,५३; षड्० पण्ह० १,३; (२) कटी, कमर. The waist ; The loins. दे० ५,५३; (३) रण, संग्राम, युद्ध. A war ; A battle स० ६३६.

दुग्घुट्ट-दुग्घोट्ट. पुं० हस्ती, हाथी, करी. An elephant. दे० ५,४४; षड्० भवि०

दुच्चंडिअ. त्रि० (१) दुर्ललित. Spoilt by fondling ; Fondled too much (२) दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित. Badly taught; Uuskilled. दे० ५,५५; पाअ०

दुच्चंबाल. त्रि० (१) कलह-निरत, झगड़ाखोर. Quarrelsome. (२) दुश्चरित, दुष्ट आचरण वाला. One having bad conduct. (३) परुष-भाषी. A harsh speaker. दे० ५,५४.

दुज्जाय. न० व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव. Trouble ; Pain ; Affliction. दे० ५,४४; से० १२,६३. पाअ०

दुट्ठ. त्रि० द्वेष-युक्त. Envious. 'अरत्तदुट्ठस्स' कुप्र० ३७१; ओघ० ७५७; कस०

दुण्णिअत्थ. न० (१) जघन पर स्थित वस्त्र. A garment on the buttocks. (२) जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग. The part of a woman's body which lies below her loins ; The hip and the loins ; The buttocks. दे० ५,५३.

दुण्णिक्क. त्रि० दुश्चरित, दुराचारी.. Vicious ; Licentious. दे० ५,४५.

दुण्णिक्खित्त. त्रि० (१) दुराचारी. Vicious; Licentious. (२) कष्ट से जो देखा जा सके. One which can be seen easily. दे० ५,४५.

दुत्ति. अ० शीघ्र, जल्दी. Swiftly ; Rapidly ; Soon. दे० ५,४१; पाअ०

दुत्थ. न० जघन, स्त्री की कमर के नीचे का भाग. The lower part of a woman's body below the loins ; The hip and the loins ; The buttocks. दे० ५,४२.

दुत्थुरुहंड. पुं० स्त्री० झगड़ाखोर, कलह-शील. Quarrelsome. दे० ५,४७.

दुत्थोअ. पुं० दुर्भग, अभागा. An unfortunate man. दे० ५,४३.

दुद्दोलना. स्त्री० गौ, गैया. A cow. षड्०

दुद्दोली. स्त्री० वृत्त-पंक्ति. A line of trees. दे० ५,४३; पाअ०

दुद्धगंधिअमुही. स्त्री० छोटी लड़की. A female infant. पाअ०

दुद्धगधिअमुह. पुं० बाल, शिशु, छोटा लड़का. A male infant. दे० ५,४०.

दुद्धिअ. न० कद्दू, लौको. A white pumpkin. पाअ०

दुद्धिणिआ-दुद्धिणी. स्त्री० (१) तेल आदि रखने का भाजन. An oil pot. (२) तुम्बी. A gourd; A kind of fruit. दे० ५,५४.

दुद्धोलणी. स्त्री० गो-विशेष, जिसको एक बार दोहने पर फिर भी दोहन किया जा सके ऐसी गाय. A cow which can be milked more than once. दे० ५,४६.

दुन्नियत्थ. त्रि० विट का भेष वाला, निन्दनीय वेष को धारण करने वाला, केवल जघन पर ही वस्त्र पहिना हुआ. One who puts on a bad dress; One whose only private part is covered and the rest is bare. 'दुन्नियत्थमइवसणं' उव०

दुप्परिअल्ल. त्रि० (१) अशक्य. Impossible. दे० ५,५५; पाअ० से० ४,२६; ६,१८; गा० १२२; (२) द्विगुण, दुगुना. Double. (३) अनभ्यस्त, अभ्यास रहित. Practiceless. दे० ५,५५.

दुप्परिल्ल. त्रि० दुराकर्ष. Pulled with difficulty. 'दुप्परिल्लंपि खेइ' गा० १२२.

दुब्बोल्ल. पुं० उपालम्भ, उलहना. A reproach; A rebuke. दे० ५,४२.

दुमंतय. पुं० केश-बन्ध, धम्मिल्ल. A knot of hair. The braided and ornamented hair of a woman. दे० ५,४७.

दुमणी. स्त्री० सुधा, मकान आदि पोतने का श्वेत द्रव्य विशेष. A white substance to white-wash houses etc. दे० ५,४४.

दुम्मइणी स्त्री० झगड़ाखोर स्त्री. A quarrelsome woman. दे० ५,४७; षड्०

दुम्मुह. पुं० मर्कट, वानर, बन्दर. A monkey. दे० ५,४४.

दुरंदर. त्रि० दुःखसे उत्तीर्ण. Released from difficulty; Relieved from pain. दे० ५,४६.

दुरालोअ. पुं० तिमिर, अन्धकार. Darkness. दे० ५,४६.

दुरिअ. न० द्रुत, शीघ्र, जल्दी. Rapidity; Swiftness; Haste. षड्०

दुलि. पुं० स्त्री० कच्छप, कछुआ. A tortoise. दे० ५,४२; उप० पृ० १३५.

दुल्ल. न० वस्त्र, कपड़ा. A cloth; A garment दे० ५,४१.

दुल्लग्ग. त्रि० अघटमान, अयुक्त. Unfit; Improper. दे० ५,४३.

दुल्लसिआ. स्त्री० दासी, नौकरानी. A maid-servant दे० ५,४६.

दुव्वाली. स्त्री० वृत्त-पंक्ति. A line of trees पाअ०

दुसुरुल्लय. न० गले का आभूषण-विशेष. An ornament of the neck; A necklace स० ७६.

दुहअ. त्रि० चूर्णित, चूर चूर किया हुआ. Cut into pieces. दे० ५, ४५.

दूण. पुं० हस्ती, हाथी. An elephant. दे० ५,४४; षड्०

दूणावेढ. त्रि० (१) अशक्य. Impossible. (२) पुं० तड़ाग, तालाब. A pond. दे० ५,५६.

दूयाकार. न० कला विशेष. A kind of art. स० ६०३.

दूसल. त्रि० दुर्भग, अभागा. Unfortunate; Unlucky. दे० ५,४३; षड्०

दूहट्ट. त्रि० लज्जा से उद्विग्न. Embarrassed with shame. दे० ५,४८.

दूहल. त्रि० दुर्भग, मन्द-भाग्य. Unfortunate; Unlucky. दे० ५,४३.

दे. अ० (१) संमुख-करण. An adverb denoting--To bring forward. (२) सखी को आमन्त्रण. An invitation to a female friend. हे० २,१९२.

देवउप्फ. न० पक्व फूल, पका हुआ फूल. A ripened flower. दे० ५,४९.

देहणी. स्त्री० पंक, कर्दम, कादा. Mud; Mire. दे० ५,४८.

दोआल. पुं० वृषभ, बैल. An ox; A bullock. दे० ५,४९.

दोंबुर. पुं० स्वर्ग-गायक. A songster of heaven; A celestial chorister. षड्०

दोग्ग. न० युग्म, युगल. A couple; A pair. दे० ५,४९; षड्०

दोग्घट्ट-दोग्घोट्ट-दोघट्ट. पुं० हाथी, हस्ती. An elephant. पि० ४३६; षड्० पाअ० महा० लहुअ० ४; स० १९१.

दोणअ. पुं० (१) आयुक्त, गांव का मुखिया. The leader of a village; A chief. (२) हालिक, हलवाल, हल जोतने वाला. A husbandman; An agriculturist; A ploughman. दे० ५,५१.

दोणक्का, स्त्री० सरघा, मधुमक्खी. A bee. दे० ५,५१.

दोद्दिअ. पुं० चर्म-कूप, चमड़े का बना हुआ भाजन विशेष. A vessel made of leather or skin; A leathern vessel. दे० ५,४९.

दोबुर. पुं० स्वर्ग-गायक. A celestial chorister. षड्०

दोर. पुं० (१) छोटी रस्सी. A small string. ओघ० २३२; ६४ भा० (२) कटी-सूत्र. A waist-band. दे० ५,३८.

दोरी. स्त्री० छोटी रस्सी. A small string. आ० १६.

दोवेली. स्त्री० सायंकाल का भोजन. A supper. दे० ५,५०.

दोस. पुं० अर्ध, आधा. A half. दे० ५,५६.

दोसणिज्जंत. पुं० चन्द्र, चन्द्रमा. The moon दे० ५,५१.

दोसाकरण. न० कोप, क्रोध. Anger; Wrath. दे० ५,५१.

दोसाणिअ. त्रि० निर्मल किया हुआ. Purified: Cleansed. दे० ५,५१.

दोसिणा. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. The moonlight. ठा० २,४.

दोसिणाभा. स्त्री० चन्द्र की पटराणी. A queen of the moon. ठा० ४,१; इक; नाया० २.

दोसिणी. स्त्री० ज्योत्स्ना, चन्द्र-प्रकाश. The moon-light दे० ५.५०; कुप्र० ४३८.

दोसिल्ल. त्रि० द्वेष-युक्त, दोषी. Envious; Jealous विश० ११११०.

दोहणहारी. स्त्री० (१) दोहने वाली स्त्री. A female who milks a cow: A milkmaid. दे० १,१०८; ५५,६; (२) पनिहारी, पानी भरने वाली स्त्री. A woman who fetches water. A water-woman. दे० ५,५६.

दोहणी. स्त्री० पंक, कादा, कर्दम. Mud; Mire. दे० ५,४८.

दोहासल. न० कटी-तट, कमर. The waist. दे० ५,५०.

दोहूअ. पुं० शव, मृतक, मुरदा. A corpse; A dead body. दे० ५,४९.

ध

धंग. पुं० भमर, भमरा A wasp. दे० ५,५७.

धंत. न० अति, अतिशय, अत्यन्त. Extremely; Too much. पच्च० २६; विशे० ३०१९; बृह० १.

धंधा. स्त्री० लज्जा, शरम. Shame. दे० ५,५७.

धंसाडिअ. त्रि० व्यपगत, नष्ट. Ruined. दे० ५,५९.

धग्गीकय. त्रि० जलाया हुआ, अत्यन्त प्रदीपित. Kindled; Inflamed. 'अग्गी धग्गीकओ' आ० १४.

धड. न० धड़, गले से नीचे का शरीर. A headless trunk. सुपा० २४१.

धणिआ. स्त्री० (१) प्रिया, भार्या, पत्नी. A wife; A beloved. दे० ५,५८; गा० ५८२; भवि० (२) धन्या, स्तुति-पात्र-स्त्री. A praiseworthy woman. षड्०

धणी. स्त्री० (१) भार्या, पत्नी. A wife. (२) पर्याप्ति. Fullness. (३) जो बंधा हुआ होने पर भी भय-रहित हो वह. Fearless though under bondage. दे० ५,६२; कुप्र० १८५.

धण्णाउस. त्रि० (१) जिसको आशीर्वाद दिया जाता हो वह. One who is blessed. (२) पुं० आशीर्वाद. A blessing; A benediction. दे० ५,५८.

धत्त. त्रि० (१) निहित, स्थापित. Established. आवस० (२) पुं० वनस्पति-विशेष. A kind of vegetable. जीव० १.

धम्मण. पुं० वृक्ष-विशेष. A kind of tree. उप० १०३१ टी; पउम० ४२,६.

धम्मय. पुं० (१) चार अंगुल का हस्त-व्रण. A four-inch wound in the hand. (२) चण्डी देवी का नर-बलि. The oblation of a human-being to Goddess Chandi. दे० ५,६३.

धय. पुं० नर, पुरुष. A man; A male दे० ५,५७.

धयण. न० गृह, घर. A house. दे० ५,५७.

धर. न० रूई. Cotton. दे० ५,५७.

धरग्ग. पुं० कपास. Raw-cotton. दे० ५,५८.

धवक्कियं. त्रि० धड़का हुआ, भय से व्याकुल बना हुआ. Throbbed; Confused with fear. सण०

धवल. पुं० स्व-जाति में उत्तम. The best among one's own caste. दे० ५,५०.

धवलसउण. पुं० हंस. A swan; A goose दे० ५,५९; पाअ०

धव्व. पुं० वेग. Speed. दे० ५,५७.

धसक्क. पुं० हृदय की घबराहट की आवाज. The beat of a palpitating heart आ० १४; कुप्र० ४३५.

धसक्किअ. त्रि० घबड़ाया हुआ. Very much confused. आ० १४.

धसल. त्रि० विस्तीर्ण. Spread. दे० ५,५८.

धाडय. त्रि० डाका डालने वाला. A plunderer; A robber. सिरि० ११४६.

धाडि. त्रि० निरस्त, निराकृत. Abandoned; Given up. दे० ५,५९.

धाडिअ. पुं० आराम, बगीचा. A garden. दे० ५,५९.

धाणूरिअ. न० फल-भेद. A kind of fruit दे० ५,६०.

धार. त्रि० लघु, छोटा. Small; Diminutive. दे० ५,४९.

धारा. स्त्री० रण-मुख, रण-भूमि का अग्र भाग. The front part of the battlefield. दे० ५,५९; (२) वर्षा, वृष्टि. Rain, (३) एक

राज पत्नी. A queen. आवम ०

धारावास. पुं० (१) भेक, मेढ़क. A frog. दे० ५,६३; षड्० (२) मेघ. A cloud. दे० ५,६३.

धाहिय. त्रि० पलायित, भागा हुआ. A runaway; A fugitive. धम्म० ११ टी.

धिउल्लिया. स्त्री० पुतली. A doll सं० ७३७.

धुअगाय. पुं० भ्रमर, भमरा. A wasp. दे० ५,५७; पाअ०

धुअराय. पुं० भ्रमरा, भमर. A wasp. षड्०

धुंधुमारा. स्त्री० इन्द्राणी, शची. The queen of God Indra. दे० ५,६०.

धुक्कुद्धुअ-धुक्कुद्धुगिअ. त्रि० उल्लसित, उल्लास-युक्त. Delighted. दे० ५,६०.

धुक्कोडिअ. न० संशय, संदेह. A doubt; A suspicion. वज्जा० ६०.

धुत्त. त्रि० (१) विस्तीर्ण. Spread. दे० ५,५८; (२) आक्रान्त. Overpowered; Overcome. षड्०

धुहअ. त्रि० पुरस्कृत, आगे किया हुआ. Brought forward. षड्०

धूण. पुं० गज, हाथी. An elephant. दे० ५,६०.

धूमंग. पुं० भ्रमर, भमरा. A wasp. दे० ५, ५७.

धूमद्दार न० गवाक्ष, वातायन. A window दे० ५,६१.

धूमद्धय. पुं० (१) तड़ाग, तलाब. A pond. (२) महिष, भैंसा. A he-buffalo. दे० ५, ६३.

धूमद्धयमहिसी. स्त्री० ब० कृत्तिका नक्षत्र. The Kritika constellation. दे० ५,६२.

धूमपलियाम. त्रि० गर्त में डाल कर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह. A thing that remains uncooked on being exposed to fire in a pit. निसी० चू० १५.

धूममहिसी. स्त्री० नीहार, कुहरा, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; पाअ०

धूमरी. स्त्री० नीहार, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; (२) तुहिन, हिम. Snow; Ice. षड्०

धूमसिहा-धूमा. स्त्री० नीहार, कुहासा. Dew; Frost. दे० ५,६१; ठा० १०.

धूरिअ. त्रि० दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ५,६२.

धूरिअवट्ट. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,६१.

धूलिहडी. स्त्री० पर्व विशेष, होली. The Holi festival. कुलक० ५.

धूलीवट्ट. पुं० अश्व, घोड़ा. A horse. दे० ५,६१.

* * *

प

पइअ. त्रि० (१) भर्त्सित, तिरस्कृत. Censured; Scorned; Looked down on (२) न० पहिया, रथ चक्र. The wheel of a chariot. दे० ६,६४.

पइट्ठ. त्रि० (१) जिसने रस को जाना हो वह. One who knows the tastes of. (२) विरल. Rare; Scarce. (३) पुं० मार्ग, रास्ता. A road; A way. दे० ६,६६; (४) प्रेषित, भेजा हुआ. Sent; Despatched. 'अभयपइट्ठं' संबोध० ३.

पइट्ठाण. न० नगर, शहर. A city; A town. दे० ६,२६.

पइहंत. पुं० जयन्त, इन्द्र का एक पुत्र. Jayanta; The son of God Indra. दे० ६,१६.

पउअ. पुं० दिवस, दिन. A day, दे० ६,५.

पउट्ठ. न० (१) घर. A house. (२) पुं० घर का पिछला प्रदेश. The hind portion of a house. दे० ६,४.

पउण. पुं० (१) व्रण-प्ररोह. Germination of a wound. (२) नियम-विशेष. A kind of rule. दे० ६,६५.

पउत्थ. न० गृह, घर. A house. दे० ६,६६.

पउमाड. पुं० वृक्ष-विशेष, पमाड़ का पेड़, चकवड़. A kind of tree दे० ५,५.

पउमार. पुं० देखो 'पउमाड, शब्द. Vide. 'पउमाड' दे० ५,५ टी.

पऊढ. न० गृह, घर. A house. दे० ६,४.

पएर. पुं० (१) वृति-विवर, बाड़ का छिद्र. An opening in a hedge (२) मार्ग, रास्ता. A way; A road. (३) कंठदीनार नामक भूषण विशेष. A kind of ornament. (४) गले का छिद्र. The gullet; The windpipe (५) दीन नाद, आर्त-स्वर. Piteous lamentation. (६) त्रि० दुःशील, दुराचारी. Licentious; Vicious. दे० ६,६७.

पएस. पुं० प्रातिवेश्मिक, पड़ौसी. A neighbour. दे० ६,३.

पएसिणी. स्त्री० पड़ौस में रहने वाली स्त्री. A neighbouring woman. दे० ६,३ टी.

पंखुडिआ-पंखुडी. स्त्री० पंख, पत्र. A wing. कुप्र० २१; दे० ६,८.

पंचंगुलि. पुं० एरण्ड वृक्ष, रेंडी का गाछ. The castor-oil seed-plant; A tropical plant *Ricinus Communis*. दे० ६,१०.

पंचावण्ण-न्न. स्त्री० न० (१) संख्या-विशेष, पचपन, ५५. Fifty-five (२) जिनकी संख्या पचपन होवे. One whose number is fifty-five. दे० २,१७४; दे० २,२७.

पंचेडिय. त्रि० विनाशित. Destroyed. भवि०

पंजरिअ. पुं० जहाज का कर्मचारि-विशेष. An officer of a ship. सिरि० ४२७.

पंजिअ. न० यथेच्छ दान, मुँह-माँगा दान. To give what is asked for; An asked for gift 'भमंतो पंजिअदाणं' सिरि० ११८.

पंडरंग. पुं० रुद्र, महादेव, शिव. Mahadeva; The God Shiva. दे० ६,२३.

पंडरंगु. पुं० ग्रामेश. गाँव का अधिपति The leader of a village; The chief. षड्०

पंडव. पुं० अश्व-रक्षक. A groom 'तासिय-पंडववयणेहिं' सम्मत्त० २१६.

पंडिविअ. त्रि० जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ. Wet with water. दे० ६,२०.

पंति. स्त्री० वेणी, केश रचना. A braid of hair. दे० ६,२.

पंथुच्छुहणी. स्त्री० श्वसुर गृह से पहली बार आनीत स्त्री. A woman brought from her father-in-law's house the first time. दे० ६,३५.

पंपुअ. त्रि० दीर्घ, लम्बा. Long. दे० ६,१२.

पंफुल्लअ. त्रि० गवेषित, जिसकी खोज की गई हो वह. Researched; Inquired; One who has been searched. दे० ६,१७.

पंसुल. पुं० (१) कोकिल, कोयल. A cuckoo. (२) जार, उपपति. A paramour. दे० ६,६६; (३) त्रि० रुद्ध, रोका हुआ. Detained; Stopped. षड्०

पक्क. त्रि० (१) दृप्त. गर्वित. Proud; Arrogant. (२) समर्थ, पक्का, पहुँचा. हुआ. Able; Powerful; Mature. दे० ६,६४; पाअ०

पक्कग्गाह. पुं० (१) मकर, मगरमच्छ. An alligator. दे० ६,२३; (२) पानी में बसने वाला, सिंहाकार जल-जन्तु. An aquatic animal having the form of a lion. से० ५,५७.

पक्कण. त्रि० (१) असहन, असहिष्णु. Intolerable; Unable to bear. (२) समर्थ, शक्त.

Able : Powerful. दे० ६,६६; (३) पुं०. चाण्डाल. A butcher. सं० ६३; (४) एक नीच जाति का घर; शबर गृह. The house of a lower caste. पंरा० ५२.

पक्कणउल. न० (१) चाण्डाल का घर. The house of a butcher. बृह० ३; (२) एक गर्हित कुल. A censured family. आव० ३.

पक्कणि. त्रि० (१) अतिशय शोभमान, खूब शोभता हुआ. Very good looking (२) भग्न, भांगा हुआ. Broken. (३) प्रियंवद, प्रिय-भाषी. Sweet-speaking. दे० ६,६५.

पक्कल. त्रि० (१) समर्थ, शक्त. Able. सुर० ११, १०४; हे० २, १७४; पाअ० वज्जा० ३४; (२) दर्प-युक्त, गर्वित. Proud ; Arrogant. सुर० ११,१०४; गा० ११८; (३) प्रौढ़. Full grown. गा० ८१२; पि० ४३६.

पक्कसावअ. पुं० (१) शरभ. A fabulous animal said to be stronger than a lion. (२) व्याघ्र. A tiger. दे० ६,७५.

पक्खडिअ. त्रि० प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न. Quivering ; Trembling ; Tremulous दे० ६, २०.

पक्खर. न० (१) पाखर, अश्व-संनाह, घोड़े का कवच. An armour of a horse. कुप्र० ४४६; पिंग० (२) पुं० जहाज की रक्षा का एक उपकरण. An implement to protect a vessel. सिरि० ३८७.

पक्खरा. स्त्री० पाखर, अश्व संनाह. An armour of a horse. दे० ६,१०; विवा० १,२.

पगय. न० पग, पाँव, पर. A leg. महा०

पग्गल. त्रि० पागल, उन्मत्त. Mad ; Intoxicated. प्राकृ० १०६.

पग्गेज्ज. पुं० निकर, समूह. A collection ; A multitude. दे० ६,१५.

पच्चड्डिया. स्त्री० मल्लों का एक प्रकार का करण. A kind of action or sleight of wrestlers. विशे० ३३५७.

पच्चत्तर. न० चाटु, खुशामद. Flattery ; False praise. दे० ६,२१.

पच्चवलोक. त्रि० आसक्त चित्त वाला, तल्लीन मनस्क. Having the mind fixed on some object. दे० ६,३४.

पच्चल. त्रि० (१) पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ. Able ; Acute. दे० ६.६६; सुपा० ३४; सुर० १,१४; कुप्र० ६६; पाअ० (२) असहन, असहिष्णु; Intolerable ; Unable to bear. दे० ६,६६.

पच्चवर. न० मुसल. A wooden pestle. दे० ६,१५.

पच्चालिय. त्रि० आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ. Wetted ; Moistened. स० ३०८.

पच्चुच्छुहणी. स्त्री० नूतन सुरा, ताजा दारू. Fresh liquor. दे० २,३५.

पच्चुत्थ. त्रि० प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ. Sowed again. दे० ६,१३.

पच्चुद्धरिअ. त्रि० संमुखागत, सामने आया हुआ. Come in front. दे० ६,२४.

पच्चुद्धार. पुं० संमुख आगमन. To come in front. दे० ६,२४.

पच्चुहिअ. त्रि० प्रस्नुत, प्रक्षरित. Milked. दे० ६,२५.

पच्चूढ. न० भोजन करने का पात्र. A dining dish. दे० ६,१२.

पच्चूह. पुं० सूर्य, रवि. The sun. दे० ६,५; गा० ६०४; पाअ०

पच्चेड. न० मुसल. A wooden pestle. दे० ६,१५.

पच्चोणी. स्त्री० संमुख आगमन. To come in front. स० २१५,३०२; सुपा० ६१, २२४ २७६.

पच्चोयड. (१) न० तट के समीप का ऊंचा प्रदेश. The raised place near a bank. जीव० ३; (२) आच्छादित. Covered. राय०

पच्चोवणिअ. त्रि० संमुख आया हुआ. Come in front. दे० ६,२४.

पच्चोवणी. स्त्री० संमुख आगमन. To come in front. दे० ६,२४.

पच्छंदि. त्रि० गमन करने वाला. A goer. कुमा०

पच्छाहुत्त. त्रि० पीछे की तरफ का. Of the back. सुपा० २८१.

पच्छि. स्त्री० पिटिका, पिटारी. A large box; A basket. दे० ६,१.

पच्छेणय. न० पोथय, रास्ते में निर्वाह करने की भोजन सामग्री. Provisions for a journey; Viaticum. दे० ६,२४.

पज्जण. न० पान, पीना. To drink. दे० ६,११.

पज्जतर. त्रि० दलित, विदारित. Destroyed; Ruined. षड्०

पज्जा. स्त्री० निःश्रेणि, सीढ़ी. A stair-case; A ladder. दे० ६,१.

पज्जुणसर. न० ऊख के तुल्य एक प्रकार का तृण. A kind of grass assimilating a sugar-cane. दे० ६,३२.

पज्झुत्त. त्रि० खचित, जड़ित, जड़ा हुआ. Set; Fixed. पाअ०

पट्टइल-ल्ल. पुं० पटेल, गाँव का मुखिया. The leader of a village; A chief. सुपा० २७३; ३६१.

पट्टाढा. स्त्री० पट्टा, घोड़े की पेटी, कसन. A horse-girth; A strap for a saddle. महा० सुख० १८,३७.

पट्टुया. स्त्री० पाद-प्रहार, लात. A kick. सुपा० २३७.

पट्टुहिअ. न० कलुषित जल. Dirty water. पाअ०

पट्ठिअ. त्रि० अलंकृत, विभूषित. Decorated; Adorned. षड्०

पट्ठिसंग. न० ककुद, बैल के कंधे का कुब्बड़. A humpback. दे० ६,२९.

पडंचा. स्त्री० ज्या, धनुष की डोर. The string of a bow. दे० ६,१४.

पडच्चर. पुं० साला जैसा विदूषक आदि A clown like a brother-in-law दे० ६,२५.

पडल. न० नीव्र, नरिया, मिट्टी का बना हुआ एक प्रकार का खपड़ा जिससे मकान छाये जाते हैं An earthen tile used for roofing दे० ६,५; पाअ०

पडवा. स्त्री० पट-कुटी, पट-मण्डप, वस्त्र-गृह. A tent; A pavilion. दे० ६,६.

पडहत्थ. त्रि० पूर्ण, भरा हुआ. Filled; Full. स० १८०.

पडाली. स्त्री० (१) पङ्क्ति, श्रेणी. A line; A row. दे० ६,६; (२) घर के ऊपर की चटाई आदि की कच्ची छत. A roof made o mats etc; The thatched roof of a house. वव० ७.

पडिअ. त्रि० विघटित, वियुक्त. Separated Parted. दे० ६,१२.

पडिअंतअ. पुं० कर्मकर, नौकर. A servant दे० ६,३२.

पडिअग्गिअ. त्रि० (१) परिभुक्त, जिसका परिभोग किया गया हो वह. One enjoyed One worshipped or satisfied. (२) जिसको बधाई दी गई हो वह. One who is congratulated. (३) पालित, रक्षित. Protected. दे० ६,७४.

पडिअज्झअ. पुं० उपाध्याय, विद्या-दाता गुरु. A preceptor. दे० ६,३१.

पडिअट्टलिअ. त्रि० घृष्ट, घिसा हुआ. Rubbed; Worn out. से० ६,३१.

पडिअर. पुं० परिकर, परिवार. Retinue ; Family. कुम्म० ५७.

पडिअलि. त्रि० त्वरित, वेग युक्त. Speedy ; Quick ; Hasty. दे० ६,२८.

पडिउंचरण. न० अपकार का बदला. Recompense of ingratitude. पउम० ११,३८; ४४,१६.

पडिएल्लिअ. त्रि० कृतार्थ, कृत-कृत्य. One who has accomplished the object of existence. दे० ६,३२.

पडिक्कय. पुं० प्रतिक्रिया, प्रतीकार. Resistance ; Opposition. दे० ६,१६.

पडिक्खर. त्रि० (१) क्रूर, निर्दय. Cruel ; Pitiless. दे० ६,२५; (२) प्रतिकूल. Unfavourable ; Contrary. षड्०

पडिखंध. न० जल-वहन, मशक. A leathern water bag. (२) जलवाह, मेघ. A cloud. दे० ६,२८.

पडिखंधी. स्त्री० देखो 'पडिखंध' शब्द. Vide 'पडिखंध' दे० ६,२८.

पडिखद्ध. त्रि० हत, मारा हुआ. Killed महा०

पडिच्छंद. पुं० मुख, मुंह. A mouth. दे० ६,२४.

पडिच्छय. पुं० समय, काल. Time. दे० ६,१६.

पडिच्छिआ. स्त्री० (१) प्रतिहारी. A female door-keeper. (२) चिरकाल से ब्यायी हुई भैंस. A buffalo that has grown-up offspring ; A long calved buffalo. दे० ६,२१.

पडिच्छिर. त्रि० सदृश, समान. Similar ; Like हे० २,१७४.

पडिणिअंसण. न० रात में पहनने का वस्त्र. A night dress. दे० ६,३६.

पडित्थिर. त्रि० समान, सदृश. Similar; Like. दे० ६.२०.

पडिपिंडिअ. त्रि० प्रवृद्ध, बढ़ा हुआ. Increased ; Grown. दे० ६,३४.

पडिभेअ. पुं० उपालम्भ. A reproach ; A rebuke. पाअ०

पडियर. पुं० चूल्हे का मूल भाग. The bottom of a fire-place. दे० ६,१७.

पडिरंजिअ. त्रि० भग्न, टूटा हुआ. Broken. दे० ६,३२.

पडिरिग्गअ. त्रि० देखो 'पडिरंजिअ' शब्द. Vide. 'पडिरंजिअ' षड्०

पडिलग्गल. न० वल्मीक, कीट-विशेष, कृत मृत्तिका स्तूप. An anthill दे० ६,३३.

पडिल्ली. स्त्री० (१) वृति, बाड़. A hedge ; A fence ; An enclosure. (२) यवनिका, परदा. A veil ; A curtain. दे० ६,६५.

पडिवेस. पुं० विक्षेप, फैंकना. To throw. दे० ६,२१.

पडिसंत. त्रि० (१) प्रतिकूल. Unfavourable ; Unpropitious (२) अस्तमित, अस्त प्राप्त. Set ; Declined below the horizon. दे० ६,१६.

पडिसाइल्ल. त्रि० जिसका गला बैठ गया हो वह, घर्घर कण्ठ वाला. A hoarse-throated ; One whose throat is hoarse. दे० ६,१७.

पडिसाय. पुं० घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला. A hoarse throat. दे० ६,१७.

पडिसार. पुं० (१) पटुता, निपुणता. Skill ; Dexterity. (२) त्रि० निपुण, पटु. Proficient ; Skilled ; Dətxerous. दे० ६,१६.

पडिसारिअ. त्रि० स्मृत, याद किया हुआ. Remembered. दे० ६,३३.

पडिसारी. स्त्री० जवनिका, परदा. A veil ; A curtain. दे० ६,२२.

पडिसिद्ध. त्रि० (१) भीत, डरा हुआ. Feared (२) भग्न, त्रुटित. Broken. दे० ६,७१.

पडिसिद्धि. स्त्री० प्रतिस्पर्धा. Rivalry; Emulation. षड्०

पडिसुत्ति. त्रि० प्रतिकूल. Unfavourable. दे० ६,१८.

पडिसूर. त्रि० प्रतिकूल. Unfavourable; Unpropitious. दे० ६,१६; भवि०

पडिसोत्त. त्रि० प्रतिकूल. Unfavourable. षड्०

पडिहच्छ. त्रि० पूर्ण. Quite full. सण०

पडिहत्थ. त्रि० (१) प्रतिक्रिया, प्रतिकार. Resistance; Opposition. (२) वचन, वाणी. A word; A speech. दे० ६,११; (३) अपूर्व, अद्वितीय. Extraordinary; Uncommon; Remarkable; Unrivalled. षड्०

पडिहत्था. स्त्री० वृद्धि. Growth; Increase. दे० ६,१७.

पडीर. पुं० चोर-समूह, चोरों का यूथ. A band of thieves. दे० ६,८.

पडुआलिअ. त्रि० (१) निपुण बनाया हुआ. Made proficient. (२) ताड़ित, पिटा हुआ. Beaten. (३) धारित. Held. दे० ६,७३.

पडुजुवइ. स्त्री० युवति, तरुणी. A young woman; A juvenile woman. दे० ६,३१.

पडुल्ल. न० (१) लघु पिठर, छोटी थाली. A small dish. (२) त्रि० चिरप्रसूत. A female who gives birth after a long time; A female who gets pregnant after a long time. दे० ६,६८.

पडुवइअ. त्रि० तीक्ष्ण, तेज. Pointed; Sharp. दे० ६,१४.

पडुवत्ती. स्त्री० जवनिका, परदा. A veil; A curtain. दे० ६,२२.

पडोअ. त्रि० बाल, लघु, छोटा. Small; Diminutive. दे० ६,६.

पडोयार. पुं० परिकर. A collection; A multitude. ओघ० ३५२.

पडोयार. पुं० उपकरण. An implement. पिंड० २८.

पडोहर. न० घर का पीछला आँगन. The hind court of a house. दे० ६,३२; गा० ३१३; काप्र० २२४.

पड्ड. त्रि० धवल, सफेद. White. दे० ६,१.

पड्डंस. पुं० गिरि-गुहा, पहाड़ की गुफा. The cave of a mountain. दे० ६,२.

पड्डच्छी. स्त्री० भैंस. A buffalo. ओघ० ८७.

पड्डत्थी. स्त्री० (१) बहुत दूधवाली. Giving much milk. (२) दोहने वाली. A female milker; A milkmaid. दे० ६,७०.

पड्डय. पुं० भैंसा. A he-buffalo. महा०

पड्डला. स्त्री० चरण-घात, पाद-प्रहार. A kick. दे० ६,८.

पड्डस. त्रि० सुसंयमित, अच्छी तरह से संयमित. Well-restrained; Well-controlled. दे० ६,६.

पड्डाविअ. त्रि० समापित, समाप्त कराया हुआ. Finished; Completed. षड्०

पड्डिया. स्त्री० (१) छोटी भैंस. The young one of a buffalo. (२) छोटी गौ, बछिया. A calf; The young one of a cow. विवा० १,२; (३) प्रथम प्रसूता गौ. A newly calved cow. (४) नव प्रसूता महिषी. A buffalo first delivered. वव० ३.

पड्डी. स्त्री० प्रथम-प्रसूता. A female who delivered first time. दे० ६,१.

पड्डुआ. स्त्री० चरण-घात, पाद-प्रहार. A kick. दे० ६,८.

पणअत्तिअ. त्रि० प्रकटित, व्यक्त किया हुआ. Published. दे० ६,३०.

पणाय. पुं० पंक, कर्दम. Mud ; Mire. दे० ६,७.

पणवण्ण. स्त्री० न० पचपन. Fifty-five. दे० ६,२७; षड्०

पणामणिआ. स्त्री० स्त्री विषयक प्रणय. Love pertaining to a woman. दे० ६, ३०.

पणिअ. त्रि० प्रकट, व्यक्त. Open ; Clear ; Public. दे० ६,७.

पणिआ. स्त्री० करोटिका, सिर की हड्डी. The bone of the brain. The head-bone. दे० ६,३.

पणिल्लिअ. त्रि० हत, मारा हुआ. Killed षड्०

पण्णग. त्रि० दुर्गन्धी. Putrid ; Bad smelling. राज०

पत्तउर. पुं० वनस्पति विशेष, एक जात का गाछ. A kind of vegetable. पन्न० १.

पत्तट्ठ. त्रि० सुन्दर, मनोहर. Beautiful ; Handsome. दे० ६,६८.

पत्तण. न० (१) इषु फलक, बाण का फल. The blade of an arrow. (२) पुंख, बाण का मूल भाग. The feathered part of an arrow. दे० ६,६४; गा० १०००.

पत्तणा. स्त्री० (१-२) देखो पत्तण शब्द. Vide पत्तण. गउड० से० १५,७३; (३) पुंख में की जाती रचना विशेष. A kind of decoration in the feathered part of an arrow. से० ७,५२.

पत्तपसाइआ. स्त्री० पत्तियों की एक तरह की पगड़ी, जिसे भील लोग पहनते हैं. A kind of turban made of leaves which is worn by Bheels. दे० ६,२.

पत्तपिसालस. न० देखो 'पत्तपसाइआ' शब्द. Vide. 'पत्तपसाइआ' दे० ६,२.

पत्तल. त्रि० (१) तीक्ष्ण, तेज. Pointed Sharp. दे० ६,१४; वज्जा० ६०; (२) पतला, कृश. Thin ; Slender. दे० ६,१४; वज्जा० ४६.

पत्तली. स्त्री० कर विशेष, एक प्रकार का राज-देय. A kind of tax. सुपा० ४६३.

पत्तिसमिद्ध. त्रि० तीक्ष्ण. Sharp ; Pointed. दे० ६,१४.

पत्ती. स्त्री० पत्रों की बनी हुई एक तरह की पगड़ी, जिसे भील लोग सिर पर पहनते हैं. A kind of turban made of leaves worn by Bheels. दे० ६,२.

पत्थर. न० पाद-ताडन, लात. A kick. षड्०

पत्थरभल्लिअ. न० कोलाहल करना. To make a noise ; To bustle. दे० ६,३६.

पत्थरा. स्त्री० चरण घात, लात. A kick. दे० ६,८.

पत्थरिअ. पुं० पल्लव. A skirt ; A border. दे० ६,२०.

पत्थारी. स्त्री० (१) निकर, समूह. A collection ; A multitude. दे० ६,६६; (२) शय्या, बिछौना. A bed. दे० ६,६६; पाअ. सुपा० ३२०.

पत्थिअ. त्रि० शीघ्र, जल्दी करने वाला. Speedy ; Quick. दे० ६,१०.

पत्थी. स्त्री० पात्र, भाजन. A vessel. गा० २४० अ०

पत्थीण. न० (१) स्थूल वस्त्र, मोटा कपड़ा. A coarse garment. (२) त्रि० स्थूल, मोटा. Large ; Great ; Coarse. दे० ६,११.

पद्द. न० (१) ग्राम स्थान. A village-locality. दे० ६,१; (२) छोटा गाँव. A small village. पाअ०

पद्धर. त्रि० ऋजु, सरल, सीधा. Easy. दे० ६,१०; (२) शीघ्र. Speedy ; Hasty. 'पद्धरपएहिं' सिरि० ४३५.

पद्धार. त्रि० जिसका पूंछ कट गया हो वह, पूंछ-कटा. Having a cut tail ; Tailless. दे० ६,१३.

पप्पीअ. पुं० चातक पक्षी. The name of a bird which is supposed to live only on rain drops. दे० १६,२.

पप्फाड. पुं० अग्नि विशेष. A kind of fire. दे० ६,६.

पप्फिडिअ. त्रि० प्रतिफलित. Fruitful. दे० ६,२२.

पप्फुअ. त्रि० (१) दीर्घ, लम्बा. Long. (२) उड्डीयमान, उड़ता. Flying. दे० ६,६४.

पम्मि. पुं० पाणि, हाथ, कर. A hand. षड्०

पम्हर. पुं० अपमृत्यु, अकाल मरण. A premature death. दे० ६,३.

पम्हल. पुं० किंजल्क, पद्म आदि का केसर. Pollen of a lotus. दे० ६,१३; षड्०

पम्हार. पुं० अपमृत्यु, अनमौत मरण. A premature death. दे० ६,३.

पम्हुट्ठ. त्रि० (१) नष्ट, नाश प्राप्त. Ruined; Destroyed. हे० ४,२५८; (२) विस्मृत. Forgotten. 'पम्हुट्ठं विम्हरिअं' पाअ० नाया० १,८.

पयडि. स्त्री० मार्ग, रास्ता. A road; A way. सट्टि० १४२.

पयड्डणी. स्त्री० (१) प्रतीहारी. A door-keeper. (२) आकृष्टि, आकर्षण. Attraction. (३) महिषी. A buffalo. दे० ६,७२.

पयय. न० अनिश, निरन्तर. Continuity, Constant. दे० ६,६.

पयल. पुं० नीड़, पक्षि-गृह. The nest of a bird. दे० ६,७.

पयलाइया. स्त्री० हाथ से चलने वाले जन्तु की एक जाति. A kind of worm that walks with hands. सूय० २,३,२५.

पयलाय. पुं० (१) हर, महादेव. Mahadeo; The God Shiva. दे० ६,७२; (२) सर्प, साँप. A serpent; A snake दे० ६,७२; षड्०

पयलायभत्त. पुं० मयूर, मोर. A pea-cock. दे० ६,३६.

पयवई. स्त्री० सेना, लश्कर. An army; A force; A troop. दे० ६,१६.

पया. स्त्री० चुल्ली, चुल्हा. A fire-place. राज०

पयाम. न० अनुपूर्व, क्रमानुसार. According to order. दे० ६,६; पाअ०

परक्क. न० छोटा प्रवाह. A streamlet दे० ६,८.

परडा. स्त्री० सर्प-विशेष. A kind of serpent. दे० ६,५; 'गुरुय परडाए' सुपा० ६२०

परद्ध. त्रि० (१) पीड़ित, दुःखित. Afflicted Distressed; Pained. दे० ६,७०; पाअ० सुर० ७,४; १६,१४४; उप० पृ० २२०; महा० (२) पतित. Fallen; Disgraced. (३) भीरु, डरपोक. Timid; Cowardly. दे० ६,७०; (४) व्याप्त. Pervaded; Spread 'जीइ परद्धा' धम्मो० १४.

परभत्त. त्रि० भीरु, डरपोक. Timid Fearful; Timorus. षड्०

परभाअ. पुं० सुरत, मैथुन. Sexual intercourse; Coition. दे० ६,२७.

परसुहत्त. पुं० वृक्ष, पेड़, दरख़्त. A tree. दे० ६,२६.

पराहुत्त. त्रि० विमुख, पराङ्मुख. That has turned his face away. गा० २४५; से० १०,६४; उप० पृ० ३८८; ओव० ५१४; वज्जा० २६; 'महविणयपराहुत्तो; पउम० ३३,७४; सुख० २,१७.

परि. स्त्री० गीति, गीत. A song; A hymn. कुमा०

परिअट्ट. पुं० रजक, धोबी. A washerman. दे० ६,१५.

परिअट्टलिअ. त्रि० परिच्छिन्न. Separated from. दे० ६,३६.

परिअट्टविअ. त्रि० परिच्छिन्न. Separated from ; Divided off. षड्०

परिअडि. स्त्री० (१) वृति, बाड. A hedge ; (२) त्रि० मूर्ख, बेवकूफ. Foolish ; Silly. दे० ६,७३.

परिअड्डिअ त्रि० प्रंकटित, व्यक्त किया हुआ. Published. षड्०

परिअत्त. त्रि० प्रसृत, फैला हुआ. Spread. हे० ४,३९५.

परिअर. त्रि० लीन, निमग्न. Absorbed in ; Engrossed in. दे० ६,२४.

परिअल-परिअलि. पुं० स्त्री० थाल, थलिया, भोजन पात्र. A big dish ; A large plate. भवि० दे० ६,१२.

परिआल. त्रि० परिवृत, परिवेष्टित. Encircled ; Encompassed गउड०

परिउत्थ. त्रि० प्रोषित, प्रवास में गया हुआ. Gone for travelling. दे० ६,१३.

परिओस. पुं० विशेष द्वेष. Much rancour ; Malice. भवि०

परिक्खाइअअ. त्रि० परिक्षीण. Vanished ; Decayed. षड्०

परिखंध. पुं० काहार, कहार, जलादि वाहक नौकर. A palanquin-bearer. दे० २,२७.

परिघित्त. त्रि० उत्क्षिप्त, ऊपर फेंका हुआ. Thrown up. षड्०

परिच्छूढ. त्रि० (१) उत्क्षिप्त, फेंका हुआ. Thrown. दे० ६,२५; नमि० ६; (२) परित्यक्त. Abandoned ; given up. से० १३,१७.

परिपिरिया. स्त्री० वाद्य विशेष. A kind of musical instrument. भग० ५,४.

परिपुंगल. त्रि० श्रेष्ठ, उत्तम. Best; Excellent. 'परिपुंगलु होसइ' भवि०

परिब्भंत. त्रि० (१) निषिद्ध, निवारित. Prohibited ; Forbidden. (२) भीरु, डरपोक. Timid ; Fearful ; Timorous. दे० ६,७२.

परिमास. पुं० नौका का काष्ठ विशेष. The particular wood of a boat. नाया० १,८.

परिमोक्कल. त्रि० स्वैर, स्वच्छन्दी. Wanton ; Unrestrained. भवि०

परिलिअ. त्रि० लीन, तन्मय. Absorbed in ; Engrossed in. दे० ६,२४.

परिल्लवास. त्रि० अज्ञान-गति. One whose gait is unknown. दे० ६,३३.

परिवारिअ. त्रि० घटित, रचित. Composed ; Made ; Moulded ; Formed. दे० ६,३०.

परिवास. पुं० खेत में सोने वाला पुरुष. One who sleeps in the field ; A field-sleeper. दे० ६,२६.

परिवाह. पुं० दुर्विनय, अविनय. Impoliteness; Uncivilisation ; Rudeness. दे० ६,२३.

परिह. पुं० रोष, गुस्सा. Wrath ; Anger. दे० ६,७.

परिहच्छ. पुं० मन्यु, रोष, गुस्सा. Anger ; Wrath. दे० ६,७१.

परिहट्टि. स्त्री० आकृष्टि, आकर्षण, खींचाव. Attraction. दे० ६,२१.

परिहण. न० वस्त्र, कपड़ा. A garment दे० ६,२१; पाअ० हे० ४,३४१; सुर० १,२५; भवि०

परिहत्थ. पुं० जलजन्तु विशेष. A kind of insect of water ; An aquatic insect. 'परिहत्थमच्छपुंछच्छडअच्छोडणपोच्छलं' सुर० १३,४१; 'परिहत्थभमं' नाया० १,१३.

परिहलाविअ. पुं० जल-निर्गम, मोरी, पनाला. A gutter ; A drain. दे० ६,२६.

परिहाइअ. त्रि० परिक्षीण. Vanished ; Decayed. षड्०

परिहाय. त्रि० क्षीण, दुर्बल. Weak ; Feeble. दे० ६,२५; पाअ०

परिहारिणी. स्त्री० देर से ब्याई हुई भैंस. A buffalo which gave birth to a young long ago; A long calved buffalo. दे० ६,३१.

परिहाल. पुं० जल-निर्गम, मोरी. A gutter A drain. दे० ६,२१.

परिहेरग. न० आभूषण विशेष. A kind of ornament. ओव०

परीयल्ल. पुं० वेष्टन. A wrapper 'तिपरीयल्लमणिस्सट्ठ' ओघ० ७०६

परेअ. पुं० पिशाच. A demon; An evil spirit. दे० ६, १२; पाअ० षड्०

परेवय. न० पाद-पतन. A kind of salutation. दे० ६,१६.

पल. न० स्वेद, पसीना. Sweat: Perspiration. दे० ६,१.

पलक्क. त्रि० लम्पट. Lustful; Addicted to licentious pleasures. 'इय विसयपलक्कओ' कुप्र० ४२७; नाट०

पलस. न० (१) कर्पास-फल. Cotton-pods. (२) स्वेद, पसीना. Sweat; Perspiration. दे० ६,७०.

पलसु. स्त्री० सेवा, पूजा, भक्ति. Worship; Devotion. दे० ६,३.

पलहि. पुं० स्त्री० कपास. Raw-cotton दे० ६,४; पाअ० वज्जा० १८६; हे० २,१७४.

पलहिअ. त्रि० (१) विषम, असम. Difficult (२) पुं० न० आवृत जमीन का वास्तु. The ceremony of entering the enclosed place दे० ६,१५.

पलहिअअ. त्रि० मूर्ख, पाषाण-हृदय. Foolish: Hard-hearted. षड्०

पलाअ पुं० चोर, तस्कर. A thief. दे० ६,८.

पलासि. स्त्री० भल्ली, छोटा भाला, शस्त्र विशेष. A small spear. दे० ६,१४.

पलिहअ. त्रि० मूर्ख, बेवकूफ Foolish; Silly. दे० ६,२०.

पलिहड. स्त्री० क्षेत्र, खेत. A field. 'नियगलिहडेइ दोहिवि' सुर० १५,२०१.

पलिहस्स. न० उर्ध्व काष्ठ, काष्ठ-विशेष. A kind of wood दे० ६,१६.

पलिहाय. पुं० देखो 'पलिहस्स' शब्द. Vide 'पलिहस्स' दे० ६,१६.

पलोट्टजीह. त्रि० रहस्य-भेदी, छानी बात को प्रगट करने वाला. A revealer of secrets. दे० ६,३५.

पल्लट्ट. पुं० पर्वत विशेष. The name of a mountain. पण्ह० १,४.

पल्लवाय. न० क्षेत्र, खेत. A field. दे० ६,२६.

पल्लविअ. त्रि० लाक्षा-रक्त Red. दे० ६,१६ पाअ०

पल्लिअ. त्रि० (१) आक्रान्त. Overpowered: Overcome. निसी० चू० २; (२) ग्रस्त. Seized; Eclipsed. निसी० चू० १. (३) प्रेरित. Instigated: Excited. 'पल्लट्टा पल्लिआरहट्ट व' धण० ४७.

पल्लित्त. त्रि० पर्यस्त. Given up, Abandoned. षड्०

पल्लोट्टजीह. त्रि० देखो 'पलोट्टजीह' शब्द. Vide 'पलोट्टजीह' षड्०

पवंगुल पुं० न० मच्छी पकड़ने का जाल-विशेष. A fishing net. विवा० १,८.

पवत्तिया. स्त्री० संन्यासी का एक उपकरण. The implement of an ascetic. कुप्र० ३५२.

पवड्ड. पुं० घन, हथौड़ा. A large hammer. दे० ६,११.

पवरंग न० सिर, मस्तक. The head. दे० ६,२८.

पवहाइअ. त्रि० प्रवृत्त. Engaged in: Embarked upon. दे० ६,३४.

पविआ स्त्री० पक्षी का पान-पात्र. A water-drinking vessel for birds. दे० ६,४; ८,३२; पाअ०

पविग्घ. त्रि० विस्मृत. Forgotten. षड्०

पविरइअ. त्रि० त्वरित, शीघ्रता-युक्त. Speedy:

Quick. दे० ६,२८.

पत्रिरंजव. त्रि० स्निग्ध, स्नेह-युक्त. Loving; Affectionate. षड्०

पत्रिरंजिअ. त्रि० (१) स्निग्ध, स्नेह युक्त. Loving. (२) कृत-निषेध, निवारित. Prohibited; Forbidden. दे० ६,७४.

पव्वइसल्ल. न० बाल-मय. कंडक, तावीज. A particular ornament worn round the arm etc. viewed generally as an amulet. दे० ६,३१.

पव्वज्ज. पुं० (१) नख. A nail. (२) शर, बाण. An arrow. (३) बाल मृग. A young deer. दे० ६,६६.

पव्वावण. न० प्रयोजन. A purpose; An object पिंड० ५१.

पव्विद्ध. त्रि० प्रेरित. Urged; Incited. दे० ६,११.

पसंडि. न० कनक, सुवर्ण. Gold. दे० ६,१०.

पसय. पुं० (१) मृग-विशेष. A kind of deer. दे० ६,४; पण्ह० १,१; भवि० सण० नहा० (२) मृग-शिशु. The young of a deer. विवा० १,४.

पसरेह. पुं० किंजल्क. A tendril; The clasper of a vine. दे० ६,१३.

पसल्लिअ. त्रि० प्रेरित. Incited. षड्०

पसवडक्क. न० विलोकन. Observation; Inspection. दे० ६,२०.

पसाइआ. स्त्री० भिल्ल के सिर पर का पर्ण-कुट, भिल्लों की पगड़ी. A Bheel's turban. दे० ६,२.

पसिअ. न० पूग-फल, सुपारी. A nut. दे० ६,६.

पसिंडि. न० कनक, सुवर्ण. Gold. पाअ०

पसुहत्त. पुं० वृक्ष, पेड़. A tree. दे० ६,२६.

पसूअ. न० पुष्प, फूल. A flower. दे० ६,६; पाअ० भवि०.

पहएल्ल. पुं० पूप, पूआ, खाद्य विशेष. Fattened parched rice. दे० ६,१८.

पहट्ठ. त्रि० (१) दृप्त, उद्धत. Obstinate; Stubborn. दे० ६,६: षड्० (२) अचिरतर दृष्ट, थोड़े ही समय के पूर्व देखा हुआ. Seen before a short time; Just seen. षड्०

पहण. न० कुल, वंश. A Family; A generation. दे० ६,५.

पहणि. स्त्री० संमुखागत का निरोध, सामने आए हुए का अटकाव. Detention of the front come. दे० ६,५.

पहद. त्रि० सदा दृष्ट. Always seen. दे० ६,१०.

पहम्म. न० (१) सुर-खात, देव-कुण्ड. A basin consecrated to a deity. दे० ६,११; (२) खात-जल, कुण्ड. A basin. (३) विवर, छिद्र. A hole. से० ६,४३.

पहयर. पुं० निकर, समूह, यूथ. A collection; A multitude. दे० ६,१५; जय १३; पाअ०

पहिअ. त्रि० मथित, विलोडित. Churned. दे० ६,६.

पहिल. त्रि० पहला, प्रथम. First. संक्षि० ४७; भवि० पि० ४४६.

पहेणय. न० उत्सव. A festival. दे० ६,७३.

पहोइय. त्रि० (१) प्रवर्तित. Diffused; Spread. (२) प्रभुत्व. Greatness. दे० ६,२६.

पाइअ. न० वदन विस्तार, मुँह का फैलाव. Extension of the mouth. दे० ६,३६.

पाउ. पुं० स्त्री० (१. भक्त, भोजन. Diet; Food (२) इक्षु, ऊख. A sugar-cane. दे० ६,७५.

पाउअ. न० (१) हिम, अवश्याय. Snow. दे० ६,३८; (२) भक्त. Diet; Food. (३)

इक्षु. A sugar-cane. दे० ६,७५.

पाउक्क. त्रि० मार्गीकृत, मार्गित. Definite path made out; Definite line marked for future advance. दे० ६,४१.

पाउग्ग. त्रि० सभ्य, सभासद्. A member. दे० ६,४१; सण०

पाउग्गिअ. त्रि० (१) जूआ. खेलाने वाला. One who causes to gamble. (२) सोढ, सहन किया हुआ. Endured. दे० ६,४२; पाअ०.

पाउरण. न० कवच, वर्म. Armour. षड्०

पाउरणी. स्त्री० कवच, वर्म. Armour. दे० ६,४३.

पाउहारी. स्त्री० भक्त को लाने वाली, भात-पानी ले आनेवाली. A woman who fetches food. गा० ६६४ अ०

पाए. अ० प्रभृति, 'वहां से' शुरू करके. Having begun. ओघ० १६६; बृह० १.

पांडविअ. त्रि० जलार्द्र, पानी से गीला. Wet by water. दे० ६,२०.

पाडच्चर. त्रि० आसक्त चित्त वाला. Having the mind fixed on any object. दे० ६,३४.

पाडल. पुं० (१) हंस, पक्षि-विशेष. A swan; A goose. (२) वृषभ, बैल. An ox; A bullock (३) कमल. A lotus. दे० ६,७६.

पाडलसउण. पुं० हंस, पक्षि-विशेष. A Swan; A goose. दे० ६,४६.

पाडवण. न० पाद-पतन, पैर में गिरना, प्रणाम-विशेष. A kind of salutation. दे० ६,१८.

पाडहुक. त्रि० प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार. A bail. षड्०

पाडिअग्ग. पुं० विश्राम. A resting place; A place of repose. दे० ६,४४.

पाडिअज्झ. पुं० पिता के घर से वधू को पति के घर ले जाने वाला. One who fetches a wife from her father's house and carries her to her husband's दे० ६,४३.

पाडिपिद्धि. स्त्री० प्रतिस्पर्धा. Rivalry: Competition. षड्०

पाडिसार. पुं० (१) पटुता, निपुणता. Skill Dexterity. (२) त्रि० पटु, निपुण. Clever; Sharp; Acute. दे० ६,१६.

पाडिसिद्धि. स्त्री० (१) स्पर्धा. Rivalry Competition. दे० ६,७७; कप्पू० कुप्र० ४६; (२) समुदाचार. Proper practice o usage. (३) त्रि० सदृश, तुल्य. Equa to; Like; Similar to. दे० ६,७७.

पाडिसिरा. स्त्री० खलीन-युक्ता. A femal having reins. दे० ६,४२.

पाडिहच्छी–पाडिहत्थी. स्त्री० शिरो-माल्य मस्तक स्थित पुष्प-माला. A garland o the head. दे० ६,४२; राज०

पाडी. स्त्री० भैंस की बछिया. The female young of a buffalo. गा० ६५.

पाडुंकी. स्त्री० व्रणी-जखम वाले-की पालकी. A palanquin of the wounded; A stretcher for the patient. दे० ६,३६.

पाडुंगोरि. त्रि० (१) विगुण, गुण-रहित. Devoid of virtues. (२) मद्य में आसक्त. Devoted to drinking. (३) स्त्री० मजबूत वेष्टन वाली वाड़. A strong hedge. 'पाडुंगोरी च' दे० ६,७८.

पाडुक्क. पुं० (१) समालम्भन, चन्दन आदि का शरीर में उपलेप. Besmearing the body with sandal ointment. (२) त्रि० पटु, निपुण. Skilful; Clever; Acute. दे० ६,७६.

पाडुच्ची. स्त्री० तुरग-मण्डन, घोड़े का सिंगार. Decoration of a horse. दे० ६,३६; पाअ०

पाडुहुअ. त्रि० प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार. A bail. दे० ६,४२.

पाडोस. पुं० पड़ोस, प्रातिवेश्मिकता. Neighbourhood. आ० २७.

पाडोसिअ. त्रि० पड़ोसी. A neighbour. सिरि० ३१२; आ० २१; सुपा० ५५२.

पाढ. पुं० (१) शास्त्र, आगम. Scriptures ; Shastras (२) शास्त्र का उल्लेख. Quotation from the scripture. 'पाढोत्ति वा सत्थं तिवा एगट्ठा' आया० चू० १.

पाणद्धि. स्त्री० रथ्या, गली. A street ; A lane. दे० ६,३६.

पाणाअअ. पुं० श्वपच, चाण्डाल. A butcher. दे० ६,३८.

पाणाली. स्त्री० दो हाथों का प्रहार. A blow with two-hands. दे० ६,४०.

पामद्दा. स्त्री० दोनों पैर से धान्य-मर्दन. Crushing of corn with both the feet. दे० ६,४०.

पामिच्चिय. त्रि० धार लिया हुआ, Borrowed on credit ; Purchased on credit. आया० २,१०,१.

पाय. पुं० (१) रथ-चक्र, रथ का पहिया. The wheel of a chariot. दे० ६,३७; (२) फणी, सांप. A snake ; A serpent षड्०

पायड. न० अंगण, आँगन. A compound ; A yard दे० ६,४०.

पायप्पहण. पुं० कुक्कुट, मुर्गा. A cock. दे० ६,४५.

पायल. न० चक्षु, नेत्र, An eye. दे० ६,३८.

पारंक. न० मदिरा नापने का पात्र. A measuring vessel of wine ; A wine-measuring vessel. दे० ६,४१.

